

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

चौतीस स्थानदर्शन

लेखक

मुनिप्रवरश्री आदिसागर जी महाराज

सहायक और संग्रहकर्त्ता

ग्रह्मचारी उलफतराय जी जैन

(परम्परानायक)

परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

❀ नमः सिद्धेभ्यः ❀

चौंतीस-स्थान दर्शन

लेखक या संग्रह कर्त्ता

परम पूज्य १०८ श्री आदिसागर मुनि महाराज

(जन्मभूमि शेडबाल जि० बेलगाँव कर्नाटक)

सहायक संग्रहकर्ता और प्रकाशक

श्री पंडित ब्र० उलफतराय जी जैन

(जन्मभूमि रोहतक, हरयाणा)

श्री वीर निर्वाण सं० २४९४, विक्रम सं० २०२४, शा० शब्दे १८९०

प्रथम संस्करण १००० प्रति

खिस्ति शक सन् १९६८ ईस्वी

मूल्य १० रुपये

प्रकाशकीय

प्रातः स्मरणीय, परमपूज्य, तपोनिधि, चारित्र चक्रवर्ती, योगीन्द्र-चूड़ामणि, धर्म साम्राज्य नायक, समाधि सम्राट्, आचार्य परमेष्ठी स्व० १०८ श्री शान्तिसागर मुनि महाराज (गुरुवर्य) के परम-शिष्य चारित्र-चूड़ामणि स्व० १०८ श्री वर्धमान सागर मुनि महाराज (दीक्षा गुरु) के शिष्य १०८ श्री आदि सागर मुनि महाराज (जन्म-भूमि शेडवाल कर्नाटक जि० बेलगांव) का श्री वीर नि० संवत् २४८७ में (ई० सन् १९६१ में) ससंघ चातुर्मास कारंजा (जि० अकोला , में हो रहा था।

एक दिन उपरोक्त गुरुवर्य

१०८ श्री आदिसागर जी महाराज
जीवठाणा चर्चा और चौबीस-ठाणा-चर्चा
इन दो पुस्तकें देख रहे थे, मैं भी सामने बैठा
था, उनके मुखारविंद से शब्द निकले कि 'ये अंक भाषा
के उन प्राकृतियों के नाम की जोड़ दिये जाँय तो सर्व-
साधारण को विषय समझने में और भी सरलता हो जाय' बस, इस
निमित्त के उपलक्ष में यह ग्रन्थ प्रकाशित हो रहा है।

प्रकाशक :
पं० ब्र० उलफतराय जी जैन

समर्पण

हे भगवन् ! यह संसार असार है, इसका कुछ वार है न पार है, इसमें निर्वाह करना असाधारण ठिनाइयों को सहन करते हुए नाना प्रकार के स्पर्द्धायुक्त व्यवहारों की घुड़दौड़ में बाजी लगाना किसी साधारण द्धि का कार्य नहीं है, जिसने अपने वास्तविक जीवन रहस्य को समझा और अपने आत्म बल से काम लिया ह मानों चारों पदार्थ (पुरुषार्थ) पा गया। सच पूछिये तो उसने बालू में से तेल निकाल लिया और उसके लिये छ भी असंभव न रह गया, परन्तु यह कार्य कथन करने में जितना ही सरल और बोधगम्य है उतना ही कार्य प में परिणत होने पर कठिन तथा कष्टसाध्य सिद्ध होता है, इसके लिये तो हे भगवन् ! आपके वचनामृत ही क अलौकिक जीवन का संचार कर सकते हैं, जितने जैन शास्त्र हैं तिन सबका सार इतना ही है व्यवहारकरी वपरमेष्ठी की भक्ति निश्चयकरी अभेद रत्न त्रयमयी निजात्मा की भावना ये ही शरण है, यही समझकर ने आपके तत्वों के निचोड़ रूप पूर्वाचार्यों के बगीचों में प्रवेश करा दिया, इसके फलस्वरूप यह निकला कि परम य चारित्र चक्रवर्ती, योगीन्द्र चूड़ामणि, धर्म साम्राज्य नायक, समाधि सम्राट् आचार्य स्व० १०८ श्री शान्ति-गर मुनि महाराज के आशीर्वाद से और परम पूज्य चारित्र चूड़ामणि स्व० १०८ श्री वर्धमान सागर मुनि राज (दीक्षा गुरु) की कृपा से उन बगीचों के अनेक फूलों में से यह एक सुन्दर विकसित फूल सहज अपने आप. ने हाथ लग गया, परन्तु आश्चर्य यह है कि वह नाम से फूल था परन्तु इतना भारी रहा कि हमारे से नहीं ठ सका, इसलिए हमें पं० ब्र० श्री उलफतराय जी के सहाय्य से उठाकर यह 'चौंतीस स्थान दर्शन' नामक फूल को ाप सबके सामने रक्खा है, इसमें हमारा निज का कुछ भी नहीं है, ज्ञान का औचित्यपूर्ण विशद भंडार तो ीचार्यों का ही है, तथापि बगीचे में प्रवेश करके ब्रह्मचारी जी की सहायता से जो एक पुष्प प्राप्त कर लाया या है उसी को हे भगवन् ! हम आदरपूर्वक आपके पावन पाद-पद्मों में परम श्रद्धा तथा भक्ति के साथ चढ़ाने ा साहस कर रहे हैं, आप तो वीतराग हैं आपके लिये इसकी कुछ भी आवश्यकता नहीं, परन्तु हे भगवन् ! यह ार्थ आपका ही आपको समर्पित है, इति शुभं मंगलम्।

—संग्रहकर्ता

तेरमनिधि, ज्ञानसूर्य, अभीरण ज्ञानोपयोगी दिगंबर जैन मुनि १०८ श्री आदिसागर महाराज के 'चौंतीस स्थान दर्शन' ग्रंथ के सम्बन्ध में प्रारम्भिक—

दो शब्द

भव्य जीवो ! कारंजा, जिला अकोला महाराष्ट्र देश में– मैंने ई० सं० १९६१ में चौवीस ठाणा चर्चा' और 'जिन स्थन चर्चा' नाम की दो पुस्तकें देखीं। उस सयय ई०पं उलफतरायजी जैन रोहतक हरियाना निवासी उपस्थित थे। मेरे हृदय में ये भावना प्रगट हुई कि पुस्तकें बहुत ऊंची हैं। लेखक महोदय ने गागर में सागर भर दिया है। जीवकांड गोमट्टसार की प्ररूपणा वीस, ध्यान, अवगाहना, योनि और कुल प्रत्येक एक एक इस तरह कुल चौवीस विषय और कर्मकांड गोमट्टसार के ५७ आश्रव, १२० वंध, १२२ उदय, १४८ सत्व और ५३ भाव इस तरह कुल पांच विषय और धवल ग्रन्थ के संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल अन्तर इस तरह पाँच विषय, तीनों ग्रन्थों के मिल कर कुल चौंतीस विषय जिनका तीनों ग्रन्थों में अनुमानतः अठारहसों पन्नों में भिन्न भिन्न अध्याओं में बहुत विस्तारपूर्वक वर्णन दिया गया है उन सब विस्तृत विषयों को उपरोक्त दोनों लेखक महोदयों ने एक रत्नमाला की तरह कोष्ठकों के रूप में गूंथ दिया है। परन्तु जिसका लाभ उच्चकोटि के विद्वान् जिनके तीन ग्रन्थ कंठगत हों वही दोनों पुस्तकों का लाभ ले सकते हैं कारण ये दोनों पुस्तकें अङ्क भाषा में गूंथी गई हैं। अगर अङ्क भाषा के साथ साथ प्रकृतियों के नाम भी लिख दिए जांय तो सामान्य बुद्धि वाले स्वाध्याय प्रेमियों और उक्त ग्रन्थों को अध्ययन करने वाले छात्रों को भी विषय समझने में बहुत सरलता हो जाए परन्तु क्या करें ? इस महान् कार्य को हाथ में लेना यद्यपि मुझ जैसे अति अल्पज्ञ–अल्पबुद्धि साधारण व्यक्ति के लिये मानो महासमुद्र को निज बाहु बल से तिरने का साहस करना है यह सुनकर उस समय उक्त ब्रह्मचारी पं० उलफतराय जी ने मेरे सामने ये भावना प्रगट की "गुरुदेव आपकी आज्ञा और आशीर्वाद के वल पर में अपना पूरा समय इस शुभ कार्य में लगाने को तैयार हूं।" उनका इतना जिनवाणी प्रेम और गुरुभक्ति देख के मुझे और बल मिला और यह कार्य करने से अपने लिए तो अनेक वार इस विषय की स्वाध्याय का परम लाभ होगा और कोई न कोई स्वाध्याय प्रेमी श्रीमान् धीमान् दाता मिलकर प्रकाशन का कार्य भी हो जायेगा। यह सोचकर यह कार्य सम्पन्न करने के लिए अनुमति दे दी।

उन्होंने दो वर्ष में तीनों ग्रन्थों को अध्ययन पूर्वक अवलोकन करके अङ्कभाषा के साथ साथ में उन प्रकृतियों के नाम भी जोड़ दिये। फिर दो वर्ष में भिन्न भिन्न स्थानों पर हम दोनों ने मिलकर विषय का पुनराव लोकन भी पूर्वापर विषय मिलाकर बहुत सूक्ष्म दृष्टि से संशोधन कर लिया है। फिर भी विषय बहुत गहन है। चुकते के हेर फेर से जैसे खुदा का जुदा हो जाये इसी तरह यहां भी भूल होना संभव है। पाठक महोदय को हमारी भूल को सुधार लेना चाहिये, क्षमा करना चाहिये और हम को भूल सुधार के लिये सूचित करना ताकि पुनर्मुद्रण में फिर भूल न हो सके।

दि० मुनि आदिसागर शेडवाल
जिला बेलगांव (कर्नाटक प्रांत)



परमपूज्य स्वाध्यायसम्राट्
श्री १०८ आदिसागर मुनिमहाराज

(जन्मभूमि– शेडवाळ जि. बेलगांम, दक्षिण भारत)

परम पूज्य श्री १०८ श्री आदिसागर जी मुनि महाराज (शेडवाल) का

जीवन परिचय

दक्षिण महाराष्ट्र प्रान्त में बेलगाँव जिला है उसमें शेडवाल नामक ग्राम में एक ख्यातनाम पाटील घराना है जिसमें प्रातः स्मरणीय चारित्र्य चक्रवर्ति आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज ने जन्म लिया।

उस पाटील घराने के सावणवर शाखा में अपने चरित्र नायक का कार्तिक शुदी ५ ता० १० अक्टूबर १७९२ को शुभ जन्म हुआ, माता का नाम सरस्वती-जीजा तथा पिता का नाम देवगौंडा था। दोनों बड़े धर्म संस्कार सम्पन्न तथा सदाचारी थे, उनके चार पुत्र थे जिसमें अपने चरित्र नायक चौथे पुत्र थे उनका शुभ नाम बालगौंडा उर्फ चेमनराय रखा गया।

बालगौंडा शेडवाल के कानडी प्राथमिक स्कूल में उमर के आठवें साल में भरती हुए और १९१० साल में सातवीं कक्षा पास हुए जो कि मुलकी नौकरी के लिए पर्याप्त समझी जाती थी।

१९११ से १९४६ तक तहसील कार्यालय में प्रमुख अधिकारी रूप से बड़े सूझबूझ और प्रमाणिकता से कार्य समाप्त कर सन्मानपूर्वक अवकाश ग्रहण किया जिसके परिणाम स्वरूप उनको लगभग पचास रुपये महावार जिन्दगी तक पेन्शन मंजूर हुई।

आपका बालकपन संस्कार सम्पन्न निभाने में आपकी माता जी का बड़ा हिस्सा था। बालगौंडा नियमित रूप से मंदिर जाए इसलिए उन्होंने बड़ी कुशलता पूर्ण योजना बनायी थी। प्रति दिन अभिषेक-दूध इनके हाथ पहुंचाया जाता था, इसलिए कि अगर दूध मन्दिर में न पहुंचे तो अभिषेक रुक जाय और खबर आ जाय कि बालगौंडा मन्दिर नहीं आए, स्वाभाविकतः बालगौंडा मन्दिर दर्शन से छुटकारा नहीं पा सका। आगे चल के मन्दिर दर्शन का दृढ़ संस्कार हृदय पर जम गया।

गृहस्थाश्रम में एक के बाद एक ऐसी दो धर्म पत्नियां हुईं जिनसे चार पुत्र और दो पुत्रियों का लाभ हुआ। लेकिन कोई पुत्र ज्यादा आयु प्राप्त न कर सका, दो कन्याएं अपने घर की सम्पन्न हैं आज भी।

गृहस्थाश्रम में रहते हुए आपने सदा धर्मायतनों की व्यवस्था सुचारु रूप से रखने में अथक परिश्रम किया जिसका कि शेडवाल का श्री शान्तिनाथ मन्दिर एक आदर्श मन्दिर है सरकारी कर्मचारी के रूप में काम करते समय आपको सब रेकार्ड हिसाब आदि अद्य-यावत् रखने की जो आदत हो गई वही धर्मायतन-व्यवस्था में बहुत काम आयी।

सरकारी दफ्तर में प्रामाणिकता, सरलता, न्याय-प्रियता के लिए आपकी बड़ी भारी चाह रही और मान-सन्मान भी रहा, लेकिन एक दिन ऐसी कुछ घटना हुई कि जिसको जिन्दगी भर तक भूल न सके।

तहसील आफिस में कोर्ट आफ वार्डस् इस्टेट की बाकायदा सूची रहा करती थी। वह इनके ही सुपुर्द रहती थी उसमें तोला भर सुवर्ण का टुकड़ा ऐसा था कि जिसकी कोई गणना उस इस्टेट में नहीं थी। बालगौंडा रावसाहाब ने यह सोचा कि न यह चोरी हो सकती है न अचौर्याणु व्रत का अतिचार, किस्मत की यह इनाम है, इसको ठुकराना नहीं चाहिए। उन्होंने और उतना ही सुवर्ण मिलाकर एक सौभाग्य अलंकार बनवाया और

श्रीमति जी के सुपुर्द कर दिया। श्रीमति जी बड़ी प्रसन्न हुईं, कोई अच्छे मौके पर अलंकार गले में पहनने के लिए उन्होंने रख दिया, लेकिन वह उस मौके के पहले ही न जाने कहां गायब हो गया।

घर में बड़ी अप्रसन्नता छा गई एक तो अतिचार के लिए बालगौंडा साहब का दिल अस्वस्थ था उसमें ऐसा हुआ दोनों तरफ से परेशानी मोल लेनी पड़ी, कुछ अर्से के बाद उस सुवर्ण के कुछ कण चूहे के घर से प्राप्त हुए। उन्होंने फिर सत्य और अचौर्य का महत्व पहचान लिया और निर्दोष व्रत पालन की ठान ली, यह घटना कहानी के रूप में श्रोताओं को समझा के अभी भी पाठ पढ़ाया करते हैं।

सरकारी कर्मचारी के रूप में बालगौंडा रावसाहब, अधिकतर जीवन चिक्कोडी तालुके में ही व्यतीत हुआ, उसके आस पास आचार्य श्री शान्ति सागर जी महाराज का विहार होता रहता था, कोई मित्र के आग्रह से महाराज के दर्शन हो गये और आपकी त्याग, तपस्या, कषायमंदता, वैराग्य प्रबलता और शांतमुद्रा देखते ही जैन दिगम्बरी दीक्षा और आसन्नी भव्यता के रिस्ते जान गये और हृदय परिवर्तन चालू हो गया।

बस, अब सरकारी कार्यरत होते हुये भी किसी बहाने जरा ही फुरसत मिलते ही आप आचार्य श्री के चरणों में लग जाते थे। उनकी लगन, भक्ति देखकर आचार्य श्री ने पहचान लिया कि यह कोई सामान्य आत्मा नहीं है यहां भी एक सश्रद्ध आसन्न भव्य संयम प्रेमी जीव है। सम्पर्क बढ़ता रहा, उपदेश चालू रहा पहली धर्म पत्नि स्वर्गवास कर गई थी यह देखकर आचार्य महाराज ने व्रत ग्रहण की प्रेरणा की। उनका भी जी ललचाया लेकिन योगायोग न था दूसरी शादी कर बैठे। दुर्दैव या सुदैववश वह भी जल्दी ही चल बसी, अब आप समझ गये कि अब का मौका यही सच्चा मौका है अब बिना विलम्ब संयम धारण करके जीवन साफल्य कर लेना चाहिए।

सन् १९१९ में जब आचार्य श्री नसलापुर थे। बालगौंडा ने सम्पर्क बढ़ाया १९२२ में कोण्णूर में पंचाणु व्रत धारण किए। १९३६ में जबकि आचार्य श्री शिखरजी यात्रा के दौरान में गुजरात में कोठठा मुक्काम पर थे बालगौंडा ने दर्शन और व्रत प्रतिमा धारण कर ली। सन् १९४५ में फलरूप में सातवीं ब्रह्मचर्य प्रतिमा धारण कर ली।

अब बालगौंडा पेन्शनर बन चुके थे, गृहस्थी जीवन की कोई जिम्मेदारी या रुचि शेष नहीं थी, संयम पालनाभ्यास और मंदीरादि धर्मायतनों की व्यवस्था के साथ अन्य समाज सेवा इतना ही काम था।

व्यवहार कुशलता के साथ बुद्धि प्रगल्भ बन गई थी और शास्त्राभ्यास में शीघ्रगति से तरक्की होते चली, आत्म ज्ञान से वैराग्य शीलता बढ़ती गई और साथ ही संयम प्रीति, अब इस अवस्था में भी संतोष नहीं रहा, संयम में आगे बढ़कर पर्याय को सफल बनाने में ही रात दिन सोच चलता रहा।

ब्रह्मचारी बालगौंडा की संयम में प्रगति और रुचि देखकर आचार्य श्री प्रसन्न होते थे, लगभग पैंतीस साल तक आचार्य जी का आदर्श सामने रखते रखते और संयम का अभ्यास बढाते बढ़ाते ब्रह्मचारी जी दिगम्बर दिक्षा तक आ गये, आचार्य श्री की वार्ता समझने पर आपने अपना विहार कुछ काल तक इस शुभ वार्ता के खुशी पर स्थगित कर दिया।

ब्रह्मचारी बालगौंडा ने शेडवाल के आश्रम का मंत्री-पद और श्री शांतिनाथ मन्दिर का व्यवस्थापक पद को अपूर्व कुशलता से निभाया और समाज और आचार्य श्री का ख्याल अपनी ओर खींच लिया था ऐसे कार्य कुशल, व्यवहार चतुर बुद्धिमान और सत्यनिष्ठ व्यक्ति अगर दिगम्बर दीक्षा ले तो स्वहित परहित और धर्म प्रभावना भी सिद्ध हो सकेगी, इस विचारधारा से दस हजार श्रावक श्राविकाओं के विशाल समुदाय में श्री १०८ वर्धमान सागर जी के करकमलों द्वारा ब्रह्मचारी बालगौंडा अब प० पू० श्री १०८ आदिसागर मुनि पद में परिवर्तित होकर आपको कृतार्थ मानने लगे, वह शुभ दिन ता० १५ मार्च १९५४ था।

दीक्षा के समय आपका प्रकृति स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक नहीं था रक्त क्षय से आप बीमार थे लेकिन उसका तनिक भी ख्याल न कर आप दृढ़ आत्मबल से संयम पालन में दत्तचित्त रहे —न जाने कैसे शरीर स्वास्थ्य बिना किसी भौतिक इलाज के स्वय ही कुछ महिनों में ठीक हो गया।

कुछ अर्से तक आचार्य जी के सान्निध्य में रहकर मूल चारादि ग्रंथों का अध्ययन किया उसके बाद दक्षिण उत्तर के तीर्थ यात्रा को निकले आपने आज तक श्री सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर जी की कई बार यात्रा की और शेष उत्तरदक्षिण सिद्ध क्षेत्र अतिशय क्षेत्रों की भी कई बार यात्रा की, बिहार में जहां भी चातुर्मास होता था अखंड स्वाध्याय चलता था।

आपकी महाव्रत परिपालना बड़ी सूक्ष्म होती है जिस पर आपके परात्पर गुरु आचार्य जी की छाया दिखाई देती है, दीक्षा लेने के बाद थोड़े ही दिनों में आप अब प्रथम नसलापुर आये तब की एक घटना अविस्मरणीय है।

आप जब नकलापुर से रायबाग को चातुर्मास के लिए प्रस्थान करने का इरादा कर रहे थे कि रायबाग के एक गण्यमान्य प्रमुख श्री चिन्तामणि सातप्पा बिराज ने एक आदमी चिट्ठी देकर नसलापुर भेजा, लिखा था कि मुनि श्री आदिसागर महाराज हमारे गांव में चातुर्मास के लिए आने की सोच रहे हैं लेकिन उनका चातुर्मास यहां निभना मुश्किल है अतएव वह कुछ अन्य ग्राम पसंद न करें हमारे यहां न आयें।

चिट्ठी देखकर आप तनिक भी चिंतित न हुए लेकिन साथ ही साथ दृढ़ता से अपना निश्चय दुहराया और रायबाग पधारे, श्री बिराज साहब ने पन्द्रह दिन तक महाराज की अन्तर्बाह्य परीक्षा कर ली और अपनी भूल के लिए क्षमा याचना की, इतना ही नहीं तो संघपति बन के संघ को श्री क्षेत्र सम्मेद शिखर को ले गये और मुनिराज के एकनिष्ठ भक्त बन गये, यह था सत्वेषु मैत्री, गुणीषु प्रमोद और विपरीत वृत्तौ माध्यस्थ का प्रत्यक्ष प्रयोग, जिसका परिपाक जैनी दिगम्बर दीक्षा है।

कारंजा
ता० ५-१-६७

अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग यह आपका विशेष है दिन रात अध्ययन, मनन, चिंतन, प्रवचन, ध्यान, उपदेश और लेखन चालू रहता है—आज तक जितना लिखा उसमें से आधा भी प्रकाशित न हो हुआ जो वाङ्मय छप गया और प्रकाशित हुआ है उसमें से कुछ यह है—

१. त्रिकालवर्ति महापुरुष	वारासिवनी
२. नित्य नैमित्तिक क्रियाकलाप	हिन्दवाड़ा
३. आहारदान विधि	आरा
४. सूतक विधि	वारासिवनी
५. चौंतीस स्थान दर्शन	नागपुर

इसके अलावा जो प्रकाशन के लिए मंजूर हुआ लेकिन प्रकाशित न हुआ वह —

६. सद्बोध दृष्टांत माला (मराठी)	जीवराज ग्रंथ माला सोलापुर

विशेषत: चौंतीस स्थान दर्शन के लिए गत कई साल से विद्वद्वर सिद्धांत मर्मज्ञ ब्रह्मचारी पंडित उलफतराय जी जैन रोहतक वालों ने अथक परिश्रम करके यह ग्रंथ निर्माण किया है शास्त्रों में जो आजतक केवल सख्या मे कहा सुना जाता था उसको शब्दों में रखने का महत्प्रयास किसी ने नहीं किया था वह अपूर्व साहस इन दोनों वृद्ध महापुरुषों ने अपनी आयु पाऊणसों से ऊपर होने पर करके जैन मुमुक्ष साधकों के सामने एक नया आदर्श रख दिया है, धन्य है आप दोनों के जिनवाणी श्रद्धा की, अथक परिश्रम की और दुर्दम्य साहस की—

न इसमें कोई लौकिक लाभ है न ख्याति की चाह है यह तो आत्महित साधना करते करते किया हुआ निरपेक्ष महत्कार्य है जो युगों तक अजर अमर रहने वाला है और दीप स्तम्भ के समान मुमुक्षुओं को अपने संसार सागर में मिथ्यात्व शैलपर धड़क देकर फूटने वाले नौका को बचाने वाला अमोघ साधन है।

प० पू० श्री १०८ आदिसागर जी महाराज और पूज्य ब्रह्मचारी पंडित उलफतराय जी के चरण सान्निध्य में रहने का मुझे कई दिन तक मौका मिला, आपके सान्निध्य से मैं कृतार्थ हुआ ऐसी मेरी प्रामाणिक मान्यता है आपके रत्नमय साधना की मेरे शत-शत प्रणिपात।

डा० हेमचन्द्र जैन
कारंजा (अकोला)

प्राक्कथन

'चौतीस स्थान दर्शन' यह अनूठा ग्रन्थराज आज प्रकाशित हो रहा है जिसकी मुझे अत्याधिक प्रसन्नता हो रही है। ग्रन्थका विषय जैनदर्शनांतर्गत कर्मतत्त्वज्ञान से सम्बद्ध है और कर्मतत्वज्ञान यह करणानुयोग से सम्बद्ध है सूज्ञ पाठक इससे परिचित ही हैं कि संपूर्ण जिनवाणी चार विभागों में विभाजित है। १. प्रथमानुयोग . द्रव्यानुयोग ३. चरणानुयोग और ४. करणानुयोग। चारों अनुयोगों की प्राचीन ग्रन्थराशि अत्यन्त समृद्ध है। करणानुयोग यह एक निरतिचार निर्दोष निर्विकल्प गणित प्रस्तुत करता है; चतुर्गति भ्रमण के कारणभूत जीवों के परिणामों की विचित्रता यह भी एक ऐसा महत्वपूर्ण विषय है जिसपर मनीषियों ने काफी विचार किया है जैनदर्शन आत्मवादी है अनात्मवादी नहीं है नास्तिक नहीं है पूर्ण आस्तिक है। यह वस्तुस्थिति होते हुये भी जीव अपने सुख दुःख के लिए ईश्वरवादियों की तरह जैनदर्शन और किसी सर्व शक्तिमान् स्वतन्त्र मित्र व्यक्ति या शक्ति को स्वीकार नहीं करता। उसका तो वह घोषवाक्य रहा है—

स्वयं कृतं कर्म यदात्मना पुरा फलं तदीय लभते शुभाशुभम्। परेण दत्तं यदि लभ्यते स्फुटं स्वयं कृतं कर्म निरर्थक तदा। जीव चाहे किसी गति का हो उसे प्राप्त होने वाले शुभाशुभ फल यह सब उसी के भली बुरी करनी के—करतूत के फल हैं 'जो जस करे सो तस फल पाय' **'जैसी करनी तैसी भरनी'** आदि उक्तियों के मूल में जो तत्व है, सिद्धांत है, वही जैनदर्शन का हार्द है,**'ईश्वरः प्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा।'** आदि मान्यताओं से वह सैकड़ों कोस दूर है दूसरा यदि सुख दुःखों का दाता है और यह जीव उसको भोक्ता होगा तो इसकेद्वारा होने वाली पाप पुण्य क्रियायें या धर्मानुष्ठान इन सब ही का कोई अर्थ या प्रयोजन सिद्ध नहीं होता, इसलिये लोक परलोक सुख दुःख, रोग नीरोग, इष्टानिष्ट संयोग वियोग आदि संसार सम्बन्धी जितनी भी अवस्थायें हैं या हो सकती हैं उनका तर्कगम्य शुद्धशास्त्र सिद्ध गणित प्रस्तुत करने का उत्तरदायित्व स्वभावतः जैनदर्शन के ऊपर आता है।

वह केवल **'अदृष्ट'** कहकर या **'अगम्य'** कहकर अपने उत्तरदायित्व को समाप्त करना भी नहीं चाहता। संसार सम्बन्धी जितनी विचित्रतायें जीव सम्बद्ध हैं, चारों गतियाँ मनुष्य-देव नारक या तिर्यंच उसमें प्राप्त होने वाले नाना जाति के देह उनके वर्ण रस गंधादि या आकारप्राकारादि तथा कम या अधिक इन्द्रियों की सुडौल या बेडौल रचनायें, आत्म प्रदेशों का शरीराधार से होने वाला कंपन स्त्री पुरुष या नपुंसक के आकार आदि की व्यवस्था का जैसा उसके पास उत्तर है उसी प्रकार जीवों के परिणामों की जो अन्तरंग सम्बन्धी जितनी विचित्रतायें हैं कोई क्रोधी कोई क्षमाशील कोई गर्व-छल और लोभ से अभिभूत है तो दूसरा तरसम रूप से मदकषायी या विकारहीन पाया जाता है; कोई स्वभावतः सुबुद्ध तो दूसरा कोरा निर्बुद्ध, कोई संयमशील तो कोई असंयम के कीचड़ में फंसा हुआ, कोई श्रद्धावान् दृष्टि सम्पन्न तो दूसरा श्रद्धाविहीन दृष्टि शून्य, किसी को संकल्प विकल्पों का सुसंस्कृत सामर्थ्य होता है, तो किसी में उसकी किंचिन्मात्रा भी नहीं पायी जाती। इन सारी विचित्रताओं का या सम्भाव्य सारी विचित्रताओं का जैनदर्शन के पास तर्क-शुद्ध विचार है। संक्षेप में यह कह सकते हैं विश्व का बाहरी रूप और अन्तरंग स्वरूप का ठीक ठीक हिसाब बैठालने में ईश्वर या ईश्वरसम दूसरी स्वतन्त्र शक्ति के मान्यता के बिना भी जैनदर्शन समर्थ हुआ है वह अपने समृद्ध कर्मतत्वज्ञान के बल पर ही हो पाया है। उसके परिज्ञान के लिए जैनदर्शन समान वस्तु

व्यवस्था भी संक्षेप में देखनी होगी। वह लोक को षड्द्रव्य परिपूर्ण मानता है। जीव-पुद्गल धर्म अधर्म आकाश और काल ये मूल में छः स्वयंभू द्रव्य है। सबका स्वरूप भिन्न भिन्न है। जीव सचेतन है शेष अचेतन है। पुद्गल मूर्तिक है शेष अमूर्तिक है। धर्म-अधर्म आकाश संख्या में एक एक है। कालाणु असंख्यातः है। जीवों की संख्या अनगिनत अनन्त है पुद्गलों को जीवों से भी अत्यधिक अनंत है। सब ही द्रव्य अनादि अनंत हैं; अपने अपने गुण पर्यायों में स्वयं सहभावी या क्रमभावी रूप से व्याप्त है। हर समय में उत्पाद व्यय धौव्य रूप है। इनमें से जीव और पुद्गलों को छोड़कर शेष चारों धर्म अधर्म आकाश और काल ये शुद्ध है परस्पर में वैसे तो छहों द्रव्य अत्यन्त निकट सम्पर्क में हैं एक क्षेत्रावगाही है। रही बात जीव और पुद्गलकों की — इनमें भी जिनका पुद्गलों से (सूक्ष्म या स्थूल) सम्बन्ध सदा के लिए छूटा है ऐसे अनन्त जीव हैं वे भी शुद्ध सिद्ध कहलाते हैं। वे भविष्य में पुनर्बंध का कारण ही विद्यमान न रहने के कारण बन्धनबद्ध नहीं होते हैं; इनका मुक्त परमात्मा-विदेही-मुक्तात्मा आदि अनन्त शुभ नामों से स्मरण किया जाता है। पुद्गल द्रव्य मूर्तिक-रूपी है; स्पर्श रस गंध वर्ण ये उसके मूल-गुण हैं। इन गुणों से वह अभिन्न ही रहता है चाहे वह स्थूल स्कंधों के रूप में हो या सूक्ष्म परमाणुओं के रूप में हो। परमाणु अवस्था शुद्ध रूप होती है; परमाणुओं की संख्या अनंत है, स्कंध स्वभावतः अशुद्ध होती है उनकी संख्या, अनंत होते हुए भी मूल में स्कंधों की जातियां तेईस हैं। जिनमें से जीव के साथ सम्पर्क विशेष जिनका होता हैं ऐसी पांच प्रकार की स्कंध जातियां हैं जिनको १. आहार वर्गणा २. तैजस वर्गणा ३. भाषावर्गणा ४. मनोवर्गणा और ५. नोकर्मवर्गणा कहते हैं। ये उत्तरोत्तर सूक्ष्म है। अपना अपना कार्य करने में परस्पर सहयोग से समर्थ है। इनका जीव भावों के निमित्त से योग (प्रदेश कंपन) और उपयोग से (शुभाशुभ परिणति से) आवागमन अनादि से होता आ रहा है; और भविष्य में भी जीव समीचीन पुरुषार्थ से जब तक सदा के लिए शुद्ध नहीं होता है तब तक तो इन स्कंध पुद्गलों का आवागमन अपनी अपनी योग्यता से होता ही रहेगा। यही जीव का संसार कहा जाता है और इसी प्रक्रिया के कारण जीव संसारी कहा जाता है। समयपाय इनमें भव्य जीव यथार्थ पुरुषार्थ से विकसित रत्नत्रय से सम्पन्न होने पर संवर निर्जरा करता हुआ मुक्त हो सकता है। संक्षेप में जैनदर्शन में इस प्रकार वस्तु व्यवस्था है।

यह वस्तु व्यवस्था जैनदर्शन की मौलिकता है और सूर्यप्रकाश में प्रत्यक्षगत वस्तु की तरह इसका स्पष्टता अवबोध होने पर एक जिज्ञासा सहज ही जागृत होती है कि, जीव और कर्मवर्गणा तथा नोकर्मवर्गणा का (आहार वगणा भाषावर्गणा तैजसवर्गणा और मनोवर्गणा का) ग्रहण कब से करता आ रहा है ? क्यों करता है ? किन किन कारणों से करता है ? कब तक करता रहेगा ? उनमें न्यूनाधिकता का क्या कारण है ? उससे जीव की हानि ही है ? या कुछ लाभ भी है ? ग्रहण बन्द होने के उपाय कौन से हैं ? आदि प्रश्नमालिका खड़ी होती है। इसका तात्विक भूमिका पर जो विचार मूलग्राही रूप में किया गया है वह सदा सप्ततत्व विचार कहा जाता है। उपरोक्त जीव चेतना लक्षण उपयोग स्व-रूपात्मक है। स्पर्शरसादि गुणविशिष्ट पुद्गल अजीव रूपसे विविक्षित है। जीवों का विभाव विकार रूप परिणमन के निमित होने पर तप्त लोहा जैसे जल का आकर्षण करता है उस प्रकार बंद्ध जीवो के कर्मनोकर्मका ग्रहण होता है वे विभाव और ग्रहण दोनों में आस्रव करते हैं वे विभाव कषाय तथा जीव प्रदेशों के साथ कर्मस्कंधों का संश्लेष बन्ध कहा जाता है। जब कोई सम्यग्ज्ञानी महात्मा अन्तर्दृष्टि संपन्न अन्तरात्मा स्वानुभूति सनाथ होता है उस समय उसकी जीवनी का अन्तर्याम परिवर्तित होता है तब से वे विशुद्ध परिणाम और उसके निमित से अभिनव कर्मस्कंधों का आस्रव-निरोध संवर' कहा जाता है। पूर्व संचितों की क्रमशः क्षपणा के निमित्त रूप विशुद्ध परिणाम तथा क्रम क्षपणा को 'निर्जरा' कहते हैं इसी तरह वे सातिशय विशुद्ध परिणाम भी पूर्वसंचित कर्मों के सम्पूर्ण क्षपणा में निमित है उनकी 'भावमोक्ष' यह संज्ञा होती है तथा सदा के लिए संपूर्ण कर्मों का सर्व प्रकार से अलग होना द्रव्य मोक्ष' है और जीव मुक्त हैं।

जीवभाव तथा कर्मबंध इनका तथा पूर्वबद्ध कर्मों का यथा समय उदय और जीवभावों का परस्पर निमित्त नैमित्तिक सुव्यवस्थित सम्बन्ध निर्धारित हो जाने पर संसार सम्बन्धी सारी विचित्रताओं के विषय में जितनी भी समस्यायें होंगी उनका ठीक ठीक उत्तर मिल जावेगा। कर्ता हर्त्ता के रूप में किसी व्यक्ति विशेष के मानने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। निजके पुण्य पापों के सर्जन में और भुक्तान में यह प्राणी जैसे स्वयं जिम्मेवार होता है उसी प्रकार कर्मनाश करके अनन्त अविनाशी सुख सम्पन्न परम श्रेष्ठ अवस्था के प्राप्त करने में भी यह स्वयं समर्थ होता है यह सिद्धान्त ग्रन्थ का पूर्वापर मनन और अध्ययन करने से आप ही आप सुस्पष्ट होता जाता है और स्वावलंबन पूर्वक सम्पूर्ण स्वतन्त्रता की शक्यता दृष्टिपथ में आ जाती है।

इन सात तत्वों में से आस्रव बन्ध तथा संवर-निर्जरा का मनीषियों ने भी सूक्ष्म सूक्ष्मतम विचार करने की पद्धति निश्चित रूप से निर्धारित की है वह भी एक महत्वपूर्ण पद्धति है। चौंतीस स्थान ये मुख्य रूप से सम्मुख रखकर कर्मवर्गणाओं के विषय में कार्यकारणादि भावों का पूरा ख्याल रखकर जो विचार प्रपंच हो सकता है वही इस ग्रन्थ का महत्वपूर्ण विषय विशेष है। प्राचीन आर्य ग्रन्थों का उसे आधार है। प्राकृत गाथा, संस्कृत श्लोक, भाष्य महाभाष्य आदि रूप से भी इस विषय का किसी मात्रा में वर्णन है फिर भी नक्शों के द्वारा आलेखों के द्वारा इस विषय का स्पष्ट बोध सहज में होने से दर्पण में प्रतिबिंब की तरह विषयावबोध स्पष्ट-सुस्पष्ट होने में सुनिश्चित सहायता पहुंचती है। ग्रंथ निर्माताओं ने स्वयं सातिशय प्रयत्न करके अध्ययन करने वालों का विषय सुलभ किया है। इस ग्रन्थ के निर्माण में प० पू० १०८ मुनि श्री आदिसागरजी महाराज (शेडवाल तथा सम्माननीय पंडित उलफतरायजी रोहतक (हरयाना) इन दोनों स्वाध्याय मग्न प्रशस्त अध्यवसायियों का वर्षों का परिश्रम निहित है विज्ञ पाठकादि इस परिश्रमशीलता का यथार्थ मूल्यांकन कर सकते हैं। मैं भी इन अथकपरिश्रमों की हृदय से सराहना करता हूं पूर्व में मुनी साधु गण और प्रशस्त अध्यवसाय मग्न ज्ञानी लोग इस प्रकार का प्रसंशस्त अध्यवसाय महीनों करते थे। उससे एक बात तो निश्चित है कि राग द्वेष के लिये निमित्तभूत अन्यान्य सांसारिक संकल्प विकल्पों से वे लोग अपनी आत्मा को ठीक तरह से बचा लेते थे दोनों महानुभावों का मैं हृदय से आभारी हूं उन्होंने अकारण ही वीतराग प्रेम इस व्यक्ति पर अधिक मात्रा में किया है और ज्ञान विशेष न होते हुये भी प्रस्तावना के रूप में लिखने के लिये बाध्य किया। इसमें जो भी भूलें हों वह मेरी हैं और सच्चाई हो वह पूण्य जिनवाणी माता की आत्मा है। उसे हमारी शतशः वंदना हो।

आशा एवं विश्वास करता हूं कि स्वाध्याय प्रेमी जनता इस अश्रिम से अवश्य ही उचित लाभ उठायेगी। साथ ही साथ प्रभु चरणों में यह हार्दिक प्रार्थना करता हूं कि जिनवाणी माता की सेवाओं के लिये ग्रंथ निर्माताओं को भविष्य में भी सुदीर्घ जीवनी और स्वाध्याय अध्यवसाय की इसी तरह शान्ति विशेष का लाभ हो।

कारेजा
१।१।६८

विनीत
डा० हेमचन्द्र वैद्य
तथा
न्यायतीर्थ माणिकचन्द चवरे

इस चौंतीस-स्थान दर्शन ग्रन्थ का मूल स्तम्भ

कर्म-सिद्धान्त

लेखक- पं. ताराचन्द जैन, शास्त्री न्यायतीर्थ नागपुर.

असीम आकाश के ठीक मध्य-भाग में लोक (विश्व) की रहस्यमय विचित्र रचना है। षड्दर्शन के प्रणेताओं तथा अन्य दार्शनिकों ने अपनी अपनी प्रतिभा के अनुसार लोक के इस रहस्य को जानने एवं उसे प्रकट करने का प्रयत्न किया है। परन्तु अपने सीमित बुद्धिबल से विशाल लोक के रहस्य को न जानने के कारण उनमें से कुछ ने सर्वशक्ति सम्पन्न. एक ईश्वर को ही लोक का नियन्ता उदघोषित किया है। तथा कुछ ने अपरिणामी नित्य प्रकृति को ही इसका निर्माता माना है। परन्तु जैन दर्शन में लोक रचना सम्बन्धी मान्यता इससे बिलकुल भिन्न है। जैन दर्शन जिन अर्थात राग-द्वेष-मोह और अज्ञान आदि समस्त आत्मिक दोषों और दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त करनेवाले पूर्ण वीतराग, सर्वज्ञ एवं हितोपदेशी परमात्मा द्वारा प्ररुपित किया गया है। इस अवसर्पिणी काल में इस दर्शन के प्रणेता भगवान वृषभदेवादि चौवीस तीर्थंकर हुए हैं। उन लोकहितैषी महापुरुषोंने अपने केवलज्ञान से लोका लोक का पूर्ण रहस्य यथावत जानकर निम्नप्रकार से उसका स्वरूप प्रकट किया है।

लोक विभाग

आकाश द्रव्य अनन्त है। इस अनन्त (अमर्याद) आकाश के बिलकुल बीच में जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और काल इन छह द्रव्यों के मेल से ही लोक निर्मित हुआ है। लोक के मुख्य तीन विभाग हैं ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक और अधो लोक। उर्ध्वलोक के सर्वोपरि भाग में (तनुवातवलय में) मुख्यत: सिद्ध परमात्मा अनुपम अनन्त सुख का निराबाधरुप से अनुभव करते हुए विराज रहे हैं। उससे नीचे सर्वार्थसिद्धि आदि अनुपम शोभासम्पन्न ३९ विमानों की सौंदर्य पूर्ण रचना है। इन विमानों (स्वर्गभूमि) में पुण्याधिकारी जीवों का जन्म हुआ करता है। जो भी मनुष्य शुभभावों से जितना पुण्यसंचय करता है, वह मरने के बाद तदनुकुल भोगोपभोग सहित स्वर्ग में जन्म धारणकर चिरकाल तक ऐन्द्रिक सुख भोगता है। जो मनुष्य रत्नत्रयरुप धर्म का आराधन करता है वह स्वानुभूति के बलसे आयु-आदि कर्मो का अन्तकर लोकाग्र में सतत निवास करता है। तथा कतिपय रत्नत्रयधारी जीव पुण्यातिशय और शुभभावों से मरण कर देवायु का बन्ध करके सर्वार्थसिद्धि आदि पञ्च अनुत्तर और नवअनुदिशों में देवपर्याय धारण करते हैं। वहां पर भी वे भोगोपभोगोमें अनासक्त रहते हुए तत्व चर्चा और तत्वानु चिन्तन में तेतीस सागर जैसे सुदीर्घकाल को भी अनायास व्यतीत कर देते हैं।

ऊर्ध्वलोक से नीचे मध्यम लोक की प्राकृतिक रचना है। इसमें भवनवासी देव, व्यंतर देव और सूर्य, चद्र आदि ज्योति देव, मनुष्य और विविध प्रकार के तिर्यंच निवास करते हैं। इस मध्यम लोक में जम्बूद्वीपादि असंख्य द्वीप और समुद्रों की महत्वपूर्ण रचना है। इसके नीचे अधोलोक व्यवस्थित है। नीचे नीचे सात नरक भूमियां अनादिकाल से विद्यमान है। इनमें पाप संचय करनेवाले जीव ही अपने पापों का फल भोगनें के लिये वहां जन्म धारण करते हैं। सभी नारकी निरन्तर दुखानुभव करते हुए सुदीर्घ काल व्यतीत कर अपने भावानुसार मनुष्य अथवा तिर्यंच पर्याय धारण करते हैं।

सम्पूर्ण लोक चौदह राजू ऊंचा सात राजू चौडा और ३४३ घन राजू प्रमाण है। इसके निर्माण में किसी ईश्वरादि व्यक्ति विशेष का महत्व नही है। यह लोक अनादि निधन है। इसका निर्माण स्वयं (प्राकृतिक) हुआ है।

षड्द्रव्य और लोकरचना

आकाश व्यापक तथा अनंत प्रदेशी द्रव्य होने से अन्य द्रव्योंका आधार है। इसके असंख्यात मध्यप्रदेशों में असंख्यात प्रदेशी अनन्त जीव द्रव्य, अनंतानन्त पुद्गल द्रव्य, असंख्यात प्रदेशी एक अखण्ड धर्म, द्रव्य, अधर्म द्रव्य और एक प्रदेशी असख्यात काल द्रव्य भरे हुए है। ये समस्त द्रव्य अनादि काल से स्वयं विविध पर्यायों में परिणमित होते हुए परिणमनशील आकाश द्रव्य में आधेयरूप से विद्यमान हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार की प्राकृतिक रचना सदा विद्यमान रहेगी। इन छह द्रव्यों का यह विचित्र शाश्वतिक मेल ही लोक कहा जाता है। इस लोक के निर्माता ये जीवादि छह द्रव्य ही हैं। इसकी रचना एवं व्यवस्था के लिये अनन्त शक्तिशाली ईश्वरादि की कल्पना तर्कसंगत नही है। परमेश्वर सम्पूर्ण राग-द्वेष और मोहरहित पूर्ण वीतरागी होते हैं, वे अनेक विरुद्ध कार्यों के कर्ता कैसे बन सकते है।

इन छहों द्रव्यों में परमाणु और नाना आकार को धारण किये हुए स्कन्धरूप पुगदल द्रव्य ही मूर्तिक है। यह स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण गुणों का धारक है। संसार में जो भी स्पर्शनादि इन्द्रियों से ज्ञात होता है, वह सब पुद्गल द्रव्य है। पुद्गल द्रव्य से भिन्न जीवादि पांचों द्रव्य इन्द्रियों से ग्रहण नहीं होते है, वे अमूर्तिक है। धर्म द्रव्य अधर्म द्रव्य काल द्रव्य और आकाश द्रव्य आगम प्रमाण और युक्ति से ही सिद्ध किये जाते है। जीव द्रव्य अनन्त है, वे मुक्त जीव और संसारि-जीव दो भागों में विभक्त है। मुक्त जीव तो शुद्ध ज्ञान-दर्शन सुखमय अमूर्त रूप से लोकाग्र में संस्थित है, इसलिये उनको अल्पज्ञानी जानने में असमर्थ है। हम लोगों को आगम से ही उनकी जानकारी हो सकती है।

जीवकी संसारावस्था

मनुष्य, पशु-पक्षी, क्षुद्र जन्तु और पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं अगणित वनस्पतियां जोभी दृष्टि गोचर हो रहे है, वे सब संसारी जीव है। संसारि-जीव अनादिकाल से कर्मों के निमित्त से निजस्वरूप को भूल द्रव्य-क्षेत्र-काल-भव और भावमय सुदीर्घ (पञ्च परावर्तनमय) संसार में परिभ्रमण कर रहे है। प्रत्येक जीव का अनादि से स्वर्ण-पाषाण के समान कर्मो के साथ सम्बन्ध बना हुआ है। जब कर्मो का उदय होता है, तो जीव उसके निमित्त से स्वयं रागी, द्वेषी, मोही और अज्ञानी बन जाता है और जब जीव क्रोधादि रूप विभावमय परिणमन करता है तब जीव के विकृतभावों का निमित्त पाकर कार्माण-वर्गणारूप पुद्गल द्रव्य स्वयं जीव से सम्बद्ध हो जाते है। विकारी जीवों के विभावों का निमित्त मिलने पर कार्माण-वर्गणा में नियम से विकारी पर्याय उत्पन्न होती है। पुद्गल द्रव्य की इस विकारी पर्याय को ही कर्म कहते है। कर्म के निमित्त से स्वरूप से भ्रष्ट हुए जीव नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देवगति में विविध अवस्थाओं को पुनः पुनः ग्रहण करते है और छोडते है। चौरासी लाख योनियों में जीव के परिभ्रमण का नाम ही संसार है। प्रत्येक जीव अनादि से सम्पूर्ण लोक में (द्रव्य-क्षेत्र-काल) भावरूप संसार में परिभ्रमण कर रहे है। वस्तुतः जीव और कर्म के सम्पर्क को ही संसार कहते है। जीव के साथ यह अटल

नियम नही है, कि कर्मोदय के निमित्त से वह नियम से राग-द्वेष मोह और अज्ञानमय विभावरूप परिणमें। जब जीव स्वरुपावलम्बन के बल से दर्शनज्ञान चारित्रमय परिणमन करता है। उस ोई भी विभाव परिणति नहीं होती है। विभाव परिणतिरूप प्रमादावस्था के अभाव में जीव के कर्मों का आस्रव और बन्ध रुक जाता है। बन्ध के अभाव में जीव का जन्म मरणरूप संसार समाप्त हो जाता है।

जीव और कर्म

नवीन बन्धाभाव होने पर पूर्वबद्ध कर्म आत्मविशुद्धि से निर्जीर्ण हो जाते है। सम्पूर्ण कर्मों का आत्मा से विच्छेद होते ही आत्मा मुक्त हो जाता है।

जैनागम में कर्म-विषय का विस्तृत वर्णन है। भगवान ऋषभ देवादि चौवीस तीर्थंकरों के प्रामाणिक उपदेश का सार ग्रहणकर मेधावी महान तार्किक जैनाचार्यों नें षट्खण्डागम, गोम्मटसार-कर्मकाण्ड आदि ग्रन्थों में कर्म सिद्धान्त का विस्तृत वर्णन किया है। कर्म का सामान्यस्वरूप आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती ने निम्नप्रकार लिखा है।

पयडी सील सहावो, जीवगाणं अणाइ सम्बन्धो।
कणयोवले मलव ताण अत्थित्तं सय सिद्धं॥

जैसे जलका स्वभाव शीतल, पवन का स्वभाव तिरछा वहना और अग्निका स्वभाव ऊपर को ओर ज ना है। उसा प्रकार निमित्त के बिना वस्तु का जो सहज स्वभाव होता है, उसे प्रकृति, लशी अथवा स्वभाव कहते हैं। यहा पर वस्तु शब्दसे जीव और पुद्गल का ग्रहण किया गया है। इन दोनों में से जीव का स्वभाव रागादिरूप से परिणमने का है और कर्म का स्वभाव जीव को रागादिरूप से परिणमाने में ि मित्त होने का है। पोदगलिक कर्म और जीव का यह सम्बन्ध अनादि का है। जैसे खदान से निकलने वाले स र्णपाषाण में सोने और मल का मेल कब हुआ कहना अशक्य है, उसी तरह चेतन जीव द्रव्य और जड कर्म द्रव्य के सम्बध के विषय में तर्क करना अनुपयोगी है। इसीलिये आचार्य देव ने इन दोनो द्रव्यों के संयोग को अनादिकालीन स्वीकार किया है। वलादि आर्ष ग्रन्थों में भी ससारि जीव का अनादिद्रव्य कर्म के साथ सम्पर्क माना है। अनादिकालीन द्रव्य कर्म के उदय होने पर उसके निमित्त से जीव रागादिकषायरूप विभाव परिणति में परिणमित होता है। स्वभाव से ही उन द्रव्यों का ऐसा पारस्परिक कार्य कारण भाव चला आ रहा है। कभी जीव के रागादि विभावरुप निमित्त कारण से पुदगल द्रव्य विकृत होकर कर्मरुप से परिवर्तित हो जाते है। और कभी कर्मोदय का निमित्त प्राप्त कर जीव विभावरुप से परिणमन करत है। इस तरह सहजरू। से दोनों द्रव्यों में कार्य कारण भाववना हुआ है। शरीर से भिन्न 'अहम' मैं ऐसी प्रतीति जीव का अस्तित्व सिद्ध करती है और कर्मका अस्तित्व कोई धनी कोई निर्धन, कोई मूर्ख कोई विद्वान, इत्यादि विचित्रता प्रत्यक्ष देखने से सिद्ध होती है। वास्तव में कर्म आत्मा की विविध नरकादि अवस्थाओं के होने में निमित्त है। और वह जीव की उस अवस्था के योग्य शरीर, इन्द्रियादि प्राप्ति का प्रमुख हेतु है। इसलिये जीव द्रव्य और कर्म दोनों ही पदार्थ अनुभव सिद्ध है।

जीव [औदारिकादि शरीरसहित शरीर नामा नामकर्म के उदय से मन, बचन और काय योग से ज्ञानावरण दि आठ कर्मरुप होनेवाली कर्मवर्गणाओं को एव औदारिक, वैक्रियिक आहारक और तैजस शरीर

को पुद्गलविपाकी कहते हैं। जैसा कि निम्न आगम वाक्य से स्पष्ट है।

देहादी फासंता पण्णासा णिमिणतावजुगलंच।
थिर सुह-पत्तेय दुग अगुरुतियं पोग्गल विवाई॥ कर्म काण्ड गा. ४७

नरकायु, तिर्यंगायु, मनुष्यायु और देवायु इन चारों आयु कर्म की प्रकृतियों का बन्ध होने पर इनके उदय का फल जीव को नरकादि अवस्था में ही प्राप्त होता है। इसीलिये इन प्रकृतिओं की भवविपाकी संज्ञा है। प्रत्येक आयु का उपभोग जीव को जन्मानन्तर उसी जाति की पर्याय में प्राप्त होता है। नरकायु का फल नरकपर्याय में ही प्राप्त हो सकता है। तिर्यंच आदि किसी भी अवस्था में नरकायु का उदय नहीं हो सकता है इसी तरह बाकी तीनों आयू कर्म की प्रकृतियों का नियम है। नरकगत्यानुपुर्वी, तिर्यग्गत्यानुपुर्वी, मनुष्यगत्यानुपुर्वी और देवगत्यानूपुर्वी नाम कर्म की इन चार प्रकृतियों का परिणाक [उदय) मरने के पश्चात् नवीन जन्म धारण करने के लिये परलोक को गमन करते हुए जीव के मार्ग में होता है इसीसे इन प्रकृतिओं को क्षेत्र विपाकी कहा गया है। जैसा की निम्नलिखित आर्षवाक्य से सिद्ध है।

आऊणी भव विवाई खेत्त विवाई हुय आणु पुव्वीओ।
अट्ठत्तरि अवसेसा जीव विवाई मुणेयव्वा॥। कर्मकाण्ड गा ६३८

भावार्थ-नरकादि चार आयु भवविपाकी हैं, क्योंकि नारकादि पर्यायों के होने पर ही इन प्रकृतियों का फल प्राप्त होता है और चार आनुपुर्वी क्षेत्र विपाकी हैं। अवशेष बची ७८ प्रकृतियां जीवविपाकी हैं। इन अठहत्तर प्रकृतिओं का फल जीवको नारकादि पर्यायों में प्राप्त होता है। वे प्रकृतियां नीचे लिखे अनुसार हैं।

वेदणिय-गोद-घादीणेकावण्णा तु णामपयडीणं।
सत्तावीसं चेदे अट्ठत्तरि जीवविवाई॥

वेदनीय की २ गोत्रकर्म की २ घातिया कर्मों की ४७ और नाम कर्मकी तीर्थंकर आदि सत्ताइस प्रकृतियों का फल जीव ही मनुष्यादि पर्यायों में उपार्जित करता है। इस प्रकार कर्म प्रकृतियों का परिपाक उनकी निजकी शक्ति से हुआ करता है।

कर्मो का आबाधा काल

योग और कषायों से कर्मों का बन्ध होते ही वे कर्म तुरन्त फल नहीं देते उसके लिये विशेष नियम है। इस नियम को आबाधा काल कहते हैं अर्थात अल्पवा अधिक स्थिति बन्ध के अनुसार अल्प व अधिक निरहकाल के अनन्तर कर्म उदय में आने लगते हैं। आबाधा का निम्न प्रकार लक्षण है।

कम्मसरूवेणागय दव्वे णय एदि उदय रूवेण।
रूवेणुदीरणस्स य आबाहा जाव ताव हवे॥

भावार्थ-कार्माण शरीर नामा नामकर्म के उदय से योग द्वारा आत्मा में कर्म रूपसे प्राप्त हुए पूद्गल द्रव्य जब तक उदय से अथवा उदीरणारूप से परिणत नहीं होते उतने काल को आबाधा कहते हैं। कर्म प्रकृतिओंकी आबाधा के विषय में आगमोक्त विधि इस प्रकार है।

उदयपडिसत्ताण्हं आवाहा कोडकोडि उवहीणं ।
वाससयं तप्पडि भागेणय सेसट्ठिदीणंच ॥

जिन कर्म प्रकृतियों की एक कोडाकोडी सागर प्रमाण स्थिति बन्धती है उन कर्मों की सौ वर्ष प्रमाण आवाधा निर्मित होती है। इस विधि से त्रैराशिक नियमानुसार कर्म स्थिति के प्रमाण से न्यून व अधिक आबाधा निकाली जाती है। परन्तु जिन कर्मप्रकृत्तियों की उत्कृष्ट स्थिति अन्तःकोडाकोडी प्रमाण बन्धती हैं, उनकी आबाधा अन्तर्मुहुर्त मात्र होती हैं। समस्त जघन्य स्थितियों की आबाधा स्थिति से संख्यात गुणी कम होती हैं।आयुकर्म की आबाधा के विषय में निम्नप्रकार नियम है।

पुव्वाणं कोडितिभा गादासंखेपवद्धवोत्ति हवे ।
आउस्स य आवाहाण ठिदिपडिभागमाऊस्स ॥

भावार्थ–आयु कर्म की आबाधा कोडपूर्व के तीसरे भाग से लेकर आसंक्षेपाद्धा प्रमाण अर्थात जिस काल से अल्पकाल नहीं है ऐसे आवली के असंख्यातवें भाग प्रमाण मात्र है। परन्तु आयु कर्म की आबाधा स्थिति के अनुसार भाग की हुई नहीं होती है। उदीरणा अर्थात कर्म स्थिति पूर्ण होने से पहले ही विशुद्धि के वलसे कर्मों को उदयावली में लाकर खिरादेना ऐसी हालत में आयु को छोडकर सातों कर्मो की आबाधा एक आवली मात्र है। बन्धी हुई तद्भव संबन्धी भुज्यमान आयु की उदीरणा हो सकती है। परन्तु आयु की यह उदीरणा केवल कर्मभूमिज मनुष्य और तिर्यंच के ही संभवित है। समस्त देव नारकी, भोगभूमिज मनुष्य और तिर्यंच के भुज्यमान आयु की उदीरणा नहीं होती है। कर्मभूमिज मनुष्य और तिर्यंचों का अकाल मरण भी होता है।

अकाल मृत्यु

कुछ विद्वानों का आयु के विषय मे ऐसा मत है कि आयु की स्थिति के पूर्ण होने पर ही जीवों का मरण होता है किसी भी जीव का कदलीघात मरण (अकाल मृत्यु) नही होती है। परन्तु जैनागम में अकाल मरण का प्रचुर उल्लेख मिलता है निम्नलिखित वाक्यों से अकाल मरण की पुष्टि होती है।

विसवेयणरत्तक्खय-भय-सत्थग्गहण संकिलेसेहि ।
उस्सासाहाराणं णिरोह दो छिज्जदे आऊ ॥ गो. कर्म काण्ड गाथा ५७

आयुकर्म के निषेक प्रतिसमय समानरूप से उदित होते रहते हैं। आयु के अन्तिम निषेक की स्थिति के पूर्ण होने पर ही उसका उदय हुआ करता है और उसी समय जीव की वह पर्याय समाप्त हो जाती है। वर्तमान आयु के समाप्त होते ही परभव सम्बन्धी आयु का उदय प्रारम्भ हो जाता है उस आयु के उदय होते ही नवीन पर्याय प्राप्त हो जाती है। संसारी जीव के प्रत्येक समय कोई न कोई एक आयु का उदय अवश्य हुआ करता है।

दशकरण

कर्म की सामान्यरूप से १० अवस्थायें मानी गई हैं। गोम्मटसार कर्मकाण्ड में इन अवस्थाओं को करण कहा गया है। उनका स्वरूप निम्नप्रकार है।

कम्माणं सम्बंधो बंधो उवकट्टणं हवे वड्ढि ।
संकमणमणत्थगदी हाणी ओक्कट्टणंणाम ।।
अण्णत्थठियस्तुदये सथ्हणमुदीरणाहु अत्थित्तं ।
सत्तंसकालपत्तं उदओहो दित्ति णिद्दिट्ठो ।।
उदये संकममुदये चउसुविदादुं कमेंणणोसक्कं ।
उवसंतंचणिधत्तिं णिकाचिदं होदिजंकम्मं ।।

भावार्थ—कर्मद्रव्य का आत्मद्रदेशों के साथ ज्ञानावरणादिरूप से सम्बन्ध होना बन्धकरण है बद्ध कर्मों की स्थिति तथा अनुभाग के बढने को उत्कर्षण कहते हैं । बन्धरूप प्रकृति की स्थिति और अनुभाग का कम हो जाना अपकर्षण करण है । जिस के उदय का अभी समय नहीं आया ऐसी कर्मप्रकृति का अपकर्षण के बलसे उदयावली में प्राप्त करना उदीरणाकरण है । पुद्गल द्रव्य का कर्मरूप रहना सत्वकरण कहलाता है । कर्मप्रकृति का फल देने का समय प्राप्त हो जाना उदयकरण है । जिससे कर्मउदयावली (उदीरणा) अवस्था को प्राप्त न हो सके वह उपशान्त करण है । जिसमे कर्मप्रकृति उदयावली और संक्रमण अवस्था को न प्राप्त कर सके उसे निधत्तिकरण कहते हैं । जिससे कर्मप्रकृति की उदीरणा, संक्रमण, उत्कर्षण और अपकर्षण ये चारों अवस्थायें न हो सकें उसे निकाचितकरण कहते हैं । आयुकर्म में संक्रमणकरण नही होता अर्थात नरकादि की आयु बन्धने के अनन्तर वह आयु बदलकर तिर्यगायु, मनुष्यायु और देवायुरूप से परिणामों के बदलने पर भी परिवर्तित नहीं हो सकती हां नरकादि की आयु की स्थिति में शुभाशुभ परिणामों से उत्कर्षणकरण और अपकर्षणकरण तथा अन्य सात भी करण आयुकर्म के होते है । बाकी समस्त कर्मों में दशकरण हो सकते हैं । गुणस्थानो कीं अपेक्षा प्रथम मिथ्यादृष्टि से लेकर अपूर्वकरण आठवें गुणस्थान तक १० करण होते हैं । अपूर्वकरण गुणस्थान से ऊपर सूक्ष्म साम्पराय गुणस्थान तक ७ करण ही होते हैं । इसके बाद सयोगकेवली तक संक्रमणकरण के बिना ६ करण ही होते है और अयोग केवली के सत्व और उदय दो ही करण पाये जाते है । इस तरह जीव के परिणामों के निमित्त से कर्मों की व्यवस्था होती है ।

उपसंहार

समस्त द्रव्यों में परिणमनशील योग्यता है । इसी भावरूप योग्यता से ही समस्त द्रव्यों में निरन्तर उत्पाद–व्यय और ध्रौव्य हुआ करता है । इसी स्वाभाविक परिणमन शीलता या भावरूप योग्यता से प्रत्येक द्रव्य पर्यायान्तर प्राप्त करता है । जीव द्रव्य और पुद्गल द्रव्य में भावरूप योग्यता के साथ ही क्रियारूप योग्यता भी पायी जाती है । जीव प्रदेशो का हलन–चलनरूप परिस्पंद होता है, उसे क्रिया कहते हैं और प्रत्येक वस्तु में होनेवाले प्रवाहरूप परिणमन को भाव कहते हैं । इसीसे तत्वार्थसूत्र आदि ग्रन्थों में जीव और पुद्गल दो द्रव्यों को सक्रिय मानकर अवशेष धर्म, अधर्म, काल और आकाश इन चार द्रव्यों को निष्क्रिय बतलाया गया है । क्रियावतीशक्ति के कारण ही जीव क्रियावान पुद्गल द्रव्यके निमित्त से आस्रावदि तत्वरूप से स्वयं परिवर्तित होता है अर्थात समस्त तत्त्वों में जीव का अन्वय पाया जाता है, इसलिये जीवही उनका आधार है । जीव द्रव्य स्वतः सिद्ध है, अनादि अनंत है, अमूर्तिक है और ज्ञानादि अनन्त धर्मो का अविच्छिन्न आधार होनेसे अविनाशी है । परन्तु पर्यायार्थिक दृष्टि से जीव मुक्त और अमुक्त दो भागों में विभक्त है ।

जीव अनादिसे ज्ञानावरणादि आठ कर्मों से मूर्च्छित होकर आत्मस्वरूप को भूले हुए हैं और राग–

द्वेषादिरूप परिणत होकर बद्ध होते हैं, अत एव संसारी है। जैसे जीवात्मा अनादि है और जड पुद्गल भी अनादि है, वैसे ही जीव और कर्म इन दोनोंका बन्ध भी अनादि है, क्योंकि जीव और कर्मका ऐसा ही सम्बन्ध अनादिसे चला आरहा है। यदि जीव पहले से ही कर्मरहित माना जावे तो रागादि विभावरूप अशुद्धि के अभाव में उसके बन्ध का अभाव मानना पडेगा और यदि शुद्ध अवस्थामें भी उसके बन्ध माना जावेगा तो फिर जीवको मोक्ष कैसे प्राप्त हो सकेगा। इस तरह मुक्ति का अभाव मानना पडेगा। इसी प्रकार पुद्गल द्रव्यको भी यदि सर्वथा शुद्ध मान लिया जाता है, तो जैसे विनाकारण के आत्मा के सहजरूप से ज्ञान प्राप्त होता है, वैसे ही इसमे अकारण क्रोधादि प्राप्त होने लगेंगे। और तब बन्धके कारणभूत क्रोधादिक के निर्निमित्त पाये जाने से यातो बन्ध शाश्वत होगा अथवा क्रोधादि के अभाव माननेपर द्रव्य और गुणका अभाव मानना पडेगा। इसलिये जीव और कर्म का अनादि सम्बन्ध है। यही बात पञ्चाध्यायी में पंडित राजमल्लजी ने निम्नरूप से प्रकट की है।

बद्धोयथा ससंसारी स्यादलब्धस्वरूपवान्। मूर्च्छितोऽनादितोऽष्टाभिर्ज्ञानाद्यावृतिकर्मभि:॥
यथानादि:स जीवात्मा यथानादिश्चपुद्गल:। द्वयोर्बन्धोऽप्यनादि: स्यात् संबंधो जीवकर्मणो:॥
तद्यथायदिनिष्कर्मा जीव:प्रागेव तादृश:। बन्धाभावोऽथ शुद्धेऽपि बन्धश्चेन्निवृत्ति:कथम्॥
अथचेद्पुद्गल: शुद्ध:सर्वत:प्रागनादित:। हेतोर्विना यथाज्ञानं तथा क्रोधादिरात्मन:॥
एवं बन्धस्यनित्यत्वंहेतो: सद्भावतोऽथवा। द्रव्याभावो गुणाभावो क्रोधादीनामदर्शनात्॥

जिस प्रकार कोई किसी का उपकार करता है और दूसरा उसका प्रत्युपकार करता है। वैसेही अशुद्ध रागादि भावों का कारण कर्म है और रागादिभाव उस कर्म के कारण है आशय यह है कि पूर्वबद्ध कर्मके उदय से रागादिभाव होते हैं और रागादिभावों के निमित्तसे नवीन कर्मों का बन्ध होता है। इन आये हुए नवीन कर्मों के परिपाक होनें से फिर रागादिभाव होते है और उन रागादिभावों के निमित्तसे पुन: अन्य नूतन कर्मोंका बन्ध होता है। इस प्रकार जीव और कर्म का सम्बन्ध सन्तान की अपेक्षा अनादि है और इसीका नाम ससार है। वह संसार जीव के सम्यग्दर्शनादि शुद्ध भावों के बिना दुर्मोच्य है। पंचाध्यायी में निम्नरूप से यह विषय प्रगट किया गया है।

जीवस्याशुद्धरागादिभावानां कर्मकारणम्।
कर्मणस्तस्य रागादिभावा: प्रत्युपकारिवत्॥
पूर्वकर्मोदयाद भावोभावा प्रत्यग्रसंचय:।
तस्य पाकात्पुनर्भावो भावाद् बन्ध: पुनस्तत:॥
एवं सन्त.ततोऽनादि: सम्बन्धो जीवकर्मणो:।
संसार:सच दुर्मोच्यो विना सम्यग्दृगादिना॥
न केवलं प्रदेशानांबन्ध: स्याद् सापेक्षस्तद्द्वयोरिति॥

यद्यपि जीव स्वभावत: अमूर्त और चैतन्य स्वरूप है तथापि उसमें अनादिकालीन ऐसी योग्यता है जिससे वह जड मूर्तिक कर्म से बन्धता है और कर्म भी स्वभावसे ऐसी योग्यतावाला है जिससे जीव से सम्बद्ध होकर जीव की विकृतिमें निमित्त होता है। जीव के अमूर्त ज्ञान गुण का मदिरादिमूर्त द्रव्य के सम्बन्ध से मूर्च्छित होना प्रत्यक्ष से देखा जाता है उसी प्रकार सदात्मक अमूर्त जीवकी विकृति में निमित्त होता है। अमूर्त जीव का सदात्मक मूर्तकर्म से बन्ध होने में कोई बाधा प्रतीत नहीं होती है, यद्यपि जीव का इस बन्धरूप संसार से उन्मुक्त होना कठिन प्रतीत होता है, परन्तु जीव का कर्मबन्ध

से मुक्त होना असंभव नही है। जब जीव स्वानुभव के बलसे सम्यग्दर्शनादिरूप से परिणमता है तब संसार की कारणभूत जीव की विभाव परिणति का पूर्ण अभाव हो जाता है और जीव मुक्त होकर सिद्ध परमात्मा बन जाता है।

इस यन्त्र में कर्मो की कुल १४८ उत्तर प्रकृतिओं में बन्ध और उदय के समय शरीर से अविनाभाव सम्बन्ध रखनेवाले पांच बन्धन और पांच संघात अलग नहीं दिखाये जाते शरीर बन्धन में ही उनका अन्तर्भाव कर लिया जाता है। इसी तरह पुद्गल के २० गुणों का अभेद विवक्षासे वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श में ही अन्तर्भाव होता है। इस तरह कुल २६ प्रकृतिओं के घटाने पर १२२ प्रकृतियां ही उदय योग्य मानी गई है। और बन्धावस्था में सम्यक्त्व और सम्यङ्मिथ्यात्व मिथ्यात्व से प्रथक नहीं हैं, अतः बन्ध योग्य कुल १२० प्रकृतियां ही मानी गई हैं। प्रथम गुणस्थान में तीर्थंकर, आहारक शरीर आहारक अंगोपांग इन तीनों प्रकृतिओंका बन्ध नहीं होता इसलिये सिर्फ ११७ प्रकृतियां ही इस गुणस्थान मे बन्धनें योग्य मानी गई हैं।

※ चतुर्थ गुणस्थान और पंचमादि सभी गुणस्थानो मेंजो १४८ आदि प्रकृतियों की सत्ता दिखाई गई हैं वह उपशम सम्यक्त्व की अपेक्षा ही कथन किया गया है। क्षायिक सम्यक्त्व की विवक्षा में मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का क्षय हो जाने से सात प्रकृतियां कम हो जाती हैं।

कर्मबन्धादियन्त्र

इस यन्त्र द्वारा कर्मप्रकृतियों के बन्ध–बन्धव्युच्छित्ति आदिका गुणस्थान क्रमसे उल्लेख किया गया है।

अ. नं.	गुणस्थान का नाम	बन्ध संख्या	बन्ध व्युच्छित्ति संख्या	उदय संख्या	उदय व्युच्छित्ति संख्या	सत्तासंख्या	सत्ता व्युच्छित्ति संख्या
१	मिथ्यात्व	११७	१६	११७	५	१४८	०
२	सासादन	१०१	२५	१११	९	१४५	०
३	सम्यङ्मिथ्यात्व	७४	०	१००	१	१४७	०
४	असंयतसम्यग्दृष्टि	७७	१०	१०४	१७	१४८	१
५	देशविरत	६७	४	८७	८	१४७	१
६	प्रमत्तसंयत	६३	६	८१	५	१४६	०
७	अप्रमत्तसंयत	५९	१	७६	४	१४६	४
८	अपूर्वकरण	५८	३६	७२	६	१४२	०
९	अनिवृत्तिकरण	२२	५	६६	६	१४२	०
१०	सूक्ष्मसांपराय	१७	१६	६०	१	१४२	०
११	उपशांतमोह	१	०	५९	२	१४२	०
१२	क्षीणकषाय	१	०	५७	१६	१०१	१६
१३	सयोग केवली	१	१	४२	३०	८५	०
१४	अयोगकेवली	०	०	१२	१२	८५	८५



श्रद्धेय ब्रह्मचारी श्री उल्फत राय जैन

लेखक– डॉ. हेमचंदजी जैन कारंजा जी. अकोला महाराष्ट्र.

इस ३४ स्थान दर्शन ग्रंथ के प्रकाशक ब्रम्हचारी उलफतराय जैन रोहतक (हरीयाना) की जीवनी:–

१) तीन अगस्त सन १८९० को सोनीपत नगर जी. रोहतक (हरीयाना) मे लालाबुधुमलजी जैन अग्रवाल के घर जन्म हुवा । ६ वर्षकी आयुमे आपने अपने फुफाजी लाला उदमीरामजी जैन रोहतक के घर दत्तकपुत्र बने, बचपनसेही धर्मसंस्कार हृदयमे उत्पन्न होते रहे है ।

२) रोहतक गव्हर्मेन्ट हायस्कुलमे मैट्रीक तक अंग्रेजी हिन्दी, उर्दु, पारसी संस्कृत आदिका अध्ययन कीया । व्यापारी भाषा मुडी हीन्दी का भी ज्ञान प्राप्त कीया । बम्बईमे व्यापारी क्षेत्र तथा महाराष्ट्र, गुजरातमे धार्मीक संबंध के कारण गुजराती, महाराष्ट्रीयका भी ज्ञान प्राप्त कोया :

३) १६ वर्ष की आयुमे सोनीपत निबासी एक जैन अग्रवाल कन्यासे विवाह हुवा जो ६ मास के बाद मरण को प्राप्त हो गयी ।

४) विवाहके कुछ समय बाद दत्तक पिताजीकाभी स्वर्गवास हो गया उनका व्यापार संभालने के लीए विद्या अध्ययन छोडना पडा ।

५) कुछ समय बाद दुसरा विवाह रेवाडी जी. गुडगांवा निवासी लाला प्रभुदयालजी दीगंबर अग्रवाल जैन की कन्या से हुवा । दैव योगसे वह भी ७ बरस तक वायु रोगसे पीडीत रही । उसके चार भाई है १) बाबु करमचंदजी जैन अँडव्होकेट सुपरीमकोर्ट दील्ली । २) बाबु मेहेरचंदजी जैन अँडव्होकेट गुडगांवा (हरीयाना) ३) बाबु एस. सी. जैन भारत केन्द्र सरकारके इन्शुअरंस खातेके हेड रहे है । ४) बाबु जे. सी. जैन दीर्घकाल तक टाइम्स ऑफ इन्डीया के जनरल मेनेजर रहे है ।

६) तीसरा विवाह २४ वर्ष की आयुमे गुहाणा जी. रोहतक (हरीयाना) के दीगंबर जैन कन्यासे विवाह हुवा । जिनके भाई लाला चत्रसेन, और लाला हरनामसींग है । इस तीसरी देवी का नाम सुख देविजी हैं । इन्होने ४ पुत्र दो कन्याओंको जन्म दिया. एक कन्या सुपुत्री पदमादेवी स्वर्गवास होगई शेष पांच बहन भाई इस प्रकार हैं । १ पी. सी. जैन एरोड्राम ऑफीसर कलकत्ता २ श्रीपाल जैन व्यापारी बम्बई ३) डॉ. एस एस. जैन एफ. आर. सी. एस. लन्डन एडिन वर्ग ४) पि. के. जैन टाइम्स ऑफ इंडिया बंबई को पुना ब्रांचके ऑफिसर है । ५) श्रीमती जयमाला देवी जिसने बी. ए. डिगरी प्राप्त किया है । बाबु इन्द्रकुमारजी एम. ए. मेरठ की धर्मपत्नि बनी है ।

७) प्रकाशक ब्रम्हचारी उलफतराय ३० वर्ष की आयुमे व्यापार के लिये बंबई आगये वहां गेहुं, अलसी, रुई, चांदी सोनेकी दलाली का काम कीया । बेंको को हाजर चांदी सोना गीन्नी की भी सप्लाय की,

८) व्यापार के साथ साथ दिगंबर जैन भोलेश्वर मंदीर मे प्रातःकाल, गुलालवाडी मंदीरजी मे रात्रीको तीस वर्षतक निजपर कल्याण के रुपमे आनरेरी तौर पर शास्त्र प्रवचन कीया । जिस समय संघपती सेठ पुनमचंद घासीलालजी ने सिखर समेद तीर्थ यात्रा संघ निकाला साथ मे चारित्र चक्रवर्ती साम्राज्य नायक तपो मुर्ती सिद्धांत पारंगत १०८ श्री आचार्य शांतीसागरजी मुनीमाहाराजभी संघ के साथ पधारे थे उस समय ब्रम्हचारी उलफतरायजीने ६ मास तक पैदल यात्रा करके संघ सेवासे पुण्य लाभ लिया था ।

९) ५९ वर्ष के आयुमे १०८ आचार्य श्री वीरसागरजी मुनी महाराजसे सवाई माधवपूरमे दुसरी प्रतिमा धारणकर घरका कामकाज छोडदिया घरमेही उदासीन रुपसे रहने लगे ।

१०) ६३ वर्ष के आयुमे महाराष्ट्र प्रांतके सातारा जिल्हे के लोनद मुकामपर चारित्र्यचक्रवर्ती साम्राज्यनायक १०८ आचार्य श्री शांतीसागरजी महाराजके चरण कमलोंमे ७ वी प्रतिमा धारण करके घर छोड दिया । देश विदेश भ्रमण करने लगे ।

॥ लेख नं. ४ ॥

जिनवाणी के ४ अनुयोग (भाग)

सभी अनुयोग प्राणियोंका कल्याण करता हैं।

१) प्रथमानुयोग:– ये प्रकाश डालता है। कौन प्राणी निगोद से निकलकर अरहंत बनकर मोक्ष चला गया इस अनुयोग मे आदि पुराण, उत्तरपुराण, पदमपुराण, हरिवंश पुराण आदि अनेक ग्रंथ हैं।

२) चरणानुयोग:– ये प्रकाश डालता है। इस मार्गपर चलनेसे दानवता नष्ट होती चली जाती है। मानवता पथपर चलकर आत्मा परमात्मा बन जाती है। ५ मिथ्यात १२ अव्रत १५ योग २५ कषाय सब मिलकर, सत्तावन, आश्रव कहलाते है। वो ही संसार बढाते है और इनके निराकरण करनेके लिये तीन गुप्ति, पांच समिती, दस धर्म, १२ अनुप्रेक्षा २२ परिषहजय ५ चरित्र के सब मिलकर ५७ सम्बर कहलाते है। इनसे ही प्राणी मानवता पथपर चलकर कर्म को नष्ट करके भगवान बनजाता है। इसके आधीन सागार, अनागार, श्रावकाचार, मुलाचार आदि अनेक ग्रंथ है।

३) करणानुयोग:– इस प्रकार से जाना जाता है इनके भाव भूल से आत्मा चार गति, पंचेंद्री, ६ काय में संसार में भ्रंमण कर रहा है। उस कर्म सुधाको बतानेवाले षट खंडागम, धवल, महाधवल कर्म कान्ड, जीवबंध गोमटसार आदि कर्म बतानेवाले अनेक ग्रंथ उपलब्ध है।

४) द्रव्यानुयोग:– विज्ञान है, जिसको आज की भाषामें सायन्स भी कहते है जो ये प्रकाश डालता है, वास्तविक आत्मा का क्या स्वरुप है। उसपर लक्ष्य हो जानेपर सब संसार, वस्तुओ से सहजही राग, भाव हटजाने से निज आत्मरस प्रगट हो जाता है।

सुचना:– कोई भी अनुयोग पढो अगर दृष्टि अपने आत्म शर्सिरस्वरुप पर लगी रहेंगी तो सर्वही चारों अनुयोग कल्याण कारी हो जायंगे। अगर दृष्टि आत्मरस से हटकर संसार रस पर लगी रहेगी, तो किसी भी अनुयोग के पढनेसे आत्म कल्याण नही होगा,।

५) निश्चय और व्यवहार धर्मका अनिवार्य सहयोग:–

१) निश्चय धर्म – अभेद, निरविकल एकाग्र, निजस्वरुप आत्मा की अवस्थायें है, इसका छद्मस्थ जीवो के अधिकसे अधिक अंतरमुहूर्त १ समय कम ४८ मिनिट भी है। इतने समय भी अगर उपयोग एकाग्र हो जाय तो केवल ज्ञान केवल दर्शन अनंत सुख अनंत वीर्य आत्मा के निज गुण प्रगट हो जाते है। अनंतानंत काल तक स्थिर रहते है।

परन्तु

छद्मस्थ जीवोका उपयोग इतने समय एकाग्र नही रहकर चंचल अस्थिर डामाडोल होता रहता है, तब व्यवहार धर्म ही आत्माको अशुभ उपयोग मिथ्या देव गुरु शास्त्र श्रद्धा, हिंन्सा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह, की निरगल तृष्णा रुप भावनाओ मे जाने से रोकता है। सत्य देव ,गुरु, शास्त्र, श्रद्धा-पंच पापों का श्रेणी बद्ध थोडा थोडा त्याग या महावृत रुप पुर्ण २८ मुल गुण रुप महावृत ५ इंद्री विजय ५ समिती ५ षटावश्यक ६ नग्नरहना १ भुमिशयन १ स्नान त्याग १ खडा रहकर भोजन लेना २४ घन्टे मे एक ही बार भोजन लेना, १ दंत मंजन नही करना १, केश लुंच (हाथ से केश उखाडना) कुल २८ मूल गुण व्यवहार चरित्र ही बताये गये हैं।

प्रकाशक के बिना किसी संकेत के अपनी ज्ञान दान भावनाओं से इस ग्रंथ प्रकाशन मे द्रव्यदेने वालो की नामावली इस प्रकार है :–

५०० रु. सेठ मोतीलालजी गुलाब सावजी, नागपुर.

२०० रु. दख्खन क्वीन मोटर सर्वीस ट्रान्सपोर्ट कार्पोरेशन प्रोप्राटर मिर्जा ब्रदर्स चिकोडी जिल्हा बेलगाव(आंध्रप्रांत)

२०१ रु. सेठ बनवारीलालजी गिरधारीलालजी जैन जेजानी, नागपुर

[illegible]१ रु. श्रीमती कस्तुरीदेवी धर्म पत्नी श्री मानकचंदजी जैन कासलीवाल नागपुर

[illegible] रु. ,, सुमतीबाई किल्लेदार नागपूर

[illegible] रु. ,, मानकबाई धर्मपत्नी श्री नेमीचंदजी, पाटनी नागपूर

१०१ रु. ,, चमेलीदेवी धर्म पत्नी श्री नानकचंदजी, जैन नागपूर

१०१ रु. श्रीमती तुलसीबाई धर्मपत्नी श्री कस्तुरचंदजी घनसोरवाले नागपुर
१०१ रु. श्रीयुत नेमगोडा देवगोंडा जैन, बेडकीहॉल ता. चिकोडी जि. बेलगांव (आंध्रप्रदेश)
१०१ रु. श्रीयुत सिंगई मूलचंदजी अध्यक्ष परवार मंदीर ट्रस्ट, नागपूर
१११ रु सेठ कल्लुमलजी पदमचंदजी मालिक फर्म सेठ नंदलालजी प्रेमचंदजी परवार नागपुर,
१७१९ रु.

।। प्रकाशक का आभार प्रदर्शन ।।

मैं ब्रम्हचारी उल्फतराय जैन रोहतक (हरियाणा) निवासी श्री १००८ महावीर भगवान के चरण कमलों को नमस्कार करके उनसे बार-बार प्रार्थना करता हूं। जिस तरह इस ग्रंथ के प्रकाशन और निर्माण में सहयोग देकर पुण्य उपार्जन करने का मुझे शुभ अवसर प्राप्त हुआ हैं, इसी तरह मेरी अंतिम समाधि भी आत्म रस पूर्वक सम्पन्न हो।

मैं ब्रम्हचारी नत्थूलालजी जैन बारा सिवनी (मध्यप्रदेश) निवासी का आभार प्रदर्शन करता हूं जिनके निमित्त और सहयोग से मुझें कारंजा जिल्हा अकोला (महाराष्ट्र प्रांत) में परम तपस्वी आभीक्षण ज्ञानोपयोगी ज्ञान सूर्य १०८ श्री आदिसागरजी महाराज जैन मुनि (जिन की जन्म भूमि शेडवाल जिला वेलगांव मैसूर प्रांत है) के दर्शन और चरण स्पर्श करनेका पुण्य अवसर प्राप्त हुआ। मैं उपरोक्त मुनिमहाराज का भी परम कृतज्ञ हूं जिन्होंने इस ग्रंथ का निर्माण करते हुए मुझे भी कुछ सहयोग देने का अवसर प्रदान किया और मुझे प्रकाशन करने की स्वीकारता प्रदान की।

समाज सेवी और भावुक वक्ता और लेखक आदरणीय डाक्टर हेमचन्दजी कारंजा जिल अकोला (महाराष्ट्र) निवासी का भी आभार प्रदर्शन करता हूं जिन्होंने मुझे समय समय पर इस ग्रंथ के प्रकाशन मे सहयोग दिया और अंत में इस ग्रथ की प्रस्तावना लिखने की भी कृपा की।

आदरणीय कारंजा जैन समाज काभी आभार प्रदर्शन करता हूं। जो समय समय पर मुझे प्रोत्साहन देते रहे। तथा आदरणिय श्री महावीर ब्रम्हचर्य आश्रम। कारंजा के प्राण बाल ब्रम्हचारी परमदानी श्रीयुत पं. माणिकचंदजी टाटियाजी का भी आभार प्रदर्शन करता हूं। जिन्होने इस ग्रंथ की प्रस्तावना लिखनेकी कृपा की है।

ग्रहस्थाश्रम के मेरे सुपुत्र प्रेमचंद (पी. सी.) जैन, एम. ए. विमान ऑफिसर कलकत्ता, श्रीपाल जैन व्यापारी बंबई, डाक्टर शांतिस्वरुप (एस. एस.) जैन बंबई, पिताम्बर कुमार (पी. के.) जैन (टाइम्स ऑफ इन्डीया की पूना ब्रॉंच के आफीसर,) सुपुत्री जयमाला देवी जो मेरठ नगर के आदरणीय श्री. इंद्रकुमारजी जैन एम. ए. की अर्धागनि बनी, तथा श्री इंद्रकुमारजी जैन एम. ए. तथा उनके पूज्य समाज सेवी पिता सेठ सुकुमालचंदजी का भी आभार प्रदर्शन करता हूं जिन्होने इस ग्रंथ के प्रकाशन मे मुझे असीम प्रोत्साहन दिया है और बहुत भारी परिश्रम किया हैं।

चिरंजीव हरनामसिंह जैन गोहाना ने (जिला रोहतक हरियाना प्रांत) निवासी जो (उपरोक्त मेरे सुपुत्र प्रेमचन्दजी के आदरणीय मामाजी हैं) अपना सब काम छोडकर ६ महीने मेरे साथ रहकर अपूर्व सेवा की और प्रकाशन में, सहयोग दिया।

परवार दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट के प्रधान श्रीयुत सिंघई मूलचन्दजी जैन नागपुर, तथा आदरणीय पं. ताराचंदजी शास्त्री, न्यायतीर्थ मुख्याध्यापक दि जैन महावीर पाठशाला नागपुर और श्रीयुत मानिकचन्दजी मोतीलालजी जैन कासलीवाल नागपुर का भी आभार प्रदर्शन करता हूँ जो मुझे हर समय इस काम में प्रोत्साहन देते रहे और आवश्यकता पडने पर भारी प्रकाशन कार्य में परिश्रम भी करते रहे।

मै उन आदरणीय सज्जनों का भी परम कृतज्ञ हूँ जिन्होंने मेरे किसी संकेत के बिना अपनी ज्ञान भक्ति के कारण इस ग्रंथ के प्रकाशन में कुछ द्रव्य भेंट किया जिनके नाम की सूची इस ग्रंथ में अलग छापी गई है।

मैं आदरणीय पं. ताराचंदजी शास्त्री न्यायतीर्थ का पुनः आभार प्रदर्शन करता हूं। जिन्होने इस ग्रंथके ७९३ से ८४० पन्नों तक तथा प्रारंभिक पन्नोंका प्रूफ संशोधन बहुत परिश्रम करके ग्रंथ की छपाई की त्रुटियों को दूर करने की बडी कृपा की तथा मेरे बहुत आग्रह करनेपर कर्म सिद्धान्तपर एक अपूर्व लेख लिखने की भी कृपा दृष्टि की तथा जो पुस्तकें उनके मार्फत बिक्री होंगी वह मुल्य

पाठशालामें जमा कराने का भार उनपर रखा वह उन्होंने सहर्ष स्वीकार करने की कृपा की।

११) सि. मूलचंदजीने भी मध्यप्रान्त, राजस्थान तथा विदर्भ क्षेत्रके मंदिरों तथा १०८ पूज्य श्री मुनिराजों के करकमलोमेंभी अर्पण करनेका भार सहन करनेका आश्वासन देकर मुझे कृतार्थ किया। इस भारी प्रकाशन कार्यके संपादन करनेमे भी जब मेरा उत्साह गिरते देखा तब भी मेरे उत्साह को नही गिरने दिया। निरंतर मुझे प्रोत्साहित करते रहे। इन दोनों सज्जनोंकी प्रेरणासेही यह भारी काम सहज रुप सम्पन्न हो सका है। मै इन दोनों महाशयोंकाभी पुनः आभारप्रदर्शन करता हूँ।

समाज सेवक
ब्रम्हचारी उल्फतराय जैन
प्रकाशक, रोहतक (हरियाणा)

- विषय-सूची -

विषय	पुस्तक का पन्ना नं.	विषय	पुस्तक का पन्ना नं.
मंगलाचरण	१)	औदयिक भाव २१	२३)
३४ स्थान नाम के उत्तर भेद कोष्टक संख्या	२)	पारणामिक भाव ३	२३)
३४ स्थान उत्तर भेद की नामावली	३)	अवगाहना	२३)
गुण स्थान नाम व स्वरुप	१०)	सामान्यजीव नामावली	२४)
१४ जीवसंमास	१२)	मिथ्यात्व गुण स्थान	२५)
६ पर्याप्ति	१३)	सासादन ,, ,,	३३)
१० प्राण	१३)	मिश्र ,, ,,	३९)
४ संज्ञा	१३)	अव्रत ,, ,,	४३)
१४ मार्गणा	१४)	देश वृत ,, ,,	५१)
४ गति मार्गणा	१४)	प्रमत्त ,, ,,	५५)
५ इंद्री मार्गणा	१४)	अप्रमत्त ,, ,,	६०)
६ काय ,,	१४)	अपूर्व करण ,, ,	६३)
१५ योग ,,	१४)	अनिवृति करण गुण स्थान	६६)
३ वेद ,,	१६)	सुक्ष्म सांपराय ,, ,,	७०)
२५ कषाय मार्गणा	१६)	उपशांत मोह ,, ,,	७३)
८ ज्ञान ,,	१६)	क्षीण मोह ,, ,,	७५)
७ संयम ,,	१७)	सयोग केवली ,, ,,	७८)
४ दर्शन ,,	१७)	अयोगकेवली ,, ,,	८१)
६ लेश्या मार्गणा	१७)	अतीत ,, ,, (सिद्ध भगवान)	८३)
२ भव्य ,,	१८)	नरक गति	८५)
६ सम्यक्त्व ,,	१८)	त्रिर्यंच ,, ,,	९०)
२ संज्ञी ,,	१९)	मनुष्य ,, ,,	११३)
२ आहारक ,,	१९)	देव ,, ,,	१५५)
१२ उपयोग	१९)	गतिरहित (सिद्धगति)	१७२)
१६ ध्यान	२०)	एक इंद्रीय	१७४)
५७ आश्रव	२१)	दो ,,	१८०)
५३ भाव	२२)	तीन ,,	१८५)
२ औपशमिक भाव	२२)	चार ,,	१९०)
९ क्षायक भाव	२२)	असंज्ञी पंचेंद्री	१९५)
१८ क्षयोपसमिक भाव	२२)	संज्ञी पंचेंद्री	२००)

इंद्रिय रहित (सिद्ध भगवान) २०५)

पृथ्वी कायक २११)
जल ,, २२१)
अग्नि ,, २२४)
वायु ,, २२८)
वनस्पति ,, २३१)
त्रस ,, २३४)
अकायक (सिद्ध जीव) २४६)

सत्य उभय मनोयोग २४८)
असत्य ,, ,, २५६)
सत्य बचन योग २६२)
असत्य उभय बचन योग २६६)
अनुभय ,, ,, २७०)
औदारिक काययोग २७५)
औदारिक मिश्र ,, २८२)
वैक्रियक ,, २८९)
वैक्रियक मिश्र ,, २९४)
आहारक काययोग २९९)
आहारक मिश्र ,, २९९)
कार्माण ,, ३०३)
अयोग ३१२)

पुरुष वेद ३१४)
स्त्री ,, ३२७)
नपुंसक ,, ३३४)
अपगत ,, ३४५)

अनंतानुबंधी कषाय ३५२)
अप्रत्याख्यानी ,, ३६२)
प्रत्याख्यानी ,, ३७४)
संज्वलन क्रोध मान माया कषाय ३८५)
संज्वलन लोभ ,, ३९८)
हास्यादिक नौ कषाय ४०७)
अकषाय ४१४)

कुमति कुश्रुति ज्ञान ४१८)
कुअवधिज्ञान (विभंग ज्ञान) ४२८)
मति श्रुति ज्ञान ४३४)
अवधि ,, ४४६)
मनः पर्यय ,, ४५२)
केवल ज्ञान ४५६)

असंयम ४५९)
संयमा संयम ४६९)

सामायिक छेदो पस्थापना संयम ४७४)
परिहार विशुद्धि ,, ४७९)
सुक्ष्म सापराय ,, ४८३)
यथाख्यात ,, ४८६)
संयमा संयम संयम रहित (सिद्ध गति) ४९८)

चक्षु दर्शन ४९२)
अचक्षु ,, ५०८)
अवधि ,, ५१४)
केवल ,, ५२५)

कृष्ण-नील लेश्या ५२८)
कापोत ,, ५३९)
पीत ,, ५५०)
पद्म ,, ५६०)
शुक्ल ,, ५६३)
अलेश्या ५७३)
भव्य ५७५)
अभव्य ५८८)
भव्य अभव्य रहित (सिद्धगति) ५९७)

मिथ्यात्व ५९९)
सासादन ६०२)
मिश्र ६११)
प्रथमोपशम सम्यकत्व ६१६)
द्वितियोपशम ,, ६२४)
क्षायोपशम ,, ६३०)
क्षायिक ,, ६४१)

संज्ञी ६५३)
असंज्ञी ६६३)
नासंज्ञी नाअसंज्ञी ६६८)

आहारक ६७२)
अनाहारक ६८४)
१०८ आचार्य शांतिसागरजी महाराज का समाधि समय ६९४)

३४ स्थान दोहे ६९७)
२४ दण्डक ७०२)
मुलोत्तरकर्म प्रकृतियां अवस्था संख्या ७०६)
मुलोत्तरकर्म प्रकृतियां विशेष विवरण ७०९)
मुलोत्तरकर्म प्रकृतियां स्थित बंध ७१४)
उदय व्युच्छति से पहले बंध व्युच्छति ७१६)
उदय व्युच्छति के बाद बंध व्युच्छति ७१७)
उदय बंध विच्छति एक साथ ७१७)

अपने ही उदय में बंध प्रकृतियाँ ७१८)
दुसरी प्रकृतियो के उदय मे बंध प्रकृतियां ७१८)
अपने तथा पर के उदय मे बंध प्रकृतियां ७१८)
निरन्तर बंध प्रकृतियां ७१८)
शांत्तर बंध ,, ७१८)
शांत्तर निरन्तर बंध ,, ७१८)

उद्वेलन संक्रमण प्रकृतियां ७१९)
विध्यात संक्रमण प्रकृतियां ७१९)
अध:प्रवृत्त संक्रमण ७१९)
गुण संक्रमण ७५ ७२०)
सर्व संक्रमण ५२ ७२०)
त्रियंच एकादश ७२०)

कर्म कांड की शक्तियोंकी कुछ ज्ञातव्य बातें ७२१)
६ सहननपर जागति ७२१)
६ सहनन पर सात नरक जागति ७२२)

५ ज्ञानावरणी बंध स्वरुप ७२२)
९ दर्शनावरणी ,, ७२३)
२ वेदनीय ,, ७२३)
२८ मोहनीयकर्म ,, ७२३)
४ आयु कर्म ,, ७२५)
९३ नामकर्म ,, ७२५)
२ गोत्रकर्म ,, ७२९)
५ अंतरायकर्म ,, ७२९)

४ कषाय कार्य वासना ७२९)
कषाय वासना काल ७३०)
४ प्रकार मरण भेद ७३०)
तीर्थंकर प्रकृति बंध नियम ७३०)
आहारक शरीर बंध गुण स्थान ७३१)
व्युच्छति व्याख्या ७३१)
१४ गुण स्थान बंध व्युच्छति ७३२)
१४ गुण स्थान अबंध बंध व्युच्छति ७३४)
१४ गुण स्थान अबंध बंध प्रकृतियों के नाम ७३५)

सादी अनादि ध्रुव अध्रुव बंध संख्या ७३५)
अबाधा काल स्वरुप ७३७)

एक जीव के एक समय में प्रकृति बंध संख्या ७३८)
आयुकर्म बंध स्थान ७४०)
[illegible] कर्म बंध स्थान ७४०)

आहारक और तिर्थंकार एक स्थान में एक जीव के सत्ता नही ७४२)

गुण स्थान अनुदय उदय व्युच्छति प्रकृतियां ७४३)
उदीरणा व्याख्या ७४३)
गुण स्थान अनुदय उदय व्युच्छति ७४४)
उदय उदीरणा विशेषताएं ७४५)
गुण स्थान अनुउदीरणा व्युच्छति प्रकृतियां ७४६)
कर्मोदय कर्म स्वामीपना ७४७)

सत्व कर्म प्रकृतिया ७४७)
गुण स्थान असत्व सत्व व्युच्छति ७४९)

उपशम श्रेणी स्वरुप ७५१)

५ प्रकार संक्रमण ७५१)
५ प्रकार संक्रमण प्रकृति कोष्टक ७५३)
५ संक्रमण प्रकृतियां नाम ७५४)
स्थिति अनुभाग प्रदेश बंध संक्रसण गुण स्थान पर ७५६)
५ संक्रमण भागाहार ७५७)

१० करण ७५७)

स्वमुखों दई परमुखोदयी प्रकृतिया ७५८)

अपकर्षण गुण स्थान ७५८)

मूल प्रकृतियां बंध उदय उदीरणा सत्व गुण स्थान ७६०)
उदय स्थान ३ ७६१)
उदय स्थान ७ ७६१)
सत्व स्थान ३ ७६१)

गुण स्थान पर उपयोग स्थान ७६२)
गुण स्थान पर संयम स्थान ७६३)
गुण स्थान पर लेश्या स्थान ७६३)
नरकों में भाव लेश्या स्थान ७६३)

नारकी मरकर कहां कहां जन्म लेता है ७६४)
त्रियंच ,, ,, ,, ,, ७६४)
मनुष्य ,, ,, ,, ,, ७६५)
देव ,, ,, ,, ,, ७६५)
कौनसा मिथ्या दृष्टि कौनसा देव बनता हैं ? ७६५)
भाव लिंगी मरकर कहाँ जन्म ले सकता है ७६५)

ण स्थान पर सम्यकत्व प्राप्ति ७६६)
ण स्थान पर चढने और उतरने का क्रम ७६६)
ण स्थान का मरकर कहां कहां जन्म ले सकता है। ७६७)
किन अवस्थाओं मे मरण नही होता है ७६८)
नाम कर्म उदय के ५ नियत स्थान तथा स्वामीपना ७६८)

समुद्धात केवली व्याख्या ७६९)
उद्वेलना प्रकृतियां १३ ७७०)
संयम विराधना कितनी बार ७७०)
तीर्थंकर आहारक सत्ता एक जीव के एक साथ नहीं ७७१)
आयु बंध उदय सत्ता ७७१)
आयु बंध ८ अपकर्षण ७७१)
आयु कर्म भंग ७७२)

आश्रव मूल वेद ४ ७७२)
गुण स्थानों पर मूल आश्रव भंग ७७३)
गुण स्थानों पर ५७ आश्रव नाम ७७४)
८ कर्मों पर आश्रव भावों की व्याख्या ७७६)

मूल भाव ५ उत्तर भाव ५३ ७७८)
मूल भाव ५ उत्तर भाव ५३ नाम ७७९)
भाव भंग ७७९)
गुण स्थानों पर ५ मूलभाव ७८०)
गुन स्थानों पर ५३ भाव कोष्टक ७८१)

३६३ प्रकार मिथ्या दृष्टियों के भंग ७८३)

३ कर्म स्वरूप ७८५)

कर्म स्थिति रचना ७८५)

शब्द कोष (अकारादि रुप) ७८६)

श्रीयुत पंडित ताराचंदजी शास्त्री न्यायतीर्थ तथा सिंगई मूलचन्दजी अध्यक्ष परवार मंदीर ट्रस्ट का नागपूर इस ग्रन्थ पर शुभ संदेश ७९४)

श्रीयुत सुरजमलजी प्रेम आगरा का शुभ संदेश ७९४)

पुस्तक प्राप्त करने के १३ केन्द्रों की नामावली सूची ७९५)
शुद्धि पत्रक ७९६)

प्रकाशक की नम्र प्रार्थना:— माननीय विद्वानों से विनय पूर्वक प्रार्थना करता हूं कि मैं इस ग्रन्थ का प्रकाशक ब्रह्मचारी उल्फतराय मंदज्ञानी हूं कर्म सिद्धांत बहुत गूढ विषय हैं। लेखक पुज्य श्री १०८ आदिसागरजी मुनि महाराज प्रकाशन स्थान मेरठ से हजारों मील दूर आंध्रप्रदेश में विद्यमान थे इस कारण से भूलतो बहुत आई है परन्तु पं. ताराचंदजी शास्त्री न्यायतीर्थ नागपूर तथा श्रीयुत सि. मूलचंदजी अध्यक्ष परवार मंदिर ट्रस्ट नागपूर ने बहुत भारी परिश्रम करके विषय का संशोधन तो बहुत कुछ करदिया है अबभी पाठक सज्जनों की दृष्टि में जो भूल और दिखाई दे तो कृपा करके भूल को शुद्ध करलेना। मुझको क्षमा करना भूल सुधार की सूचना लेखक और प्रकाशक को देने के कष्ट सहन करने की कृपा दृष्टि करना।

आपका सेवक
ब्र. उल्फतराय रोहतक (हरियाना)

लेखक ब्रह्मचारी उल्फतराय रोहतक [हरियाना]

भगवान-महावीर शांति का संदेश

हे भव्य जीवो नर से नारायण बनने के पांच मार्ग इस प्रकार है:—

१) **सत्वेषु मैत्री**—जीवो जीने दो। जब जन प्राणियों को धन भूमि देश राज स्त्री वैभव बढाने की इच्छायें प्रबल होती जाती है। मानवता नष्ट होती चली जाती है। दानवता भयंकर रुप बना देती है। आज सारे विश्व में नर संहार चल रहा हैं भयंकर राज युद्ध, राज विद्रोह, चोरी डकैती रेलों, वाहनों, के उपद्रव हडताल आग लगाना गृह युद्ध भाषा सांप्रदायकता पद लोलुपता स्वा भावना के नाम पर मानवता को भूल बैठा है। यह सुख शांति देश उन्नति आत्म कल्याण के विरु जा रहा है। प्राणी मात्र पर मित्रता ही एक मात्र शांति मार्ग है। पशु पक्षी जल थल नभ प्राणियों में भी तुम्हारी जैसी आत्मा है। सब ही सुख शांति से जीना चाहते है।

२) **गुणषु प्रमोदं:-** जो प्राणी सेवाभावी दानी ज्ञानी माता पिता भाई बहिन घर मुखिया समाज नेता राज अधिकारियों का सन्मान करता है। वो ही अपनी आत्मा को उन्नत बना सकता है। मुक्ति पा सकता है।

३) **क्लिष्टेषु जीवेषु कृपा परत्वं:-** जो प्राणी दुखी दरिद्रों अंधों, लुले लंगडे अनाथ गरीब भाईयों को अपनी भुजा अपना हृदय समझकर उनकी अपने तन, मन, धन से रक्षा करता हैं। वो ही संसार स्वर्ग मोक्ष सुख पा सकता हैं।

४) **मध्यस्थभावं विपरीत वृत्तौ सदा ममात्मा बुध धातु देवं:-** जो दुष्ट प्राणी हमारी सेवाओं का बदला दानवता में देते है। हमारा धन प्राण स्त्री संपदा छीनना चाहते है, नष्ट करना चाहते हैं तो तुम अपनी रक्षा तो करों। परन्तु तुम भी सामने जैसा दुष्ट बनकर प्राण हरण, धर्म स्थान नष्ट करना, आग लगाना जैसे पाप कार्य मत करो। आम के वृक्ष से ज्ञान तों प्राप्त करो। पत्थर मारने वाले को भी फल देता है।

५) **आत्मरस पान आत्म ध्यान:-** स्त्री पुत्र धन संपदा राज वैभव मित्र राज को संसार में फसाने वाला समझकर सब का त्याग करके बाण प्रस्थाश्रम ग्रहण कर त्यागी बन निरजन बन पर्वत चोटी पर्वत गुफा, वृक्षों की कोटर में आत्म ध्यान आत्म समाधि लगाकर आत्म स्वरूप में एकाग्र हो जाता है। वोही आत्मा नर से नारायण बनकर सिद्ध लोक में जाकर आत्मा का अनंत दर्शन, ज्ञान, सुख, वीर्य का सुख भोगता है। यही अंतिम महावीर संदेश है। शुभं ता. १-६-१९६८

-: प्रकाशक के उद्गार :-

भगवान से नम्र प्रार्थना [भजन नं. ॥ १ ॥]

कैसे पहुंचु तेरे द्वार ॥ टेक ॥

भवसागर में भटक रहा हूं-छाय रहा अंधियार।
नैया डूब रही है-स्वामी दिखता नहीं किनार।
तुम ही लगा दो पार ॥ १ ॥

पर को अपना जान रहा हूं-करता उन्ही से प्यार।
निज रस की कछु खबर नही है-डूब रहा मझ धार।
बेडा करो तुम पार ॥ २ ॥

नरभव कठिन मिला-अब सेवक कर आतम उद्धार।
मोह गहल में चूका मूरख-रुलना पडे संसार।
कर आतम उद्धार ॥ ३ ॥

आत्म दुर्बलता पर पश्चात्ताप [भजन नं. ॥ २ ॥

भव दुख कैसे कटे हों जिनेश्वर मो को बडा अंदेशा है ॥ टेक ॥
नही ज्ञान काया बल इंद्री-दान देन नही पैसा हे।
भव सुधरन को तप बहुत तपये-यह तन तो अब ऐसा है ॥ १ ॥

निश दिन आरत ध्यान रहत है-धर्म ना जानु कैसा है।
विषय कषाय चाह उर मेरे लोभ चखम जम जैसा है ॥ २ ॥

मो में लक्षण कौन तिरण को मलिन तेल पट जैसा है।
आप ही तारो तो पार उतारों-मो मन में तो अभिलाषा है ॥ ३ ॥

भक्ति रस की महिमा (भजन नं. ॥ ३ ॥)

भजन से रख ध्यान प्राणी भजन से रख ध्यान ॥ टेक ॥

भजन से षट खंड नव निधि-होत भरत समान ।
तिरे भव सागर से भाई-पाप को अवसान ॥ १ ॥
नबल शुकर सिंघ मरकट-कर भजन श्रद्धान ।
भये वृषभ सेन आदि जगत गुरू पहुंच गये निर्वाण ॥ २ ॥
कहत नयनानंद जगमें-भजन सम न निधान ।
भये अरहंत सिद्ध आचार्य-पहुंच गये निर्वाण ॥ ३ ॥

मानवता का पथ प्रदर्शन (भजन नं. ॥ ४ ॥)

सब करनी दया बिन थोथीरे ॥ टेक ॥

चंद्र बिना जैसे रजनी निरफल । नीर बिना जैसे सरोवर निरफल ।
आब बिना जैसे मोतीरे ॥ १ ॥ ज्ञान बिना जिया ज्योति रे ॥ २ ॥
छाया हीन तरोपर की छबि
नयाननंद नही होती रे ॥ ३ ॥

कर्म सिद्धांत का प्रकाश (भजन नं. ॥ ५ ॥)

सुख दुख दाता कोई नहीं जीव को पाप पुण्य निज कारण वीरा ॥ टेक ॥

सीताजी को अग्नि कुंड में किया सुरोंने निरमलनीरा ।
जब हर लीनी थी रावण ने तब क्यों ना आये कोई सुरधीरा ॥ १ ॥
बारीषेन पे खडग चलायो फूल माल कीनी सुरधीरा ।
तब क्यों ना आये तीन दिवस लग गिदडी भखें सुकु माल शरीरा ॥ २ ॥
पांडव मुनि जारे दुश्मन ने पाप निकांक्षित फल गंभीरा ।
मानतुंग अडतालीस ता ले तोडके छेदी बंध जंजीरा ॥ ३ ॥
ऐसे ही सुख-दुख हीत जीव को पाप पुण्य जब चलत समीरा ।
मंगल हर्ष विषादन करना थिर रखना चहिये निज हीयरा ॥ ४ ॥

ध्यानी का आत्म रस पान (भजन नं. ॥ ६ ॥)

देखो कैसे योगी ध्यान लगावे ध्यान लगावे आपेको पावे ॥ टेक ॥

ज्ञान सुधा रस जल भरलावे चुल्हा शील बनावे ।
करम काट को चुग चुग बाले ध्यान अग्नि प्रजलावे ॥ १ ॥
अनुभव भाजन निजगुण तंदुल-समता क्षीर मिलावे ।
सोहं मिष्ट निशांकित व्यंजन-समकित छोंक लगावे ॥ २ ॥
स्यादवाद सप्तमंग मसाले गिनती पारना पावे ।
निश्चय नय का चमचा फेरे घृत भावना भावे ॥ ३ ॥
आप ही पकावे आप ही खावे-खावत नाही अंघावे ।
तदपि मुक्ति पद पंकज सेवे नयनानंद सिरनावे ॥ ४ ॥

लेखक-माणिकचंद मोतीलाल जैन कासलीवाल

इतवारी नागपुर २

—: कुछ हृदय के उद्गार :—

१) मुझे इस चौंतीस स्थान दर्शन ग्रन्थ के प्रकाशक पुज्य श्री ब्रह्मचारी उल्फतरायजी महाराज रोहतक (हरियाना) की सेवा में रहने का चिरकाल से शुभ अवसर प्राप्त होता रहा है। आपकी मेरे तथा मेरे परिवार के ऊपर निरंतर बडा गाढ प्रेम और कृपा दृष्टि रही हैं। जब २ मुझे कोई रोग आदि चिंताओं का अवसर आता है तो मैं आपकी छाया में जाकर शांति और धैर्य और आत्म रस के दो शब्द पाकर सब चिंतायें भूल जाता हूं।

२) आपमें ऊंची विचार धारायें तथा ज्ञान और क्षमा वात्सल्य प्रेम और सहन शीलता अपूर्व है। आपका त्याग बहुत ही अपूर्व है। आप एक संपति शाली घराने के व्यक्ति है। आपके चार पुत्र और एक पुत्री बहुत ऊंची २ पदवी धारी है। आपके बच्चों की माताजी भी अभी मौजूद है। आपने चिरकाल तक बंबई जैसे विशाल नगर में व्यापारी क्षेत्र में और धार्मिक समाज में बहुत प्रतिष्ठा प्राप्त की है। संघपति श्रीमान सेठ पुनमचंद घासीलालजी बंबई के सम्मेद शिखर संघ में साथ रहकर चारित्र चक्रवर्ती साम्राज्य नायक योगेन्द्र चूडामणि आचार्य श्री १०८ शांति सागरजी मुनि महाराज की बडी सेवा करके अखिल भारतवर्ष में बहुत प्रख्यातता प्राप्त की है तथा पुण्य लाभ लिया है।

३) परन्तु अब २० वर्ष से सब विभूति का त्याग करके जीवों को धर्मोपदेश दे रहे हैं। तथा आत्म कल्याण कर रहे है। आपकी समझाने की शैली इतनी तारकिक और सरल है कि सामान्य बुद्धि वाले, बालवृद्ध, जैन, अजैन, सभी की आत्माओं का कल्याण होता है। ऐसी महान आत्माओं की सेवा करने का मुझे भी अवसर प्राप्त होता रहता है।

४) नागपूर समाज के ९ मंदिरों की सभी जनता को धर्म लाभ होता रहता है। तथा नागपूर की सर्व जनता आपके प्रति बहुत भक्ति और प्रेम रखती है। जब भी किसी मंदिर की समाज आपसे शास्त्र प्रवचन या व्याख्यान के लिये प्रार्थना करती हैं तो आप तुरंत ही अपनी स्वीकारता देकर प्रार्थी की भावनाओं का सन्मान करते हैं।

५) आपने आभिक्षण ज्ञानोपयोगी तपोमूर्ति श्री १०८ आदिसागरजी मुनि महाराज शेडवाल इस चौंतीस स्थान दर्शन ग्रन्थ के संग्रहकर्ताजी को आठ वर्ष से निरंतर सहायक संग्रहकर्ता के रुप में तथा इस ग्रन्थ के प्रकाशन रुप में अपना तन, मन, धन से पूरा २ सहयोग दिया हैं। सर्व समाज आपके इस ज्ञान रस के लिये अत्यंत आभारी है।

६) मैं १००८ श्री जिनेंद्रदेव भगवान से नम्र प्रार्थना करता हूं कि उपरोक्त पुज्य श्री ब्रह्मचारीजी के सुने हुये उपदेश अंतिम समय तक मेरे हृदय में प्रकाशमान रहे तथा मेरी आत्मा का कल्याण हो।

शुभं ता. १-६-१९६८ तिथी जेठ सुदी ५ सं. २०२५

समाज सेवक
माणिकचंद कासलीवाल
नागपूर-२

॥ ॐ ॥

☆ नमः सिद्धेभ्यः ★

* चौंतीस स्थान दर्शन *

–मंगलाचरण–

णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो, आइरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं ॥ १ ॥
चत्तारि मंगलं, अरहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं,
साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं ॥ २ ॥
मङ्गलं भगवान्वीरो, मङ्गलं गौतमो गणी ।
मङ्गलं कुन्दकुन्दार्यो, जैन धर्मोऽस्तु मङ्गलम् ॥ ३ ॥
सर्व मङ्गलमाङ्गल्यं, सर्व कल्याण कारकम् ।
प्रधानं सर्व धर्माणां, जैनं जयतु शासनम् ॥ ४ ॥

चौंतीस स्थानोंके नाम--गाथा

गुण–जीवा–पज्जत्ती पाणा सण्णा तहेव विण्णेया ।
गइइंदियेच काये जोएवेए कसायणाणे य ॥ १ ॥
संजम–दंसण–लेस्सा–भविया–सम्मत्त–सण्णि–आहारे ।
उवओगो झाणाणिय आसव भावा तहा मुणेयव्वा ॥ २ ॥
ओगाहणा य बंधोदयपयडीओ य सत्तपयडी य ।
संखा खेत्तं फासण संजुत्ता ते हवंति तीसंतु ॥ ३ ॥
कालो य अंतरं पुण जाइय कुलकोडिसंजुया सव्वे ।
चउतीसं ठाणाणिहु हवंति जइया कमेणते गहिया ॥ ४ ॥

——0——

चौंतीस स्थानों के नाम, और उत्तर भेदों की तथा कोष्टकों की संख्या (क्रमांक)

क्रमांक	स्थान	उत्तर भेद	कोष्टक क्रमांक
१.	गुणस्थान	१४	१ से १५
२.	जीवसमास	१४	,,
३.	पर्याप्ति	६	,,
४.	प्राण	१०	,,
५.	संज्ञा	४	,,
६.	गति	४+१	१६ से २०
७.	इन्द्रिय जाति	५+१	२१ से २७
८.	काय	६+१	२८ से ३४
९.	योग	१५+१	३५ से ४६
१०.	वेद	३+१	४७ से ५०
११.	कषाय	२५+१	५१ से ५७
१२.	ज्ञान	८ (५+३)	५८ से ६३
१३.	संयम	७+१	६४ से ७०
१४.	दर्शन	४	७१ से ७४
१५.	लेश्या	६+१	७५ से ८०
१६.	भव्यत्व	२+१	८१-८२-८३
१७.	सम्यक्त्व	६ (३+१+१+१)	८४ से ९०
१८.	संज्ञी	२+१	९१-९२-९३
१९.	आहारक	२	९४ से ९५
२०.	उपयोग	१२	,,
२१.	ध्यान	१६	,,
२२.	आस्रव	५७	,,
२३.	भाव	५३	,,
२४.	अवगाहना	,,	,,
२५.	बंधप्रकृतियां	१२०	,,
२६.	उदय प्रकृतियां	१२२	,,
२७.	सत्वप्रकृतियां	१४८	,,
२८.	संख्या	,,	,,
२९.	क्षेत्र	,,	,,
३०.	स्पर्शन	,,	,,
३१.	काल	,,	,,
३२.	अन्तर	,,	,,
३३.	जाति (योनि)	८४ लाख	,,
३४.	कुल	१९९॥. लाख कोटि कुल जानना.	,,

चौंतीस स्थानों के उत्तर भेदों की नामावली

(१) गुणस्थान १४

१ मिथ्यात्व गुणस्थान
२ सासादन ,,
३ मिश्र ,,
४ असंयत (अविरत)
५ देशसंयत (संयतासंयत)
६ प्रमत्त
७ अप्रमत्त
८ अपूर्वकरण
९ अनिवृत्तिकरण
१० सूक्ष्मसांपराय
११ उपशांतमोह
१२ क्षीण मोह (कषाय)
१३ सयोग केवली
१४ अयोग केवली

(२) जीवसमास १४

१ एकेन्द्रिय बादर पर्याप्त
२ ,, ,, अपर्याप्त
३ ,, सूक्ष्म पर्याप्त
४ ,, सूक्ष्म अपर्याप्त
५ द्विन्द्रिय पर्याप्त
६ द्विन्द्रिय अपर्याप्त
७ त्रिन्द्रिय पर्याप्त
८ ,, अपर्याप्त
९ चतुरिन्द्रिय पर्याप्त
१० ,, अपर्याप्त
११ असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
१२ ,, ,, अपर्याप्त
१३ संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त
१४ ,, ,, अपर्याप्त

(३) पर्याप्ति ६

१ आहार पर्याप्ति
२ शरीर ,,
३ इन्द्रिय ,,
४ श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति
५ भाषा पर्याप्ति
६ मन पर्याप्ति

(४) प्राण १०

१ आयु प्राण
२ कायबल प्राण

इन्द्रिय प्राण–५

३ (१) स्पर्शनेन्द्रिय प्राण
४ (२) रसनेन्द्रिय ,,
५ (३) घ्राणेन्द्रिय ,,
६ (४) चक्षुरिन्द्रिय ,,
७ (५) कर्णेन्द्रिय ,,
८ श्वासोच्छ्वास ,,
९ वचन बल ,,
१० मनोबल ,,

(५) संज्ञा ४

१ आहार संज्ञा
२ भय संज्ञा
३ मैथुन संज्ञा
४ परिग्रह संज्ञा

(६) गति ४

१ नरक गति
२ तिर्यंच गति
३ मनुष्य गति
४ देव गति

(७) इन्द्रिय जाति ५

१ एकेन्द्रिय जाति
२ द्विन्द्रिय जाति
३ त्रिन्द्रिय जाति
४ चतुरिन्द्रिय जाति
५ पंचेन्द्रिय जाति

(८) काय ६

१ पृथ्वी काय
२ अप् (जल) काय
३ तेज (अग्नि) काय
४ वायु काय
५ वनस्पति काय
६ त्रस काय

(९) योग १५

मनोयोग–४

१ सत्य मनोयोग
२ असत्य मनोयोग
३ उभय मनोयोग
४ अनुभय मनोयोग

वचन योग–४

५ सत्य वचन योग
६ असत्य वचन योग
७ उभय वचन योग
८ अनुभव वचन योग

काय योग–७

९ औदारिक काय योग
१० औ. मिश्रकाय योग
११ वैक्रियक काययोग
१२ वै. मिश्र काय योग

१३ आहारक काय योग
१४ आ. मिश्र काय योग
१५ कार्माण काय योग

(१०) वेद (लिंग) ३

१ नपुंसक वेद
२ स्त्री वेद
३ पुरूष वेद

(११) कषाय २५

अनंतानुबंधी–४

१ क्रोध कषाय
२ मान ,,
३ माया ,,
४ लोभ ,,

अप्रत्याख्यान–४

५ क्रोध कषाय
६ मान ,,
७ माया ,,
८ लोभ ,,

प्रत्याख्यान–४

९ क्रोध कषाय
१० मान ,,
११ माया ,,
१२ लोभ ,,

संज्वलन–४

१३ क्रोध कषाय
१४ मान ,,
१५ माया ,,
१६ लोभ ,,

नोकषाय–९

१७ हास्य नोकषाय
१८ रति ,,
१९ अरति नोकषाय
२० शोक ,,
२१ भय ,,
२२ जुगुप्सा ,,
२३ नपुंसक वेद ,,
२४ स्त्री वेद ,,
२५ पुरूष वेद ,,

(१२) ज्ञान ८

कुज्ञान–३

१ कुमतिज्ञान
२ कुश्रुतज्ञान
३ कुअवधि (विभंग) ज्ञान

ज्ञान–५

४ मतिज्ञान
५ श्रुतज्ञान
६ अवधिज्ञान
७ मनः पर्ययज्ञान
८ केवल ज्ञान

(१३) संयम ७

१ असंयम
२ संयमासंयम
३ सामायिक संयम
४ छेदोपस्थापना ,,
५ परिहारविशुद्धि ,,
६ सूक्ष्मसांपराय ,,
७ यथाख्यात ,,

(१४) दर्शन ४

१ अचक्षु दर्शन
२ चक्षु दर्शन
३ अवधि दर्शन
४ केवल दर्शन

(१५) अशुभ लेश्या–३

१ कृष्ण लेश्या
२ नील ,,
३ कापोत ,,

शुभ लेश्या–३

४ पीत लेश्या
५ पद्म ,,
६ शुक्ल ,,

(१६) भव्यत्व २

१ भव्य
२ अभव्य

(१७) सम्यक्त्व

१ मिथ्यात्व (अवस्था)
२ सासादन (,,)
३ मिश्र (,,)
४ उपशमसम्यक्त्व
५ क्षयोपशम (वेदक) स०

(१८) संज्ञी २

१ संज्ञी
२ असंज्ञी

(१९) आहारक २

१ आहारक
२ अनाहारक

(२०) उपयोग

ज्ञानोपयोग–८

१ कुमति ज्ञानोपयोग
२ कुश्रुत ,,
३ कुअवधि ,,

४ मतिज्ञानोपयोग
५ श्रुत ,,
६ अवधि ,,
७ मन:पर्यय ज्ञानोपयोग
८ केवल ज्ञानोपयोग

दर्शनोपयोग–४

९ अचक्षु दर्शनोपयोग
१० चक्षु दर्शनोपयोग
११ अवधि दर्शनोपयोग
१२ केवल दर्शनोपयोग

(२१) ध्यान १६

आर्तध्यान–४

१ इष्टवियोग आर्तध्यान
२ अनिष्ट संयोग आर्तध्यान
३ पीडा चिंतन आर्तध्यान
४ निदान बंध आर्तध्यान

रौद्र ध्यान–४

५ हिंसानंद रौद्रध्यान
६ मृषानंद ,,
७ चौर्यानंद ,,
८ परिग्रहानंद ,,

धर्म ध्यान–४

९ आज्ञाविचय धर्मध्यान
१० अपायविचय ,,
११ विपाक विचय ,,
१२ संस्थानविचय ,,

शुक्ल ध्याग–४

१३ पृथक्त्व वितर्कवीचार
१४ एकत्ववितर्क अवीचार
१५ सूक्ष्मक्रिया प्रतिपाति
१६ व्युपरतक्रियानिवर्तीनि

(२२) आस्रव ५७

मिथ्यात्व–५

१ एकांत मिथ्यात्व
२ विनय मिथ्यात्व
३ विपरीत मिथ्यात्व
४ संशय मिथ्यात्व
५ अज्ञान मिथ्यात्व

अविरत–१२

हिंसक के अवस्था–६

६ एकेन्द्रिय अवस्था
७ द्विन्द्रिय अवस्था
८ त्रिन्द्रिय अवस्था
९ चतुरिन्द्रिय अवस्था
१० असंज्ञी पंचेन्द्रिय अवस्था
११ संज्ञी पंचेन्द्रिय अवस्था

हिंस्यके अवस्था–६

१२ पृथ्वी कायिक जीव
१३ जल कायिक जीव
१४ अग्नि कायिक जीव
१५ वायु कायिक जीव
१६ वनस्पति कायिक जीव
१७ त्रस कायिक जीव

कषाय-२५ पूर्वोक्त

योग–१५ पूर्वोक्त

ये सव ५७ आस्रव जानना

(२३) भाव ५३

(१) औपशमिक भाव–२

१ उपशम सम्यक्त्व
२ उपशम चारित्र

(२) क्षायिक भाव–९

३ क्षायिक ज्ञान
४ क्षायिक दर्शन
५ क्षायिक सम्यक्त्व
६ क्षायिक चारित्र
७ क्षायिक दान
८ क्षायिक लाभ
९ क्षायिक भोग
१० क्षायिक उपभोग
११ क्षायिक वीर्य

(३) क्षायोपशमिक (मिश्र) भाव–१८

कुज्ञान–३

१२ कुमति ज्ञान
१३ कुश्रुत ज्ञान
१४ कुअवधि (विभंग) ज्ञान

ज्ञान–४

१५ मति ज्ञान
१६ श्रुति ज्ञान
१७ अवधि ज्ञान
१८ मन:पर्यय ज्ञान

दर्शन–३

१९ अचक्षु दर्शन
२० चक्षु दर्शन
२१ अवधि दर्शन

क्षयोपशमलब्धि–५

२२ क्षयोपशम दान
२३ क्षयोपशम लाभ
२४ क्षयोपशय भोग
२५ क्षयोपशम उपभोग
२६ क्षयोपशम वीर्य

२७ क्षायोपशमिक (वेदक) सं०
२८ सराग चारित्र (संयम)
२९ देशसंयम (संयमासंयम)

(४) औदयिक भाव २१

गति–४

३० नरक गति
३१ तिर्यंच गति
३२ मनुष्य गति
३३. देवगति

लिंग (वेद)–३

३४ नपुंसक लिंग
३५ स्त्री लिंग
३६ पुरूष लिंग

कषाय–४

३७ क्रोध कषाय
३८ मान कषाय
३९ माया कषाय
४० लोभ कषाय

लेश्या–६

अशुभ लेश्या–३

४१ कृष्ण लेश्या
४२ नील लेश्या
४३ कापोत लेश्या

शुभ लेश्या–३

४४ पीत लेश्या
४५ पद्म लेश्या
४६ शुक्ल लेश्या

४७–मिथ्यादर्शन (मिथ्यात्व)
४८ असंयम
४९ अज्ञान
५० असिद्धत्व

(५) पारिणामिक भाव–३

५१ जीवत्व भाव
५२ भव्यत्व भाव
५३ अभव्यत्व भाव

(२४) अवगाहना

जीवों के देहप्रमाण अवगाहना का वर्णन करना इस स्थान का प्रयोजन है। सो हरएक कोष्टक में देखो।

(२५) बंध प्रकृतियां–१२०

८ कर्मों की उत्तर प्रकृतियां १४८ है, इनमें से––

(१) ज्ञानावरणकी प्रकृतियां–५

१. मतिज्ञानावरण, २. श्रुतज्ञानावरण, ३. अवधि ज्ञानावरण, ४. मनःपर्यय ज्ञानावरण, ५. केवल ज्ञानावरण।

(२) दर्शनावरणकी प्रकृतियां–९

६. अचक्षूदर्शनावरण, ७. चक्षुदर्शनावरण, ८. अवधिदर्शनावरण, ९. केवल दर्शनावरण, १०. निद्रानिद्रा, ११. प्रचलाप्रचला, १२. स्त्यानगृद्धि, १३. निद्रा, १४. प्रचला।

(३) वेदनीयकी प्रकृतियां–२

१५. सातावेदनीय, १६. असातावेदनीय।

(४) मोहनीय की प्रकृतियां–२६

इनमें से **दर्शन मोहनीय की प्रकृति–१**

१७. मिथ्या दर्शन (मिथ्यात्व का) का बंध जानना।

चारित्र मोहनीय की प्रकृतियां–२५

अनन्तानुबन्धीकषाय–४

१८. क्रोध, १९. मान, २०. माया, २१. लोभ।

अप्रत्याख्यानावरणकषाय–४

२२. क्रोध, २३. मान, २४. माया, २५. लोभ।

प्रत्याख्यानावरणकषाय–४

२६. क्रोध, २७. मान, २८. माया, २९. लोभ।

संज्वलनकषाय–४

३०. क्रोध, ३१. मान, ३२. माया, ३३. लोभ.

नोकषाय–९ (ईषत् कषाय भी कहते है।)

३४. हास्य, ३५. रति, ३६. अरति, ३७. शोक, ३८. भय, ३९. जुगुप्सा, ४०. नपुंसकवेद ४१. स्त्री वेद, ४२. पुरूष वेद.

(५) आयु कर्म की प्रकृतियां-४

४३ नरकायु, ४४ तिर्यंचायु, ४५ मनुष्यायु, ४६ देवायु

(६) नाम कर्म की प्रकृतियां-६७

गतिनाम कर्म की प्रकृतियां–४

४७ नरकगति, ४८ तिर्यंचगति, ४९ मनुष्यगति, ५० देवगति

जातिनाम कर्म की प्रकृतियां–५

५१ एकेन्द्रिय जाति, ५२ द्वीन्द्रिय जाति, ५३ त्रीन्द्रिय जाति, ५४ चतुरिन्द्रिय जाति, ५५ पंचेन्द्रिय जाति

शरीरनाम कर्म की प्रकृतियां–५

५६ औदारिक, ५७ वैक्रियक, ५८ आहारक, ५९ तैजस, ६० कार्माण शरीर

अंगोपांगनाम कर्म की प्रतिकृयां–३

६१ औदारिकाङ्गोपांग, ६२ वैक्रियकाङ्गोपांग, ६३ आहारकाङ्गोपांग, ६४ निर्माण नामकर्म,

संस्थान नामकार्य की प्रकृतियां–६

६५ समचतुरस्र संस्थान, ६६ न्यग्रोधपरिमंडल संस्थान, ६७ स्वाति संस्थान, ६८ कुब्जकसंस्थान, ६९ वामन संस्थान, ७० हुंडक संस्थान

संहनननाम कर्म की प्रकृतियां–६

७१ वज्रवृषभनाराच संहनन, ७२ वज्रनाराच संहनन, ७३ नाराच संहनन, ७४ अर्धनाराच संहनन, ७५ कीलक संहनन, ७६ असंप्राप्तासृपाटिका संहनन

स्पर्शादिनाम कर्म की प्रकृतियां–४

७७ स्पर्शनाम कर्म, ७८ रसनाम कर्म, ७९ गंधनाम कर्म, ८० वर्णनाम कर्म

आनुपूर्वीनाम कर्म की प्रकृतियां–४

८१ नरक गत्यानुपूर्वी, ८२ तिर्यंगत्यानुपूर्वी, ८३ मनुष्यगत्यानुपूर्वी, ८४ देवगत्यानुपूर्वी

८५ अगुरुलघु, ८६ उपघात, ८७ परघात, ८८ आतप, ८९ उद्योत, ९० उच्छ्वास, ९१ प्रशस्त विहायोगति, ९२ अप्रशस्त विहायोगति, ९३ प्रत्येक, ९४ साधारण, ९५ त्रस, ९६ स्थावर, ९७ सुभग, ९८ दुर्भग, ९९ सुस्वर, १०० दुस्वर, १०१ शुभ, १०२ अशुभ, १०३ सूक्ष्म, १०४, बादर, १०५ पर्याप्ति, १०६ अपर्याप्ति, १०७ स्थिर, १०८ अस्थिर, १०९ आदेय, ११० अनादेय, १११ यशःकीर्ति, ११२ अयशःकीर्ति, ११३ तीर्थंकर प्रकृति ।

सूचना–नामकर्भ की ९३ प्रकृतियों में बंध प्रकृतियां–६७ है । कारण शरीर नामकर्म में बंधन ५, और संघात ५, ये गर्भित हो जाते है, इसं लिये ये १० कम हो गये, और स्पर्श, रस, गंध, वर्ण इन्हें ४ गिने, इस लिये शेष १६ यह कम हो गये, इस प्रकार १०+१६ = २६ प्रकृतियां घट जाने से नामकर्म की बंध योग्य प्रकृतियां ६७ जानना ।

(७) गोत्रकर्म की प्रकृतियां–२

११४–उच्च गोत्र और ११५. नीच गोत्र यह २ जानना ।

(८) अन्तराय की प्रकृतियां–५

११६. दानान्तराय, ११७. लाभान्तराय, ११८. भोगान्तराय, ११९. उपभोगान्तराय, १२०. वीर्यांतराय ।

इस प्रकार ज्ञानावरण की ५, दर्शनावरणकी ९, वेदनीय की २, मोहनीय की २६,

आयु की ४, नाम कर्म की ६७, गोत्र की २, और अन्तराय की ५, ये सब मिलकर १२० प्रकृतियां बंध योग्य है।

(२६) उदय-प्रकृतियां १२२

ज्ञानावरणकी ५, दर्शनावरणकी ९, वेदनीयकी २, मोहनीयकी २८, आयुकर्म की ४, नामकर्मकी ६७ (जो बंध प्रकृतियों में है) गोत्रकर्मकी २, अन्तरायकी ५, इस प्रकार उदय योग्य प्रकृतियां १२२ है।

सूचना:—जब प्रथमोपशम सम्यक्त्व हो तब मिथ्यात्व के (१)मिथ्यात्व, (२)सम्यग्मिथ्यात्व, (३)सम्यक्प्रकृति इस तरह तीन भाग हो जाते है। इनमें से सिर्फ मिथ्यात्वका बंध होता है शेष २ की सत्ता हो जाती है। और यह दो प्रकृतियां उदय में भी आ सकती है। इस प्रकार दर्शन मोहनीय की दो प्रकृतियां बढ़ जाने से उदय योग्य प्रकृतियां १२२ जानना।

(२७) सत्त्व-प्रकृतियां १४८

ज्ञानावरणकी ५. दर्शनावरणकी ९. वेदनीयकी २. मोहिनीयकी २८. आयुकर्मकी ४. नामकर्मकी ९३. गोत्रकर्मकी २. अन्तरायकी ५. यह सब मिलकर अर्थात् आठो कर्मों की सब मिलाकर सत्त्व प्रकृतियां १४८ है।

(२८) संख्या

किस स्थान में जीव कितने है, यह बतलाना इसका प्रयोजन है। सो हरएक कोष्टक में देखो।

(२९) क्षेत्र

जीव कितने क्षेत्र में रहते है, यह बात क्षेत्र में बतलाना है। सो हरेक कोष्टक में देखो।

(३०) स्पर्शन

समुद्घात, उपपाद आदि प्रकारों से भूत, भविष्यत्, वर्तमान में जीव कहां तक जा सकता है, यह बात स्पर्शन में बतलाना है। सो हरेक कोष्टक में देखो।

(३१) काल

विविक्षित स्थानवाले जीव कितने काल तक लगातार उस स्थान में रहते है, यह बात काल में बतलाना है। सो हरेएक कोष्टक में देखो।

(३२) अन्तर

(विरहकाल) विविक्षित स्थान को छोड़कर फिर उसी स्थान में जीव आ जावे, इतने बीच में कोई विविक्षित जीव उस स्थान में न रहे उस बीच के काल को अन्तर कहते है। सो हरेएक कोष्टक में देखो।

(३३) जाति (योनि)

८४ लाख है। उत्पत्तिस्थान को योनि या जाति कहते है। किन जीवों की कितनी जाति है, यह निम्न प्रकार जानना।

(१) नित्यनिगोदकी	७ लाख
(२) इतरनिगोदकी	७ लाख
(३) पृथ्वी कायिककी	७ लाख
(४) जल ,,	७ लाख
(५) अग्नि ,,	७ लाख
(६) वायु ,,	७ लाख
(७) वनस्पति ,,	१० लाख
(८) द्वीन्द्रियकी	२ लाख
(९) त्रीन्द्रियकी	२ लाख
(१०) चतुरिन्द्रियकी	२ लाख
(११) तिर्यंचपंचेन्द्रियकी	४ लाख
(१२) नारककी	४ लाख

(१३) देवकी		४ लाख
(१४) मनुष्यकी		१४ लाख

यह सब मिलाकर ८४ लाख योनि जानना ।

सूचना–कुछ और स्पष्टीकरण यह है कि, एकेन्द्रिय (स्थावरकायिक) की ५२ लाख, त्रसकायिक की ३२ लाख, विकलत्रय की ६ लाख, पंचेन्द्रिय की २६ लाख, तिर्यंचकी ६२ लाख जाति (योनि) जानना ।

यह जो ८४ लाख योनि है यह सचित्त, अचित्त, सचित्ताचित्त, शीत, उष्ण, शीतोष्ण, संवृत, विवृत, संवृताविवृत, इन नव भेदों के भेद प्रभेदोसे ८४ लाख हो जाते है ।

(३४) कुल

१९९।। लाख कोटि कुल है । शरीर के भेद के कारणभूत नोकर्मवर्गणावों के भेद को कुल कहते है ।

यह सब निम्न प्रकार जानना–

(१) पृथ्वी कायिककी		२२ लाख कोटि
(२) जल	,,	७ लाख कोटि
(३) अग्नि	,,	३ लाख कोटि
(४) वायु	,,	७ लाख कोटि
(५) वनस्पति	,,	२८ लाख कोटि
(६) द्वान्द्रियकी		७ लाख कोटि
(७) त्रीन्द्रियकी		८ लाख कोटि
(८) चतुरिन्द्रियकी		९ लाख कोटि
(९) जलचर की		१२।। लाख कोटि
(१०) स्थलचर (पशु) की		१० लाख कोटि
(११) नभचर (पक्षी) की		१२ लाख कोटि
(१२) छातीसे चलनेवालोंकी		९ लाख कोटि
(१३) देवकी		२६ लाख कोटि
(१४) नारककी		२५ लाख कोटि
(१५) मनुष्यकी		१४ लाख कोटि
जोड़		१९९।। लाख कोटि

सूचना–कुछ और स्पष्टीकरण यह है कि, त्रिर्यंचकी १३४।। लाख कोटि, एकेन्द्रियकी ६७ लाख कोटि, पंचेन्द्रिय त्रिर्यंचकी ४३।। लाख कोटि, पंचेन्द्रियकी १०६।। लाख कोटि, विकलत्रयकी २४ लाख कोटि, जोड़ करने पर होते है ।

१. गुणस्थान–और गुणस्थानों का स्वरूप

गुणस्थान–मोह और योग के निमित्त से होनेवाली आत्मा के सम्यक्त्व और चारित्र गुणों की अवस्थाओं को गुणस्थान कहते है, यह गुणस्थान १४ होते है।

(१) मिथ्यात्व–मोक्ष मार्ग के प्रयोजन भूत जीवादि सात तत्त्वों में यथार्थ श्रद्धा न होने को मिथ्यात्व कहते है। मिथ्यात्व में जीव देह को आत्मा मानता है। तथा अन्य भी परपदार्थो को अपना मानता है। कषाय परिणामों से भिन्न ज्ञानमात्र आत्मा का अनुभवन नहीं कर सकता है।

(२) सासादन या सासादन सम्यक्त्व–उपशमसम्यक्त्व नष्ट हो जाने पर मिथ्यात्वका उदय न आ पाने तक अनन्तानुबन्धी कषाय के उदयसे जो अयथार्थ भाव रहता है उसे सासादन सम्यक्त्व गुणस्थान कहते है।

(३) मिश्र या सभ्यग्मिथ्यात्व–जहां ऐसा परिणाम हो जो न केवल सम्यक्त्व रूप हो और न केवल मिथ्यात्वरूप हो, किन्तु मिला हुआ हो उसे मिश्र या सभ्यग्मिथ्यात्व कहते है।

(४) असंयत या अविरत सभ्यक्त्व–जहां सम्यग्दर्शन तो प्रगट हो गया हो, किन्तु किसी भी प्रकार का व्रत (संयमासंयम या संयम) न हुआ हो, उसे असंयत या अविरत सम्यक्त्व कहते है। इस गुणस्थान में उपशम–वेदक–क्षायिकसभ्यक्त्व ये तीनों प्रकार के सभ्यक्त्व हो सकते है।

(५) देशसंयत या संयतासंयत या देशविरत–जहां सभ्यग्दर्शन भी प्रगट हो गया हो और संयमासंयम भी हो गया हो उसे देशसंयत या संयता संयत या देशविरत कहते है।

(६) प्रमत्त या प्रमत्तविरत–जहां महाव्रत का भी धारण हो चुका हो किन्तु संज्वलन कषायका उदय मंद न होने से प्रमाद हो वह प्रमत्त या प्रमत्तविरत है।

(७) अप्रमत्त या अप्रमत्तविरत–जहां संज्वलन कषाय का उदय मन्द होने से प्रमाद नहीं रहा उसे अप्रमत्त या अप्रमत्तविरत कहते है। इसके दो भेद है। १. स्वस्थान अप्रमत्त विरत और २ रा सातिशय अप्रमत्तविरत, स्वस्थान अप्रमत्तविरत मुनि छठवें गुणस्थान में पहुंचते है और इस प्रकार छटे से सातवें में, और सातवें से छठे में परिणाम आते जाते रहते है।

सातिशय अप्रभत्तविरत मुनि के अधःकरण–परिणाम होते है। वे यदि चारित्र मोहनीयका उपशम प्रारंभ करते है तो उपशम श्रेणि चढ़ते है और यदि क्षय प्रारंभ करते है तो क्षपक श्रेणि चढ़ते है। सो वे दोनों (उपशम या क्षपक श्रेणि चढ़नेवाले मुनि) आठवें गुणस्थान में पहुंचते है।

सातिशय अप्रमत्तविरत मुनि के परिणाम का नाम अधःकरण इसलिये है–– कि इसके काल में विविक्षित समयवर्ती मुनि के परिणाम के सदृश कुछ पूर्व उत्तर समयवर्ती मुनियों के परिणाम हो सकते है।

(८) अपूर्व करण–इस गुणस्थान में अगले अगले समय में अपूर्व अपूर्व परिणाम होते है, ये उपशमक और क्षपक दोनो तरह के होते है। इस परिणाम का अपूर्व करण नाम इस लिये भी है कि इसके काल में समान समयवर्ती मुनियों के परिणाम सदृशभी हो

जांय, किन्तु विविक्षित समय में भिन्न (पूर्व या उत्तर) समयवर्ती मुनियों के परिणाम विसदृश ही होंगे।

इस गुणस्थान में प्रतिसमय अनन्तगुणी विशुद्धि होती है, कर्मों की स्थितिका घात होने लगता है, स्थितिबंध कम हो जाते है; बहुतसा अनुभाग नष्ट हो जाता है, असंख्यात गुणी प्रदेश निर्जरा होती है, अनेक अशुभ प्रकृतियां शुभ में बदल जाती है।

(९) अनिवृत्तिकरण–इस गुणस्थान में चढ़ते हुये अधिक विशुद्ध परिणाम होते है, यह उपशमक और क्षपक दोनों प्रकार के होते है। इस परिणाम का अनिवृत्तिकरण नाम इस लिये है कि इसके काल में विविक्षित समय में जितने मुनि होंगे सबका समान ही परिणाम होगा, यहां भी भिन्न समयवालों के परिणाम विसदृश ही होंगे। इस गुणस्थान में चारित्र मोहनीय की २० प्रकृतियों का (अप्रत्याख्यानावरण ४, प्रत्याख्यानावरण ४, संज्वलन ३, हास्यादि ९) उपशम या क्षय हो जाता है।

(१०) सूक्ष्म सांपराय–नवमें गुणस्थान में होनेवाले उपशम या क्षय के बाद जब केवल संज्वलन सूक्ष्म लोभ रह जाता है, ऐसा जीव सूक्ष्म सांपराय गुणस्थानवर्ती कहा जाता है, इस गुणस्थान में सूक्ष्म सांपराय चारित्र होता है जिसके द्वारा अन्त में इस गुणस्थानवाला जीव सूक्ष्म लोभ का भी उपशम या क्षय कर देता है।

(११) उपशांतमोह (कषाय)–समस्त मोहनीय कर्मका उपशम हो चुकते ही जीव उपशांत मोह गुणस्थानवर्ती हो जाता है, इस गुणस्थान में यथाख्यात चारित्र हो जाता है। किन्तु उपशम का काल समाप्त होते ही दशवें गुणस्थान में गिरना पड़ता है। या मरण हो तो चौथे गुणस्थान में एकदम आना पड़ता है।

(१२) क्षीणमोह (कषाय)–क्षपक श्रेणि से चढ़नेवाला मुनि ही समस्त मोहनीय के क्षय होते ही क्षीण मोह गुणस्थानवर्ती हो जाता है। इस गुणस्थान में यथाख्यात चारित्र हो जाता है।

तथा इसके अन्त समय में ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय–कर्मका भी क्षय हो जाता है।

(क्षपक श्रेणि से चढ़नेवाला मुनि ग्यारहवे गुणस्थान में नहीं जाता है; वह दसवें गुणस्थान से बारहवें गुणस्थान में आ जाता है।)

(१३) सयोग केवली–चारों घातिया कर्म के नष्ट होते ही यह आत्मा सकल परमात्मा हो जाता है। इस केवली भगवान के जब तक योग रहता है तब तक उन्हें सयोग केवली कहते है। इनके विहार भी होता है, दिव्यध्वनि भी खिरती है। तिर्थङ्कर सयोग केवली के समव शरण की रचना होती है, सामान्य सयोग केवली के गन्धकुटी की रचना होती है। इन सबका नाम अर्हन्त–परमेष्ठी भी है। अन्तिम अन्तर्मुहूर्त में इन के बादर योग नष्ट होकर सूक्ष्म योग रह जाता है। और अन्तिम समय में यह सूक्ष्म योग भी नष्ट हो जाता है।

(१४) अयोग केवली–योग के नष्ट होते ही ये परमात्मा–अयोग केवली हो जाते है। शरीर के क्षेत्र में रहते हुये भी इनके प्रदेशों का शरीर से सम्बन्ध नहीं रहता। इनका काल **'अ इ उ ऋ लृ'** इन पांच ह्रस्व अक्षरों के उच्चारने के बराबर रहता है। इस गुणस्थान में उपांत्य और अंत्य समय में शेष

बची हुई ७२ और १३ प्रकृतियों का क्षय हो जाता है। इसके बाद ही ये प्रभु गुणस्थानातीत सिद्ध भगवान हो जाते है।

२ जीवसमास

जीवसमास–जिन सदृश धर्मोद्वारा अनेक जीवों का संग्रह किया जा सके उन सदृश धर्मोंका नाम जीवसमास है। ये १४ होते है।

(१) **एकेन्द्रिय बादर पर्याप्त**–जिन जीवों के स्पर्शन इन्द्रिय है तथा वादर शरीर (जो दूसरे बादर को रोक सके और जो दूसरे बादर से रुक सके) है और जिन की शरीर पर्याप्ति भी पूर्ण हो गई है वे एकेन्द्रिय बादर पर्याप्त है। ये पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, वनस्पति रूप पांच प्रकार के होते है।

(२) **एकेन्द्रिय बादर अपर्याप्त**–एकेन्द्रिय बादरों में उत्पन्न होने वाले जीव, उस आयू के प्रारंभ से लेकर जब तक उनकी शरीर पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती, तब तक बादर अपर्याप्त कहलाते है। इनमें से जो जीव ऐसे है कि जो पर्याप्ति पूर्ण न कर सकेंगे और मरण हो जायगा उन्हें लब्ध्य पर्याप्त कहते है। और जो जीव ऐसे है कि जिनकी पर्याप्ति पूर्ण अभी तो नहीं हुई, परन्तु पर्याप्त पूर्ण नियम से करेंगे उन्हें निवृत्य-पर्याप्ति कहते है। इन जीवसमासों में अपर्याप्त शब्द से दोनों अपर्याप्तों का ग्रहण करना चाहिये।

(३) **एकेन्द्रिय सूक्ष्म पर्याप्त**–जो जीव एकेन्द्रिय है, सूक्ष्म, (जिन का शरीर न दूसरे को रोक सकता है और न दूसरे से रुक सकता है और सूक्ष्म नामकर्य का जिनके उदय है) है एवं पर्याप्त है। उन्हें एकेन्द्रिय सूक्ष्म पर्याप्त कहते है।

(४) **एकेन्द्रिय सूक्ष्म अपर्याप्त**–एकेन्द्रिय, सूक्ष्म, अपर्याप्त नामकर्म का जिनके उदय है उन जीवों को एकेन्द्रिय सूक्ष्म अपर्याप्त कहते है।

(५) **द्वीन्द्रिय पर्याप्त**–जिनके स्पर्शन, रसना ये दो इन्द्रिय है तथा जो पर्याप्त हो चुके है उन्हें द्वीन्द्रिय पर्याप्त कहते है।

(६) **द्वीन्द्रिय अपर्याप्त**–उन द्वीन्द्रिय जीवों को जो लब्ध्य पर्याप्त हैं या अभी निर्वृत्य-पर्याप्त है उन्हें द्वीन्द्रिय अपर्याप्त कहते है।

(७) **त्रीन्द्रिय पर्याप्त**–जिनके स्पर्शन, रसना, घ्राण ये तीन इन्द्रिय है और जो पर्याप्त हो चुके है, उन्हें त्रीन्द्रिय पर्याप्त कहते है।

(८) **त्रीन्द्रिय अपर्याप्त**–उन त्रीन्द्रिय जीवों को जो लब्ध्य पर्याप्त या अभी निर्वृत्य पर्याप्त है उन्हें त्रीन्द्रिय अपर्याप्त कहते है।

(९) **चतुरिन्द्रिय पर्याप्ति**–जिन जीवों के स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षु ये चार इन्द्रियां है जो पर्याप्त हो चुके है उन्हें चतुरि-न्द्रिय पर्याप्त कहते है।

(१०) **चतुरिन्द्रिय अपर्याप्त**–उन चतु-रिन्द्रिय जीवों को जो लब्ध्यपर्याप्त या अभी निर्वृत्यपर्याप्त है, चतुरिन्द्रिय अपर्याप्त कहते है।

(११) **असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त**–जिनके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत ये पांचों इन्द्रियां हो किन्तु मन नहीं हो वे असंज्ञी पंचेन्द्रिय कहलाते है। वे पर्याप्ति पूर्ण हो चुकने पर असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त कहलाते है। असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीव केवल तिर्यंचगति में होते है। एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीव भी केवल तिर्यंच होते है।

(१२) **असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त**–उन असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों को जो लब्ध्य पर्याप्त है या अभी निर्वृत्यपर्याप्त है असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त कहते है।

(१३) **संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त**–संज्ञी अर्थात् मनसहित पंचेन्द्रिय जीव पर्याप्ति पूर्ण हो चुकनेपर संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त कहलाते है।

(१४) **संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त**–उन संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों को जो लब्ध्यपर्याप्त है या अभी निर्वृत्यपर्याप्त है, संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त कहते है।

सूचना–सिद्ध भगवान अतीत जीवसमास होते है।

३ पर्याप्ति

पर्याप्ति–आहार वर्गणा, भाषावर्गणा, मनोवर्गणा के परमाणुवों को शरीर, इन्द्रिय आदि रूप परिणमावने की शक्ति की पूर्णता को पर्याप्ति कहते है। यह ६ होते है।

(१) **आहार पर्याप्ति**–आहार वर्गणा के परमाणुओं को खल और रस भागरूप परिणमावने के कारण भूत जीव की शक्ति की पूर्णता को आहार पर्याप्ति कहते है।

(२) **शरीर पर्याप्ति**–जिन परमाणुओं को खलरूप परिणमायाथा उनका हाड वगैरह कठिन अवयवरूप और जिनको रसरूप परिणमाया था उनको रुधिरादिक द्रवरूप परिणमावने को कारणभूत जीव की शक्ति की पूर्णता को शरीर पर्याप्ति कहते है।

(३) **इन्द्रिय पर्याप्ति**–आहार वर्गणा के परमाणुओं को इन्द्रिय के आकार परिणमावने को तथा इन्द्रिय द्वारा विषय ग्रहण करने को कारणभूत जीव की शक्ति की पूर्णता को इन्द्रिय पर्याप्ति कहते है।

(४) **श्वासोच्छवास पर्याप्ति**–आहार-वर्गणा के परमाणुओं को श्वासोच्छवासरूप परिणमावने के कारणभूत जीव की शक्ति की पूर्णता को श्वासोच्छवास पर्याप्ति कहते है।

(५) **भाषा पर्याप्ति**–भाषा वर्गणा के परमाणुओं को वचनरुप परिणमावने के कारण भूत जीव की शक्ति की पूर्णता को भाषा पर्याप्ति कहते है।

(६) **मनः पर्याप्ति**–मनोवर्गणा के परमाणुओं को हृदयस्थान में आठ पांखुड़ोके कमलाकार मनरूप परिणमावने को तथा उसके द्वारा यथावत् विचार करने के कारणभूत जीव की शक्ति की पूर्णता को मनः पर्याप्ति कहते है।

सूचना–सिद्ध भगवान को अतीत पर्याप्त कहते है।

४. प्राण

प्राण–जिनके संयोग से यह जीव जीवन अवस्था को प्राप्त हो और वियोग से मरण अवस्थाको प्राप्त हो उनको प्राण कहते है। ये १० होते है।

सूचना–सिद्ध भगवान अतीत प्राण कहे जाते है।

५. संज्ञा

संज्ञा–वांछाके संस्कार को संज्ञा कहते है। ये ४ होते है।

(१) **आहार संज्ञा**–आहार संबंधी वांछा के संस्कार को आहार संज्ञा कहते है।

(२) **भय संज्ञा**–भय संबंधी परिणाम के संस्कार को भय संज्ञा कहते है।

(३) **मैथुन संज्ञा**–मैथुन संबंधी वांछा के संस्कार को मैथुन संज्ञा कहते है।

(४) **परिग्रह संज्ञा**–परिग्रह संबंधी वांछा के संस्कार को परिग्रह संज्ञा कहते है।

सूचना–दशम गुणस्थान से ऊपर जीव अतीत संज्ञा वाले होते है।

मार्गणा

मार्गणा–जिन धर्म विशेषों से जीवों की खोज हो सके, उन धर्म विशेषों से जीवों को खोजना मार्गणा है। ये १४ होते है।

६. गति मार्गणा

गति मार्गणा–गति मार्गणा नामकर्म के उदय से उस उस गति विषयक भावके कारण-भूत जीव का अवस्था विशेष को गति कहते है। इस गति की मार्गणा ४+१ है।

(१) **नरक गति**–मध्य लोक के नीचे सात नरक है, उनमें नारकी जीव रहते है; उन्हें बहुत काल पर्यंत घोर दुःख सहना पड़ता है, उनकी गति को नरक गति कहते है।

(२) **तिर्यंच गति**–नारकी, मनुष्य व देव के अतिरिक्त जितने संसारी जीव है, वे सब तिर्यंच कहलाते है। एकेन्द्रिय (जिसमें निगोद भी शामील है), द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञी पंचेन्द्रिय ये तो नियम से त्रिर्यंच होते है और सिंह, घोड़ा, हाथी, कबुतर, मत्स्य आदि संज्ञी जीव भी तिर्यंच होते है। उनकी गति को त्रिर्यंच गति कहते है।

(३) **मनुष्य गति**–स्त्री, पुरुष, बालक, बालिकाएं मनुष्य कहे जाते है, इनकी गति को मनुष्य गति कहते है।

(४) **देव गति**–भवनवासी, व्यन्तर (जिन के निवास स्थान पहले नरक पृथ्वीके खर भाग और पङ्क भाग में है।) ज्योतिष्य (सूर्य, चन्द्र, तारादि) और वैमानिक (१६ स्वर्ग, नव ग्रैवेयक, नव अनुदिश, पंचानुत्तर में रहनेंवाले देव) इन चार प्रकार के देवों की गति को देव गति कहते है।

अगति–गति से रहित जीवों की गति को अगति या सिद्धगति कहते हैं; इनके गति नहीं है, ये गति रहित है।

७. इन्द्रियजाति मार्गणा

इन्द्रिय जाति–इन्द्रियावरण के क्षयोपशम से होनें वाले संसारी आत्माके बाह्य चिह्न विशेष को इन्द्रिय कहते है। इस की मार्गणा ५+१ है।

(१) **एकेन्द्रियसें**–पंचेन्द्रिय तक का वर्णन हो चुका है।

अतिन्द्रिय जाति–जो इन्द्रियों से (द्रव्येन्द्रिय व भावेन्द्रिय दोनों से) रहित है वह अतीन्द्रिय कहलाते है।

८. काय मार्गणा

काय–आत्मप्रवृत्ति अर्थात् योगसे संचित पुद्गलपिण्ड को काय कहते है। इसकी मार्गणा ६+१ है।

अकाय–जिनके कोई प्रकार का काय नहीं रहा वे अकायिक (अकाय) कहलाते है।

९. योग मार्गणा

योग–मन, वचन, काय के निमित्त से आत्मप्रदेश के परिस्पंद (हलन, चलन) का कारणभूत जो प्रयत्न होता है उसे योग कहते है इस की मार्गणा १५+१ है।

(१) **सत्यमनो योग**–सत्य वचन के कारणभूत मनको सत्यमन कहते है, उसके निमित्त से होनेवाले योग को सत्यमनो योग कहते है।

(२) **असत्यमनो योग**–असत्य वचन के कारणभूत मन को असत्यमन कहते है और

उसके निमित्त से होनेवाले योग को असत्यमनो योग कहते है ।

(३) **उभयमनो योग**–उभय (सत्य, असत्य दोनों) मन के निमित्त से होनेवाले योग को उभयमनो योग कहते है ।

(४) **अनुभयमनो योग**–अनुभय (न सत्य न असत्य) मन के निमित्त से होनेवाले योग को अनुभयमनो योग कहते है ।

(५) **सत्यवचन योग**–सत्यवचन के निमित्त से होनेवाले योग को सत्यवचन योग कहते है ।

(६) **असत्यवचन योग**–असत्यवचन के निमित्त से होनेवाले योग को असत्यवचन योग कहते है ।

(७) **उभयवचन योग**–उभय (सत्य, असत्य दोनों) वचन के निमित्त से होनेवाले योग को उभयवचन योग कहते है ।

(८) **अनुभयवचन योग**–अनुभय (न सत्य व असत्य) वचन के निमित्त से होनेवाले योग को अनुभयवचन योग कहते है ।

(९) **औदारिक काययोग**–मनुष्य, तिर्यंचों के शरीर को औदारिक शरीर कहते है, उसके निमित्त से जो योग होता है उसे औदारिक काय योग कहते है ।

(१०) **औदारिक मिश्रकाय योग**–कोई प्राणी मरकर मनुष्य या त्रिर्यंच गति में स्थानपर पहुंचा, वहां पहुंचते ही वह औदारिक वर्गणाओं को ग्रहण करने लगता है उस समय से अन्तर्मुहूर्त तक (जब तक शरीर पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती) कार्माण मिश्रित औदारिक वर्गणाओं के द्वारा उत्पन्न हुई शक्ति से जीव के प्रदेश में परिस्पंद के लिये जो उस जीव का प्रयत्न होता है उसे औदारिक मिश्रकाय योग कहते है ।

(११) **वैक्रियक काय योग**–देव व नारकीयों के शरीर को वैक्रियक काययोग कहते है । उसके निमित्त से जो योग होता है उसे वैक्रियक काययोग कहते है ।

(१२) **वैक्रियक मिश्रकाय योग**–कोई मनुष्य या तियच मरकर देव या नरक गति में स्थानपर पहुंचा, वहां पहुंचते ही वह वैक्रियक वर्गणाओं को ग्रहण करने लगता है, उस समय से अन्तर्मुहूर्त तक (जब तक शरीर पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती) कार्माण मिश्रित वैक्रियक वर्गणाओं के द्वारा उत्पन्न हुई शक्ति से जीव के प्रदेशों में परिस्पंद के लिये जो उस जीव का प्रयत्न होता है उसे वैक्रियक मिश्रकाय योग कहते है ।

(१३) **आहारक काययोग**–सूक्ष्म तत्वमें संदेह होने पर या तीर्थ वन्दनादि के निमित्त आहारक ऋद्धिवाले छठे गुणस्थानवर्ती मुनियों के मस्तिष्क से एक हाथ का धवल, शुभ, व्याघात रहित आहारक शरीर निकलता है उसे आहारक काययोग कहते है; उसके निमित्तसे होनेवाले योग को आहारक काय योग कहते है ।

(१४) **आहारक मिश्रकाय योग**–आहारक शरीर की पर्याप्ति जब तक पूर्ण नहीं होती तब तक औदारिक व आहारक वर्गणाओं के द्वारा उत्पन्न हुई शक्ति से जीव के प्रदेशों में परिस्पंद के लिये जो प्रर्यत्न होता है उसे आहारक मिश्रकाय योग कहते है ।

(१५) **कार्माणकाय योग**–मोड़ेवाली विग्रह गति को प्राप्त चारों गतियों के जीवों के तथा प्रतर और लोकपूर्ण समुद्घात को प्राप्त केवली जिन के कार्माण काय होता है । उसके निमित्त से होनेवाले योग को कार्माणकाय योग कहते है ।

अयोग–अयोग केवली व सिद्ध भगवान के योग नहीं होता है। योग रहित अवस्था को अयोग कहते है।

१०. वेद मार्गणा

वेद–पुरुष वेद, स्त्री वेद, नपुंसक वेद के उदय से उत्पन्न हुई मैथुनकी अभिलाषा को वेद कहते है। इसकी मार्गणा ३+१ है।

(१) **नपुंसकवेद**–जिससे स्त्री और पुरुष इन दोनों के साथ रमण करने का भाव हो उसे नपुंसंकवेद कहते हैं।

(२) **स्त्रीवेद**–जिससे पुरुष के साथ रमण करने की इच्छा हो उसे स्त्रीवेद कहते हैं।

(३) **पुरुषवेद**–जिससे स्त्री के साथ रमण करने की इच्छा हो उसे पुंवेद या पुरुष-वेद कहते है।

अपगतवेद–जहां वेद का अभाव हो उसे अपगतवेद जानना।

११. कषाय-मार्गणा

कषाय–जो आत्मा के सम्यक्त्व, देश-चारित्र, सकलचारित्र, और यथाख्यातचारित्र-रूप गुण को घाते, उसे कषाय कहते हैं। इसकी मार्गणा २५+१ है।

(१) से (४) अनन्तानुवंधी क्रोध, मान, माया, लोभ–उन्हें कहते हैं जो आत्मा के सम्यक्त्व गुण को घाते।

(५) से (८) अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, मान, माया, लोभ–उन्हें कहते हैं जो देश-चारित्र को घातें. (देशचारित्र श्रावक, पंचम-गुण-स्थानवर्ती जीव के होता है)

(९) से (१२) प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ–उन्हें कहते हैं जो सकल चारित्र को घातें। (सकल चारित्र मुनियों के होता है)

(१३) से १६) संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ–उन्हें कहते हैं जो यथाख्यात चारित्र को घातें। (यथाख्यात चारित्र ११, १२, १३, १४ वे गुणस्थान में होता है)

१७) हास्य–हंसने के परिणाम को हास्य कहते हैं।

(१८) रति–इष्ट पदार्थ में प्रीति करने को रति कहते हैं।

(१९) अरति–अनिष्ट पदार्थों में अप्रीति करने को अरति कहते हैं।

(२०) शोक–रंज के परिणाम को शोक कहते हैं।

(२१) भय–डर को भय कहते हैं।

(२२) जुगुप्सा–ग्लानि को जुगुप्सा कहते हैं।

(२३–२४–२५) नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, पुरुषवेद–इन हरेक का वर्णन हो चुका है।

अकषाय–कषाय के अभाव को अकषाय कहते हैं।

१२. ज्ञान-मार्गणा

ज्ञान–वस्तु के जानने को ज्ञान कहते हैं। इसकी मार्गणा ८ है।

(१) **कुमतिज्ञान**–सम्यक्त्व के न होने पर होनेवाले मतिज्ञानकों कुमतिज्ञान कहते हैं।

(२) **कुश्रुतज्ञान**–सम्यक्त्व के न होने पर होनेवाले श्रुतज्ञान को कुश्रुतज्ञान कहते हैं।

(३) **कुअवधि ज्ञान**–सम्यक्त्व के न होने पर होनेवाले अवधिज्ञान को कुअवधिज्ञान कहते हैं। इसका दूसरा नाम विभङ्ग-अवधिज्ञान है।

(४) **मतिज्ञान**–इन्द्रिय और मन के निमित्त से उत्पन्न होनेवाले ज्ञान को मतिज्ञान कहते हैं।

(५) **श्रुतज्ञान**-मतिज्ञान से जाने हुये पदार्थ के संबंध में अन्य विशेष जानने को श्रुत-ज्ञान कहते हैं।

(६) **अवधि ज्ञान**–इन्द्रिय और मन की सहायता के बिना, आत्मीय शक्ति से रूपी पदार्थों को द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की मर्यादा लेकर जानने को अवधिज्ञान कहते हैं।

(७) **मनःपर्यय ज्ञान**-दूसरे के मन में तिष्ठते हुए (स्थित) रूपी पदार्थों को इन्द्रिय और मन की सहायता के बिना आत्मीय शक्ति से जानने को मनःपर्यय ज्ञान कहते हैं।

(८) **केवलज्ञान**–तीन लोक, तीन काल-वर्ती समस्त द्रव्य पर्यायों को एक साथ स्पष्ट जानना केवल ज्ञान है।

१३. संयम-मार्गणा

संयम–अहिंसादि पंच व्रत धारण करना, ईर्यापथ आदि पंच समितियों का पालन करना, क्रोधादि कषाओं का निग्रह करना, मनोयोग, वचनयोग, काययोग इन तीनों योगों को रोकना, पांचों इन्द्रियों का विजय करना सो संयम है। इसकी मार्गणा ७+१ है।

(१) **असंयम**–जहां किसी प्रकार के संयम या संयमासंयम का लेश भी न हो उसे असंयम कहते हैं।

(२) **संयमासंयम**–जिनके त्रसकी अवि-रति का त्याग हो चुका हो, जिनके अणुव्रत का धारण है उनके चारित्र को संयमासंयम कहते हैं।

(३) **सामायिक संयम**–सब प्रकार की अविरति से विरक्त होना, और समताभाव धारण करना, सामायिक संयम है।

(४) **छेदोपस्थापना संयम**–भेदरूप से व्रत के धारण करने को या व्रतों में छेद (भंग) होनेपर फिर से व्रतों के पालन करने को छेदो-स्थापना संयम कहते हैं।

५) **परिहारविशुद्धिसंयम**-जिसमें हिंसा का परिहार प्रधान हो ऐसे शुद्धिप्राप्त संयम को परिहारविशुद्धि संयम कहते हैं।

(६) **सूक्ष्मसांपराय संयम**–सूक्ष्म कषाय (सूक्ष्मलोभ) वाले जीवों के जो संयम होता है उसे सूक्ष्मसांपराय संयम कहते हैं।

(७) **यथाख्यात संयम**–कषाय के अभाव में जो आत्मा का अनुष्ठान होता है उसमें निवास करने को यथाख्यात संयम कहते हैं।

असंयम-संयम-संयमासंयम रहित–सिद्ध भगवान् सदा अपने शुद्ध स्वरूप में स्थित है। उनके ये तीनों नहीं पाये जाते।

१४. दर्शन-मार्गणा

दर्शन–आत्माभिमुख अवलोकन को दर्शन कहते हैं। इसकी मार्गणा ४ है।

(१) **अचक्षुर्दर्शन**–चक्षुरिन्द्रिय के अलावा अन्य इन्द्रिय व मन से उत्पन्न होनेवाले दर्शन को अचक्षुदर्शन कहते हैं।

(२) **चक्षुदर्शन**–चतुरिन्द्रियजन्य ज्ञान से पहले होनेवाले दर्शन को चक्षुदर्शन कहते हैं।

(३) **अवधिदर्शन**–अवधिज्ञान से पहले होनेवाले दर्शन को अवधिदर्शन कहते हैं।

(४) **केवलदर्शन**–केवलज्ञान के साथ-साथ होनेवाले दर्शन को केवलदर्शन कहते हैं।

१५. लेश्या-मार्गणा

लेश्या–कषाय से अनुरंजित योगप्रवृत्ति को लेश्या कहते हैं। इसकी मार्गणा ६+१ है।

(१) **कृष्णलेश्या**–तीव्र क्रोध करनेवाला हो, वैर को न छोड़े, लड़ने का जिसका स्वभाव

हो, धर्म और दया से रहित हो, दुष्ट हो, जो किसी के वश न हो, ये लक्षण कृष्णलेश्या के है।

(२) **नीललेश्या**–काम करनें में मन्द हो, स्वच्छन्द हो, कार्य करने में विवेकरहित हो, विषयों में लम्पट हो, कामी, मायाचारी, आलसी हो, दूसरे लोग जिसके अभिप्राय को सहसा नहीं जान सके, अति निद्रालु हो, दूसरों के ठगने में चतुर हो, परिग्रह में तीव्र लालसा हो, ये लक्षण नील लेश्या के है।

(३) **कापोतलेश्या**–रूसे, निन्दा करे, द्वेष करे, शोकाकुल हो, भयभीत हो, ईर्षा करे, दूसरों का तिरस्कार करे; अपनी विविध प्रशंसा करे, दूसरे का विश्वास न करे, स्तुति करनेवाले पर संतुष्ट होवे; रण में मरण चाहे, स्तुति करनेवाले को खूब धन देवे अपना कार्य अकार्य न देखे। ये लक्षण कापोतलेश्या के है।

(४) **पीतलेश्या**–कार्य, अकार्य, सेव्य, असेव्य को समझनेवाला हो, सर्व-समदर्शी हो; दया-परायण हो, दानरत,कोमल परिणामी हो। ये लक्षण पीतलेश्या के है।

(५) **पद्मलेश्या**–त्यागी, भद्र, उत्तम कार्य करनेवाला, सहनशील, साधु, गुरु, पूजारत हो। ये लक्षण पद्मलेश्या के है।

(६) **शुक्ललेश्या**–पक्षपात न करे, निदान न बांधे, सब में समानता की दृष्टि रक्खे, इष्टराग अनिष्ट द्वेष न करे। ये लक्षण शुक्ललेश्या के है।

१६. भव्यत्व-मार्गणा

भव्यत्व–जिन जीवों के अनन्त चतुष्टय-रूप सिद्धि व्यक्त होने की योग्यता हो वे भव्य है। उनके भाव को भव्यत्व कहते हैं। इसकी मार्गणा २*१ है।

(१) **भव्य**–इसका वर्णन ऊपर हो चुका है।

(२) **अभव्य**–उक्त योग्यता के अभाव को अभव्यत्व कहते हैं।

अनुभय–(न भव्यत्व न अभव्यत्व) सिद्ध जीव न भव्य है और न अभव्य है।

१७. सम्यक्त्व-मार्गणा

सम्यक्त्व–मोक्षमार्ग के प्रयोजनभूत तत्त्वों के यथार्थ श्रद्धान को सम्यक्त्व कहते हैं। इसकी मार्गणा ६ है।

(१) **मिथ्यात्व**–मिथ्यात्व प्रकृति के उदय से तत्वों के अश्रद्धानरूप विपरीत अभिप्राय को मिथ्यात्व कहते हैं।

(२) **सासादन सम्यक्त्व**–सम्यक्त्व की विराधना होने पर अनन्तानुबन्धी कषाय के उदय से यदि मिथ्यात्व का उदय न आये तो मिथ्यात्व का उदय आने तक होनेवाला विपरीत आशय सासादन सम्यक्त्व कहलाता है।

दहिये गत्यागति सवें, गहिये पद निर्वाण ॥५॥

चौवीसों दण्डकतनी, गत्यागति सुन लेव ।
सुनकर विरकत भाव धरि, चहुँ गति पानी देव ॥६॥

छन्द-चौपाई

पहिलो दण्डक नारक तनों,
भवनपती दस दण्डक भनौ ।
ज्योतिप व्यन्तर सुरगति वास,
थावर पच महादुख रास ॥७॥

विकलत्रय अरु नर तिर्यंच,
पंचेन्द्रिय धारक परपंच ।
ये चौवीसों दण्डक कहे,
अब सुन इनमें भेद जु लहे ॥८॥

नारक की गति-आगति दोय,
नर तिर्यंच पंचेन्द्रिय होय ।
जाय असैनी पहिला लगे,
मन विन हिंसा करम न पगै ॥९॥

सरीसर्प दूजे लग जाहि.
तीजे लग पक्षी शक नाहि ।
सर्प जाय चौथ लग सही,
नाहर पंचम आगे नहीं ॥१०॥

नारी छट्टे लग ही जाय,
नर अरु मच्छ सातवे थाय ।
ये तौ नरकतनी गति जान,
अब आगति भाषी भगवान् ॥११॥

नरक सातवें को जो जीव,
पशुगति ही पावे दुख दीव ।
और नारकी षष्ठ सदीव,
दो गति पावें नर पशु जीव ॥१२॥

छट्टे को निकसो जु कदाप,
सम्यक्त्वा होवे निष्पाप ।
पंचम को निकसो मुनि होय,
चौथे को केवलिहू जोय ॥१३॥

तृतीय नरक को निकसो जीव,
तीर्थंकर हू है जग पीव ।
ये नारक की गत्यागत्य,
भाषी जिनवाणी में सत्य ॥१४॥

तेरह दण्डक देव निकाय,
तिने भेद सुनो मन लाय ।
नर तिसच पंचेन्द्रिय विना,
औरन के सुरपद नहिं गिना ॥१५॥

देव मरे गति पंच लहाय,
भू, जल, तरुवर, नर, पशु थाय ।
दूजे सुरग ऊपरले देव,
थावर है न कहें जिन देव ॥१६॥

सहस्रार तें ऊंचे सुरा,
मरकर होवें निश्चय नरा ।
नर पशु भोगभूमि के दोय,
दूजे सुरग परे नहिं होय ॥१७॥

जाय नहीं यह निश्चय कही,
देवनि भोगभूमि नहिं लही ।
करम भूमिया नर अरु ढोर,
इन विन भोगभूमि नहिं और ॥१८॥

जायें न तातें आगति दोय,
गति इनको देवन की होय ।
कर्म भूमिया तिर्यंच सत्त,
श्रावक व्रत धरि बारम गत्त ॥१६॥

सहस्रार ऊपर तिर्यंच,
जायें नहीं ये तजि परपंच ।
अव्रत सम्यक्त्वी नरभाय,
बारमतें उपर नहि जात ॥२०॥

अन्यमती पंचाग्नी साध,
भवनत्रिकतें जाय न बाध ।
परिव्राजक दण्डी है जेह,
पंचम परे नाहिं उपजेह ॥२१॥

परमहंस नामा परमती,
सहस्रार ऊपर नहिं गती ।
मोक्ष न पावे परमत माहिं,
जैन विना नहिं कर्म नशाहिं ॥२२॥

श्रावक आर्य अणुव्रत धार,
बहुरि श्राविकागण अविकार ।
अच्युत स्वर्ग परे नहिं जाय,
ऐसो भेद कहो जिन राय ॥२३॥

द्रव्य लिंग धारी जो जती,
नव ग्रैवेयक आगे नहिं गती ।
बाह्याभ्यन्तर परिग्रह होय,
परमत लिंग निंद्य है सोय ॥२४॥

पंचपंचोत्तर नव नवोत्तरा,
महामुनी विन और न धरा ।
केई बार देव जिय भयो,
पै केई पद नाहीं लयो ॥२५॥
इन्द्र हूवो न शची हू भयो,
लोकपाल कबहूं नहिं थयो ।
लोकान्तिक हूवो न कदापि,
अनुत्तर वह पहुंचो न कदापि ॥२६॥
ये पद धरि बहु पद नहिं धरे,
अल्पकाल में मुक्तिहिं वरे ।

हे विमान सर्वारथ सिद्ध,
सबतें ऊंचों अतुल जु रिद्ध ॥२७॥
ताके ऊपर है शिवलोक,
परे अनन्तानन्त अलोक ।
गति-अगति देवन की भनी,
अब सुनलो मानुष गति तनी ॥२८॥

चौबीसों दण्डक के माहिं,
मनुष जाय यामें शक नाहिं ।
मुक्ति हु पावे मनुष मुनीश,
सकल धरा को है अवनीश ॥२९॥

मुनि विन मोक्ष न पावे और,
मनुष विना नहिं मुनि को ठौर ।
सम्यग्दृष्टी जे मुनिराय,
भवदधि उतरें शिवपुर जाय ॥३०॥

तहां जाय अविनश्वर होय,
फिर जगमें आवे नहिं कोय ।
रहे सासते आतम माहिं,
आतमराय भये शक नाहिं ॥३१॥

गति पच्चीस कही नरतनी,
आगति पुनि बाईस हि भनी ।
तेजकाय अरु वात जु काय,
इन विन और सर्व नरथाय ॥३२॥

गति पच्चीस आगति बाईस,
मनुपतनी भाषी जगदीश ।
ता ईश्वरसम आतमरूप,
ध्यावे चिदानन्द चिद्रूप ॥३३॥

तो उतरे भवसागर भया,
और न कोऊ शिवपुर गया ।
ये सामान्य मनुष की कही,
अब सुनि पदवी धरको सही ॥३४॥

तीर्थंकर की आगति दोय,
सुर नारकतें आवे सोय ।
फेर न गति धारे जगदीश,
जाय विराजे जग के शीस ॥३५॥

चक्री अर्ध-चक्री वा हली,
स्वर्गलोक ते आवे वली ।

इनकी आगति एकही कही,
अब सुनिये जागति जू सही ॥३६॥

चक्री की गति तीन बखान,
स्वर्ग नरक अरु मोक्ष सुथान ।
तप धारे तो सुघशिव जाय,
मरे राज में नरक लहाय ॥३७॥

आखिर पावे पद निर्वाण,
पदवीधर ये पुरुष प्रधान ।
वलभद्र की दो जागती,
सुरमें जाय के है शिवपती ॥३८॥

तप धारे ये निश्चय भाय,
मुक्तिपात्र सूत्रन में गाय ।
अर्धचक्रि को एक हि भेद,
जाय नरक में लहे जु खेद ॥३९॥

राज माहिं यह निश्चय मरे,
तद्भव मुक्ति पंथ नहिं धरे ।
आखिर पावें पद निर्वाण,
पदवीधारक बड़े सुजान ॥४०॥

इनकी आगति सुरगति जान,
गति नरकन की कही बखान ।
आखिर पावें पद शिवलोक,
पुरुष शलाका शिव के थोक ॥४१॥

ये पद पाय सु जगके जीव,
अल्पकालमें ह्वै जग पीव ।
और हू पद कोई नहिं गहे,
कुलकर नारद हू नहिं लहे ॥४२॥

रुद्र भये न मदन हू भये,
जिनवर तात मात नहिं थये ।

ये पद पाय रुलै नहिं जीव,
थोरे दिनमें है शिव पीव ॥४३॥

इनकी आगति श्रुत तें जान,
जागति रीती कहूं जु बखान ।

कुलकर देवलोक ही जाय,
मदन मदन हरि ऊरद थाय ॥४४॥

नारद रुद्र अधोगति जाय,
कलह कलह महादुखदाय ।
जन्मान्तर पावे निर्वाण,
बड़े पुरुष ये सूत्र प्रमाण ॥४५॥

तीर्थंकर के पिता प्रसिद्ध,
स्वर्ग जायके होवें सिद्ध ।
माता स्वर्गलोक ही जाय,
आखिर शिवसुख वेग लहाय ॥४६॥

ये सब रीति मनुष की कही,
अब सुनि तिर्यंग गति की सही ।
पचेन्द्रिय पशु मरण कराय,
चौवीसों दण्डक में जाय ॥४७॥

चौबीसों दण्डकतें मरे,
पशु होय तो नाहन परे ।
गति-आगति वरणी चौबीस,
पंचेन्द्रिय पशु की जगदीश ॥४८॥

ता परमेश्वर को पथ गहो,
चौवीसों दण्डक को दहो ।
विकलत्रय की दस ही गति,
दस आगति भाषी जिनपति ॥४९॥

थावर पंच विकल तीन,
नर तिर्यंच पंचेन्द्री लीन ।
इन ही दस में उपजे आय,
इनहीतें विकलत्रय थाय ॥५०॥

नारक विन दण्डक है जोय,
पृथ्वी पानी तरुवर होय ।
तेज वायु भरि नवमें जाय,
मनुष होय नहिं सूत्र कहाय ॥५१॥

थावर पंच विकलत्रय छोर,
ये नवगति भाषी दमोर ।
दसतें आय तेज अरु वाय,
होय सही गावें जिनराय ॥५२॥

ये चौवीसों दण्डक कहे,
इनकूं त्याग परमपद लहे।
इनमें रुलै, सो जगको जीव,
इनसे तीरे सो त्रिभुवन-पीव। ५३॥
जीव इसमें और न भेद,
ये कर्मी, वे कर्म-उच्छेद।
कर्म बंध जों लों जगजंत,
नाशत कर्म होय भगवन्त ॥५४॥

(छन्द-दोहा)

मिथ्या अव्रत जोग अरु, मद परमाद कषाय।
इन्द्री विषय जु त्यागिये, भ्रमण दूर हो जाय ॥५५॥
जिन विन गति वहुते धरी, भयो नहीं सुलझार।
जिन मारग उर धरिके, लहिये भवदधि पार ॥५६॥
जिन भज सब परपच जन वड़ी वात है येह।
पंच महाव्रत धारिके, भव जल को जल देह ॥५७॥
अंतः करण जु शुद्ध है, जिनधरमी अभिराम।
भाषा भविजन कारणें, भाषी दौलतराम ॥५८॥

—:o:—

सूचना—संशोधक का यह कहना है कि इस चौवीस-दण्डक की दो-तीन प्रतियां दिखती हैं, उन तीनों की कवितायें कई जगह पाठान्तर जान पड़ती हैं, परन्तु मूल भाव में कुछ भी भेद नहीं है।

कर्मों के मूलोत्तर प्रकृतियों की अवस्था और संख्या आदि विवरण—

कर्म प्रकृतियों की अवस्था और नाम	संख्या	उत्तर प्रकृतियों की संख्या								जोड़
		१ ज्ञाना०	२ दर्श०	३ वेद०	४ मोह०	५ आयु०	६ नाम०	७ गोत्र०	८ अन्ता०	
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११
१. मूल प्रकृतियां	८	१	१	१	१	१	१	१	१	८
२. उत्तर प्रकृतियां	१४८	५	९	२	२८	४	९३	२	५	१४८
३. बन्ध योग्य प्रकृतियां	१२०	५	९	२	२६	४	६७	२	५	१२०
४. अबन्ध योग्य प्र०	२८	०	०	०	२	०	२६	०	०	२८
५. उदय योग्य प्रकृतियां	१२२	५	९	२	२८	४	६७	२	५	१२२
६. अनुदय योग्य प्र०	२६	०	०	०	०	०	२६	०	०	२६
७. सत्त्व योग्य प्र०	१४८	५	९	२	२८	४	९३	२	५	१४८
८. घाति प्र०	४७	५	९	०	२८	०	०	०	५	४७
९. सर्व घाति प्र०	२१	१	६	०	१४	०	०	०	०	२१
१०. देश घाति प्र०	२६	४	३	०	१४	०	०	०	५	२६
११. अघाति प्र०	१०१	०	०	२	०	४	९३	२	०	१०१
१२. प्रशस्त (पुण्य) प्र०	६८	०	०	१	०	३	६३	१	०	६८
१३. अप्रशस्त (पाप) प्र०	१००	५	९	१	२८	१	२०	१	५	१००
१४. पुद्गल विपाकी प्र०	६२	०	०	०	०	०	६२	०	०	६२
१५. भाव विपाकी प्र०	४	०	०	०	०	४	०	०	०	४
१६. क्षेत्र विपाकी प्र०	४	०	०	०	०	०	४	०	०	४
१७ जीव विपाकी प्र०	७८	५	९	२	२८	०	२७	२	५	७८

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११
१८. सादि-अनादि-ध्रुव-अध्रुव रूप चारों प्रकार का बंध होने वाली प्रकृतियां	११४	५	९	०	२६	०	६७	२	५	१:४
१९. अनादि-ध्रुव-अध्रुवरूप तीनों प्रकार का बन्ध होने वाले प्रकृतियां	१	०	०	१	०	०	०	०	०	१
२०. सादि और अध्रुव रूप दो प्रकार का बन्ध होने वाले प्रकृतियां	४	०	०	०	०	४	०	०	०	४
२१. सादि बंध प्रकृतियां	५	५	०	०	०	०	०	०	०	५
२२. अनादि बंध प्रकृतियां	५	५	०	०	०	०	०	०	०	५
२३. ध्रुव बंध प्रकृतियां	४७	५	९	०	१९	०	९	०	५	४७
२४. अध्रुव बंध प्रकृतियां	७३	०	०	२	७	४	५८	२	०	७३
२५. स्थिति बंध प्रकृतियां	१२०	५	९	२	२६	४	६७	२	५	१२०
२६. उदय व्युच्छित्ति के पहले बन्ध व्युच्छित्ति जिनके होवे वे प्रकृतियां	८१	५	९	२	५	३	५०	२	५	८१
२७. उदय व्युच्छित्ति के बाद बन्ध व्युच्छित्ति जिनके होवे वे प्रकृतियां	८	०	०	०	०	१	७	०	०	८
२८. उदय व्युच्छित्ति और बन्ध व्युच्छित्ति जिनके एक साथ अर्थात् एक ही गुण स्थान में होता है वे प्रकृतियां	३१	०	०	०	२१	०	१०	०	०	३१
२९. जिस प्रकृति का उदय होता है उसका उस ही जन्म में बंध होता है ऐसे प्रकृतियां	२७	५	४	०	१	०	१२	०	५	२७

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११
३०. एक प्रकृति का उदय होता हुआ दूसरे प्रकृति का बंध होता है ऐसे प्रकृतियां	११	०	०	०	०	२	९	०	०	११
३१. आपका या अन्य प्रकृति का उदय होता हुआ या नहीं भी हो तो भी जिस प्रकृति का बंध होता है ऐसे प्रकृतियां	८२	०	५	२	२५	२	४६	२	०	८२
३२. निरन्तर बंध होने वाले प्र०	५४	५	९	०	१९	४	१२	०	५	५४
३३. सांतर बंध प्रकृतियां अर्थात् जिनका बन्ध कभी होता है और कभी नहीं होता है ऐसे प्रकृतियां	३४	०	०	१	४	०	२९	०	०	४
३४. सांतर और निरन्तर बंध होने वाले प्रकृतियां	३२	०	०	१	३	०	२६	२	०	३२
३५. उद्वेलना प्रकृतियां	१३	०	•	०	२	०	१०	१	०	१३
३६. विध्यात प्रकृतियां	६७	०	३	१	१८	०	४३	२	०	६७
३७ अधः प्रवृत्ति प्र०	१२१	५	९	२	२७	४	६७	२	५	१२१
३८. गुण संक्रमण प्र०	७५	०	५	१	२३	०	४	२	०	७५
३९. सर्व संक्रमण प्र०	५२	०	३	०	२७	०	·१	१	०	५२
४०. तिर्यंगे का दश प्र०	११	०	०	०	०	०	११	०	०	११

कर्मों के मूलोत्तर प्रकृतियों की अवस्थाओं के मादिक कुछ विशेष विवरण

१. मूल प्रकृति ८ हैं—कर्म सामान्य से ८ प्रकार का या १४८ प्रकार के होते हैं और असंख्यात लोकप्रमाण भेद भी होते हैं। घाति और अघाति ऐसी उनकी अलग-अलग संज्ञा है, ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ये चार घातिया कर्म हैं, कारण ये जीव के गुणों का घात करते हैं और आयु, नाम, गोत्र और वेदनीय ये चारों कर्म जीव के गुणों का घात नहीं करते, इसलिये वे अघाति कर्म कहलाते हैं, इस प्रकार ये कर्मों की आठ मूल प्रकृतियां हैं। उनका क्रम १ ज्ञानावरणीय, २ दर्शनावरणीय, ३ वेदनीय, ४ मोहनीय, ५ आयु, ६ नाम, ७ गोत्र, ८ अन्तराय इस प्रकार—जानना (देखो गो० क० गा० ७-८-९)

२. उत्तर प्रकृति १४८ हैं—ज्ञानावरणीय के ५, दर्शनावरणीय के ९, वेदनीय के २, मोहनीय के २८, आयु के ४, नाम कर्म के ९३, गोत्र कर्म के २, अन्तराय के ५ ये सब मिलकर १४८ उत्तर प्रकृतियां जानना (देखो गो० क० गा० २२)।

३. बंध योग्य प्रकृतियां १२० हैं—

(१) ज्ञानावरणीय ५ (मति-श्रुत-अवधि-मनः पर्यय-केवल ज्ञानावरणीय ये पांच)

(२) दर्शनावरणीय ९ (अचक्षु दर्शन, चक्षुदर्शन, अवधि दर्शन, केवल दर्शनावरणीय और स्थानगृद्धि, निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला निद्रा, प्रचला ये ९)

(३) वेदनीय के २ हैं [सातावेदनीय (पुण्य), असातावेदनीय (पाप) ये २]

(४) मोहनीय के—दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय ऐसे दो प्रकार हैं. दर्शनमोहनीय का बंध की अपेक्षा से 'मिथ्यात्व' यह एक ही प्रकार जानना, उदय और सत्व की अपेक्षा से मिथ्यात्व, सम्यङ् मिथ्यात्व, सम्यक्त्व प्रकृति ऐसे तीन प्रकार जानना।

चारित्रमोहनीय के—कषायवेदनीय और नोकषायवेदनीय इस प्रकार दो भेद जानना।

कषायवेदनीय के—१६ भेद हैं—(अनंतानुबंधी-क्रोध-मान-माया-लोभ ४, अप्रत्याख्यान-क्रोध-मान-माया-लोभ ४, प्रत्याख्यान-क्रोध-मान-माया-लोभ ४, संज्वलन-मान-माया-लोभ ४ ये १६

नोकषायवेदनीय के ९ प्रकार हैं—(हास्य, रति, आरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पुरुषवेद, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद ये ९)।

इस प्रकार मोहनीय कर्म के बंध की अपेक्षा, दर्शन मोहनीय के एक मिथ्यात्व प्रकृति और चारित्र मोहनीय के २५ प्रकृति मिलकर २६ प्रकृति जानना।

(५) आयु कर्म के ४ भेद हैं—(नरकायु १, तिर्यंचायु १, मनुष्यायु १, देवायु ये ४)

(६) नामकर्म के ६५ हैं—पिंड और अपिंड की अपेक्षा ४२ प्रकार जानना, पिंड प्रकृति १४ हैं, इनके उत्तर भेद ६५ जानना, गति ४, जाति ५, शरीर ५, बंधन ५, संघात ५, संस्थान ६, अंगोपांग ३, संहनन ६, वर्णादि ५, गंध २, रस ५, स्पर्श ८, आनुपूर्वी ४, विहायोगति २ ये ६५ हैं।

अपिंड प्रकृति २८ होते हैं—(१) अगुरुलघु (२) उपघात (३) परघात (४) उच्छ्वास (५) आतप (६) उद्योत, (७) त्रस (८) स्थावर (९) बादर (१०) सूक्ष्म (११) पर्याप्त (१२) अपर्याप्त (१३) प्रत्येक शरीर (१४) साधारण शरीर (१५) स्थिर (१६) अस्थिर (१७) शुभ (१८) अशुभ (१९) सुभग (२०) दुर्भग (२१) सुस्वर (२२) दुस्वर (२३) आदेय (२४) अनादेय (२५) यशः कीर्ति (२६) अयशः कीर्ति (२७) निर्माण (२८) तीर्थंकर ये २८ जानना।

इस प्रकार ६५+२८=९३ नामकर्म के प्रकृतियों में निम्नलिखित २६ प्रकृतियों की बंध में गिनती नहीं

की जाती है। इसलिये बंधन ५, सघात ५, स्पर्शादिक १६ (स्पर्शादि २० प्रकृतियों में से स्पर्श १, रस १, गंध १, वर्ण १ ये ४ बंध में गिने जाते हैं इसलिये ये ४ छोड़कर शेष १६ ये २६ प्रकृतियां ९३ प्रकृतियों में से घटाकर शेष ६७ प्रकृतियों का बंध माना जाता है, वास्तव में ९३ प्रकृतियों का बंध होता है परन्तु बंध की हिसाब में २६ प्रकृतियों की गिनती नहीं है इसलिये ६७ प्रकृतियां बंध योग्य माने जाते हैं।

(७) गोत्र कर्म २ है— (१ उच्च गोत्र, १ नीच गोत्र, ये २ जानना)

(८) अंतराय ५ प्रकार का है—(दानांतराय, लाभांतराय, भोगांतराय, उपभोगांतराय, वीर्यांतराय ये ५ प्रकार जानना)

सब १४८ कर्म प्रकृतियों में से दर्शन मोहनीय की २ प्रकृतियां–(सम्यङ्मिथ्यात्व १, सम्यक्त्व प्रकृति १ ये २) बंध योग्य नहीं हैं इसलिये ये २ घटाने से १४६ बंध योग्य प्रकृतियां रहती हैं, परन्तु उनमें से २६ प्रकृतियां बंध में नहीं मानते हैं। इसलिये वह भी कम करके अर्थात् १४८ —२=१४६—२६=१२० प्रकृतियां बंध योग्य माने गये हैं। (देखो गो० क० गा० २३ से ३५)।

४. अबंध प्रकृतियां ६८ हैं दर्शनमोहनीय की २ (सम्यङ्मिथ्यात्व. सम्यक्त्व प्रकृति ये २), और नामकर्म की २६ (बंधन ५, संघात ५, स्पर्शादि २० में से स्पर्श-रस गंध-वर्ण ये ४ घटाकर शेष १६) ये २८ जानना (देखो गो० क० गा० ३४-३५)।

५. उदय योग्य प्रकृतियां १२२ है—ज्ञानावरणीय के ५, दर्शनावरणीय के ९, वेदनीय के २ मोहनीय के २८ (दर्शनमोहनीय ३ चारित्रमोहनीय २५ ये २८), आयुकर्म के ४, नामकर्म के ६७ (शरीर ५, बंधन ५, संघात ५ इन १५ में से बंधन+संघात ये १०, पांच शरीर में गर्भित होने से ये १० प्रकृतियां घट गये और स्पर्श ८, रस ५, गंध २, वर्ण ५ इन २० में से फल स्पर्श १, रस १, गन्ध १, वर्ण १ ये ४ प्रकृति गिनती में आते हैं। इसलिये इन ४ प्रकृतियों को २० में से घटाने से शेष १६ रहते हैं। इन १६ और बंधन के ५, संघात के ५ इन १० मिलकर २६ प्रकृतियों का उदय गिनती में नहीं आती इसलिये ९३ प्रकृतियों में से २६ प्र० घटाने से ९३—२६=६७ प्रकृतियां उदय योग्य रहती हैं)। गोत्रकर्म के २, अंतरायकर्म के ५ इस प्रकार ५+९+२+२८+४+६७+२ ५=१२२ होते हैं। अर्थात् कर्म प्रकृति १४८ में से २६ प्रकृतियां घटाने से १२२ उदययोग्य प्रकृतियां रहती हैं। वास्तव में १४८ प्र० का उदय रहता है। २६ प्रकृतियां दूसरे प्रकृतियों में गर्भित होने से वे गिनती में नहीं आतीं। इसलिये उदय योग्य १२२ प्र० मानते हैं।

६. अनुदय प्रकृतियां २६ हैं—नाम कर्म की २६ प्रकृति (बंधन ५ और स्पर्शादिक २० प्र० में से स्पर्श-रस-गन्ध-वर्ण ये ४ घटाकर शेष १६ मिलाकर २६) अनुदय के जानना (देखो गो०क०गा० ३६-३७-३७)।

७. सत्त्व प्रकृतियां १४८ है – ज्ञानावरणीय के ५, दर्शनावरणीय के ९, वेदनीय के २, मोहनीय के २८, आयुकर्म के ४, नामकर्म के ९३, (पिंड प्रकृति १४ के उत्तर भेद ६५ गति ४ (नरकगति, तिर्यंचगति, मनुष्यगति.) जाति नामकर्म ५ (एकेन्द्रिय. द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय जाति ये ५), शरीर नामकर्म ५ (औदारिक. वैक्रियिक, आहारक, तैजस आणि कार्माण ये ५) बंधन ५ (औदारिक शरीर बंधन, वैक्रियिक शरीर बंधन ये - संघात ५ (औदारिक शरीर संघात, कार्माण-शरीर बंधन ये ५) सघात ५ (औदारिक शरीर संघात, वैक्रियिक शरीर संघात, आहारक शरीर संघात, तैजस शरीर संघात, कार्माण शरीर संघात ये ५) संस्थान ६ (समचतुरस्र संस्थान, न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थान, कुब्जक संस्थान, स्वाति संस्थान, वामन संस्थान, हुंडक संस्थान ये ६) अंगोपांग ३ (औदारिक शरीर अंगोपांग, वैक्रियिक शरीर अंगोपांग, आहारक शरीर अंगोपांग, ये ३ जानना। तैजस और कार्माण शरीर को अंगोपांग नहीं रहते हैं) संहनन ६ (वज्रवृषभ नाराच संहनन, वज्रनाराच संहनन, नाराच संहनन, अर्ध नाराच संहनन कीलित (कीलक) (संहनन, असंप्राप्ता सृपाटिक संहनन ये ६) वर्ण ५। (श्वेत पांटरा) पीत (पिवळा), हरित या नील, रक्त (लाल), कृष्ण (काला) ये ५) गंध २। (सुगंध और दुर्गंध ये)२

रस ५। (मीठा, कड़ुवा, खट्टा, कषायला, तिक्त (चरपरा) ये ५) स्पर्श ८ ; (कोमल, कठोर, हलका, भारी, शीत, उष्ण, स्निग्ध (चिकना), रूक्ष, ये ८) आनुपूर्वी ४, (नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, देवगत्यानुपूर्वी ये ४) विहायोगति २। (प्रशस्त विहायोगति, अप्रशस्त विहायोगति ये २) ये ६५ पिंड प्रकृति जानना।

अपिंड प्रकृतियाँ ८ ऊपर बंध प्रकृतियों में कहे हुए अनुसार जानना। इस प्रकार नामकर्म के ६५ + २८ = ९३ प्रकृति जानना। गोत्रकर्म के २, अन्तरायकर्म के ५ ये सब मिलकर सत्व प्रकृतियां १४८ जानना।

८. घाति या प्रकृति ४७ हैं - ज्ञानावरणीय के ५, दर्शनावरणीय के ९, मोहनीय के २८, अन्तराय के ५ ये ४७ जानना।

९. सर्वघातिया प्रकृति २१ हैं—केवल ज्ञानावरणीय १; दर्शनावरणीय के ६ (केवल दर्शनावरणीय १, निद्रा के ५ ये ६) कषाय १२ (अनंतानुबंधी कषाय ४। अप्रत्याख्यान कषाय ४, प्रत्याख्यान कषाय ४ ये १२) मिथ्यात्व १ ये २० प्रकृतियां बंध की अपेक्षा जानना और सम्यङ्मिथ्यात्व प्रकृति १ सत्ता और उदय की अपेक्षा से जानना। इस प्रकार सर्वघातिया प्रकृति २१ जानना।

सम्यङ्मिथ्यात्व प्रकृति को जात्यंतर सर्वघाति कहते हैं। कारण मिथ्यात्वादि प्रकृति के समान यह प्रकृति पूर्णरूप से घात नहीं करता है और यह प्रकृति बंधयोग्य नहीं है (देखो गो० क० गा० ३९।

१०. देशघाति प्रकृतियां २६ हैं—ज्ञानावरणीय के ४ (मति-श्रुत-अवधि मनः पर्यय ज्ञानावरणीय ये ४) दर्शनावरणीय के ३। (अचक्षुदर्शन, चक्षुदर्शन, अवधिदर्शन ये ३) सम्यक्त्व प्रकृति १, संज्वलन कषाय ४, नवनोकषाय ९, अन्तराय प्रकृति ५ ये २६ देशघाति प्रकृति जानना। (देखो गो० क० गा० ४०)।

११. अघाति प्रकृतियां १०१ हैं—वेदनीयकर्म के २, आयुकर्म के ४, नामकर्म के ९३, गोत्रकर्म के २ ये सब मिलकर १०१ होते हैं।

१२. प्रशस्त (पुण्यरूप) प्रकृतियां ६८ हैं — सातावेदनीय १, तिर्यंचायु १, मनुष्यायु १, देवायु १, उच्चगोत्र १, मनुष्यद्विक २, देवद्विक २, पंचेन्द्रिय जाति १, शरीर ५, बंधन ५, संघात ५, अंगोपांग ३, शुभ-स्पर्श-रस-गंध-वर्ण ये २०, समचतुरस्र संस्थान १, वज्रवृषभनाराच संहनन १, अगुरुलघु १, परघात १, उच्छ्वास १, आतप १, उद्योत १, प्रशस्तविहायोगति १, त्रस १, बादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक शरीर १, स्थिर १, शुभ १, सुभग १, सुस्वर १, आदेय १, यशः कीर्ति १, निर्माण १, तीर्थंकर १ इस प्रकार ६८ प्रकृतियां भेद की अपेक्षा से प्रशस्त पुण्यरूप हैं, अभेद विवक्षा से बंधन ५, संघात ५, स्पर्शादिक १६ ये २६ घटाने से ४२ प्रकृति प्रशस्त-पुण्यरूप जानना। तत्वार्थ सूत्र अ० ८ देखो। 'सद्वेद्यः शुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम् ॥२५॥' (देखो गो० क० गा० ४१-४२ और १६४)

१३. अप्रशस्त (पापरूप प्रकृतियां १०० हैं—घाति कर्म के सब ४७ प्रकृतियां अप्रशस्त ही है। असातावेदनीय १, नरकायु १, नीचगोत्र १, नरकद्विक २, तिर्यंचद्विक २, एकेन्द्रियादि जाति ४, न्यग्रोधपरिमंडलादि अंत्य के संस्थान ५, वज्रनाराचादि अंत्य के संहनन ५ अशुभ स्पर्श-रस-गंध-वर्ण ये २०, उपघात १, अप्रशस्त विहायोगति १, स्थावर १, सूक्ष्म १, अपर्याप्त १ साधारण शरीर १, अस्थिर १, अशुभ १, दुर्भग १, दुःस्वर १, अनादेय १, अयशः कीर्ति १ इस प्रकार से १०० प्रकृतियां उदयरूप अप्रशस्त है। भेदविवक्षा से बंधरूप ९८ प्रकृतियां है। कारण ४७ घातिया प्रकृतियों में सम्यङ्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व प्रकृति इन दो प्रकृतियों का बंध नहीं होता। अभेदविवक्षा से स्पर्शादि २० प्रकृतियों में से १६ प्रकृति घटाने से ८२ प्र० बंधरूप रहते हैं और उदयरूप १४ प्रकृति और सत्तारूप १०० प्रकृति रहते हैं। इनमें ६८ पुण्यप्रकृति मिलाने से १०० + ६८ = १६८ होते हैं। इनमें से पुण्य और पापरूप २० प्रकृतियां कम करने से १६८—२० = १४८ प्र० रहते हैं (देखो गो० क० गा० ४३-४४ और १६४)

१४. शुभ-अशुभ प्रकृतियां ६२ हैं—पुण्य

विपाकी अर्थात् पुद्गल में उदय होने वाले प्रकृति जानना। शरीर के ५, बंधन के ५, संघात के ५ संस्थान के ६, अंगोपांग के ३, संहनन के ६, स्पर्श ८, रस ५, गंध २, वर्ण ५ निर्माण १, आतप १, उद्योत १, स्थिर १, अस्थिर १, शुभ १, अशुभ १, प्रत्येक १, साधारण १, अगुरुलघु १, उपघात १, परघात १ ये सब मिलकर ६२ प्रकृति जानना।

१५. **भव विपाकी प्रकृतियां** ४ हैं—नरकायु १, तिर्यंच आयु १ मनुष्यायु १, देवायु १ ये ४ प्रकृति जानना।

१६. **क्षेत्र विपाकी प्रकृतियां** ४ हैं—नरकगत्यानुपूर्वी १, तिर्यंच गत्यानुपूर्वी १, मनुष्यगत्यानुपूर्वी १, देवगत्यानुपूर्वी १, ये ४ आनुपूर्वी प्रकृति जानना।

१७. **जीव विपाकी प्रकृतियां** ७८ हैं—घाति कर्म के प्रकृति ४७, वेदनीय के २, गोत्रकर्म के २, नामकर्म के २७ (तीर्थंकर प्र० १, उच्छ्वास १, बादर १, सूक्ष्म १, पर्याप्त १, अपर्याप्त १, सुस्वर १, दुःस्वर १, आदेय १, अनादेय १, यशः कीर्ति १, अयशः कीर्ति १, त्रस १, स्थावर १, प्रशस्त और अप्रशस्त विहायोगति २, सुभग १, दुर्भग १, गति ४, एकेन्द्रियादि जाति नामकर्म ", ये २७) ये सब मिलकर ७८ जानना।

इस प्रकार सब मिलकर ६२+४+४+७८= १४८ प्रकृति होते हैं। (देखो गो० क० गा० ४७ से ५१)

१८. **सादि-अनादि-ध्रुव-अध्रुव** रूप चारों प्रकार के बंध होने वाली प्रकृतियां—ज्ञानावरणीय ५, दर्शनावरणीय ६, मोहनीय २६, नामकर्म के ६७, गोत्रकर्म के २, अन्तराय के ५ ये ११४ प्रकृतियों का बंध चारों प्रकार का होता है।

१९ **अनादि-ध्रुव-अध्रुव** रूप तीन प्रकार का बंध वेदनीय कर्म का होता है। उपशम श्रेणी चढ़ते समय और नीचे उतरते समय सातावेदनीय का सतत बंध होता रहता है इसलिये सादि बंध नहीं होता।

२०. **सादि और अध्रुवरूप** दो प्रकारका बंध होने वाली प्रकृतियां—एक पर्याय में एक समय, दो समय, या उत्कृष्ट आठ समय में आयु कर्म का बंध होता है इसलिये सादि और हर समय (आयु कर्म के $\frac{2}{3}$ भाग में) अन्तर्मुहूर्त तक ही होता है इसलिये अध्रुव है।

२१ **सादि बंध**—ज्ञानावरण की पांच प्रकृतियों का बंध किसी जीव के १०वे गुण स्थान तक अव्याहत होता था, जब वह जीव ११वे गुण स्थान में गया तब बंध का अभाव हुआ, पीछे ११वे गुण० से च्युत होकर (पढ़कर) फिर १०वे गुण० में आया तब ज्ञानावरण की पांच कृतियों का पुनः बंध हुआ ऐसा बंध सादि बंध कहलाता है।

२२ **अनादि बंध**—दसवें गुण स्थान वाला जीव जब तक ११वे गुण० में प्राप्त नहीं हुआ तब तक ज्ञानावरण का अनादि काल से उसका बंध चला आता है इसलिये यह अनादि बंध है। (देखो गो० क० गा० १२२–१२३)

२३. **ध्रुव प्रकृतियां** ४७ हैं—बंधव्युच्छित्ति होने तक जिसका बंध समय समय को होता है वह ध्रुव बंध कहलाता है। इसका ध्रुव प्रकृति ४७ है। ज्ञानावरणीय के ५, दर्शनावरणीय के ६, मोहनीय के मिथ्यात्व १, नवनो कषायों में से भय और जुगुप्सा ये २ मिलकर १८, अंतराय के ५, और नामकर्म के ६ (तैजस १, कार्माण १, अगुरुलघु १, उपघात १, निर्माण १,

स्पश १, रस १, गंध १, वर्ण १ ये ९) सब मिलकर ४७ प्र० जानना ।

२४. **अध्रुव प्रकृतियां** ७३ हैं—जिसका बंध हर समय को नहीं होता है कभी कभी होता है उसको अध्रुव बंध कहते हैं । वे अध्रुव प्रकृति ७३ हैं । वेदनीय कर्म के २, मोहनीयों में स नोकषाय ७ (हास्य-रति, अरति-शोक, और वेद ३ ये ७) आयु कर्म के ४, गोत्रकर्म के २, नामकर्म के ५८ प्रकृति (गति ४, जाति नामकर्म ५, औदारिकद्विक २, वैक्रियिकद्विक २, आहारकद्विक २, संस्थान ६, संहनन ६, आनुपूर्वी ४, परघात १, आतप १, उद्योत १, उच्छ्वास १, विहायोगति २, त्रस १, स्थावर १, स्थिर १, अस्थिर १, शुभ १, अशुभ १, सुभग १, दुर्भग १, सुस्वर १, दुःस्वर १, आदेय १, अनादेय १, बादर १, सूक्ष्म १, पर्याप्त १, अपर्याप्त १, प्रत्येक शरीर १, साधारण शरीर १, यशः कीर्ति १, अयशः कीर्ति १, तीर्थकर १ ये ५८) सब मिलकर ७३ प्रकृति जानना ।

ऊपर के ४७ प्रकृतियों का बंध सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव इस प्रकार चारो ही प्रकार का होता है । परन्तु ७३ प्रकृतियों का बंध सादि और अध्रुव इन दो प्रकार का ही होता है । इस ७३ प्रकृतियों में ६२ प्रकृतियां सप्रतिपक्ष और ११ प्रकृतियां अप्रतिपक्ष होते हैं ।

अप्रतिपक्ष प्रकृति ११ हैं:—तीर्थंकर १, आहारकद्विक २, परघात १, आतप, १, उच्छ्वास १, आयुकर्म के ४, ये सब ११ प्र० जानना ।

सप्रतिपक्ष प्रकृति ६२ हैं—ऊपर के ७३ प्रकृतियों में से अप्रतिपक्ष के ११ प्रकृति घटाकर शेष ६२ प्रकृति जानना । जिसको प्रतिपक्षी है उसे सप्रतिपक्ष कहते हैं जैसे साता-असाता, शुभ अशुभ इत्यादि ।

अध्रुव ७३ प्रकृतियों में से ७ प्रकृति (तीर्थंकर १, आहारकद्विक २, आयु ४ ये ७) वें का निरन्तर बंध काल जघन्य एक अन्तर्मुहूर्त है, और ६६ प्रकृति ों का निरंतर बंध काल जघन्य एक समय मात्र है इसलिये इनको सादि और अध्रुव ऐसे दो प्रकार का ही बंध होता है ।
(देखो गो० क० गा० १२४–१२५–१२६)

२५-मूलोत्तर प्रकृतियों की स्थिति बंध को बतलाते हैं

(देखो गो० क० गा० १२७ से १३३ और १३६ से १४२ को० नं० ४१)

कर्म प्रकृतियां	उत्कृष्ट-स्थिति बंध	जघन्य स्थिति बंध	कर्म प्रकृतियां	उत्कृष्ट-स्थिति बंध	जघन्य स्थिति बंध
१. ज्ञानदरण के	३० कोडा कोडी	१ अंतर्मुहूर्त	प्रत्याख्यान के		
मति ज्ञानावरण	सागर		क्रोध १	४० को० को० सा०	२ महीने
श्रुत "	"	"	मान १	"	१ महीना
अवधि "	"	"			१५ दिन
मनः पर्यय "	"	"	माया १	"	१ अंतर्मुहूर्त
केवल "	"	"	लोभ १	"	
			संज्वलन के		
२. दर्शनावरण के	"	"	क्रोध १	४० को० को० सा०	२ महीने
अचक्षु दर्शन	"	"	मान १	"	१ महीना
चक्षु "	"	"	माया १	"	१५ दिन
अवधि "	"	"	लोभ १	"	१ अंतर्मुहूर्त
केवल "	"	"	नोकषाय के		
स्त्यान गृद्धि	"	"	हास्य १	१० को० को० सा०	
निद्रा निद्रा	"		रति १	"	
प्रचला प्रचला	"				
निद्रा	"		अरति १	२० को० को० सा०	
प्रचला	"		शोक १	"	
			भय १	"	
३. वेदनीय के		१२ मुहूर्त			
साता वेदनीय	१५ को० को० सा०	"	जुगुप्सा १	"	
असाता "	३० को० को० सा०		नपुंसक वेद १	"	
			स्त्री वेद १	१५ को० को० सा०	
४. मोहनीय के		१ अंतर्मुहूर्त	पुरुष वेद १	१० को० को० सा०	८ वर्ष
मिथ्यात्व १	७० को० को० सा०				
अनतानुबंधी के	४० को० को० सा०		५-आयुकर्म के		१ अंतर्मुहूर्त
क्रोध १	"	दो महिने	नरकायु १	३३ सागर	१० हजार वर्ष
मान १	"	एक महीना	तिर्यंचायु १	३ पल्य	१ अंतर्मुहूर्त
माया १	"	१५ दिन	मनुष्यायु १	३ पल्य	"
लोभ १	"	१ अंतर्मुहूर्त	देवायु १	३३ सागर	१० हजार वर्ष
अप्रत्याख्यान के					
क्रोध १	४० को० को० सा०	दो महीने	६. नाम कर्म के		८ मूहूर्त
मान १	"	१ महीना	नरकगति	२० को० को० सा०	
माया १	"	१५ दिन	तिर्यंचगति	"	
लोभ १	"	१ अंतर्मुहूर्त	मनुष्यगति	१५ को० को० सा०	

देवगति	१० को० को० सा०		उपघात	,,	
एकेन्द्रियजाति	१० को० को० सा०		परघात	,,	
द्वीन्द्रिय ,,	२८ को० को० सा०		उच्छ्वास	,,	
त्रीन्द्रिय ,,	,,		आतप	,,	
चतुरिन्द्रिय ,,	,,		उद्योत	,,	
पंचेन्द्रिय ,,	२० को० को० सा०		त्रस	,,	
औदारिक शरीर	,,		स्थावर	,,	
वैक्रियिक ,,	,,		बादर	,,	
आहारक ,,	अंत: को० को० सा०	अंत को० को०	सूक्ष्म	१८ को० को० सा०	
तैजस ,,	२० को० को० सा०	सागर	पर्याप्त	२० को० को० सा०	
कार्माण ,,	,,		अपर्याप्त	१८ को० को० सा०	
समचतुरस्र सं०	१० को० को० सा०		प्रत्येक शरीर	२० को० को० सा०	
न्यग्रोध प० सं०	१२ को० को० सा०		साधारण शरीर	१८ को० को० सा०	
स्वाति संस्थान	१४ को० को० सा०		स्थिर	१० को० को० सा०	
कुब्जक संस्थान	१६ को० को० सा०		अस्थिर	२० को० को० सा०	
वामन सस्थान	१८ को० को० सा०		शुभ	१० को० को० सा०	
हुंडक संस्थान	२० को० को० सा०		अशुभ	२० को० को० सा०	
औ-अंगोपांग	,,		सुभग	१० को० को० सा०	
वैक्रियिक ,,	,,		दुर्भग	२० को० को० सा०	
आहारक ,,	अंत को० को० सा०	अंत: को० को०	सुस्वर	१० को० को० सा०	
वज्रवृ० ना० संह०	१० को० को० सा०	सागर	दु:स्वर	२० को० को० सा	
वज्रनाराच संह०	१२ को० को० सा		आदेय	१० को० को० सा०	
नाराच संहनन	१४ को० को० सा०		अनादेय	२० को० को० सा०	
अर्धनाराच संह०	१६ को० को० सा०		यश: कीर्ति	१० को० को० सा०	८ मुहूर्त
कीलिनसंहनन	१८ को० को० सा०		अयश: कीर्ति	२० को० को० सा०	
असं० सृपा० संह०	२० को० को० सा		निर्माण	,,	
स्पर्श नामकर्म	,,		तीर्थंकर प्रकृति	अंत: को० को० सा०	अंत: को० को० सागर
रस ,,	,,		७. गोत्रकर्म के		
गंध ,,	,,		उच्चगोत्र	१० को० को० सा०	८ मुहूर्त
वर्ण ,,	,,		नीचगोत्र	२० को० को० सा०	
नरक गत्यानुपूर्व्य	,,		८-अंतराय के		१ अंतर्मुहूर्त
तिर्यंच ,,	,,		दानांतराय	३० को० को० सा०	,,
मनुष्य ,,	१५ को० को० सा०		लाभांतराय	,,	,,
देव ,,	१० को० को० सा०		भोगांतराय	,,	,,
प्रशस्त विहा०	,,		उपभोगांतराय	,,	,,
अप्रशस्त विहा०	२० को० को० सा०		वीर्यांतराय	,,	,,
अगुरु लघु	,,				

सूचना—तीन शुभ आयु के सिवाय शेष कर्मों का उत्कृष्ट स्थितिबंध संज्ञीपंचेन्द्रिय पर्याप्त के उसमें भी योग्य (तीव्र कषायरूप उत्कृष्ट संक्लेश-परिणामों वाला ही जीव अधिक स्थिति के योग्य कहा गया है) जीव के ही होता है, हर एक के नहीं होता (देखो गो० क० गा० १३३)

२५-मूलोत्तर प्रकृतियों की स्थिति बंध को बतलाते हैं

(देखो गो० क० गा० १२७ से १३३ और १३६ से १४२ को० नं० ४१)

कर्म प्रकृतियां	उत्कृष्ट-स्थिति बंध	जघन्य स्थिति बंध	कर्म प्रकृतियां	उत्कृष्ट-स्थिति बंध	जघन्य स्थिति बंध
१. ज्ञानवरण के	३० कोडा कोडी	१ अंतर्मुहूर्त	प्रत्याख्यान के		
मति ज्ञानावरण	सागर		क्रोध १	४० को० को० सा०	२ महीने
श्रुत "	"	"	मान १	"	१ महीना
अवधि "	"	"			१५ दिन
मनः पर्यय "	"	"	माया १	"	१ अंतर्मुहूर्त
केवल "	"	"	लोभ १	"	
			संज्वलन के		
२. दर्शनावरण के	"	"	क्रोध १	४० को० को० सा०	२ महीने
अचक्षु दर्शन	"	"	मान १	"	१ महीना
चक्षु "	"	"	माया १	"	१५ दिन
अवधि "	"	"	लोभ १	"	१ अंतर्मुहूर्त
केवल "	"	"	नोकषाय के		
स्त्यान गृद्धि	"	"	हास्य १	१० को० को० सा०	
निद्रा निद्रा	"		रति १	"	
प्रचला प्रचला	"				
निद्रा	"		अरति १	२० को० को० सा०	
प्रचला	"		शोक १	"	
			भय १	"	
३. वेदनीय के		१२ मुहूर्त			
साता वेदनीय	१५ को० को० सा०	"	जुगुप्सा १	"	
असाता "	३० को० को० सा०		नपुंसक वेद १	"	
			स्त्री वेद १	१५ को० को० सा०	
४. मोहनीय के		१ अंतर्मुहूर्त	पुरुष वेद १	१० को० को० सा०	८ वर्ष
मिथ्यात्व १	७० को० को० सा०				
अनतानुवंधी के	४० को० को० सा०		५-आयुकर्म के		१ अंतर्मुहूर्त
क्रोध १	"	दो महिने	नरकायु १	३३ सागर	१० हजार वर्ष
मान १	"	एक महीना	तिर्यंचायु १	३ पल्य	१ अंतर्मुहूर्त
माया १	"	१५ दिन	मनुष्यायु १	३ पल्य	"
लोभ १	"	१ अंतर्मुहूर्त	देवायु १	३३ सागर	१० हजार वर्ष
अप्रत्याख्यान के					
क्रोध १	४० को० को० सा०	दो महीने	६. नाम कर्म के		८ मुहूर्त
मान १	"	१ महीना	नरकगति	२० को० को० सा०	
माया १	"	१५ दिन	तिर्यंचगति	"	
लोभ १	"	१ अंतर्मुहूर्त	मनुष्यगति	१५ को० को० सा०	

देवगति	१० को० को० सा०		उपघात	,,	
एकेन्द्रियजाति	१० को० को० सा०		परघात	,,	
द्वीन्द्रिय ,,	२५ को० को० सा०		उच्छ्वास	,,	
त्रीन्द्रिय ,,	,,		आतप	,,	
चतुरिन्द्रिय ,,	,,		उद्योत	,,	
पंचेन्द्रिय ,,	२० को० को० सा०		त्रस	,,	
औदारिक शरीर	,,		स्थावर	,,	
वैक्रियिक ,,	,,		बादर	,,	
आहारक ,,	अंत: को० को० सा०	अंत को० को०	सूक्ष्म	१८ को० को० सा०	
तैजस ,,	२० को० को० सा०	सागर	पर्याप्त	२० को० को० सा०	
कार्माण ,,	,,		अपर्याप्त	१८ को० को० सा०	
समचतुरस्र सं०	१० को० को० सा०		प्रत्येक शरीर	२० को० को० सा०	
न्यग्रोध प० सं०	१२ को० को० सा०		साधारण शरीर	१८ को० को० सा०	
स्वाति संस्थान	१४ को० को० सा०		स्थिर	१० को० को० सा०	
कुब्जक संस्थान	१६ को० को० सा०		अस्थिर	२० को० को० सा०	
वामन संस्थान	१८ को० को० सा०		शुभ	१० को० को० सा०	
हुंडक संस्थान	२० को० को० सा०		अशुभ	२० को० को० सा०	
औ-अंगोपांग	,,		सुभग	१० को० को० सा०	
वैक्रियिक ,,	,,		दुर्भग	२० को० को० सा०	
आहारक ,,	अंत को० को० सा०	अंत: को० को०	सुस्वर	१० को० को० सा०	
वज्रवृ० ना० संह०	१० को० को० सा०	सागर	दु:स्वर	२० को० को० सा०	
वज्रनाराच संह०	१२ को० को० सा०		आदेय	१० को० को० सा०	
नाराच संहनन	१४ को० को० सा०		अनादेय	२० को० को० सा०	
अर्धनाराच संह०	१६ को० को० सा०		यश: कीर्ति	१० को० को० सा०	८ मुहूर्त
कीलिनसंहनन	१८ को० को० सा०		अयश: कीर्ति	२० को० को० सा०	
असं० सृपा० संह०	२० को० को० सा०		निर्माण	,,	
स्पर्श नामकर्म	,,		तीर्थंकर प्रकृति	अंत: को०को० सा०	अंत: को० को० सागर
रस ,,	,,		७. गोत्रकर्म के		
गंध ,,	,,		उच्चगोत्र	१० को० को० सा०	८ मुहूर्त
वर्ण ,,	,,		नीचगोत्र	२० को० को० सा०	
नरक गत्यानुपूर्व्य	,,		८-अंतराय के		१ अंतर्मुहूर्त
तिर्यंच ,,	,,		दानांतराय	३० को० को० सा०	,,
मनुष्य ,,	१५ को० को० सा०		लाभांतराय	,,	,,
देव ,,	१० को० को० सा०		भोगांतराय	,,	,,
प्रशस्त विहा०	,,		उपभोगांतराय	,,	,,
अप्रशस्त विहा०	२० को० को० सा०		वीर्यांतराय	,,	,,
अगुरु लघु	,,				

सूचना—तीन शुभ आयु के सिवाय शेष कर्मों का उत्कृष्ट स्थितिबंध संज्ञीपंचेन्द्रिय पर्याप्त के उसमें भी योग्य (तीव्र कषायरूप उत्कृष्ट संक्लेश-परिणामों वाला ही जीव अधिक स्थिति के योग्य कहा गया है) जीव के ही होता है, हर एक के नहीं होता (देखो गो० क० गा० १३३)

२६–उदय व्युच्छित्ति के पहले बंध व्युच्छित्ति जिनके होवे वे प्रकृतियां ८१ हैं —

प्रकृति	बंधव्युच्छित्ति गुणस्थान	उदयव्यु० गुण०
ज्ञानावरणीय के ५,	१०वां गुण० में	१२वां गुण० में
दर्शनावरणीय के ६, में से अचक्षु, चक्षु, अवधि, केवल द० ४.	१०वां गुण० में	१२वां गुण० में
स्त्यानगृ०, निद्रा निद्रा, प्रचला-प्रचला ये ३ महानिद्रा ।	२रे गुणा० में	६वां गुण० में
निद्रा, प्रचला ये २ ।	८वां गुण० के प्रथम भाग में	१२वां गुण० में
असातावेदनीय १,	६वां गुण० में	१३–१४ गुण०
साता वेदनीय १,	१३वां गुण० में	,,
मोहनीय के संज्वलन लोभ १,	६वां गुण० के ५वां भाग में	१०वां गुण० मे
,, स्त्रीवेद १,	२रे गुण० में	६ ,,
,, नपुंसकवेद १,	१के गुण० में	६ ,,
,, अरतिशोक ये २,	६वें ,,	८ ,,
आयुकर्म के नरकायु १,	१ले ,,	४थे ,,
,, तिर्यंचायु १,	२रे ,,	२रे ,,
,, मनुष्यायु १,	४थे ,,	१४वे ,,
नामकर्म के नरकगति १,	१ले गुण० में	४थे गुण में
,, तिर्यंचगति १,	२रे ,,	५वे ,,
,, मनुष्यगति १,	४थे ,,	१४वे ,,
नामकर्म के पंचेन्द्रिय जाति १,	८वां गुण० के ६वां भाग में	,, ,,
,, औदारिक शरीर १,	४थ गुण ०में	१३वे ,,
,, तैजस-कार्माण शरीर २,	८वां गुण० के ६वां भाग में	,, ,,
,, असंप्राप्तासृपाटिका संहनन १,	१ले गुण० में	७वे ,,
,, वज्रनाराच संहनन १,	२रे गुण० में	११वे ,,
,, नाराच संहनन १,	२रे गुण० में	११वे ,,
,, अर्धनाराच संहनन १,	२रे गुण० में	७वे ,,
,, कीलक संहनन १,	२रे ,,	७वे ,,
,, वज्रवृषभ नाराच सं० १,	४थे ,,	१३वे ,,
,, औदारिक अंगोपांग १,	४थे ,,	,, ,,
,, हुंडक संस्थान १,	१ले ,,	,, ,,
,, न्यग्रोध०, स्वाति०, कुब्जक०, वामन सं० ४	२रे ,,	,, ,,
,, समचतुरस्र सं० १,	८वां गुण० के ६वां भाग में	,, ,,
,, स्पर्श, रस, गन्ध वर्ण ४	,, ,,	,, ,,
,, नरकगत्यानुपूर्वी १,	१ले गुण० में	४थे ,,
,, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी १,	२रे ,,	,, ,,
,, अगुरुलघु, उपघात, परघात ये ३,	८वां गण० के ६वां भाग में	१३वे ,,
,, उद्योत प्रकृति १,	२रे गुण में	५वे ,,
,, उच्छ्वास १,	८वां गुण० के ६वां भाग में	१३वे ,,
,, प्रशस्तविहायोगति १,	,, ,,	,, ,,
,, अप्रशस्तविहायोगति १,	२रे गुण० में	,, ,,
,, त्रस, बादर, पर्याप्त ये ३,	८वां गुण० के ६वां भाग में	१४वे ,,
,, प्रत्येक शरीर, स्थिर ये २,	,, ,,	१३वे ,,

" अस्थिर प्रकृति १	६वें गुण० में	" "
" शुभ प्र० १	८वां गुण० के ६वां भाग में	" "
" अशुभ प्र० १	६वें गुण० में	" "
" सुभग प्र० १	८वां गुण० के ६वां भाग में	१४वें "
" दुर्भग प्र० १	२रे गुण० में	४थे "
" सुस्वर १	८वां गुण० के ४वां भाग में	१३वें "
" दुःस्वर १	२रे गुण० में	" "
" आदेय	८वां गुण० के ६वां भाग में	१४वें "
" अनादेय १	२रे गुण० में	४थे "
" यश: कीर्ति १	१०वां गुणां में	१४वें "
" निर्माण १	८वां गुण० के ६वां भाग में	१३वें "
" तीर्थंकर प्रकृति १	" "	१४वें "
गोत्रकर्म उच्चगोत्र १	१०व गुण० में	१४वें "
" नीचगोत्र १	२रे गुण० में	५वें "
अन्तराय कर्म के प्रकृति ५,	१०वें गुण०	१२वें "
इस प्रसकार ५+९+२+५+३+		
५०+२+५=८१ प्रकृति जानना		

२७. उदय व्युच्छित्ति के बाद बन्ध व्युच्छित्ति जिनके होवे वे प्रकृतियां ८ हैं—

प्रकृति	उदय व्युच्छित्ति गुण०	बंध व्यु० गुण०
आयु कर्म के देवायु १	४थे गुण० में	७वें गुण० में
नामकर्म के देवगति १	" "	८वां गुण० के
" देवगत्यानुपूर्वी १	" "	६वां भाग में जानना
" वैक्रियिक शरीर १	" "	
" वै० अगोपांग १	" "	
" आहारकद्विक २	६वें गुण० में	"
" अयश: कीर्ति १	४थे गुण० में	६व गुण० में
इस प्रकार १+७=८ प्रकृति जानना		

२८. उदय व्युच्छित्ति और बन्ध व्युच्छित्ति जिनके एक साथ (एक ही गुण स्थान में) होता है वे प्रकृतियां ३१ हैं—

मोहनीय कर्म के २१ प्रकृतियां—	गुण० का नाम
मिथ्यात्व १	१ले गुण०
अनन्तानुबन्धी—क्रोध-मान-माया-लोभ ४	२रे गुण०
अप्रत्याख्यान " " " " ४	४थे गुण०
प्रत्याख्यान " " " " ४	५वें गुण०
संज्वलन कषाय— क्रोध-मान-माया ये ३	६वें गुण०
हास्य-रति, भय-जुगुप्सा ये ४	८वें गुण०
पुरुषवेद १	९वें गुण०
नाम कर्म के १९ प्रकृतियां—	
आतप १, स्थावर १, सूक्ष्म १, अपर्याप्तक १, साधारण १, एकेंद्रियादि	
जाति ४, से ९ प्रकृति	१ले गुण०
मनुष्यगत्यानुपूर्वी १	४थे गुण०
इस प्रकार २१+१०=३१ प्रकृति जानना।	
(देखो गो० क० ग० ३९९-४००-४०१)	

२९. जिस प्रकृति का उदय होता है उसका उस ही समय मे बंध होता है ऐसी प्रकृतियां २७ हैं—

ज्ञानावरणीय के ५, दर्शनावरणीय के ४, मोहनीय मिथ्यात्व प्र० १, नामकर्म के १२ (तैजस-कार्माण २, स्पर्शादि ४, स्थिर-अस्थिर २, शुभ-अशुभ २, अगुरुलघु १, निर्माण १ ये १२) अन्तराय के ५, इस प्रकार ५+४+१+१२+५=२७ जानना।

३० एक प्रकृति का उदय होता हुआ दूसरे प्रकृति का बंध होता है ऐसी प्रकृतियां ११ है—

आयु कर्म के २ (देवायु, नरकायु ये २) नामकर्म के ९, (तीर्थंकर प्रकृति १, वैक्रियिक द्विक २, देवद्विक २, नरकद्विक २, आहारकद्विक २, ये ९) इस प्रकार २+९=११ जानना।

३१. आपका अथवा अन्य प्रकृति का उदय होता हुआ अथवा नहीं हो तो भी जिस प्रकृति का बंध होता है ऐसी प्रकृतियां ८२ हैं—

दर्शनावरणीय के स्त्थानगृद्धि आदि ५ प्रकृति, वेदनीय के २, मोहनीय के २५ (कषाय १६ नोकषाय ९ ये २५) आयु कर्म के २ (मनुष्यायु, तिर्यंचायु ये २) नामकर्म ४६ (तिर्यंच गति १, मनुष्यगति १, एकेन्द्रियादि जाति ५, औदारिक शरीर १, औ० अंगोपांग १, संहनन ६, संस्थान ६, तिर्यंच गत्यानुपूर्वी १, मनुष्य गत्यानुपूर्वी १, उपघात १, परघात १, आतप १, उद्योत १, उच्छ्वास १, विहायोगति २, त्रस १, स्थावर १, बादर १, सूक्ष्म १, पर्याप्त १, अपर्याप्त १, प्रत्येक १, साधारण १, सुभग १, दुर्भग १, सुस्वर १, दुःस्वर १, आदेय १, अनादेय १, यशः कीर्ति १, अयशः कीर्ति १, ये ४६) गोत्र कर्म के (उच्चगोत्र, नीचगोत्र) इस प्रकार ५+२+२५+२+४६+२=८२ जानना, (देखो गो० क० गा० ४०२-४०३)।

३२. निरन्तर बन्ध होने वाली प्रकृतियां ५४ हैं—

ज्ञानावरणीय के ५, दर्शनावरणीय के ९, मोहनीय के १९ (मिथ्यात्व प्रकृति १, कषाय १६, भय-जुगुप्सा २ ये १९) आयु कर्म के ४, नामकर्म के १२ (तैजस १, कार्माण १, अगुरुलघु १, उपघात १, निर्माण १, स्पर्शादि ४, तीर्थंकर १, आहारकद्विक २ ये १२) अंतराय कर्म के ५, इस प्रकार ५+९+१९+४+१२+५=५४ जानना)।

इनमें ४७ प्रकृति ध्रुवोदयी अर्थात् उदय व्युच्छित्ति तक सतत उदय होने वाली हैं। उनका नाम—ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण ९, अंतराय ५, मिथ्यात्व १, कषाय १६, भय-जुगुप्सा २, तैजस १, कार्माण १, अगुरुलघु १, उपघात १, निर्माण १, स्पर्शादि ४ ये ४७ अध्रुवोदयी प्रकृति ७ है (तीर्थंकर १, आहारद्विक २, आयु ४, ये ७) इस प्रकार ४७+७=५४ जानना।

तीर्थंकर प्रकृति और आहारकद्विक इनका बन्ध जिस गुण स्थान में प्रारम्भ होता है उस गुण स्थान में निरन्तर (प्रत्येक समय में) बंध होता रहता है इसलिये इसको निरन्तर बन्ध कहा है।

आयुर्बंध होने का काल एक अन्तर्मुहूर्त का है उस एक अन्तर्मुहूर्त में बंध हो तो वह अन्तर्मुहूर्त पूर्ण होने तक आयु का बंध सतत होता रहता है इसलिये उसको निरन्तर बंध कहा है आयु बंध का काल १, अपकर्षण में में कभी भी आता है।

३३. सान्तर बंध प्रकृतियां अर्थात् जिनका बंध कभी होता है और कभी नहीं भी होता है ऐसी प्रकृतियां ३४ हैं—

असाता वेदनीय १, मोहनीय के ४ (नपुंसक वेद १, स्त्रीवेद १, अरति १, शोक १, ये ४) नाम कर्म के २९ (नरकद्विक २, एकेन्द्रियादि जाति ४, वज्र वृषभ नाराच बिना शेष संहनन ५, समचतुरस्र बिना शेष संस्थान ५, अप्रशस्त विहायोगति १, आतप १, उद्योत १, स्थावर दशक १०, स्थावर १, सूक्ष्म १, अपर्याप्त १, साधारण १, अस्थिर १, अशुभ १, दुर्भग १, दुःस्वर १, अनादेय १, अयशः कीर्ति १: ये १०) इस प्रकार १+४+२९=३४ जानना।

३४ निरन्तर और सान्तर बंध होने वाली प्रकृतियां ३२ हैं—

साता वेदनीय १, हास्य-रति २, पुरुष वेद १, नाम कर्म के २६ (तिर्यंचद्विक २, मनुष्यद्विक २, देवद्विक २,

औदारिक शरीर १, औदारिक अंगोपांग १, वैक्रियिक द्विक २, प्रशस्त विहायोगति १, वज्र वृषभनाराच संहनन १, परघात १, उच्छ्वास १, समचतुरस्र-संस्थान १, पंचेन्द्रिय जाति १, त्रसदशक १ (त्रस १, बादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक १, स्थिर १, शुभ १, सुभग १, सुस्वर १, आदेय १, यशः कीर्ति १ ये १०) गोत्रद्विक २ इस प्रकार १+३+१६+२=३२ जानना।

ऊपर के ३२ प्रकृतियों में जिस प्रकृति के प्रतिपक्षी प्रकृति का बंध संभवनीय हो इस प्रकृति का बंध सान्तर होगा और प्रतिपक्षी प्रकृति की बंध व्युच्छित्ति जहां होगी या हो गई हो वहां उस प्रकृति का बंध निरन्तर प्रतिपक्षी प्रकृति की बंध व्युच्छित्ति होने के बाद उस सान्तर बंध होने वाली प्रकृतियों की बंध व्युच्छित्ति होने तक सान्तर के बदले निरन्तर बंध होता रहेगा।

स्वजातीय अन्य अन्य प्रकृतियों का जहां बंध हो सकता है वहां उस प्रकृति को सप्रतिपक्षी प्रकृति कहना चाहिये और वहां तक ही वह प्रकृति सान्तर बंधी रहती है और जहां केवल आपका ही बंध होता रहेगा वहां निष्प्रति पक्षी प्रकृति कहना चाहिये और उस समय वह निरन्तर बंधी रहती है।

उदय बंधो ३२ प्रकृतियों के सान्तर निरन्तर बंध का विवरण गो० क० गा० ४०४ से ४०७ और कोष्टक नं० १४१ देखो।

३५ उद्वेलन प्रकृतियां १३ हैं—

आहारकद्विक २, सम्यक्त्व प्रकृति १, सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृति १, देवद्विक २, नरक चतुष्क (नरक गति १, नरक गत्यानुपूर्वी १, वैक्रियिक शरीर १, वैक्रियिक अंगोपांग १ ये ४) उच्चगोत्र १, मनुष्य गति १, मनुष्य गत्यानुपूर्वी १ ये १३ प्रकृतियां क्रम से जीवों के उद्वलन को जाती है। (देखो गो क० गा० ३५०-४१५)

उद्वेलन का स्वरूप—आठ देकर बांधी हुई रस्सी का आट जिस प्रकार उकेल दिया जाय उसी प्रकार बंधी हुई कर्म प्रकृति को अन्य रूप से परिणमन करके उसका नाश करना उसको उद्वेलन कहते हैं।

मिथ्यात संक्रमण की प्रकृतियां ६७ हैं—

स्त्यानगृद्धि आदि महानिद्रा ३, असातावेदनीय १, मोहनीय के १८ (अनन्तानुबंधी कषाय ४, अप्रत्याख्यान कषाय ४, प्रत्याख्यान कषाय ४, अरति-शोक २, नपुंसक वेद १, स्त्रीवेद १, मिथ्यात्व प्रकृति १, सम्यग्मिथ्यात्व १ ये १८) नाम कर्म ४३ (तिर्यंचद्विक २, एकेन्द्रिय आदि जाति ४, आतप १, उद्योत १, स्थावर १, सूक्ष्म १, साधारण १, अप्रशस्त विहायोगति १, वज्रवृषभनाराच संहनन यह छोड़कर शेष संहनन ५, समचतुरस्र संस्थान छोड़कर शेष संस्थान ५, अपर्याप्त १, अस्थिर १, अशुभ १, दुर्भग १, दुःस्वर १, अनादेय १, अयशः कीर्ति १, आहारकद्विक २, देवद्विक २, नरकद्विक २, वैक्रियिकद्विक २, मनुष्यद्विक २, औदारिकद्विक २, वज्रवृषभनाराच संहनन १, तीर्थंकर प्र० १, ये ४३) नीचगोत्र १, उच्चगोत्र १ ये २ सब मिलकर ६७ जानना।

३७. अधः प्रकृति संक्रमण की प्रकृतियां १२१ हैं—

ज्ञानावरण के ५, दर्शनावरण के ६, वेदनीय २ मोहनीय के २७ (मिथ्यात्व प्रकृति १ छोड़कर शेष २७) नाम कर्म के ७१ (पंचेन्द्रिय जाति १, तैजस शरीर १, कार्माण शरीर १, समचतुरस्रसंस्थान १, शुभवर्णादि ४, अगुरुलघु १, परघात १, उच्छ्वास १, प्रशस्त विहायोगति १, त्रस १, बादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक शरीर १, स्थिर १, शुभ १, सुभग १, सुस्वर १, आदेय १, यशः कीर्ति १, निर्माण १, एकेन्द्रियादि जाति ४, आतप १, उद्योत १, स्थावर १, सूक्ष्म १, साधारण १, तिर्यंचद्विक २, अशुभवर्णादि ४, उपघात १, अप्रशस्त विहायोगति १, वज्रवृषभनाराच सहनन छोड़कर शेष संहनन ५, समचतुरस्रसंस्थान छोड़कर शेष संस्थान ५, अपर्याप्त १, अस्थिर १, अशुभ १, दुर्भग १, दुःस्वर १, अनादेय १, अयशः कीर्ति १, आहारकद्विक २, देवद्विक २, नरकद्विक २, वैक्रियिकद्विक २, मनुष्यद्विक २, औदारिकद्विक २, वज्रवृषभ-

नाराच संहनन १, तीर्थंकर प्रकृति १ ये ७१) गोत्रकर्म के २, अन्तराय ५, ये १२१ जानना।

३८. गुण संक्रमण प्रकृतियां ७५ हैं—

स्थानगृद्धि आदि महानिद्रा ३, प्रचला १, असाता वेदनीय १, मोहनीय २३, (अनन्तानुबन्धी ४, अप्रत्याख्यान ४, प्रत्याख्यान ४, अरति-शोक २, नपुंसक वेद १, स्त्रीवेद १, मिथ्यात्व १, सम्यक्त्व प्रकृति १, सम्यग्मिथ्यात्व १, हास्य रति २, भय-जुगुप्सा २, ये २३) नामकर्म के ४४ (तिर्यंचद्विक २, एकेन्द्रियादि जाति ४, आतप १, उद्योत १, स्थावर १, सूक्ष्म १, साधारण १, अशुभवर्णादि ४, उपघात १, वज्रवृषभ नाराच संहनन छोड़कर शेष संहनन ५, समचतुरस्रसंस्थान छोड़कर शेष संस्थान ५, अप्रशस्त विहायोगति १, अपर्याप्त १, अस्थिर १, अशुभ १ दुर्भग १, दुःस्वर १, अनादेय १, अयशः कीर्ति १ आहारकद्विक २, देवद्विक २, नरकद्विक २, वैक्रियिकद्विक २, मनुष्यद्विक २, ये ४४) गोत्र कर्म के २, ये सब मिलकर ७५ जानना। (देखो गो० क० गा० ४१६ से ४२८)

३९. सर्व संक्रमण प्रकृतियां ५२ हैं—

स्थानगृद्धि आदि महानिद्रा ३, मोहनीय के २७ (संज्वलन लोभ १ छोड़कर शेष २७) नामकर्म के २१ (तिर्यंचद्विक २, एकेन्द्रियादि जाति ४, आतप १, उद्योत १, स्थावर १, सूक्ष्म १, साधारण १, आहारकद्विक २, देवद्विक २, नरकद्विक २, वैक्रियिक २ मनुष्यद्विक २ ये ये २१) उच्चगोत्र १ ये ५२ जानना।

अथवा

तिर्यक् एकादश ११, उद्वेलन की १३, संज्वलन लोभ १, सम्यक्त्व मोहनीय १, मिश्र मोहनीय १ इन तीन के विना मोहनीय की २५ और स्थानगृद्धि आदि ३ इन सब ५२ प्रकृतियों में सर्वसंक्रमण होता है। (देखो गो० क० गा. ४१७)

४०. तिर्यगेकादश प्रकृतियां अर्थात् सर्व संक्रमण प्रकृतियों में जिनका उदय तिर्यग गति में ही पाया जाता है उन ११ प्रकृतियों के नाम—तिर्यंचद्विक २, एकेन्द्रियादि जाति ४, आतप १, उद्योत १, स्थावर १, सूक्ष्म १, साधारण १ ये तिर्यक् ११ प्रकृतियां हैं अर्थात् इनका उदय तिर्यंचों में ही होता है इसलिये इनका नाम 'तिर्यगेकादश' ऐसा है। (देखो गो० क० गा० ४१४)

—:o:—

कर्म कांड शक्ति की विशेषता की कुछ ज्ञातव्य बातें

१. प्रकृति शब्द का अर्थ कारण के विना वस्तु का जो सहज स्वभाव होता है उस को प्रकृति कहते हैं, उसको शील या स्वभाव भी कहते हैं। जैसे कि जल का स्वभाव नीचे को गमन करना है, प्रकृत में यह स्वभाव जीव तथा कर्म का ही लेना चाहिये इन दोनों में से जीव का स्वभाव रागादिरूप परिणमने (हो जाने) का है और कर्म का स्वभाव रागादिरूप परिणमानने का है तथा दोनों का सम्बन्ध कनक पाषाणवत् स्वयं सिद्ध है (देखो गो० क० गा० २)

२. समय प्रबद्ध—सिद्ध राशि के जो कि अनन्तानन्त प्रमाण कही है, उसके अनन्त में भाग और अभव्य राशि जो जघन्ययुक्तानन्त प्रमाण है उससे अनन्त गुणे परमाणु समूह को यह आत्मा एक एक समय में बांधता है, अपने साथ संबद्ध करता है इसको समय प्रबद्ध कहते हैं, योगों की विशेषता से विसदृश बंध भी होता है सारांश—परिणामों में कषाय की तीव्र तथा मन्दता से कर्म परमाणु भी ज्यादा या कम बंधते हैं, जैसे कम-अधिक चिकनी दीवार पर धूलि कम-अधिक लगती है। (देखो गो क० गा० ४)

३. दर्शनमोहनीय के भेदों से पांच निद्राओं का कार्य स्वरूप—

(१ स्थानगृद्धि—इस कर्म के उदय से उठाया हुआ भी सोता ही रहे, उस नींद में ही अनेक कार्य करे तथा कुछ बोले भी परन्तु सावधानी न होय।

(२) निद्रा निद्रा—इस कर्म के उदय से अनेक तरह से सावधान किया हुआ भी आंखों को नहीं उघाड़ सकता है।

(३) प्रचला-प्रचला—इस कर्म के उदय से मुख से लार बहती है और हाथ पैर वगैरह अंग चलते हैं, किन्तु सावधान नहीं रहता।

(४) निद्रा—इस कर्म के उदय से गमन करता हुआ भी खड़ा हो जाता है, बैठ जाता है, गिर पड़ता है इत्यादि क्रिया करता है

(५) प्रचला—इस कर्म के उदय से यह जीव कुछ कुछ आंखों को उघाड़कर सोता है और सोता हुआ भी थोड़ा-थोड़ा जानता है, पुनः-पुनः जागता है अर्थात् बार-बार मन्द शयन करता है यह निद्रा श्वान के समान है, सब निद्राओं में से उत्तम है।

इन पांच निद्राओं में से प्रथम की तीन निद्राओं को 'महानिद्रा' कहते हैं।

(देखो गो० क० गा० २३-२४-२५)

४. शरीर में अंगोपांग—कौन कौन से हैं?

नलकौ बाहु च तथा नितम्ब पृष्ठे उरश्च शीर्षे च।
अष्टैव तु अङ्गानि देहे शेषाणि उपाङ्गानि ॥२८॥

अर्थ—दो पैर, दो हाथ, नितम्ब-कमर के पीछे का भाग, पीठ, हृदय और मस्तक ये आठ शरीर में अंग हैं और दूसरे सब नेत्र, कान, वगैरह उपाङ्ग कहे जाते हैं (देखो गो० क० गा० २८)

५. संहनन ६ हैं—वज्रवृषभ नाराच, वज्र-नाराच, अर्धनाराच, कीलित (कीलक), असंप्राप्तासृपाटिका संहनन ये ६ हैं?

प्रश्न

किस किस संहनन वाले जीव—

६वें अ० सृपाटिका संहनन वाले जीव

उत्तर

कौन-कौन गति में उत्पन्न होते हैं?

१ले स्वर्ग से ८वें स्वर्ग तक चार युगलों में उत्पन्न होते हैं

५वे कीलित संहनन वाले जीव	९ से १२वे स्वर्ग तक अर्थात् ५वे ६ठे युगल में उत्पन्न होते हैं
४थे अर्धनाराच संहनन वाले जीव	१३ से १६वे स्वर्ग तक अर्थात् ७वे ८वे युगल मे उत्पन्न होते हैं
१ले २रे ३रे नाराच तक इन तीन संहनन वाले जीव	नव ग्रैवेयिक तक जाता है
१ले २रे वज्रवृषभनाराच, वज्रवृषभनाराच इन दो संहनन वाले जीव	नव अनुदिश तक जाता है
१ले वज्रभनाराच संहनन वाले जीव	पांच अनुत्तर विमान तक जाता है

यदि नरक में जन्म लेवें तो

प्रश्न	उत्तर
छह संहनन वाले संज्ञी जीव	तीसरे नरक तक जाते हैं
६वे अ० सृपाहिका छोड़कर शेष पांच संहनन वाले जीव	पांचवीं नरक की पृथ्वी तक उपजते हैं
१ से ४ अर्थात् अर्ध नाराच संहनन तक के चार संहनन वाले जीव	छटी पृथ्वी तक उत्पन्न होते हैं
१ले वज्रवृषभ नाराच संहनन वाले जीव	सातवीं पृथ्वी तक उत्पन्न होते हैं

(देखो गो० क० गा० २९-३०-३१)

६. कर्म भूमि की स्त्रियों के अन्त के तीन अर्ध-नाराच, कीलित, असंप्राप्ता सृपाटिका सहननों का ही उदय होता है आदि के तीन वज्रवृषभ नाराचादि संहनन कर्म भूमि की स्त्रियों के नहीं होते।
(देखो गो० क० गा० ३२)

७. आतप और उद्योत प्रकृति का लक्षण—आतप प्रकृति का उदय अग्निकाय में भी होना चाहिये, ऐसा कोई भ्रम कर सकता है। क्योंकि जो संताप करे अर्थात् उष्णपने से जलावे वह आतप कहा जाता है, अतः भ्रम के दूर करने के लिये अग्नी से भिन्न आतप का लक्षण कहते हैं। आग के मूल और प्रभा दोनों ही उष्ण रहते हैं, इस कारण उसके स्पर्श नाम कर्म के भेद उष्ण स्पर्श नाम कर्म का उदय जानना और जिसकी केवल प्रभा (किरणों का फैलाव) ही उष्ण हो उसको आतप कहते हैं इस आतप नाम कर्म का उदय सूर्य के विम्ब (विमान) में उत्पन्न हुये बादर पर्याप्त पृथ्वीकाय के तिर्यंच जीवों के समझना तथा जिसकी प्रभा भी उष्णता रहित हो उसको नियम से उद्योत जानना।

८. कर्म बंध का स्वरूप—कर्मों का और आत्मा का दूध और पानी की तरह आपस में एक रूप हो जाना यही बंध है, जैसे योग्यपात्र में रक्खे हुये अनेक तरह के रस, बीज, फूल तथा फल सब मिलकर मदिरा (शराब) भाव को प्राप्त होते हैं उसी प्रकार कर्म रूप होने योग्य कर्माण-वर्गणा नाम के पुद्गल द्रव्य योग और क्रोधादिकषाय का निमित्त पाकर कर्म भाव को प्राप्त होते हैं, तभी उन में कर्मपने की सामर्थ्य भी प्रगट होती है, जीव के एक समय में होने वाले अपने एक ही परिणाम से ग्रहण (संबंध) किये हुये कर्म योग्य पुद्गल, ज्ञानावरणादि अनेक भेद रूप होकर परिणमते हैं, जैसे कि एक बार ही खाया हुआ ग्रास, अन्न, रस, रक्त, मांस आदि अनेक धातु-उपधातु रूप परिणमता है।

९. कर्मों के निमित्त से ही जीव की अनेक दशायें होती हैं, इस कारण सब कर्मों के भेदों का शब्दार्थ की अपेक्षा से कार्य बताते हैं, वह निम्न प्रकार जानना—

आवरण—'आवृणोति आव्रियते अनेनेति आवरणम्' ऐसी व्युत्पत्ति है, अर्थात् जो आवरण करे या जिससे आवरण किया जाय वह आवरण है।

१. ज्ञानावरण के पांच भेदों का स्वरूप—

(१) रस, रक्तादि धातुओं का परिणमन क्रम से होता है और ज्ञानावरणादि कर्मों का परिणमन युगपत् होता है, इतना अन्तर है।

(२) मतिज्ञानावरण कर्म—मतिज्ञान का जो आवरण

करे अथवा जिसके द्वारा मतिज्ञान आवृत किया जाय अर्थात् ढका जाय वह मतिज्ञानावरण कर्म है।

(२) **श्रुतज्ञानावरण कर्म**—श्रुतज्ञान का जो आवरण करे वह श्रुतज्ञानावरण कर्म है।

(३) **अवधिज्ञानावरण कर्म**—अवाधिज्ञान का जो आवरण करे वह अवाधिज्ञानावरण कर्म है।

(४) **मनःपर्ययज्ञानावरण कर्म**—मनःपर्ययज्ञान का जो आवरण करे वह मनःज्ञानावरण कर्म है।

(५) **केवलज्ञानावरण कर्म**--केवलज्ञान को 'आवृणोति' ढकै वह केवलज्ञानावरण कर्म है।

२ दर्शनावरण कर्म के नव भेदों का स्वरूप—

(६) **चक्षुर्दर्शनावरण कर्म**—जो चक्षु में दर्शन नहीं होने देवे वह चक्षुदर्शनावरण कर्म है।

(७) **अचक्षुदर्शनावरण कर्म**—चक्षु (नेत्र) के सिवाय दूसरी चार इन्द्रियों से जो दर्शन (सामान्यावलोकन को) नहीं होने दे वह अचक्षुदर्शनावरण कर्म है।

(८ **अवधिदर्शनावरण कर्म**—जो अवधि द्वारा दर्शन न होने दे वह अवधिदर्शनावरण कर्म है।

(९) **केवलदर्शनावरण कर्म**-केवलदर्शन अर्थात् त्रिकाल मे रहने वाले सब पदार्थों के दर्शन का आवरण करे उसे केवलदर्शनावरण कर्म कहते हैं।

(१०) **स्यानगृद्धि दर्शनावरण कर्म**—'स्थाने स्वपाये गृध्यते दीप्यते सा स्थानगृद्धिः (निद्राविशेषः) दर्शनावरणः' धातु शब्दों के व्याकरण में अनेक अर्थ होते हैं, तदनुसार इस निरुक्ति में भी स्थै' धातु का अर्थ सोना और 'गृध्' धातु का अर्थ दीप्ति समझना, मतलब यह है, जो सोने में अपना प्रकाश करे अर्थात् जिसका उदय होने पर यह जीव नींद में ही उठकर बहुत पराक्रम का कार्य तो करे, परन्तु भान नहीं रहे कि क्या किया था ? उसे स्यानगृद्धि दर्शनावरण कर्म कहते हैं।

(११) **निद्रा निद्रा दर्शनावरण कर्म**—जिसके उदय से निद्रा की ऊंची पुनः पुनः प्रवृत्ति हो, अर्थात् जिससे आंख के पलक भी नहीं उघाड सके उसे निद्रा-निद्रा दर्शनावरणकर्म कहते हैं।

(१२) **प्रचलाप्रचला दर्शनावरण कर्म**—'यदुदयात् क्रियाआत्मान पुनः पुनः प्रचलयति तत्प्रचला प्रचला दर्शनावरणम्' अर्थात् जिस कर्म के उदय से क्रिया आत्मा को वार वार चलावै वह प्रचलाप्रचलादर्शनावरण कर्म है। क्योंकि शोक अथवा खेद या मद (नशा) आदि से उत्पन्न हुई निद्रा की अवस्था में बैठते हुए भी शरीर के अङ्ग बहुत चलायमान होते हैं, कुछ सावधानी नहीं रहती।

(१३) **निद्रादर्शनावरण कर्म**—जिसके उदय से खेद आदिक दूर करने के लिये केवल सोना हो वह निद्रा-दर्शनावरण कर्म है।

(१४) **प्रचलादर्शनवरण कर्म**— जिसके उदय से शरीर की क्रिया आत्मा को चलाये और जिस निद्रा में कुछ काम करे उसकी याद भी रहे, अर्थात् कुत्ते की तरह अल्पनिद्रा हो वह प्रचला दर्शनावरण कर्म है।

३—वेदनीय कर्म के दो भेदों का स्वरूप—

(१५) **सातावेदनीय (पुण्य) कर्म**—जो उदय में आकर देवादि गति में जीव को शारीरिक तथा मानसिक सुखों की प्राप्तिरूप साता का 'वेदयति' भोग करावै, अथवा 'वेद्यते अनेन' जिसके द्वारा जीव उन सुखों को भोगे वह सातावेदनीय कर्म है।

(१६) **असातावेदनीय कर्म**—जिसके उदय का फल अनेक प्रकार के नरकादिक गति जन्य दुःखों का भोग-अनुभव कराना है वह सातावेदनीय कर्म है।

४—मोहनीय कर्म के दर्शनमोहनीय और चारित्र-मोहनीय ऐसे दो भेद हैं। दर्शनमोहनीय कर्म बंध की अपेक्षा से 'मिथ्यात्व' यह एक ही प्रकार का है। किन्तु उदय और सत्ता की अपेक्षा मिथ्यात्व, सम्यङ् मिथ्यात्व, सम्यक्त्व प्रकृति ऐसे तीन तरह का कहा है।

चारित्रमोहनीय के एक कषाय वेदनीय और दूसरा नोकषाय वेदनीय ऐसे दो भेद कहे हैं। उनमें से कषाय-वेदनीय १६ प्रकार का है, और नोकषाय वेदनीय ९ प्रकार का है दोनों मिलकर २५ होते हैं।

इस प्रकार मोहनीय कर्म के ३+२५=२८ प्रकृति जानना।

(१७) मिथ्यात्व नाम दर्शनमोहनीय कर्म—जिसके उदय से मिथ्या (खोटा) श्रद्धान हो, अर्थात् सर्वज्ञ-कथित वस्तु के यथार्थ स्वरूप में रुचि ही न हो, और न उस विषय में उद्यम करे, तथा न हित अहित का विचार ही करे वह मिथ्यात्व नाम दर्शन मोहनीय है।

(१८) **सम्यग्मिथ्यात्व दर्शनमोहनीय कर्म** - जिस कर्म के उदय से परिणामों में वस्तु का यथार्थ श्रद्धान और अयथार्थ श्रद्धान दोनों ही मिले हुए हों उसे (१) सम्यग्मिथ्यात्व दर्शनमोहनीय कर्म कहते हैं। उन परिणामों को सम्यक्त्व या मिथ्यात्व दोनों में से किसी में भी नहीं कह सकते, अतएव यह एक भेद पृथक् ही माना है।

(१९) **सम्यक्त्व प्रकृति दर्शनमोहनीय कर्म**—जिस कर्म के उदय से सम्यक्त्व गुण का मूल से घात तो न हो परन्तु परिणामों में कुछ चलायमानपना तथा मलिनपना और अदृढ़पना हो जाय उसे सम्यक्त्व प्रकृति दर्शनमोहनीय कर्म कहते हैं। इस प्रकृति वाला सम्यग् दृष्टि कहलाता है।

कषाय—'कषन्ति हिंसन्तीति कषायाः' जो घात करे अर्थात् गुण को ढके प्रकट नहीं होने दे उसको कषाय कहते हैं। उस कषाय वेदनीय के अनन्तानुबंधी, अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान, संज्वलन, ऐसे चार अवस्था हैं। इन हरेक के क्रोध, मान, माया, लोभ ये चार चार भेद हैं। इन अवस्थाओं का स्वरूप भी क्रम से कहते हैं—अनन्त नाम संसार का है, परन्तु जो उसका कारण हो वह भी अनन्त कहा जाता है। जैसे कि प्राण के कारण अन्न को प्राण कहते हैं। सो यहां पर मिथ्यात्व परिणाम को अनन्त कहा गया है। क्योंकि वह अनंत-संसार का कारण है। जो इस अनंत-मिथ्यात्व के अनु-साथ साथ-बधे उस कषाय को अनन्तानुबंधी कहते हैं। उसके चार भेद हैं—

(२०) अनन्तानुबंधी क्रोध, (२१) अनन्तानुबंधी मान, (२२) अनन्तानुबंधी माया, (२३) अनन्तानुबंधी लोभ,

जो 'अ' अर्थात् ईषत्—थोड़े से भी प्रत्याख्यान को न होने दे, अर्थात् जिसके उदय से जीव श्रावक के व्रत भी धारण न कर सके उस चारित्र मोहनीय कर्म को अप्रत्याख्यानवरण कहते हैं। उसके चार भेद हैं:—

(२४) अप्रत्याख्यान क्रोध, (२५) अप्रत्याख्यान मान, (१६) अप्रत्याख्यान माया, (२७ अप्रत्याख्यान लोभ।

जिसके उदय से प्रत्याख्यान अर्थात् सर्वथा त्याग का आवरण हो। महाव्रत नहीं हो सके उसे प्रत्याख्यानावरण कषाय वेदनीय कहते हैं। उसके चार भेद हैं:—

(२८) प्रत्याख्यानावरण क्रोध, (२९) प्रत्याख्यानावरण मान, (३०) प्रत्याख्यानावरण माया, (३१) प्रत्याख्यानावरण लोभ।

(१) इसमें कोदों चावल का दृष्टांत दिया है—

जैसे कि कोदों चावल यद्यपि मादक (नशा करने वाले) हैं। फिर भी यदि वे पानी से धो डाले जाय तो उनकी कुछ मादक शक्ति रह जाति है, और कुछ चली जाती है। इसी प्रकार जब मिथ्यात्व प्रकृति की शक्ति भी उपशम सम्यक्त्व रूप जल से धुलकर कुछ कम हो जाती है तब उसको ही सम्यग्मिथ्यात्व या मिश्र प्रकृति कहते हैं।

जिसके उदय से संयम 'सं' एक रूप होकर 'ज्वलति' प्रकाश करे, अर्थात् जिसके उदय से कषाय अंश से मिला हुआ सयम रहे, कषाय रहित निर्मल यथाख्यात संयम न हो सके। उसे संज्वलन कषाय वेदनीय कहते हैं। यह कर्म यथाख्यात चारित्र को घातता है उसके चार भेद हैं— (३२) संज्वलन क्रोध, (३३) संज्वलन मान, (३४) संज्वलन माया, (३५) संज्वलन लोभ।

जो नो अर्थात् ईषत्—थोड़ा कषाय हो, प्रबल नहीं हो उसे नोकषाय कहते हैं। उसका जो अनुभव करावे वह नोकषाय वेदनीयकर्म कहा जाता है। उसके नव भेद हैं :—

(३६) हास्य—जिसके उदय से हास्य प्रकट हो वह हास्य कर्म है।

(३७) रति—जिसके उदय से देश, धन, पुत्रादि में विशेष प्रीति हो उसे रति कर्म कहते हैं।

(३८) अरति - जिसके उदय से देश आदि में अप्रीति हो उसको अरति कर्म कहते हैं।

(३९) शोक - जिसके उदय से इष्ट के वियोग होने पर क्लेश हो वह शोक कर्म है।

(४०) भय - जिसके उदय से उद्वेग (चित्त में घबराहट) हो उसे भय कर्म कहते हैं।

(४१) जुगुप्सा - जिसके उदय से ग्लानि अर्थात् अपने दोष को ढकना और दूसरे के दोष को प्रगट करना हो वह जुगुप्सा कर्म है।

(४२) स्त्री वेद - जिसके उदय से स्त्री सम्बन्धी भाव (मृदु स्वभाव का होना, मायाचार की अधिकता, नेत्र-विभ्रम आदि द्वारा पुरुष के साथ रमने की इच्छा आदि) हो उसको स्त्री-वेद कर्म कहते हैं।

(४३) पुरुष-वेद - जिसके उदय से स्त्री में रमण करने की इच्छा आदि परिणाम हो उसे पुरुष-वेद कर्म कहते हैं।

(४४) नपुंसक वेद - जिस कर्म के उदय से स्त्री तथा पुरुष इन दोनों में रमण करने की इच्छा आदि मिश्रित भाव हो उसको नपुंसक वेद कर्म कहते हैं।

५. आयु कर्म के चार भेदों का स्वरूप :—

(४५) नरकायु - जो कर्म जीव को नारकी शरीर में रोक रक्खे उसे नरकायु कहते हैं।

(४६) तिर्यंचायु - जो कर्म जीव को तिर्यंच शरीर में रोक रक्खे उसे तिर्यंचायु कहते हैं।

(४७) मनुष्यायु - जो कर्म जीव को मनुष्य शरीर में रोक रक्खे उसे मनुष्यायु कहते हैं।

(४८) देवायु - जो कर्म जीव को देव की शरीर में रोक रक्खे उसे देवायु कहते हैं।

६. नाम कर्म के ९३ भेद हैं - इनमें पिंड और अपिंड प्रकृति की अपेक्षा ४२ भेद हैं। पिंड प्रकृति १४ और अपिंड प्रकृति २८ हैं। पिंड प्रकृति के उत्तर भेद ६५ होते हैं। इस प्रकार - ६५ + २८ = ९३ नाम कर्म के प्रकृति जानना।

१. गति नाम कर्म - जिसके उदय से यह जीव एक पर्याय से दूसरी पर्याय को 'गच्छति' प्राप्त हो वह गति नाम कर्म है। उसके चार भेद हैं :—

(४९) नरक गति - जिस कर्म के उदय से यह जीव नारकी के आकार हो उसको नरक गति नामक कर्म कहते हैं।

(५०) तिर्यंच गति - जिस कर्म के उदय से यह जीव तिर्यंच के आकार हो उसको तिर्यंच गति नाम कर्म कहते हैं।

(५१) मनुष्य गति - जिस कर्म के उदय से यह जीव मनुष्य के शरीर आकार हो उसको मनुष्य गति नाम कर्म कहते हैं।

(५२) देवगति - जिस कर्म के उदय से यह जीव शरीर के आकार हो उसको देवगति नाम कर्म कहते हैं।

२. जाति नाम कर्म - जो उन गतियों में अव्यभिचारी सादृश्य धर्म से जीवों को इकट्ठा करे वह जाति नाम कर्म है - एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय आदि जीव समान स्वरूप होकर आपस में एक दूसरे से मिलते नहीं यह तो अव्यभिचारी पना, और एकेन्द्रियपना सब एकेन्द्रियों में सरीखा है यह हुआ सादृश्यपना, यह अव्यभिचारी धर्म एकेन्द्रियादि जीवों में रहता है, अतएव वे एकेन्द्रियादि जाति शब्द से कहे जाते हैं। जाति नाम कर्म ५ प्रकार का है। जिसके उदय से यह जीव एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय कहा जाय उसे क्रम से—

(५३) एकेन्द्रिय जाति, (५४) बेइन्द्रिय जाति, (५५) तेइन्द्रीय जाति, (५६) चौइन्द्रिय जाति, (५७) पंचेन्द्रिय जाति नाम कर्म समझना।

३. शरीर नाम कर्म - जिसके उदय से शरीर बने उसे शरीर नाम कर्म कहते हैं। वह पांच प्रकार का है, जिसके उदय से औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, आहारक शरीर, तैजस शरीर और कार्माण शरीर (कर्म परमाणुओं का समूहरूप) उत्पन्न हो उन्हें क्रम से—(५८) औदारिक शरीर नाम कर्म, (५९) वैक्रियिक शरीर नाम कर्म,

(६६) आहारक शरीर नाम कर्म, (६१) तैजस शरीर नाम कर्म, (६२) कार्माण[1] शरीर नाम कर्म कहते हैं।

४ बंधन नामकर्म—शरीर नामकर्म के उदय से जो आहार वर्गणारूप पुद्गल के स्कन्ध इस जीव ने ग्रहण के किये थे उन पुद्गल स्कन्धों के प्रदेशों (हिस्सों) का जिस कर्म के उदय से आपस में सम्बन्ध हो उसे बन्धन नामकर्म कहते है। उसके पांच भेद हैं।

(६३) औदारिक शरीर बन्धन (६४) वैक्रियिक शरीर बन्धन (६५) आहारक शरीर बन्धन (६६) तैजस शरीर बन्धन और (६७) कार्माण शरीर बन्धन

५. संघात नामकर्म—जिसके उदय से औदारिक आदि शरीरों के परमाणु आपस में मिलकर छिद्र रहित बन्धन को प्राप्त होकर एक रूप हो जाय उसे संघात नामकर्म कहते हैं। यह भी (६८) औदारिक संघात (६९) वैक्रियिक संघात (७०) आहारक संघात (७१) तैजस संघात (७२) कार्माण शरीर संघात इस तरह पांच प्रकार है।

६. संस्थान नामकर्म—जिस कर्म के उदय से शारीरिक आकार (शक्ल) बने उसे संस्थान नामकर्म कहते हैं। उसके ६ भेद हैं—

(७३ समचतुरस्र संस्थान—जिसके उदय से शरीर का आकार ऊपर नीचे तथा बीच में समान हो अर्थात् जिसके आंगोपाङ्गों की लम्बाई, चौड़ाई सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार ठीक-ठीक बनी हो वह समचतुरस्र संस्थान नामकर्म है।

(७४) न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थान—जिसके उदय से शरीर का आकार न्यग्रोध के (वड़ के) वृक्ष सरीखा नाभि के ऊपर मोटा और नाभि के नीचे पतला हो वह न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थान नामकर्म है।

(७५) स्वाति संस्थान—जिसके उदय से स्वाति नक्षत्र के अथवा सर्प की बाँमी के समान शरीर का आकार हो, अर्थात् ऊपर से पतला और नाभि से नीचे मोटा हो उसे स्वाति संस्थान कहते हैं।

(७६) कुब्जक संस्थान—जिस कर्म के उदय से शरीर कुबड़ा हो उसे कुब्जक संस्थान नामकर्म कहते हैं।

(७७ वामन संस्थान—जिस कर्म के उदय से बौना शरीर हो वह वामन संस्थान नामकर्म है।

(७८ हुंडक संस्थान—जिस कर्म के उदय से शरीर के अंगोपाँग किसी खास शक्ल के न हों और भयानक बुरे आकार के बनें उसे हुंडक संस्थान नामकर्म कहते हैं।

७ आंगोपाङ्ग नामकर्म—जिसके उदय से आंगोपांग का भेद हो वह आंगोपांग नामकर्म है। उसके तीन भेद हैं—

(७९) औदारिक आंगोपाङ्ग (८०) वैक्रियिक आंगोपाङ्ग (८१) आहारक आंगोपाङ्ग।

८. संहनन नामकर्म—जिसके उदय से हाडों के बन्धन में विशेषता हो उसे संहनन नामकर्म कहते हैं। वह छः प्रकार का है—

(८२) वज्रवृषभनाराच संहनन—जिस कर्म के उदय से वृषभ (वेठन) नाराच कीला) संहनन (हाड़ों का समूह) वज्र के समान हो, अर्थात् इन तीनों का किसी शस्त्र से छेदन भेदन न हो सके उसे वज्रवृषभनाराच संहनन नामकर्म कहते हैं।

(८३) वज्रनाराच संहनन—जिस कर्म के उदय से ऐसा शरीर हो जिसके वज्र के हाड और वज्र की कीली हो परन्तु वेठन वज्र के न हों वह वज्रनाराच संहनन नामकर्म है।

(८४) नाराच संहनन—जिस कर्म के उदय से शरीर में वज्ररहित (साधारण) वेठन और कीलीसहित हाड हों उसे नाराच संहनन कहते हैं।

(८५) अर्धनाराच संहनन—जिस कर्म के उदय से हाड़ों को संधियां आधी कीलित हों वह अर्धनाराच संहनन है।

(८६) कीलित संहनन—किस कर्म के उदय से हाड परस्पर कीलित हों उसे कीलित संहनन नामकर्म कहते हैं।

(८७) असंप्राप्ता सृपाटिका संहनन—जिस कर्म के

(१) औदारिक आदि शब्दों का अर्थ जीवकांड की योग मार्गणा में देखो।

उदय से जुदे-जुदे हाड नसों से बंधे हों, परस्पर (आपस में) कीले हुए न हों वह असंप्राप्ता सृपाटिक संहनन है। क्योंकि 'असंप्राप्तानि (आपस में नहीं मिले हों) सृपाटिकावत् संहननानि यस्मिन् (सर्प की तरह हाड जिसमें) तत् (वह असंप्राप्त सृपाटिका संहननम् (असंप्राप्त सृपाटिका संहनन शरीर है)' ऐसा शब्दार्थ है।

९. **वर्ण नामकर्म**—जिसके उदय से शरीर में रंग हो वह वर्णनामकर्म है। उसके पाँच भेद हैं—(८८) **कृष्णवर्ण** नामकर्म। (८९) **नीलवर्ण** नामकर्म। (९०) **रक्तवर्ण** (लाल रंग) नामकर्म। (९१) **पीतवर्ण** (पीला रंग) नामकर्म। (९२) **श्वेतवर्ण** (सफेद रंग) नामकर्म।

१०. **गन्ध नामकर्म**—जिसके उदय से शरीर में गंध हो उसे गन्ध नामकर्म कहते हैं। वह दो तरह का है—(९३) **सुरभिगन्ध** (सुगन्ध) नामकर्म। (९४) **असुरभिगन्ध** (दुर्गंध) नामकर्म।

११. **रस नामकर्म**—जिसके उदय से शरीर में रस हों उसे रस नामकर्म कहते हैं। वह पाँच प्रकार का है—(९५) **तिक्तरस** (तीखा-चरपरा) नामकर्म (९६) **कटुक** (कडुआ) रसनामकर्म। (९७) **कषाय** (कसैला) रस नामकर्म ९८) **आम्ल** (खट्टा) रस नामकर्म (९९) **मधुर रस** (मीठा) नामकर्म।

१२. **स्पर्श नामकर्म**—जिसके उदय से शरीर में स्पर्श हो वह स्पर्श नामकर्म है उसके आठ भेद हैं—(१००) **कर्कश** स्पर्श (जो छूने में कठिन मालूम हो) नामकर्म (१०१) मृदु (कोमल) नामकर्म (१०२) गुरु (भारी) नामकर्म (१०३) लघु (हलका) नामकर्म (१०४) शीत (ठंडा) नामकर्म (१०५) उष्ण (गर्म) नामकर्म (१०६) स्निग्ध (चिकना) नामकर्म (१०८) रुक्ष (रूखा) नामकर्म।

आनुपूर्व्य नामकर्म—जिस कर्म के उदय से मरण के पीछे और जन्म से पहले अर्थात् विग्रहगति (बीच की अवस्था) में मरण से पहले के शरीर के आकार आत्मा के प्रदेश रहें, अर्थात् पहले शरीर के आकार का नाश न हो उसे आनुपूर्व्य नामकर्म कहते हैं। वह चार प्रकार का है—

(१०८) **नरकगति प्रायोग्यानुपूर्व्य नामकर्म**—जिस कर्म के उदय से नरकगति को प्राप्त होने के सन्मुख जीव के शरीर का आकार विग्रहगतियों में पूर्व शरीराकार रहे उसे नरकगति प्रायोग्यानुपूर्व्य नामकर्म कहते हैं। (१०९) **तिर्यंचगति प्रायोग्यानुपूर्व्य** नामकर्म—(११०) **मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्व्य** नामकर्म (१११) **देवगति प्रायोग्यानुपूर्व्य** नामकर्म भी ऊपर की तरह जानना।

१४. **विहायोगति नामकर्म**—जिस कर्म के उदय से आकाश में गमन हो उसे विहायोगति नामकर्म कहते हैं। उसके दो भेद हैं—(११२) प्रशस्तविहायोगति (शुभगमन) नामकर्म (११३) अप्रशस्तविहायोगति (अशुभगमन) नामकर्म।

(११४) **अगुरुलघु नामकर्म**—जिस कर्म के उदय से ऐसा शरीर मिले जो लोहे के गोले की तरह भारी और आक की रुई की तरह हलका न हो उसे अगुरुलघु नाम, कर्म कहते हैं।

(११५) **उपघात नामकर्म**—जिसके उदय से बड़े सींग, लम्बे स्तन, मोटा पेट इत्यादि अपने ही घातक अंग हों उसे उपघात नमकर्म कहते हैं। (उपेत्यघातः उपघातः आत्मघात इत्यर्थः)।

(११६) **परघात नामकर्म**—जिसके उदय से तीक्ष्ण सींग, नख, सर्प आदि की दाढ, इत्यादि परके घात करने वाले शरीर के अवयव हों उसे परघात नमकर्म कहते हैं।

(११७) **उच्छ्वास नामकर्म**—जिस कर्म के उदय से श्वासोच्छ्वास हो उसे उच्छ्वास नामकर्म कहते हैं।

(११८) **आतप नामकर्म**—जिसके उदय से परको आतप[1] करने वाला शरीर हो वह आतप नामकर्म है।

(११९) **उद्योत नामकर्म**—जिस कर्म के उदय से उद्योतरूप (आतापरहित प्रकाशरूप) शरीर हो उसे उद्योत नामकर्म कहते हैं। (इसका उदय चन्द्रमा के बिम्ब में और आगिया (जुगनू) आदि जीवों के है।

(१२०) **त्रस नामकर्म**—जिसके उदय से दो इन्द्रि-

१. इसका उदय सूर्य के बिम्ब में उत्पन्न हुए पृथ्वीकायिक जीवों के होता है।

यादि जीवों की जाति में जन्म हो उसे त्रस नामकर्म कहते हैं।

(१२१) स्थावर नामकर्म जिसके उदय से एकेन्द्रिय में (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, वनस्पतिकाय में) जन्म हो उसे स्थावर नामकर्म कहते हैं।

(१२२) बादर नामकर्म जिसके उदय से ऐसा शरीर हो जोकि दूसरे को रोके और दूसरे से आप रुके उसे बादर नामकर्म कहते हैं।

(१२३) सूक्ष्म नामकर्म—जिसके उदय से ऐसा सूक्ष्म शरीर हो जो कि न तो किसी को रोकै और न किसी से रुकै उसे सूक्ष्म नामकर्म कहते हैं।

(१२४) पर्याप्त नामकर्म—जिसके उदय से जीव अपने-अपने योग्य आहारादि (आहार, शरीर, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा, मन ये ६) पर्याप्तियों को पूर्ण करे वह पर्याप्त नामकर्म है।

(१२५) अपर्याप्त नामकर्म—जिसके उदय से कोई भी पर्याप्ति पूर्ण नहीं हो अर्थात् लब्ध्य पर्याप्तक अवस्था हो उसको अपर्याप्ति नामकर्म कहते हैं।

(१२६) प्रत्येक शरीर नामकर्म—जिसके उदय से एक शरीर का एक ही जीव स्वामी हो उसे प्रत्येक शरीर नामकर्म कहते हैं।

(१२७) साधारण शरीर नामकर्म—जिस कर्म के उदय से एक शरीर के अनेक स्वामी हों उसको साधारण नामकर्म कहते हैं।

(१२८) स्थिर नामकर्म—जिसके उदय से शरीर के रसादिक[1] धातु और वातादि[2] उपधातु अपने अपने ठिकाने (स्थिर) रहें उसको स्थिर नामकर्म कहते हैं, इससे ही शरीर निरोगी रहता है।

(१२९) अस्थिर नामकर्म—जिसके उदय से धातु और उपधातु अपने अपने ठिकाने न रहें अर्थात् चलायमान होकर शरीर को रोगी बनावें उसको अस्थिर नामकर्म कहते हैं।

(१३०) शुभ नामकर्म—जिस कर्म के उदय से मस्तक वगैरह शरीर के अवयव और शरीर सुन्दर हों उसे शुभ नामकर्म कहते हैं।

(१३१) अशुभ नामकर्म - जिस कर्म के उदय से शरीर के मस्तकादि अवयव सुन्दर न हों उसको अशुभ नामकर्म कहते हैं।

(१३२) सुभग नामकर्म—जिस कर्म के उदय से दूसरे जीवों को अच्छा लगने वाला शरीर हो उसको सुभग नामकर्म कहते हैं।

(१३३) दुर्भग नामकर्म—जिस कर्म के उदय से रूपादिक गुण सहित होने पर भी दूसरे जीवों को अच्छा न लगे उसको दुर्भग नामकर्म कहते हैं।

(१३४) सुस्वर नामकर्म—जिसके उदय से स्वर (आवाज) अच्छा हो उसे सुस्वर नामकर्म कहते हैं।

(१३५) दु.स्वर नामकर्म—जिसके उदय से अच्छा स्वर न हो उसको दुःस्वर नामकर्म कहते हैं।

---

(१) रसाद्रक्तं ततो मांसं
मांसन्मेदः प्रवर्तते।
मेदतोस्थि ततोस्थि ततो
मज्जं मज्जाच्छुक्रस्ततः प्रजाः ॥१॥

अर्थात् अन्न से रस, रस से लोही, लोही से मांस, मांस से मेद, मेद से हाड, हाड से मज्जा, मज्जा से वीर्य, वीर्य से संतान होती है इस तरह सात धातु हैं सात धातु ३० दिन में पूर्ण होती हैं।

(२) वातः पित्तं तथा श्लेष्मा
शिरास्नायुश्च चर्म च।
जठराग्निरिति प्राज्ञैः
प्रोक्ताः सप्तोपधातवः ॥२॥

अर्थात् वात, पित्त, कफ, सिरा, स्नायु, चाम, जठराग्नि (पेट की आग) ये सात उपधातु हैं।

(१३६) **आदेय नामकर्म** - जिसके उदय से कान्ति सहित शरीर हो उसको आदेय नामकर्म कहते हैं।

(१३८) **अनादेय नामकर्म**—जिसके उदय से प्रभा (कान्ति रहित शरीर हो वह अनादेय नामकर्म है।

(१३८) **यशः कीर्ति नामकर्म**—जिसके उदय से अपना पुण्य गुण जगत में प्रगट हो अर्थात् संसार में जीव की तारीफ हो उसे यशः कीर्ति नामकर्म कहते हैं।

(१ ६) **अयशः कीर्ति नामकर्म**—जिस कर्म के उदय से संसार में जीव की तारीफ न हो उसे अयशः कीर्ति नामकर्म कहते हैं।

(१४०) **निर्माण नामकर्म**—जिसके उदय से शरीर के अगों-पांगों की ठीक ठीक रचना हो उसे निर्माण नामकर्म कहते हैं, यह दो प्रकार का है, जो जाति नामकर्म की अपेक्षा से नेत्रादिक इन्द्रियें जिस जगह होनी चाहिएं उसी जगह उन इन्द्रियों की रचना करें वह स्थान निर्माण है और जितना नेत्रादिक का प्रमाण (माप) चाहिये उतने ही प्रमाण (माप के बराबर) बनावे वह प्रमाण निर्माण है।

(१४१) **तीर्थंकर नामकर्म**—जो श्रीयुत् तीर्थंकर (अर्हत) पद का कारण हो वह तीर्थंकर प्रकृति नामकर्म है।

७. गोत्र कर्म के दो भेदों का स्वरूप—

(१४२) **उच्च गोत्र कर्म**—जिसके उदय से लोक-पूजित (मान्य) कुल में जन्म हो उसे उच्च गोत्र कर्म कहते हैं।

(१ ३) **नीच गोत्र कर्म**—जिस कर्म के उदय से लोक निंदित कुल में जन्म हो उसे नीच गोत्र कर्म कहते हैं।

८. अन्तरायकर्म के पांच भेदों का स्वरूप—

(१४४) **दानान्तरराय कर्म** - जिसके उदय से देना चाहे परन्तु दे नहीं सके वह दानान्तराय कर्म है।

(१४५) **लाभान्तराय कर्म**—जिसके उदय से लाभ (फायदा की इच्छा करे लेकिन लाभ नहीं हो सके उसे लाभांतराय कर्म कहते हैं।

(१४६) **भोगान्तराय कर्म**—जिस कर्म के उदय से अन्न या पुष्पादिक भोगरूप वस्तु को भोगना चाहे परन्तु भोग न सके वह भोगान्तराय कर्म है।

(१४७) **उपभोगान्तराय कर्म**—जिसके उदय से स्त्री, वस्त्र, वगैरह उपभोग्य वस्तु का उपभोग न कर सके उसे उपभोगांतराय कर्म कहते हैं।

(१४८) **वीर्यान्तराय कर्म** - जिस कर्म के उदय से अपनी शक्ति (बल) प्रकट करना चाहे परन्तु शक्ति प्रकट न हो उसे वीर्यान्तराय कर्म कहते हैं—

इस प्रकार १४८ उत्तर प्रकृतियों का शब्दार्थ जानना (देखो गो० क० गा० ३३)

---

१०. कषायों का नाम— **कषायों का कार्य—**

(१) अनन्तानुबंधी कषाय — सम्यक्त्व को घातती है
(२) अप्रत्याख्यान ,, — देश चारित्र को ,,
(३) प्रत्याख्यान ,, — सकल चारित्र को ,,
(४) संज्वलन ,, — यथाख्यात चारित्र को ,,

अर्थात् सम्यक्त्व वगैरह को प्रकट नहीं होने देती (देखो गो० क० गा० ४५)

११. इन कषायों की वासना का (संस्कार का) काल 'उदयाभावेऽपि तत्संस्कार कालो वासना कालः, अर्थात् किसी ने क्रोध किया, पीछे वह दूसरे काम में लग गया वहां पर क्रोध का उदय तो नहीं है, परन्तु जिस पुरुष पर क्रोध किया था उन पर क्षमा भी नहीं है, इस प्रकार जो क्रोध का संस्कार चित्त में बैठा हुआ है उसी को वासना का काल यहां पर कहा गया है।

(१) संज्वलन कषायों की वासना का काल अन्तर्मुहूर्त तक जानना
(२) प्रत्याख्यान ,, ,, एक पक्ष (१५ दिन) ,,
(३) अप्रत्याख्यान ,, ,, छः महीना ,,
(४) अनन्तानुबंधी ,, ,, संख्यात, असंख्यात तथा अनंतभव है, ऐसा निश्चय कर समझना। (देखो गो० क० गा० ४६)

१२. कदलीघात मरण अथवा अकालमृत्यु का लक्षण विषभक्षण से अथवा विष वाले जीवों के काटने से रक्त-क्षय अथवा धातु क्षय से, भय से, शस्त्रों के (तलवार आदि हथियारों) घात से, संक्लेश परिणामों से अर्थात् मन-वचन-काय के द्वारा आत्मा को अधिक पीड़ा पहुंचाने वाली क्रिया[1] होने से, श्वासोच्छ्वास के रुक जाने से और आहार (खाना पीना) नहीं करने से, इस जीव की आयु कम हो जाती है, इन कारणों से जो मरण हो अर्थात् शरीर छूटे उसे कदलीघात मरण अथवा अकाल मृत्यु कहते हैं। (देखो गो० क० गा० ५७)

१३. भक्त प्रतिज्ञा मरण का लक्षण—जघन्य, मध्यम, उत्कृष्ट के भेद से भक्त प्रतिज्ञा तीन प्रकार की है। भक्त प्रतिज्ञा अर्थात् भोजन की प्रतिज्ञा कर जो सन्यास मरण हो उसके काल का प्रमाण जघन्य (कम से कम) अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट (ज्यादा से ज्यादा) बारह वर्ष प्रमाण है तथा मध्य के भेदों का काल एक एक समय बढ़ता हुआ है, उसका अन्तर्मुहूर्त से ऊपर और बार वर्ष के भीतर जितने भेद हैं उतना प्रमाण समझना। (देखो गो० क० गा० ५८-५९-६०)

१४. इंगिनी मरण का लक्षण—अपने शरीर की टहल आप ही अपने अंगों से करे, किसी दूसरे से रोगादि का उपचार न करावे, ऐसे विधान से जो सन्यास धारण कर मरे उस मरण को इंगिनीमरण संयास कहते हैं।

(१५) प्रायोपगमन मरण का लक्षण—अपने शरीर की टहल न तो आप अपने अंगों से करें और न दूसरे से ही करावें अर्थात् जिसमें अपना तथा दूसरे का भी उपचार (सेवा) न हो ऐसे सन्यासमरण को प्रायोपगमन मरण कहते हैं। (देखो गो० क० गा० ६७)

(१६) तीर्थंकर प्रकृति बंध का नियम—असंयत-चतुर्थ गुण स्थान से लेकर ८वे गुण स्थान अपूर्वकरण के ६वे भाग तक के सम्यग्दृष्टि के ही तीर्थंकर प्रकृति का बंध होता है। प्रथमोपशम-सम्यक्त्व में अथवा बाकी के द्वितीयोपशमसम्यक्त्व, क्षयोपशम सम्यक्त्व और क्षायिक-सम्यक्त्व की अवस्था में असंयत से लेकर अप्रमत्त गुण स्थान तक चार गुण स्थानों वाले कर्म भूमिया मनुष्य ही, केवली तथा श्रुत केवली (द्वादशाङ्ग के पारगामी)

---

१. अधिक दौड़ने से जो अधिक श्वासें चलती हैं वहां काय की क्रिया तथा मन की क्रिया रूप संक्लेश परिणाम होते हैं, इस कारण अधिक श्वास का चलना भी अकाल मृत्यु का निमित्त कारण है, इस एक ही दृष्टांत को देखकर अज्ञानी लोक एकांत से श्वास के ऊपर ही आयु के कमती बढ़ती होने का अनुमान कर श्वास के कमती बढ़ती चलने से आयु घट बढ़ जाती है ऐसा भ्रमदान कर लेते हैं। उनके भ्रम दूर करने के लिये आठ कारण गिनाये क्योंकि यदि एक ही के ऊपर विश्वास किया जाय तो शस्त्र के लगने से श्वास चलना तो अधिक नहीं मालूम पड़ता, वहां पर या तो अपमृत्यु न होनी चाहिये अथवा अधिक श्वास चलने चाहियें, दूसरी बात यह है कि भुज्यमान आयु कभी भी बढ़ती नहीं है। समाधि में श्वास कम चलते हैं, इसलिये आयु बढ़ जाती है ऐसा मानना मिथ्या है। वहां पर श्वास के निरोध से आयु कम नहीं होती।

के निकट ही तीर्थंकर प्रकृति के बंध का प्रतिष्ठापन (आरम्भ) करते हैं, परन्तु इस प्रकृति का निष्ठापन तिर्यंच गति छोड़कर शेष तीन गतियों में अर्थात् नरक, मनुष्य, देवगति में होता रहता है। सारांश अगर निष्ठापन काल के समय वर्तमान आयु का काल समाप्त होकर अगली गति में जन्म होने पर बंध हो सकता है।

प्रथमोपशम सम्यक्त्व में तीर्थंकर प्रकृति का बंध नहीं हो सकता ऐसे भी कोई आचार्यों का मत है।

तीर्थंकर प्रकृति का बंध होने का उत्कृष्ट काल— ३ कोटिपूर्व और आठ वर्ष + एक अंतर्मुहूर्त कम ३३ सागर काल तक तीर्थंकर प्रकृति का बंध होता रहता है यह उत्कृष्ट काल है। (दो कोटि पूर्व वर्ष + ३३ सागर —८ वर्ष और एक अंतर्मुहूर्त) (देखो गो० क० गा० ९२-९३)

१७. आहारक शरीर और आहारक अंगोपांग प्रकृतियों का बंध अप्रमत्त ७वें गुण स्थान से लेकर ८वें अपूर्वकरण गुण स्थान के छठे भाग तक ही होता है और (देखो गो० क० गा० ९२)

१८. आयु कर्म का बंध मिश्र गुण स्थान तथा निर्वृत्यपर्याप्त अवस्था को प्राप्त मिश्र काय योग इन दोनों के सिवाय मिथ्या दृष्टि से लेकर अप्रमत्त गुण स्थान तक ही होता है (देखो गो० क० गा० ९२)

१९. तीर्थंकर प्रकृति १, आहारकाद्विक २, आयु कर्म के प्रकृति ४, इनके सिवाय बाकी बची प्रकृतियों का बंध मिथ्यात्व वगैरह अपने अपने बंध की व्युच्छित्ति[1] तक होता है ऐसा जानना (देखो गो० क० गा० ९२)

२०. किस गुण स्थान में कितने प्रकृतियों के बंध की व्युच्छित्ति होती है उनकी संख्या निम्न प्रकार जानना, व्युच्छित्ति का अर्थ बंध का अभाव यह ऊपर बता चुकी है, किस गुण स्थान में जिस प्रकृतियों की व्युच्छित्ति हो चुकी है उन प्रकृतियों का बंध अगले गुण स्थानों में नहीं होता।

२रे गुण स्थानों में जो २५ प्रकृतियों की व्युच्छित्ति होती है उन २५ प्र० का बंध केवल मिथ्यात्व से ही होता है और सासादन गुण स्थान में केवल अनतानुबंधी से ही होता है (देखो गो० क० गा० ९४ से १०० को० नं० १) यह कथन इस अध्याय में नाना जीवों की अपेक्षा से जानना।

---

(१) व्युच्छित्ति नाम बिछुड़ने का है। परन्तु जहां पर व्युच्छित्ति कही जाती है वहां पर उनका संयोग रहता है। जैसे दो मनुष्य एक नगर में रहते थे। उनमें से एक पुरुष दूसरी जगह गया। वहां पर किसी ने पूछा कि, तुम कहां बिछुड़े थे? तब उसने कहा कि, मैं अमुक नगर में बिछुड़ा था अर्थात् उससे जुदा हुआ था। इसी तरह जहां जहां पर कर्मों के बन्ध, उदय, अथवा सत्त्व की व्युच्छित्ति बताई है। वहां पर तो उन कर्मों का बन्ध, उदय अथवा सत्त्व रहता है, उसके आगे नहीं रहता, ऐसे सर्वत्र समझ लेना चाहिये।

गुण स्थान	व्युच्छित्ति प्राप्त प्र० की संख्या	जिन प्रकृतियों की बंध व्युच्छित्ति होती है उन प्रकृतियों के नाम
१ मिथ्यात्व	१६	मिथ्यात्व १, नपुंसक वेद १, नरकायु १, हुंडक संस्थान १, असंप्राप्त सृपाटिका संहनन १, एकेन्द्रियादि जाति ४, स्थावर १, आतप १, सूक्ष्म १, पर्याप्त १, साधारण १, नरक गति १, नरक गत्यानुपूर्व्य १ ये १६ ।
२ सासादन	२५	स्थानगृद्धि १, निद्रा-निद्रा १, प्रचला-प्रचला १, अनन्तानुबन्धी कषाय ४, स्त्रीवेद १, तिर्यंचायु १, दुर्भग १, दुःस्वर १, अनादेय १, न्यग्रोध परिमंडल संस्थान १, स्वाति सं० १, कुब्ज सं० १, वामन सं० १, वज्रनाराच सहनन १, नाराच सं० १, अर्धनाराच सं० १ । कीलित सं० १, अप्रशस्त विहायोगति १, तिर्यंच गति १, तिर्यंच गत्यानुपूर्व्य १, उद्योत १, नीचगोत्र १ ये २५ ।
३ मिश्र	०	यहां किसी प्रकृति की व्युच्छित्ति नहीं होती ।
४ असंयत	१०	अप्रत्याख्यान कषाय ४, मनुष्यायु १, वज्रवृषभनाराच संहनन १, औदारिक शरीर १, औदारिक अंगोपांग १, मनुष्य गति १, मनुष्य गत्यानुपूर्व्य १, ये १० ।
५ देश संयत	४	प्रत्याख्यान कषाय ४ ।
६ प्रमत्त	६	असाता वेदनीय १, अरति-शोक २, अस्थिर १, अशुभ १, अयशः कीर्ति १ ये ६ ।
७ अप्रमत्त	१	देवायु १, प्रकृति ही व्युच्छित्ति होती है, जो श्रेणी चढ़ने के संमुख नहीं है ऐसे स्वस्थान अप्रमत्त के ही अन्त समय में व्युच्छित्ति होती है । दूसरे सातिशय अप्रमत्त के बन्ध नहीं होता, इसलिये व्युच्छित्ति भी नहीं होती ।
८ भाग १	२	निद्रा १, प्रचला १ ये २ प्रकृतियों की व्युच्छित्ति होती है । इस भाग में श्रेणी चढ़ते समय मरण नहीं होता ।

	भाग २	०	इस भाग में व्युच्छित्ति नहीं होती।
	भाग ३	०	,, ,, ,,
	भाग ४	०	,, ,, ,,
	भाग ५	०	,, ,, ,,
	भाग ६	३०	तीर्थंकर प्र० १, निर्माण १, प्रशस्त विहायोगति १, पंचेन्द्रिय जाति १, तैजस-कार्माण शरीर २, आहारकद्विक २, समचतुरस्रसंस्थान १, देवगति १, देवगत्यानुपूर्व्य १, वैक्रियिकद्विक २, स्पर्शादि ४, अगुरुलघु १, उपघात १, परघात १, उच्छ्वास १, त्रस १, बादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक १, स्थिर १, शुभ, सुभग १, सुस्वर १, आदेय १, ये ३०।
	भाग ७	४	हास्य-रति २, भय-जुगुप्सा २ ये ४।
९	भाग १	१	पुरुषवेद १ की व्युच्छित्ति जानना।
	भाग २	१	संज्वलन क्रोध की ,, ,,
	भाग ३	१	,, मान १ की ,, ,,
	भाग ४	१	,, माया १ की ,, ,,
	भाग ५	१	,, लोभ १ की ,, ,,
१०	सूक्ष्म सां०	१६	ज्ञानावरण के ५, दर्शनावरण के ४ (चक्षु द० १, अचक्षु द० १, अवधि द० १, केवल दर्शनावरण १ ये ४) यशः कीर्ति १, उच्चगोत्र १, अंतराय कर्म के ५, ये १६।
११	उपशांत मोह	०	यहां कोई व्युच्छित्ति नहीं होती।
१२	क्षीण मोह	०	,, ,, ,,
१३	सयोग के०	१	सातावेदनीय १ की व्युच्छित्ति जानना।
१४	अयोग के०	०	यहां बन्ध भी नहीं तथा व्युच्छित्ति भी नहीं होती।
		१२०	बन्धयोग्य प्रकृतियां, इनकी व्युच्छित्ति ऊपर लिखे अनुसार जानना

२१. गुण स्थानों की अपेक्षा से बंध व्युच्छित्ति, बंध, अबंध, प्रकृतियों के कोष्टक बंध योग्य प्रकृति १२० । (देखो गो० क० गा० १०३ और १०४ को० नं० २)

गुणस्थान	अबंध प्रकृति संख्या	बंध प्रकृति संख्या	बंध व्युच्छित्ति प्र० संख्या	विशेष विवरण
१ मिथ्यात्व	३	११७	१६	आहारकद्विक , तीर्थकर प्र० १ ये ३ ।
२ सासादन	१६	१०१	२५	३+१६=१६
३ मिश्र	४६	७४	०	१६+२५=४४+ =४६ मनुष्यायु १, देवायु १ ये २ ।
४ असंयत	७३	७७	१०	५७—३ ४३. तीर्थकर प्र० १, मनुष्यायु १, देवायु १ ये ३ ।
५ देश संयत	५३	६७	४	प्रत्याख्यान कषाय ४ ।
६ प्रमत्त	५७	६३	६	को० नं० १ देखो ।
७ अप्रमत्त	६१	५६	१	५७+६=६३—२ आहारकद्विक =६१ १ देवायु जानना ।
८ अपूर्व क०	६२	५८	३६	को० नं० १ देखो ।
६ अनिवृ०	६८	२२	५	को० नं० १ देखो ।
१० सूक्ष्म सां०	१०३	१७	१६	को० नं० १ देखो ।
११ उपशांत मोह	११६	१	०	
१२ क्षीण मोह	११६	१	०	
१३ सयोग के०	११६	१	१	१ सातावेदनीय जानना ।
अयोग के	१२०	०	०	

२२. बंध योग्य प्रकृति १२० में से ऊपर लिखे हुये बन्ध अबन्ध प्रकृतियों की संख्या और नाम निम्न प्रकार जानना—

(देखो गो० क० गा० १०३-१०४ और को० नं २)

गुणस्थान	अबन्ध प्रकृतियों की		बन्ध प्रकृतियों की	
	संख्या	नाम	संख्या	नाम
१ मिथ्यात्व	३	आहारकद्विक २, तीर्थंकर प्र० १, ये ३ जानना	११७	ज्ञानावरण ५ दर्शनावरण ९, वेदनीय २, मोहनीय २६, आयु ४, नाम ६७—३ =६४, गोत्र २, अन्तराय के ५ ये ११७।
२ सासादन	१९	३+१६ को० नं० १ के समान=१९ जानना	१०१	ऊपर के ५+९+२+२४ (मिथ्यात्व १, नपुंसक वेद १ ये २ घटाकर (२६—२=२४)+३+५१ (६४—१३ =५१ नामकर्म १३ को०नं० १ के समान) +२+५=१०१.
३ मिश्र	४३	१९+२५ को० नं० १ के समान=४४ +२ (मनुष्यायु १, देवायु १, ये २) =४६ जानना	७४	ज्ञानावरण ५+६ दर्शनावरण (९—३ महानिद्रा घटाकर=६)+२ वेदनीय +१९ मोहनीय (अनन्तानुबन्धी ४, स्त्रीवेद १ ये ५ घटाकर २४ ५=१९) नामकर्म के ३६ (५१—१५ को० नं० १ के समान घटाकर ३६) उच्चगोत्र १, अन्तराय के ५ ये ७४ जानना।
४ असंयत	४३	४६—३ (मनुष्यायु १, देवायु १, तीर्थंकर प्र० १ ये ३ घटाकर)=(४३) जानना	७७	ऊपर के ५+६+२+१९+२ (मनुष्यायु १, देवायु १, ये २)+३७ (३६ तीर्थंकर प्र०=३७) १+५ ये ७७ जानना
५ देश संयत	५३	४३+१० (को० नं० १ के समान) =५३ जानना	६७	ऊपर के ५+६+२+१५ (१९—४ अप्रत्याख्यान कषाय घटाकर) + १+३२ ७ ५ को० नं० के समान =३२)+१+५ ये ६७ जानना

६	प्रमत्त	५७	५३+४ प्रत्याख्यान कषाय=५७ जानना	६३	ऊपर के ५+३+२+१ (१५—४ प्रत्याख्यान कषाय घटाकर) +१+३२+१+५ ये ६३.
७	अप्रमत्त	६१	५७+६ को० नं० १ के समान=६३—२ आहारकद्विक २ घटाकर=६१ जानना	५९	ऊपर के ५+६+१ सातावेदनी +९ (१२—२ अरति-शोक ये २ घटाकर ९)+१+२९ ३३—३ अस्थिर, अशुभ, अयशः कीर्ति ये घटाकर २९) +आहारकद्विक २ +१+५ ये ५९ जानना
८	अपूर्वकरण	६२	६१+१ देवायु ये ६२ जानना	५८	ऊपर के ५+६+१+९+३१+१+५ ये ५८ जानना
९	अनिवृत्तिक०	९८	६२+३६ को० नं० १ के समान=९८ जानना	२२	ऊपर के ५+४ (६—२ निद्रा-प्रचला घटाकर=४) +५ (९—४ हास्य-रति, भय जुगुप्सा ये ४ घटाकर=५)+१ (३१—३० को० नं० १ समान=१) +१+५ ये २२ जानना
१०	सूक्ष्मसांपराय	१०३	९८+५ संज्वलन कषाय ४, पुरुषवेद १, ये ५=१०३ जानना	१७	ऊपर के ५+४+१+१ यशः कीर्ति +१+५=१७ जानना (देखो गो० क० गा० १५१)
११	उपशांत मोह	११९	१०३+१६ को० नं० १ के समान=११९ जानना	१	साता वेदनीय जानना
१२	क्षीण मोह	११९	,,	१	,,
१३	सयोग के०	११९	,,	१	,,
१४	अयोग के०	१२०	११९+१ साता-वेदनीय ये १२० जानना	०	

२३. मूल प्रकृतियों के बंध के चार भेद निम्न प्रकार जानना

(१) सादि बंध – जिस कर्म के बंध का अभाव होकर अर्थात् बंध-व्युच्छित्ति के बाद फिर वही कर्म बंधे उसे सादि बंध कहते हैं।

(२) अनादि बंध—जो गुण स्थानों की श्रेणी पर ऊपर को नहीं चढ़ा अर्थात् बंध-व्युच्छित्ति के पहले जो बंध अव्याहत चालू रहता है, जिसके बंध का अ ाव नहीं हुआ वह अनादि बंध है।

(३) ध्रुव बंध—जिस बंध का आदि तथा अंत न हो अर्थात् जिस बंध का सतत चालू रहता है वह ध्रुव बंध है।

(४) अध्रुव बंध—जिस बंध का अन्त आ जावे उसे अध्रुव-बंध कहते हैं।

ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, नाम, गोत्र. अंतराय ये छह कर्मों का प्रकृति बंध सादि, अनादि, ध्रुव अध्रुव रूप चारों प्रकार का होता है।

तीसरे वेदनीय कर्म का बंध सादि बिना तीन प्रकार का होता है। उपशम श्रेणी चढ़ते समय और नीचे उतरते समय साता वेदनीय का सतत बंध होता रहता है इसलिये सादि बंध नहीं होता।

आयु कर्म का सादि और अध्रुव ये दो प्रकार का ही बंध होता है। एक पर्याय में एक समय, दो समय या उत्कृष्ट आठ समय में आयु कर्म का बंध होता है। इसलिये सादि है और अन्तर्मुहूर्त तक ही बंध होता है इसलिये अध्रुव है।

ज्ञानावरण की पांच प्रकृतियों का बंध किसी जीव के दसवें गुण स्थान तक अव्याहत होता था, जब वह जीव ग्यारहवें में गया तब बंध का अभाव हुआ, पीछे ग्यारहवें गुण स्थान से पड़कर (च्युत होकर) फिर दसवें में आया तब ज्ञानावरण की पांच प्रकृतियों का पुनः बंध हुआ, ऐसा बंध सादि कहलाता है।

दसवें गुण स्थान वाला ग्यारहवें में जब तक प्राप्त नहीं हुआ वहां तक ज्ञानावरण का अनादि बंध है, क्योंकि वहां तक अनादि काल से उसका बंध चला आता है।

ध्रुव बंध अभव्य जीव के होता है। अध्रुव बंध भव्य जीवों के होता है। (देखो गो० क० गा० १२२–१२३)

२४ आबाधा काल का लक्षण –कार्माण शरीर नामा नामकर्म के उदय से योग द्वारा आत्मा में कर्म स्वरूप कर्म से परिणमनता हुआ जो पुद्गलद्रव्य वह जब तक उदय स्वरूप (फल देने स्वरूप) अथवा उदीरणा (बिना समय के कर्म का पाक होना) स्वरूप न हो तब तक उस काल के आबाधा काल कहते हैं। (देखो गो० क० गा० १५५)

(१) आबाधा को उदय की अपेक्षा मूल प्रकृतियों में बतलाते हैं– यदि कोई एक कर्म की स्थिति एक कोड़ा कोड़ी सागर प्रमाण हो तो उस स्थिति की आबाधा काल (१००) सौ वर्ष प्रमाण जानना और बाकी स्थितियों की आबाधा काल इसी के अनुसार त्रैराशिक विधि से भाग देने पर जो जो प्रमाण आवे उतनी-उतनी जानना। यह क्रम आयु कर्म के सिवाय सात कर्मों की आबाधा के लिये उदय की अपेक्षा से है। (देखो गो० क० गा० १५६)

(२) अन्तः कोड़ा कोड़ी सागर प्रमाण स्थिति की आबाधा काल एक अन्तर्मुहूर्त जानना और सब जघन्य स्थितियों की उससे संख्यातगुणी क्रम (संख्यातवें भाग) आबाधा होती है। (देखो गो० क० गा० १५७)

(३) आयुकर्म की आबाधा काल—कर्मभूमि के तिर्यंच और मनुष्यों की उत्कृष्ट आयु कर्म की आबाधा काल कोड़पूर्व के तीसरे भाग प्रमाण है और जघन्य आयु की आबाधा काल असंक्षेपाद्धा प्रमाण अर्थात् जिससे थोड़ा काल कोई न हो ऐसे आवली के असंख्यातवें भाग प्रमाण तक है। आयु कर्म की आबाधा स्थिति के अनुसार भाग की हुई नहीं है अर्थात् जैसे अन्य कर्मों में स्थिति के अनुसार भाग करने से आबाधा का प्रमाण होता है, इस तरह इस आयु कर्म में नहीं है।

देव और नारकीयों को मरण के पहले छः महीना और भोगभूमियों के जीवों को नव महीना बाकी रहते हुए आयु का बंध होता है यह आयुबंध भी विभाग से होता है। आयु का बंध होने पर अगले पर्याय से प्रारम्भ में उसका उदय होता है। बंध से लेकर उदय तक का जो काल वही आबाधा काल है। (देखो गो० क० गा० १५८)

(४) उदीरणा की अपेक्षा आबाधा काल—आयु कर्म को छोड़कर शेष सात कर्मों की उदीरणा की अपेक्षा से आबाधा एक आवली मात्र है तब तक उदीरणा नहीं होती और परभव की आयु (बध्यमान आयु) जो बांध लीनी है उसकी उदीरणा या उदय भुज्यमान आयु में निक्षेपकर नहीं होती। अर्थात् वर्तमान आयु की (भुज्यमान आयु की) उदीरणा तो हो सकती है, परन्तु आगामी आयु की (बध्यमान आयु की) नहीं होती (देखो गो० क० गा० १५९)

२५. एक जीव को एक समय में कितने प्रकृतियों का बंध होता है यह बतलाते हैं।

(देखो गो० क० गा० २१७ को० नं० ५२)

गुण-स्थान	१ ज्ञाना०	२ दर्शना०	३ वेदनीय	४ मोहनीय	५ आयु	६ नामकर्म	७ गोत्र	८ अंतराय	जोड़
१. मिथ्यात्व	५	९	१	२२	१	२३-२५-२६-२८-२९-३०	१	५	६७-६९-७०-७२-७३-७४
२. सासादन	५	९	१	२१	१	२८-२९-३०	१	५	७१-७२-७३
३. मिश्र	५	६	१	१७	०	२८-२९	१	५	६३-६४
४. असंयत	५	६	१	१७	१	२८-२९-३०	१	५	६४-६५-६६
५. देशसंयत	५	६	१	१३	१	२८-२९	१	५	६०-६१
६. प्रमत्त	५	६	१	९	१	२८-२९	१	५	५६-५७
७. अप्रमत्त	५	६	१	९	१	२८-२९-३०-३१	१	५	५६-५७-५८-५९
८, अपूर्व क०	५	६-४	१	९	०	२८-२९-३०-३१-१	१	५	५५-५६-५७-५८-२६
९. अनिवृत्ति०	५	४	१	५-४-३-२-१	०	१	१	५	२२-२१-२०-१९-१८
१०. सूक्ष्म सां०	५	४	१	०	०	१	१	५	१७
११. उपशांतमो०	०	०	१	०	०	०	०	०	१
१२. क्षीण मोह०	०	०	१	०	०	०	०	०	१
१३. सयोग के०	०	०	१	०	०	०	०	०	१
१४. अयोग के०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
जोड़	५	९-६-४	१	२२-१२-१७-१३-९-५-४-३-२-१	१	२३-२५-२६-२८-२९-३०-३१-१	१	५	७४-७३-७२-७१-७०-६९ ६७-६६-६५-६४-६३-६१-६० ५९-५८-५७-५६-५५-२६-२२-२१-२०-१९-१८-१७-१

ऊपर के कोष्टक का विशेष स्पष्टीकरण :—

१. ज्ञानावरण के ५ प्रकृति :—मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण, अवधि ज्ञानावरण, मनः पर्यय ज्ञानावरण, केवल ज्ञानावरण ये ५।

२. दर्शनावरण के ६ प्रकृति—मूल प्रकृति जानना। ६ प्रकृति—मूल ६ प्रकृतियों में से स्थानगृद्धि, निद्रानिद्रा, प्रचलप्रचला ये ३ महानिद्रा घटाकर ६ जानना। ४ प्रकृति—ऊपर के ६ में से निद्रा और प्रचला ये २ घटाकर ४ जानना।

३. वेदनीय के—

४. मोहनीय के २२ प्रकृति—मोहनीय के २८ प्रकृतियों में से सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व प्रकृति इन दोनों का बंध नहीं होता। इसलिये ये २ घटाने से २६ रहे। इनमें तीन वेदों में से एक समय में एक ही वेद का बंध होता है इसलिये दो वेद कम करने से २४ रहे। इनमें हास्य-रति में से कोई १, और अरति-शोक इन जोड़ों में से कोई १ का ही बंध होता है इसलिये २४ में से २ घटाने से २२ प्रकृति जानना।

२१ प्रकृति—ऊपर के २२ में से मिथ्यात्व प्रकृति १ घटाकर २१ जानना।

१७ प्रकृति—ऊपर के २१ में से अनन्तानुबंधी कषाय ४ घटाकर १७ जानना।

१३ प्रकृति—ऊपर के १७ में से अप्रत्याख्यान कषाय ४ घटाकर १३ जानना।

६ प्रकृति—ऊपर के १३ में से प्रत्याख्यान कषाय ४ घटाकर ६ जानना।

५ प्रकृति—ऊपर के ६ में से हास्य-रति में से १, अरति-शोक में से १, और भय-जुगुप्सा ये २ में से ४ घटाकर ६-४=५ जानना।

४ प्रकृति—ऊपर के ५ में से पुरुषवेद १ घटाकर ४ जानना।

३ प्रकृति—ऊपर के ४ में से संज्वलन क्रोध १ घटाकर ३ जानना।

२ प्रकृति—ऊपर के ३ में से संज्वलन मान १ घटाकर २ जानना।

१ प्रकृति—ऊपर के २ में से संज्वलन माया १ घटाकर १ जानना।

५. आयु कर्म की प्रकृति—

६. नामकर्म की प्रकृति–(गो० क० गा० २१७–५२६ से ५३१ देखो)।

(१) २३ प्रकृतियों का वन्ध स्थान एकेन्द्रिय अपर्याप्त-युत एक ही है—ध्रुव प्रकृति ६ (तैजस शरीर १, कार्माण शरीर १, अगुरुलघु १, उपघात १, निर्माण १, स्पर्शादि ४ ये ६) वादर-सूक्ष्म में से १, प्रत्येक-साधारण में से १, स्थिर-अस्थिर में से , शुभ-अशुभ में से १, सुभग दुर्भग में से १, आदेय-अनादेय में से १, यश-कीर्ति–अयश-कीर्ति में से १, स्थावर १, अपर्याप्त १, तिर्यंचद्विक २, एकेन्द्रिय जाति १, औदारिक शरीर १, छः संस्थानों में से कोई १ संस्थान, ये सब २३ प्रकृति जानना और 'एकेन्द्रिय अपर्याप्तयुत' का अर्थ—जो कोई जीव इन २३ प्रकृतियों को वांधता है, वह जीव मरकर एकेन्द्रीय अपर्याप्त हो सकता है और एकेन्द्रिय अपर्याप्त हो तो वहां इन २३ प्रकृतियों का उदय होगा।

(२) २५ प्रकृतियों का दूसरा वन्धस्थान है। इसके ६ प्रकार होते हैं।

१ला **एकेन्द्रिय अपर्याप्तयुत**—ऊपर के २३ प्रकृतियों में से अपर्याप्त १, घटाकर शेष २२ में पर्याप्त १, उच्छ्वास १, परघात १ ये ३ प्रकृतियां जोड़कर २५ जानना।

२रा **द्विन्द्रिय अपर्याप्तयुत**—ऊपर के २५ प्रकृतियों में से स्थावर १, पर्याप्त १, एकेन्द्रिय १, उच्छ्वास १, परघात १ ये ५ घटाकर शेष २० में त्रस १, अपर्याप्त १, द्विन्द्रियजाति १, असंप्राप्ता सृपाटिका संहनन १, औदारिक अंगोपांग १ ये ५ जोड़कर २५ जानना।

३रा **त्रीन्द्रिय अपर्याप्तयुत**—द्वीन्द्रिय अपर्याप्तयुत में जो २ प्रकृतियां हैं। उनमें से द्वीन्द्रिय जाति घटाकर त्रीन्द्रिय जाति १ जोड़कर २५ जानना।

४था **चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तयुत**—ऊपर के त्रीन्द्रिय के जगह चतुरिन्द्रिय जाति जोड़कर २५ जानना।

५वां **पचेन्द्रिय अपर्याप्तयुत**—ऊपर के चतुरिन्द्रिय जाति के जगह पचेन्द्रिय जाति जोड़कर २५ जानना।

६वां **मनुष्य अपर्याप्तयुत**—ऊपर के पंचेन्द्रिय जाति के २५ प्रकृतियों में से तिर्यंचगति घटाकर मनुष्यगति जोड़कर २५ जानना।

(३) २६ प्रकृतियों का ३रा वन्धस्थान के दो प्रकार हैं—

१ला **एकेन्द्रिय पर्याप्त आतपयुत**—मनुष्यगति अपर्याप्त के २५ प्रकृतियों में से त्रस १, अपर्याप्त १, मनुष्यगति १, पचेन्द्रिय जाति १, अ–व्सृपाटिका सहनन १, औदारिक अंगोपांग १ ये ६ घटाकर शेष १६ में स्थावर १, पर्याप्त १, तिर्यंचगति १, एकेन्द्रियजाति १, उच्छ्वास १, परघात १, आतप १ ये ७ जोड़कर २६ जानना।

२रा **एकेन्द्रिय पर्याप्त उद्योतयुत**–ऊपर के आतप प्रकृति के जगह उद्योत प्रकृति जोड़कर २६ जानना।

(४) २८ प्रकृतियों का ४था वन्धस्थान के दो प्रकार हैं:—

१ला **देवगतियुत**—ध्रुव प्रकृतियां ६, त्रस १, वादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक १, स्थिर-अस्थिर में से १, शुभ-अशुभ में से १, यशःकीर्ति-अयशःकीर्ति में से १, सुभग १, आदेय १, देवगति १, देवगत्यानुपूर्व्य १, वैक्रियिकद्विक २, पंचेन्द्रिय जाति १, समचतुरस्र संस्थान १, सुस्वर १, प्रशस्तविहायोगति १, उच्छ्वास १, परघात १ ये २८ जानना।

२रा **नरकगतियुत**—ध्रुव प्रकृतियां ६, त्रस १, वादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक १, अस्थिर १, अशुभ १, अनादेय १, दुर्भग १, अयशःकीर्ति १, नरकद्विक २, वैक्रियिकद्विक २, पंचेन्द्रियजाति १, हुंडक संस्थान १, दुःस्वर १, अप्रशस्तविहायोगति १, उच्छ्वास १, परघात १ ये २८ जानना।

(५) २६ प्रकृतियों का ५वां वन्धस्थान के ६ प्रकार हैं—

१ला **द्वीन्द्रिय पर्याप्तयुत**—ध्रुव प्रकृतियां ६, त्रस १, वादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक १, स्थिर-अस्थिर में से १,

शुभ-अशुभ में से १, दुर्भग १, अनादेय १, यशःकीर्ति-अयशःकीर्ति में से १, तिर्यंचद्विक २, द्वीन्द्रियजाति १, औदारिकद्विक २, हुंडक संस्थान १, अ-सृपाटिकासंहनन १, दुःस्वर १ अप्रशस्तविहायोगति १, उच्छ्वास १, परघात १ ये २९ जानना।

२रा **त्रीन्द्रिय पर्याप्तयुत**—ऊपर द्वीन्द्रिय पर्याप्तयुत के २९ में द्वीन्द्रिय जाति की जगह त्रीन्द्रिय जाति जोड़ कर २९ जानना।

३रा चतुरिन्द्रिय पर्याप्तयुत - ऊपर के त्रीन्द्रिय पर्याप्तयुत के २९ में त्रीन्द्रिय जाति की जगह चतुरिन्द्रिय जाति जोड़कर २९ जानना।

४था पंचेन्द्रिय पर्याप्तयुत (तिर्यंच — ध्रुवप्रकृतियां ९, त्रस १, बादर १, प्रत्येक १, पर्याप्त १, स्थिर-अस्थिर में से १, शुभ-अशुभ में से १, सुभग-दुर्भग में से १, आदेय-अनादेय में से १, यशःकीर्ति-अयशःकीर्ति में से १, छः संस्थानों में से कोई १, छः संहननों में से कोई १, सुस्वर-दुस्वरों में से कोई १, दो विहायोगतियों में से कोई १, तिर्यंचद्विक २, औदारिकद्विक २, पंचेन्द्रिय जाति १, उच्छ्वास १, परघात १, ये २९ जानना।

५वां मनुष्य पर्याप्तयुत—ऊपर के २९ में तिर्यंचद्विक २ के जगह मनुष्याद्विक २ जोड़कर २९ जानना।

६वां देवगति तीर्थंकरयुत—ध्रुव प्रकृतियां ९, त्रस १, बादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक १, स्थिर-अस्थिर में से १, शुभ-अशुभ में से १, सुभग १, आदेय १ यशःकीर्ति-अयशःकीर्ति में से १, देवद्विक २, वैक्रियिकद्विक २, पचेन्द्रिय जाति १, समचतुरस्र संस्थान १, सुस्वर १, प्रशस्तविहायोगति १, उच्छ्वास१, परघात १, तीर्थंकर १ ये २९ जानना।

सूचना—२८ प्रकृतियों का बन्धस्थान में देवगतियुत जो प्रकार बतलाया है, उससे एक तीर्थंकर प्रकृति इसमें बढ़ गया है।

(६) ३० प्रकृतियों का ६वां बन्धस्थान के ६ प्रकार—

१ला **द्वीन्द्रिय पर्याप्त उद्योतयुत**—ऊपर के २९ प्रकृतियों का द्वीन्द्रिय पर्याप्त स्थान में उद्योत प्रकृति १ जोड़कर ३० जानना।

२रा **त्रीन्द्रिय पर्याप्त उद्योतयुत**—ऊपर के २९ प्रकृतियों का त्रीन्द्रिय पर्याप्तयुत स्थान में एक उद्योत प्रकृति जोड़कर ३० जानना।

३रा **चतुरिन्द्रिय पर्याप्त उद्योतयुत**—ऊपर के २९ प्रकृतियों का चतुरिन्द्रिय पर्याप्तयुत स्थान में एक उद्योत प्रकृति जोड़कर ३० जानना।

४था **पंचेन्द्रिय पर्याप्त उद्योतयुत**—ऊपर के २९ प्रकृतियों का पंचेन्द्रिय पर्याप्तयुत स्थान में एक उद्योत प्रकृति जोड़ कर ३० जानना।

५वां **मनुष्य तीर्थंकरयुत** ऊपर के २९ प्रकृतियों का मनुष्य पर्याप्तयुत स्थान में एक तीर्थंकर प्रकृति जोड़कर ३० जानना।

६ठां **देवगति आहारकयुत**—ऊपर के २९ प्रकृतियों का देवगति तीर्थंकरयुत स्थान में से तीर्थंकर प्रकृति १ घटाकर, आहारकद्विक २ जोड़कर ३० प्रकृतियां जानना।

(७) ३१ प्रकृतियों का एक ही स्थान है—

१ **देवगति आहारक-तीर्थंकरयुत**—ऊपर २९ प्रकृतियों का देवगति तीर्थंकरयुत इस स्थान में आहारकद्विक २ जोड़कर ३१ जानना।

(८) १ प्रकृति का एक ही स्थान है—वह प्रकृति अर्थात् यशः कीर्ति १ जानना।

इस प्रकार नामकर्म के आठ स्थानों के २५प्रकार जानना।

सूचना—नरकगतियुत २८ प्रकृतियों का स्थान में और एकेन्द्रिय अपर्याप्तयुत २३ प्रकृतियों का स्थान में और त्रस अपर्याप्तयुत २५ प्रकृतियों का स्थान में दुर्भग, सुभगादि शुभाशुभ प्रकृतियों में से एक का ही बन्ध होगा ऐसा जो लिखा है वह अशुभप्रकृति का ही बन्ध होगा।

(देखो गो० क० गा० ५३३) और ऊपर जो नामकर्म के आठ स्थान बतलाया गया है उनके गुणस्थान बधस्थान, भंग आदि विवरण गो० क० गा० २१७ को० नं० ५३ में देखो।

---

२६. कर्मों के उदय का कथन करते हैं—

प्रकृतियों का नाम।	उपय कौनसा गुणस्थान में होता ?
आहारकद्विक २।	६ठे प्रमत्त गुणस्थान में ही होता है।
तीर्थंकर प्रकृति का उदय।	१३वे सयोग तथा १४वे अयोग केवली के ही होता है।
सम्यङ्मिथ्यात्व	३रे मिश्रगुण स्थान में ही होता है।
सम्यक्त्व प्रकृति का उदय।	क्षयोपशमसम्यग्दृष्टि के ४ से ७ ये चार गुण में होता है।
गत्यानुपूर्वी का उदय।	१ले मिथ्यात्व २रे सासादन और ४थे असयत गुण स्थान इन तीनों में ही होता है। परन्तु कुछ विशेषता यह है कि सासादन गुणस्थान में मरने वाला जीव नरक-गति को नहीं जाता। इस कारण उसके नरकगत्यानुपूर्वी कर्म का उदय नहीं होता है और बाकी बचीं सब प्रकृतियों का उदय— मिथ्यात्वादि गुण स्थानों में अपने-अपने उदयस्थान के अन्त समय तक (उदयव्युच्छित्ति होने तक) जानना। देखो गो० क० गा० २६१–२६२)।

२७. गुण स्थानों में उदय व्युच्छित्ति आदि क्रम से कहते हैं—(को० नं० ५६)

(महाधवल अथवा कषाय प्राभृत के कर्त्ता यति वृषभाचार्य के मतानुसार जानना)

गुण-स्थान	अनुदय	उदय	उदय व्युच्छि०	विशेष विवरण
१. मिथ्यात्व	५	११७	१०	५=तीर्थंकर प्र० १, आहारकद्विक २, सम्यङ्मिथ्यात्व १, सम्यक्त्व प्रकृति १ ये ५ जानना। १०=मिथ्यात्व १, आतप १, सूक्ष्म १, साधारण १, अपर्याप्त १, स्थावर १, एकेन्द्रिय से चतुरिन्द्रिय जाति ४ ये १० जानना।
२. सासादन	१६	१०६	४	१६=५+१०+१ नरकगत्यानुपूर्वी=१६ जानना। ४=अनंतानुबंधी कषाय ४ जानना।
३ मिश्र	२२	१००	१	२२=१६+४=२०+३ आनुपूर्वी=२३—१ सम्यङ्मिथ्यात्व=२२ जानना। १=मिश्र प्र० १ जानना
४ असंयत	१८	१०४	१७	१८=२३-४ आनुपूर्वी १ सम्यक्त्व प्र० ये ५=१८ जानना। १७ अप्रत्याख्यान ४, नरकदेवायु २, वैक्रियिक षट्क ६, मनुष्यतिर्यंच-गत्यानुपूर्वी २, दुर्भग १, अनादेय १, अयशः कीर्तिः १ ये १७ जानना।
५. देशसंयत	३५	८७	८	३५=१८+१७=३५ जानना। ८=अप्रत्याख्यान कषाय ४, तिर्यंचायु १, तिर्यंच गति १, उद्योत १, नीच गोत्र १ ये ८ जानना।
६. प्रमत्त	४१	८१	५	४१=३५+८=४३—२ आहारकद्विक=४१ जानना। ५=स्थानगृद्धि १, निद्रानिद्रा १, प्रचलाप्रचला १, आहारकद्विक २ ये ५ जानना।
७. अप्रमत्त	४६	७६	४	४६=४१+५=४६ जानना। ४=सम्यक्त्व प्र० १, अर्ध नाराच १, कीलित १, अ० सृपाटिका १ ये ४ जानना।
८. अपूर्व क०	५०	७२	६	५०=४६+४=५० जानना। ६=हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा ये ६ जानना।
९. अनिवृ०	५६	६६	६	५६+०+६=५६ जानना। ६=संज्वलन क्रोध-मान-माया ३, वेद ३, ये ६ जानना।
१०. सूक्ष्म सां०	६२	६०	१	६२=५६+६=६२ जानना। १=लोभ कषाय (सूक्ष्म लोभ) जानना।
११. उपशांतमो०	६३	५९	२	६३=६२+१ ६३। २ वज्र नाराच १, नाराच १, ये २ जानना।
१२. क्षीण मोह०	६५	५०	१६	६५=६३+२=६५ जानना। १६=ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण ४+निद्रा १, प्रचला १=६, अंतराय के ५ ये १६ जानना।
१३. सयोग के०	८०	४२	२९	८०=६५+१६=८१—१ तीर्थंकर प्र०=८० जानना। २९=वज्रवृषभ नाराच संहनन १, निर्माण १, स्थिरद्विक २, शुभद्विक २, स्वरद्विक २, विहायोगति २, औदारिकद्विक २, तैजस १, कार्माण १, संस्थान ६, स्पर्शादि ४, अगुरुलघु १, उपघात १, परघात १, उच्छ्वास १, प्रत्येक शरीर १, ये २९।
१४. अयोग केवली	१०९	१३	१३	१०९ ८०+२९=१०९ जानना। १३ वेदनीय २, मनुष्यायु १, मनुष्य गति १, पंचेन्द्रिय जाति १, सुभग १, त्रस १, बादर १, पर्याप्त १, आदेय १, यशः कीर्ति १, तीर्थंकर १, उच्च-गोत्र १ ये १३ जानना।

ऊपर जो उदय का कोष्टक दिया है उसी तरह छठे गुण-स्थान तक उदीरणा का कोष्टक जानना। साता, असाता और मनुष्यायु इन तीनों का उदीरणा ६वें गुण स्थान तक ही होती है। परन्तु उदय सात १४वें गुण-स्थान तक रहता है, इसलिये ७वें गुण-स्थान से १४वें गुण स्थान तक उदीरणा में ३ प्रकृति कम होकर और अनुदीरणा में ३ प्रकृति बढ़ जायेंगे। (देखो गो० क० गा० २६३ को० नं० ५९)

२२. गुण स्थानों उदय व्युच्छित्ति आदि क्रम से कहते हैं। (को० नं० ६०)
(धवल शास्त्र कर्ता भूतबली आचार्य के मतानुसार जानना)

गुणस्थान	अनुदय	उदय	उदय व्युच्छित्ति	विशेष विवरण
१ मिथ्यात्व	५	११७	५	५ = सम्यङ् मिथ्यात्व १, सम्यक्त्व प्रकृति १, आहारकद्विक २, तीर्थंकर प्र० १ ये ५ जानना ५ = मिथ्यात्व १, आतप १, सूक्ष्म १, साधारण १, अपर्याप्त १, ये ५ जानना
२ सासादन	११	१११	६	११ = १० + १ नरक गत्यानुपूर्वी = ११ जानना ६ = अनन्तानुबन्धी कषाय ४, स्थावर १, एकेन्द्रियादि जाति ४ ये ६ जानना।
३ मिश्र	२२	१००	१	२२ = ११ + ६ २० + ३ आनुपूर्वी २३ — सम्यङ् मिथ्यात्व १ = २२ जानना १ मिश्र प्र० जानना
४ असंयत	१८	१०४	१७	को० नं० ५६ के समान जानना
५ देश संयत	३५	८७	८	,, ,,
६ प्रमत्त	४१	८१	५	,, ,,
७ अप्रमत्त	४६	७६	४	,, ,,
८ अपूर्व क०	५०	७२	६	,, ,, सूचना—इस कोष्टक के अनुसार आगे सब वर्णन किया है
९ अनिवृ०	५६	६६	६	,, ,,
१० सूक्ष्म सां०	६२	६०	१	,, ,,
११ उपशांत मोह	६३	५९	२	,, ,,
१२ क्षीण मोह	६५	५७	१६	,, ,,
१३ सयोग के०	८०	४२	३०	८० = ,, ,, ३० = २९ को०नं० ५९ के समान और साता-असाता में से कोई १ जोड़कर = ३० जानना
१४ अयोग के०	११०	१२	१२	११० = ८० + ३० = ११० जानना १२ = को० नं० ५९ में वेदनीय के दोनों प्रकृतियों का उदय नाना जीवों की अपेक्षा से १४वें गुण स्थान में माना है और यहां दोनों में से कोई १ का उदय माना है इसलिये अनुदय और उदय में एक प्रकृति का अन्तर है।

ऊपर जो अनिवृत्तिकरण गुण स्थान में ६ प्रकृतियों का व्युच्छित्ति बताया है उनमें से ३ वेदों की व्युच्छित्ति सवेद भाग में और संज्वलन कषाय के क्रोध-मान-माया इन ३ का व्युच्छित्ति अवेद भाग में जानना।

क्षीणमोह गुण० के द्विचरम समय में निद्रा और प्रचला इन २ प्रकृतियों का और अन्त समय में शेष १४ प्र० का व्युच्छित्ति जानना।

सयोग केवली गुण० में ३० की और अयोग केवली गुण० में १२ प्रकृतियों की व्युच्छित्ति होती है वह नाना जीवों की अपेक्षा से और सयोगी में २९ की और अयोगी में १३ की व्युच्छित्ति होती है, यह वेदनीय के दो प्रकृतियों की अपेक्षा से जानना।

अन्य गुण स्थानों में जैसे साता तथा असाता के उदय से इन्द्रिय जन्य सुख तथा दुःख होता है वैसे केवली भगवान के भी होना चाहिये ? इसका समाधान—केवली भगवान के घातिया कर्म का नाश हो जाने से मोहनीय के भेद जो राग तथा द्वेष वे नष्ट हो गये और ज्ञानावरण का क्षय हो जाने से ज्ञानावरण के क्षयोपशम से जन्य इन्द्रिय ज्ञान भी नष्ट हो गया। इसका कारण केवली साता तथा असाता जन्य इन्द्रिय विषयक सुख-दुःख लेशमात्र भी नहीं होते क्योंकि साता आदि वेदनीय कर्म मोहनीय कर्म की सहायता से ही सुख-दुःख देता हुआ जीव के गुण० को घातता है। यह बात पहले भी कह आये हैं। अतः उस सहायक का अभाव हो जाने से वह जली जेवड़ीवत् (रस्सी, अपना कुछ कार्य नहीं कर सकता।

वेदनीय कर्म केवली के इन्द्रिय जन्य सुख-दुःख का कारण नहीं है—जिस कारण केवली भगवान के एक सातावेदनीय का ही बन्ध सो भी एक समय की स्थिति वाला ही होता है, इस कारण वह उदय स्वरूप ही है। और इसी कारण असाता का उदय भी साता रूप से ही परिणमता है—क्योंकि असाता वेदनीय सहाय रहित होने से तथा बहुत हीन होने से मिष्ट जल में खारे जल की एक बूंद की तरह अपना कुछ कार्य नहीं कर सकता, इस कारण से केवली के हमेशा सातावेदनीय का ही उदय रहता है। इसी कारण असाता देव के निमित्त से होने वाली क्षुधा आदिक जो ११ परिषह है वे जिन वर देव के कार्य रूप नहीं हुआ करती हैं। (देखो गो० क० गा० २६४ से २७५ और को० नं० ६०)

२९. उदय और उदीरणा की प्रकृतियों में कुछ विशेषता बताते हैं—

उदय और उदीरणा में स्वामीपने की अपेक्षा कुछ विशेषता नहीं है, परन्तु ६वें प्रमत्त गुण स्थान और १३वां सयोगी, तथा १४वां अयोगी इन तीनों गुण स्थानों छोड़ देना अर्थात् इन तीनों गुण स्थानों में ही विशेषता है और सब जगह समानता है। सयोगी और अयोगी केवली की ३० और १२ उदय व्युच्छित्ति प्रकृतियों को मिलाना और उन ४२ में से साता, असाता और मनुष्यायु इन तीन प्रकृतियों को घटाना चाहिये और घटाई हुई साता[1] आदि तीन प्रकृतियों की उदीरणा ६वें प्रमत्त गुण स्थान में ही होती है। बाकी ४२-३=३९ प्रकृतियों की उदीरणा सयोग केवली के होती है तथा वहां ही उदीरणा की व्युच्छित्ति भी होती है। और अयोग केवली के उदीरणा होती ही नहीं यही विशेषता है। (देखो गो० क० गा० २७८-२७९-२८०)।

---

(१) संक्लेश परिणामों से ही इन तीनों की उदीरणा होती है। इस कारण अप्रमत्तादि के इन तीनों की उदीरणा का होना असम्भव है।

३०. उदीरणा की व्युच्छित्ति गुण स्थानों में क्रम से कहते हैं—

(देखो गो० क० गा० २८१–२८२–२८३ और को० नं० ६१)

गुण स्थान	अनु उदीरणा	उदीरणा	उदीरणा व्युच्छि०	विशेष विवरण
१ मिथ्यात्व	५	११७	५	कोष्टक नंबर ६० के समान जानना
२ सासादन	११	१११	६	" — "
३ मिश्र	२२	१००	१	" "
४ असंयत	१८	१०४	१७	" "
५ देश संयत	३५	८७	८	" "
६ प्रमत्त	४१	८१	८	४१=" " ८ =उदय के ५+३ साता-असाता-मनुष्यायु ये ३ जोड़कर ८ जानना
७ अप्रमत्त	४६	७३	४	४६=४६ अनुदीरणा में साता-असाता-मनुष्यायु ये ३ प्रकृति बढ़ाकर ४६ जानना और उदीरणा के ७६ में से यही ३ घटाकर ७३ जानना ४ = को० न ५६ के समान प्रकृतियों का नाम जानना
८ अपूर्वकरण	५३	६६	६	को० नं० ६० के समान जानना
९ अनिवृत्ति	५६	६३	६	"
१० सूक्ष्म सांपराय	६५	५७	१	"
११ उपशांत मोह	६६	५६	२	"
१२ क्षीणमोह	६८	५४	१६	"
१३ सयोग के०	८३	३६	३६	८३=६८+१६=८४–१ तीर्थंकर घटाकर=८३ ३६=४२ में से साता आदि ३ घटाकर ३६ जानना
१४ अयोग के०	१२२	०	०	

३१. कर्मों का उदय का क्रम और स्वामीपना बताते हैं—

कर्म प्रकृति	स्वामीपना—
गति आनुपूर्वी आयु	(१) किसी भी विवक्षित भव के पहले समय में ही उस विवक्षित भव के योग्य गति, आनुपूर्वी तथा आयु का उदय होता है। (२) एक जीव के एक ही गति, आनुपूर्वी तथा आयु का उदय युगपत् हुआ करता है

आतप प्रकृति का उदय बादर पर्याप्त पृथ्वीकायिक जीव के ही होता है। उच्चगोत्र का उदय मनुष्य और देवों के ही होता है।

स्थानगृद्धि, निद्रा-निद्रा, प्रचला-प्रचला ये ३ महा-निद्रा प्रकृतियों का उदय।

(१) मनुष्य और तिर्यंचों के ही होता है। (२) और इन तीन महानिद्राओं का उदय संख्यात वर्ष की आयु वाले कर्म भूमिया मनुष्य और तिर्यंचों के ही इन्द्रिय पर्याप्ति के पूर्ण होने के बाद हुआ करता है। (३) परन्तु आहारक ऋद्धि और वैक्रियक ऋद्धि के धारक मनुष्यों के इनका उदय नहीं होता इसलिये ऋद्धि वाले मनुष्यों को छोड़कर सब कर्म भूमिया मनुष्यों में इनके उदय की योग्यता समझना (देखो गो० क० गा० २८५–२८६)

स्त्री वेद का उदय निर्वृत्य पर्याप्तक असंयत गुण स्थान में नहीं है, क्योंकि असंयत सम्यग्दृष्टि मरण करके स्त्री नहीं होता इसलिये स्त्री वेद वाले असंयत के चारों आनुपूर्वी प्रकृतियों का उदय नहीं होता।

नपुंसक वेद का उदय पहले नरक के सिवाय अन्य तीन गतियों की चतुर्थ गुणस्थानवर्ती निर्वृत्य पर्याप्तक अवस्था में नहीं होता इसलिये नपुंसक वेद वाले असंयत के नरक के बिना अंत की तीन आनुपूर्वी प्रकृतियों का उदय नहीं होता। (देखो गो० क० गा० २८७)

एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति नाम-कर्म और सूक्ष्म व साधारण प्रकृतियों का उदय तिर्यंच गति में ही होने योग्य है।

अपर्याप्त प्रकृति का उदय तिर्यंच और मनुष्य के गति में ही होने योग्य है। वज्रवृषभनाराच आदि ६ संहनन और औदारिक शरीर औदारिक अंगोपांग का जोड़ा, मनुष्य तथा तिर्यंच के उदय होने योग्य है।

वैक्रियिकद्विक का उदय देव और नारकीयों के ही होने योग्य कही है। (देखो गो० क० गा० २८८)

उद्योत प्रकृति का उदय तेजः कायिक, वायुकायिक और साधारण वनस्पति कायिक इन तीनों के छोड़ कर अन्य बादर पर्याप्तक तिर्यंचों के होता है।

शेष प्रकृतियों का उदय गुण स्थान के क्रम से जानना (देखो गो० क० गा० २८९)

३२. कर्म प्रकृतियों के सत्त्व का निरूपण करते हैं—

मिथ्या दृष्टि, सासादन मिश्र इन तीनों गुण स्थानों में से क्रम से पहले में तीर्थंकर १ और आहार-काद्विक २ एक काल में नहीं होते तथा दूसरे में तीनों ही प्रकृति किसी काल में नहीं होते और मिश्र गुण० में तीर्थंकर प्रकृति नहीं होती, अर्थात् १ले गुण० में नाना जीवों की अपेक्षा उन तीनों (तीर्थंकर १+आहारकद्विक २=३ प्रकृतियों की (सत्व—१४८) सत्ता है परन्तु एक जीव की अपेक्षा १ले गुण० में जिनके तीर्थंकर प्रकृति की सत्ता हो उनके आहारकद्विक २ की सत्ता नहीं रहती और जिनके आहारकद्विक २ की सत्ता हो उनके तीर्थ-कर प्र० १ सत्ता की नहीं रहती।

भावार्थ- जिनके तीर्थंकर और आहारकद्विक की युगपत् सत्ता है वे मिथ्यादृष्टि नहीं हो सकते। २रे सासादन गुण० में तीर्थंकर और आहारकद्विक इन तीनों ही प्रकृतियों का सत्व किसी काल में नहीं होते इसलिये १४५ प्र० का सत्ता जानना।

३०. उदीरणा की व्युच्छित्ति गुण स्थानों में क्रम से कहते हैं—
(देखो गो० क० गा० २८१–२८२–२८३ और को० नं० ६१)

गुण स्थान	अनु उदीरणा	उदीरणा	उदीरणा व्युच्छि०	विशेष विवरण
१ मिथ्यात्व	५	११७	५	कोष्टक नंबर ६० के समान जानना
२ सासादन	११	१११	६	,, — ,,
३ मिश्र	२२	१००	१	,, ,,
४ असंयत	१८	१०४	१७	,, ,,
५ देश संयत	३५	८७	८	,, ,,
६ प्रमत्त	४१	८१	८	४१=" ,,
				८ =उदय के ५+३ साता-असाता-मनुष्यायु ये ३ जोड़कर ८ जानना
७ अप्रमत्त	४६	७३	४	४६=४६ अनुदीरणा में साता-असाता-मनुष्यायु ये ३ प्रकृति बढाकर ४६ जानना और उदीरणा के ७६ में से यही ३ घटाकर ७३ जानना
				४ = को० न ५६ के समान प्रकृतियों का नाम जानना
८ अपूर्वकरण	५३	६६	६	को० नं० ६० के समान जानना
६ अनिवृत्ति	५६	६३	६	,,
१० सूक्ष्म सांपराय	६५	५७	१	,,
११ उपशांत मोह	६६	५६	२	,,
१२ क्षीणमोह	६८	५४	१६	,,
१३ सयोग के०	८३	३६	३६	८३=६८+१६=८४–१ तीर्थंकर घटाकर=८३. ३६=४२ में से साता आदि ३ घटाकर ३६ जानना
१४ अयोग के०	१२२	०	०	

३४. कौन से गुण स्थान में कितने प्रकृतियों का सत्व रहता है। इसका विवरण क्षपक श्रेणी की अपेक्षा से जानना सब प्रकृतियां १४८।
(देखो गो० क० गा० ३३३ से ३४२ और को० नं० ११६)

गुण स्थान	असत्व	सत्व	सत्व व्युच्छि०	विशेष विवरण
१ मिथ्यात्व	०	१४८	०	
२ सासादन	३	१४५	०	३=आहारकद्विक २, तीर्थंकर प्र० १ ये ३ जानना
३ मिश्र	१	१४७	०	१ तीर्थंकर प्रकृति जानना
४ असंयत	०	१४८	१	१=नरकायु १ जानना
५ देशसंयत	१	१४७	१	१=असत्व=नरकायु, १=व्युच्छित्ति=तिर्यंचायु
६ प्रमत्त	२	१४६	०	२=नरका १, तिर्यंचायु १, ये २ जानना
७ अप्रमत्त	२	१४६	८	२=नरक-तिर्यंचायु ये २, ८=अनन्तानुबन्धी ४, दर्शन मोहनीय के ३, देवायु १, ये ८ जानना
८ अपूर्वकरण क्षपक	१०	१३८	१०	१०=२+८=१० जानना (क्षपक श्रेणी की अपेक्षा)
९ अनिवृत्तिकरण क्षपक श्रेणी की अपेक्षा				
१ला भाग	१०	१३८	८	१०=८वां गुण स्थान के समान जानना। १६=स्यानगृद्धि आदि महानिद्रा ३, नरक गति १, नरक गत्यानुपूर्वी १, तिर्यंचगति १, तिर्यंच गत्यानुपूर्वी १, एकेन्द्रियादि जाति ४, उद्योत १, आतप १, साधारण १, सूक्ष्म १, स्थावर १ ये १६
२रा भाग	२६	१२२	८	२६=१०+१६+२६, ८=अप्रत्याख्यान ४, प्रत्याख्यान ४ ये ८ जानना।
३रा भाग	३४	११४	१	३४=२६+८=३४, १=नपुंसक वेद जानना
४था भाग	३५	११३	१	३५=३४+१=३५, १=स्त्रीवेद जानना

भावार्थ—तीनों में से किसी भी प्रकृति की सत्ता रखने वाला सासादन गुण स्थान वाला नहीं हो सकता और ३रे मिश्र गुण० में तीर्थंकर प्रकृति की सत्ता नहीं होती, इसलिये १४७ प्रकृतियों की सत्ता जानना।

भावार्थ—तीर्थंकर की सत्ता वाला मिश्र गुण स्थान वर्ती नहीं हो सकता। (देखो गो० क० गा० ३३३)

३३. चारों ही गतियों में किसी भी आयु के बंध होने पर सम्यक्त्व होता है, परन्तु देवायु के बंध के सिवाय अन्य तीन आयु के बंध वाला अणुव्रत तथा महाव्रत नहीं धारण कर सकता है, क्योंकि वहां व्रत के कारणभूत विशुद्ध परिणाम नहीं है।
(देखो गो० क० गा० ३३४)

नरकायु भोगते हुये या आगामी नरकायु का बंध हुआ हो तो अर्थात् नरकायु के सत्व होने पर देश व्रत नहीं हो सकता है तथा तिर्यंच आयु के सत्व होने पर महाव्रत नहीं होता और देवायु के सत्व होने पर क्षपक श्रेणी नहीं होती।

असंयतादि चार गुण स्थान वाले अनंतानुबंधी के ४, दर्शन मोहनीय के ३ इन ७ प्रकृतियों का किस तरह नाश करके क्षायिक सम्यग्दृष्टि होते हैं यह बताते हैं—प्रथम अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण करता है। अनिवृत्तिकरण का काल अंतर्मुहूर्त का रहता है। उन सातों में से पहले अनंतानुबंधी चतुष्क का अनिवृत्तिकरण रूप परिणामों के अंतर्मुहूर्त काल के अंत समय में एक ही बार विसंयोजन करके अर्थात् अनंतानुबंधी की चौकड़ी को अप्रत्याख्यानादि बारह कषायरूप या तो कषायरूप परिणमन करा देता है, इस प्रकार विसंयोजन करके अंतर्मुहूर्त काल तक विश्राम करता है। इसके बाद अर्थात् अनिवृत्तिकरण काल के बहुभाग को छोड़ के शेष संख्यातवे एक भाग में पहले समय से लेकर दर्शन मोह का नाश करने का उद्यम करता है अर्थात् क्रम से मिथ्यात्व प्रकृति, तथा सम्यक्त्व मिथ्यात्व तथा सम्यक्त्व प्रकृति का क्षय करते हैं। इस प्रकार सात प्रकृतियों के क्षय करके क्षायिक सम्यग्दृष्टि होता है। यहां पर तीन गुण स्थानों का प्रकृति सत्व पूर्वोक्त ही समझना, एक जीव की अपेक्षा १ले मिथ्यात्व गुण स्थान में आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृति का सत्व अनुक्रम से कैसा रहता है वह बताते हैं कोई जीव ऊपरले गुण स्थान में आहारकद्विक का बंध करके मिथ्यात्व गुण स्थान में आया वहां आहारकद्विक के उद्वेलन करने के बाद नरकायु का बंध किया, उसके बाद असंयत् गुण स्थान में आकर वहां तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया, उसके बाद २रे अथवा ३रे नरक में जाते समय मिथ्यादृष्टि हुआ, इस प्रकार मिथ्यादृष्टि जीव को आहारकद्विक २ और तीर्थंकर प्रकृति का सत्व अनुक्रम से रह सकता है नाना जीवों की अपेक्षा से देखा जाय तो एक समय में आहारकद्विक २ और तीर्थंकर प्रकृति का सत्व रह सकता है तथा असंयत से लेकर ७वे गुण स्थान तक उपशमसम्यग्दृष्टि तथा क्षयोपशम सम्यग्दृष्टि इन दोनों के ४थे गुण स्थान में अनंतानुबंधी आदि की उपशमरूप सत्ता होने से १४८ प्रकृतियों का सत्व है। ५वे गुण स्थान में नरकायु न होने से १४७ का, ६वे प्रमत्त गुण स्थान में नरक तथा तिर्यंचायु इन दोनों का सत्व न होने से १४६ का तथा ७वे अप्रमत्त में भी १४६ का ही सत्व है और क्षायिक सम्यग्दृष्टि के अनंतानुबंधी कषाय ४ तथा दर्शनमोहनीय के ३ इन ७ प्रकृतियों के क्षय होने से सात सात कम समझना और अपूर्वकरण गुण स्थान में दो श्रेणी हैं, उनमें से क्षपक श्रेणी में तो १३८ प्रकृतियों का सत्व है, क्योंकि अनंतानुबंधी आदि ७ प्रकृतियों का तो पहले ही क्षय किया था और नरक, तिर्यंच तथा देवायु इन तीनों की सत्ता ही नहीं है, इस प्रकार ७+३ =१० प्रकृतियां कम हो जाती है। (देखो गो० क० गा० ३३५-३३६)

३५. उपशम श्रेणीवाले के चारित्र मोहनीय की शेष २८ – ७ = २१ प्रकृतियों के उपशम करने का विधान बताते हैं – उपशम के विधान में भी क्षपणा विधान की तरह क्रम जानना। परन्तु विशेष बात यह कि, ८वाँ गुणस्थान से ११वां गुणस्थान तक उपशम-श्रेणी चढ़ने वाले जीव को नरकायु और तिर्यंचायु इन दो प्रकृति कम होकर १४६ प्रकृतियों का सत्व रहता है; और जो क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव उपशम-श्रेणी चढ़ता है उसे ८ से ११वें गुणस्थान तक १३८ प्रकृतियों का सत्व रहता है। इसी तरह आयुर्बंध जिसको नहीं हुआ है ऐसा क्षायिक सम्यग्दृष्टि को ४थे से ७वें गुणस्थान तक १४८ प्रकृतियों का सत्व रहता है। नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, नोकषाय,, पुरुषवेद इनका उपशम क्रम से होता है और क्रोध, मान, माया, लोभ, इनका उपशम निम्न प्रकार ९वें गुणस्थान में पुरुषवेद के उदशम होने के बाद नया बन्धा हुआ पुरुषवेद कर्म का अप्रत्यख्यान क्रोधासह उपशम करता है। नन्तर संज्वलन क्रोधका उपशम करता है। इसके बाद नया बन्धा हुआ संज्वलन क्रोधका अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान मान कषायसह उपशम करता है। नन्तर संज्वलन मान का उपशम करता है इसके बाद नया बंधा हुआ संज्वलन मान का अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान मायाकषायसह उपशम करता है। नन्तर संज्वलन माया का उपशम करता है। इसके बात नया बन्धा हुआ माया का अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान लोभसह उपशम करता है। नन्तर बादर संज्वलन लोभ का उपशम करता है। कर्मबन्ध होने के बाद एक आवली तक उसका उपशम, क्षय, उदय वगैरह नहीं होता, (देखो गो० क० गा० ३४३)।

३६. संक्रमण के पांच प्रकार हैं—

पांच प्रकार के संक्रमण में पांच प्रकार के भागहार होते हैं। संसारी जीवों के अपने जिन परिणामों के निमित्त से शुभकर्म और अशुभकर्म संक्रमण करे अर्थात् अन्य प्रकृति-रूप परिण में उसको भागहार कहते हैं। उसके उद्वेलन, विध्यात, अधःप्रवृत्तगण गुणसंक्रमण और सर्वसंक्रमण के भेद से पांच प्रकार हैं। (देखो गो० क० गा० ४०९)।

(१) संक्रमण का स्वरूप कहते हैं—अन्य प्रकृतिरूप परिणमन को संक्रमण कहते हैं। सो जिस प्रकृति का बंध होता है उसी प्रकृति का संक्रमण भी होता है। यह सामान्य विधान है कि जिसका बन्ध नहीं होता उसका संक्रमण भी नहीं होता। इस कथन का ज्ञापनसिद्ध प्रयोग यह है कि दर्शनमोहनीय के बिना शेष सब प्रकृतियां बन्ध होने पर संक्रमण करती हैं, ऐसा नियम जानना। असाता का बन्ध ६वें गुणस्थान तक होता है। इसलिये साता का सक्रमण ६वें गुणस्थान तक असातारूप होयेगा। इसी तरह साताका बन्ध १३वें गुणस्थान तक होता है इसलिये असाता का संक्रमण १३वें गुणस्थान तक होता है। परन्तु दर्शनमोहनीय के जहाँ बन्ध होता है तहां यह नियम नहीं है। तथा मूलप्रकृतियों का संक्रमण अर्थात् अन्य का अन्य रूप परस्पर में परिणमन नहीं होता। ज्ञानावरण की प्रकृति कभी दर्शनावरणरूप नहीं होती इससे सारांश यह निकला कि उत्तरप्रकृतियों मे ही संक्रमण होता है। परन्तु दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय का परस्पर में संक्रमण नहीं होता तथा चारों आयुओं का भी परस्पर में संक्रमण नहीं होता। (देखो गो० क० गा० ४१०)।

सम्यक्त्व मोहनीय (सम्यक्त्व प्रकृति) का संक्रमण ४थे गुणस्थान से ७वें गुणस्थान तक नहीं करती। मिथ्यात्वमोहनीय (मिथ्यात्वप्रकृति) का संक्रमण मिथ्यात्व गुणस्थान में नहीं करती। मिश्र मोहनीय (सम्यङ्मिथ्यात्व) का संक्रमक ३रे मिश्रगुण० में नहीं करती। सासादन और मिश्रगुणस्थान में नियम से दर्शनमोहनीय के त्रिक का संक्रमण नहीं होता। सामान्य से दर्शनमोहनीय का संक्रमण १ से ७ इन चारों गुणस्थानों में होता है। (देखो गो० क० गा० ४११)।

कोई सम्यग्दृष्टि जीव मिथ्यात्वगुणस्थान को प्राप्त

	५वां भाग	३६	११२	६	३६=३५+ =३६, ६=हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, ये ६ जानना
	६वां भाग	४२	१०६	१	४२=३६ ६=४२, १=पुरुषवेद जानना
	७वां भाग	४३	१०५	१	४३=४२+१ ४३, १ संज्वलन क्रोध
	८वां भाग	४४	१०४	१	४४=४३+१=४४, १= ,, मान
	९वां भाग	४५	०३	१	४५=४४+१=४५, १= , माया
१०	सूक्ष्म सां० क्षपक	४६	१ २	१	४६=४५+१=४५, १= ,, लोभ
११	उपशांत मोह	०	०	०	०
१२	क्षीण मोह	४७	१०१	१६	४७ ४६+१=४७, १६=ज्ञानावरण के ५, दर्शनावरण के ४, मोहनीय के २ (निद्रा, प्रचला) अन्तराय के ५ १ १६ जानना
१३	सयोग के०	६३	८५	०	६३=ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण के ९, मोहनीय के २८, आयुकर्म के ३, (नरक-तिर्यंच-देवायु) नाम १३, नरकद्विक २, तिर्यंच द्विक २, एकेन्द्रियादि जाति ४, उद्योत , आतप १, साधारण १, सूक्ष्म १, स्थावर १ ये १३) अन्तराय के ५ ये ६३ जानना।
१४	अयोग के० द्विचरम समय पर्यंत—	६२		७२	६३=१३वें गुण० के समान जानना ७२+साता या असाता में से कोई १ नाम कर्म के ७० (शरीर ५, बंधन ५, संघात ५, संस्थान ६, अंगोपांग ३, संहनन ६, स्पर्श ८, रस ५, गंध २, वर्ण ५, स्थिर-अस्थिर २, शुभ-अशुभ २, सुस्वर-दुःस्वर २, देवद्विक २, विहायोगति २, दुर्भग १, निर्माण १, अयशः कीर्ति १, अनादेय १, प्रत्येक १, अपर्याप्त , अगुरुलघु १, उद्योत १, परघात १, उच्छ्वास १, ये ७) नीचगोत्र १, ये ७२ जानना
	अयोग केवली अंत समय में	१३५	१३	१३	१३५=६ +७२=१३५, १३=साता या असाता में से कोई १, मनुष्यायु १, नामकर्म के १० (मनुष्यद्विक २, पंचेन्द्रिय जाति १ सुभग १, त्रस १, बादर १, पर्याप्त १ आदेय १, यशः कीर्ति १, तीर्थंकर १ ये १०) उच्च-गोत्र १, ये १३ जानना

(२) प्रकृतियों के संक्रमण का नियम अर्थात् किस प्रकृति में कितने संक्रमण (पांच संक्रमणों में से) होते हैं इसका विवरण :—

प्रकृतियों की संख्या	संक्रमणों की संख्या और नाम						
	संख्या	उद्वेलन संक्रमण	विध्यात संक्रमण	अधः प्रवृत्ति०	गुण संक्रमण	सर्व० संक्रमण	विशेष विवरण
३९ प्रकृतियों में	१			१			यह १ जानना
३० ,,	४		१	१	१	१	ये ४ ,,
७ ,,	२			१	१		ये २ ,,
२० ,,	३		१	१	१		ये ३ ,,
१ ,,	३		१		१	१	ये ३ ,,
१ ,,	४	१		१	१	१	ये ४ ,,
१२ ,,	५	१	१	१	१	१	ये ५ ,,
४ ,,	२			१		१	ये २ ,,
४ ,,	२		१	१			ये २ ,,
४ ,,	३			१	१	१	ये ३ ,,

जोड़ १२२ प्रकृतियों में आयु के ४ प्रकृति नहीं है, परन्तु वर्णादिक के ४ प्रकृतियों के जगह शुभ वर्णादि ४ और अशुभ वर्णादि ४ ये ८ प्रकृति इनमें लिया है इससे सब मिलकर १२२ प्रकृतियां होती हैं। (देखो गो० क० गा० ४१८)

उन प्रकृतियों को तथा उनके संक्रमणों को क्रम से बताते हैं। अर्थात् किस प्रकृति में कौन सा संक्रमण होता है इसका खुलासा (कोष्टक नं० १४२ गो० क० गा० ४१९ से ४२८ में देखो।

होने पर सम्यक्त्वमोहनीय और मिश्रमोहनीय का अन्तर्मुहूर्ततक अधः प्रवृत्त संक्रमण होता है और उद्वेलन भागहार संक्रमण उपांत्य कांडक तक (अन्त के समीप के भाग) नियम से प्रवर्तता है। वहां पर अधःप्रवृत्त संक्रमण फालिरूप रहता है। एक समय में संक्रमण होने को 'फालि' कहते हैं।

अधःप्रवृत्त संक्रमण में फालिरूप संक्रमण होता है और समय समूह में संक्रमण होना 'कांडक' कहा जाता है। उद्वेलन संक्रमण 'कांडकरूप से' होता है। (देखो गो० क० गा० ४१२)।

उद्वेलन प्रकृतियों का द्विचरमकांड तक उद्वेलना-संक्रमण होता है। और अन्त के कांडक में नियम से गुणसंक्रमण होता है और अन्तकांडक के अन्त की फालि में सर्वसंक्रमण होता। ऐसा जानना।

सम्यक्त्वमोहनीय और मिश्रमोहनीय ये दो प्रकृतियां उद्वेलन प्रकृतियों में समाविष्ट हैं। इसलिये उन प्रकृतियों में उद्वेलन संक्रमण, गुणसंक्रमण और सर्वसंक्रमण होता है। (देखो गाथा ६१२ से ६१७)।

यहां पर प्रसंगवश पांचों संक्रमणों का स्वरूप कहते हैं—

(१) उद्वेलन संक्रमण—अधःप्रवृत्त, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण इन तीन करणरूप परिणामों के बिना ही क्रमप्रकृतियों के परमाणुओं का अन्य प्रकृतिरूप परिणमन होना वह उद्वेलन संक्रमण है। (गाथा ४५०–४१५ देखो)।

(२) विध्यात संक्रमण—मन्द विशुद्धता वाले जीव की, स्थिति अनुभाग के घटाने रूप, भूतकालीन स्थिति कांडक और अनुभाग कांडक तथा गुण श्रेणी आदि परिणामों में प्रवृत्ति होना विध्यात संक्रमण है।

(३) अधःप्रवृत्त संक्रमण – बन्धरूप हुई प्रकृतियों का अपने बन्ध में सम्भवती प्रकृतियों में परमाणुओं का जो प्रदेश संक्रमण होना वह अधःप्रवृत्त संक्रमण है।

(४) गुणसंक्रमण—जहां पर प्रतिसमय असंख्यात-गुणश्रेणी के क्रम से परमाणु प्रदेश अन्य प्रतिरूप परिणमें सो गुणसंक्रमण है।

(५) सर्वसंक्रमण—जो अन्त के कांडक की अन्त की फालि के सर्वप्रदेशों में से जो अन्य प्रकृतिरूप नहीं हुए हैं उन परमाणुओं का अन्य प्रकृतिरूप होना वह सर्वसंक्रमण है। (देखो गो० क० गा० ४१३)।

प्रकृतियों के बन्ध होने पर अपनी अपनी-अपनी बन्ध व्युच्छित्ति तक अन्य प्रकृतियों का अधः प्रवृत्तसंक्रमण होता है। परन्तु मिथ्यात्व का संक्रमण पहले गुण स्थान में नहीं होता क्योंकि 'सम्मं मिच्छं मिस्सं' इत्यादि गाथा के द्वारा इसका निषेध पहले ही बता चुके हैं और बंध की व्युच्छित्ति होने पर तीसरे असंयत से लेकर ७वें अप्रमदत्त गुण-स्थान तक विध्यात नामा संक्रमण होता है तथा ८वें अपूर्व-करण गुण० से आगे ११वें उपशांत कषाय गुणस्थान पर्यंत बंध रहित अप्रशस्त प्रकृतियों का गुणसंक्रमण होता है। इसी तरह प्रथमोपशम सम्यक्त्व ग्रहण होने के समय प्रथम समय से लेकर अन्तर्मुहूर्त तक गुणसंक्रमण होता है और क्षायिक सम्यक्त्व प्राप्त करते समय मिथ्यात्व का क्षय करने के लिये मिश्र और सम्यक्त्व प्रकृति के पूर्ण काल में अपूर्व-करणपरिणामों के द्वारा मिथ्यात्व के अन्तिम कांडक की उपांत्य फालिपर्यंत गुणसंक्रमण और चरम (अन्तिम) फालि में सर्वसंक्रमण होता है। (देखो गो० क० गा० ४१६)।

प्रत्याख्यान कषाय ४	०	,,	,,	,,	,,	
अरति-शोक २	०	,,	,,	,,	,,	
नपुंसक वेद १	०	,,	,,	,,	,,	
स्त्री वेद १	०	,,	,,	,,	,,	
(३) तिर्यंचद्विक २	०	,,	,,	,,	,,	
एकेन्द्रियादि जाति ४	०	,,	,,	,,	,,	
आतप १	०	,,	,,	,,	,,	
उद्योत १	०	,,	,,	,,	,,	
स्थावर १	०	,,	,,	,,	,,	
सूक्ष्म १	०	,,	,,	,,	,,	
साधारण १	०	,,	,,	,,	,,	ये ३० प्रकृतियां
७ प्रकृतियों में	०	०	१	१	०	ये २ संक्रमण
(१) निद्रा १	०	०	,,	,,	०	
प्रचला १	०	०	,,	,,	०	
(२) अशुभ वर्णादि ४	०	०	,,	,,	०	
उपघात १	०	०	,,	,,	०	ये ७ प्रकृतियां
२० प्रकृतियों में	०	१	१	१	०	ये ३ संक्रमण
(१) असाता वेदनीय १	०	,,	,,		०	
(२) अप्रशस्त विहायोगति १	०	,,	,,	,,	०	
१ले छोड़कर वज्रनाराच आदि संहनन ५	०	,,	,,	,,	०	
१ले समचतुरस्र छोड़कर शेष संस्थान ५	०	,,	,,	,,	०	
अपर्याप्त १		,,	,,	,,	०	
अस्थिर १	०	,,	,,	,,	०	
अशुभ १	०	,,	,,	,,	०	
दुर्भग १	०	,,	,,	,,	०	
दुःस्वर १	०	,,	,,	,,	०	
अनादेय १	०	,,	,,	,,	०	
अयशः कीर्ति १	•	,,	,,	,,	०	
(३) नीच गोत्र १	०	,,	,,	,,	०	ये २० प्रकृतियां
१ मिथ्यात्व प्रकृति	०	१	०	१	१	ये ३ संक्रमण
१ सम्यक्त्व मोहनीय	१	०	१	१	१	ये ४ संक्रमण
१२ प्रकृतियों में	१	१	१	१	१	ये ५ ही संक्रमण
(१) मिश्र मोहनीय १	,,	,,	,,	,,	,,	

प्रकृतियों के नाम	कौन कौन से संक्रमण होते हैं					विशेष विवरण
	उद्वेलन	विध्यात	अधः प्र०	गुण सं०	सर्व सं०	
३९ प्रकृतियों में	०	०	१	०	०	१ अधः प्रवृत्ति
(१) ज्ञानावरण के ५	०	०	,,	०	०	
(२) दर्शनावरण के ४	०	०	,,	०	०	
(३) साता वेदनीय १	०	•	,,	०	०	
(४) संज्वलन लोभ १	०	०	,,	०	०	
(५) नामकर्म-पंचेन्द्रिय जाति १	०	०	,,	०	०	
तैजस-कार्माण शरीर २	०	०	,,	०	०	
समचतुरस्र सस्थान १	०	०	,,	०	०	
शुभ-वर्णादि ४	०	०	,,	०	०	
अगुरुलघु १	०	०	,,	०	०	
परघात १	०	०	,,	०	०	
उच्छ्वास १	०	०	,,	०	०	
प्रशस्त विहायोगति १	०	०	,,	०	०	
त्रस १	०	०	,,	०	०	
बादर १	०	०	,,	०	०	
पर्याप्त १	०	०	,,	०	०	
प्रत्येक शरीर १	०	०	,,	०	०	
स्थिर १	०	०	,,	०	०	
शुभ १	०	०	,,	०	०	
सुभग १	०	०	,,	०	०	
सुस्वर १	०	०	,,	०	०	
आदेय १	०	०	,,	०	०	
यशः कीर्ति १	०	०	,,	०	०	
निर्माण १	०	०	,,	०	०	
(६) अंतराय कर्म के ५	०	०	,,	०	०	ये ३९ प्रकृति जानना
३८ प्रकृतियों में	०	१	१	१	१	ये ४ संक्रमण जानना
(१) स्त्यानगृद्धि आदि ३	०	,,	,,	,,	,,	महानिद्रा ३
(२) अनन्तानुबंधी कषाय ४	०	,,	,,	,,	,,	
अप्रत्याख्यान कषाय ४	०	,,	,,	,,	,,	

प्रत्याख्यान कषाय ४	०	,,	,,	,,	,,	
अरति-शोक २	०	,,	,,	,,	,,	
नपुंसक वेद १	०	,,	,,	,,	,,	
स्त्री वेद १	०	,,	,,	,,	,,	
(३) तिर्यंचद्विक २	०	,,	,,	,,	,,	
एकेन्द्रियादि जाति ४	०	,,	,,	,,	,,	
आतप १	०	,,	,,	,,	,,	
उद्योत १	०	,,	,,	,,	,,	
स्थावर १	०	,,	,,	,,	,,	
सूक्ष्म १	०	,,	,,	,,	,,	
साधारण १	०	,,	,,	,,	,,	ये ३० प्रकृतियां
७ प्रकृतियों में	०	०	१	१	०	ये २ संक्रमण
(१) निद्रा १	०	०	,,	,,	०	
प्रचला १	०	०	,,	,,	०	
(२) अशुभ वर्णादि ४	०	०	,,	,,	०	
उपघात १	०	०	,,	,,	०	ये ७ प्रकृतियां
२० प्रकृतियों में	०	१	१	१	०	ये ३ संक्रमण
(१) असाता वेदनीय १	०	,,	,,		०	
(२) अप्रशस्त विहायोगति १	०	,,	,,	,,	०	
१ले छोड़कर वज्रनाराच आदि संहनन ५	०	,,	,,	,,	०	
१ले समचतुरस्र छोड़कर शेष संस्थान ५	०	,,	,,	,,	०	
अपर्याप्त १		,,	,,	,,	०	
अस्थिर १	०	,,	,,	,,	०	
अशुभ १	०	,,	,,	,,	०	
दुर्भग १	०	,,	,,	,,	०	
दुःस्वर १	०	,,	,,	,,	०	
अनादेय १	०	,,	,,	,,	०	
अयशः कीर्ति १	०	,,	,,	,,	०	
(३) नीच गोत्र १	०	,,	,,	,,	०	ये २० प्रकृतियां
१ मिथ्यात्व प्रकृति	०	१	०	१	१	ये ३ संक्रमण
१ सम्यक्त्व मोहनीय	१	०	१	१	१	ये ४ संक्रमण
१२ प्रकृतियों में	१	१	१	१	१	ये ५ ही संक्रमण
(१) मिश्र मोहनीय १	,,	,,	,,	,,	,,	

(२) आहारकद्विक २	,,	,,	,,	,,	,,	
देवद्विक २	,,	,,	,,	,,	,,	
नरकद्विक २	,,	,,	,,	,,	,,	
वैक्रियिकद्विक २	,,	,,	,,	,,	,,	
मनुष्यद्विक २	,,	,,	,,	,,	,,	
(३) उच्चगोत्र १	,,	,,	,,	,,	,,	ये १२ प्रकृतियां
४ प्रकृतियों में	०	०	१	०	१	ये २ संक्रमण
(१) संज्वलन कषाय के ३ (क्रोध-मान-माया)	०	०	,,	०	,,	
पुरुषवेद वेद १	०	०	,,	०	,,	ये ४ प्रकृतियां
४ प्रकृतियों में	०	१	१	०	०	ये २ संक्रमण
(१) औदारिकद्विक २	०	,,	,,	०	०	
वज्रवृषभनाराच सं० १	०	,,	,,	०	०	
तीर्थंकर प्र० १	०	,,	,,	०	०	ये ४ प्रकृतियां
४ प्रकृतियों में	०	०	१	१	१	ये ३ संक्रमण
(१) हास्य-रति २	०	०	,,	,,	,,	
भय-जुगुप्सा २	०	०	०	,,	,,	ये ४ प्रकृतियां
जोड़ ३६ प्रकृतियां	०	०	३६	०	०	
३० ,,	०	३०	३०	३०	३०	
७ ,,	०	०	७	७	०	
२० ,,	०	२०	२०	२०	०	
१ ,,	०	१	०	१	१	
१ ,,	१		१	१	१	
१२ ,,	१२	१२	१२	१२	१२	
४ ,,	०	०	४	०	४	
४ ,,	०	४	४	०	०	
४ ,,	०	०	४	४	४	
सबका जोड़	१३	६७	१२१	७५	५२	

३७. स्थिति और अनुभाग बंध के, तथा प्रदेश बंध के संक्रमण के गुण-स्थानों की संख्या कहते हैं—कषायों का उदय १० वें गुण-स्थान तक ही है इसलिये स्थिति और अनुभाग का बंध नियम से सूक्ष्म सांपराय गुण-स्थान तक ही है। क्योंकि उक्त बंध का कारण कषाय वहीं तक है और बंधरूप प्रदेशों (कर्म परमाणुओं का) का संक्रमण भी सूक्ष्म-सांपराय गुण-स्थान तक ही है। क्योंकि 'बंधे अधापवत्तो' इस गाथा सूत्र के अभिप्राय से स्थिति बंध का ही संक्रमण होना संभव है। साता वेदनीय का प्रकृति और प्रदेश बंध ११वें १३वें गुण-स्थान तक होता है। (देखो गो० क० गा० ४२६)

२८. पांच भागहारों का (देखो गाथा ४०६) अल्प बहुत्व कहते हैं –

(१) सर्व संक्रमण भागहार का प्रमाण सबसे थोड़ा है। उसका प्रमाण एक रूप कल्पना किया गया है।

(२) गुण संक्रमण भागहार का प्रमाण सर्व संक्रमण भागहार से असंख्यात गुणा है अर्थात् पल्य के अर्धच्छेदों के असंख्यातवें भाग (इतना) है।

(३) अधः प्रवृत्त संक्रमण नामा भागहार का प्रमाण गुणसंक्रमण भागहार से असंख्यात गुणे अपकर्षण और उत्कर्षण भागहार है। तो भी ये दोनों जुदे जुदे पल्य के अर्धच्छेदों के असंख्यातवे भाग प्रमाण ही है। क्योंकि असंख्यात के छोटे बड़े की अपेक्षा बहुत भेद हैं इससे अधः प्रवृत्त संक्रमण भागहार असंख्यात गुणा है।

(४) विध्यात संक्रमण नामा भागहार का प्रमाण अधः प्रवृत्तसंक्रमण भागहार से असंख्यात गुणा है। अर्थात् सूच्यंगुल के असंख्यातवें भाग प्रमाण है।

(५) उद्वेलन संक्रमण भागहार का प्रमाण विध्यात संक्रमण भाग हार से असंख्यात गुणा अर्थात् सूच्यंगुल के असंख्यातवें भाग इतना है।

इससे कर्मों के अनुभाग की नाना गुण हानि शलाका का प्रमाण अनंत गुणा है। इससे उस अनुभाग की एक गुणा हानि के आयाम का प्रमाण अनंत गुणा है। इससे उसी की डेढ़ गुण हानि का प्रमाण उसके आधे प्रमाण कर अधिक है इससे दो गुणा हानि का आधा गुण हानि के प्रमाण कर अधिक है इसी को 'निषेकहार' कहते हैं। इस से उस अनुभाग की अन्योन्याभ्यस्तराशि का प्रमाण अनंत-गुणा जानना। (देखो गो० क० गा० ४ ० से ४३५)

सूचना – जिसके भागहार का प्रमाण जादा होगा उसका भागाकार कम होगा अर्थात् कम परमाणु का संक्रमण होगा और जिसके भागहार का प्रमाण कम होगा उसका भागाकार जादा होगा अर्थात् जादा होगा परमाणु का संक्रमण होगा।

दशकरण अवस्था चूलिका

२९. दश करणों के नाम – बंध, उत्कर्षण, संक्रमण, अपकर्षण, उदीरणा, सत्व, उदय, उपशम, निधत्ति, निकाचना (निष्काचना), ये दश करण (अवस्था) हर एक कर्म प्रकृति के होते हैं।

(१) बंध – कर्मों का आत्मा से सम्बन्ध होना, अर्थात् मिथ्यात्वादि परिणामों से जो पुद्गल द्रव्य का ज्ञानावरणादिरूप होकर परिणमन करना जो कि ज्ञानादिका आवरण करता है, वह बंध है।

(२) उत्कर्षण – जो कर्मों की स्थिति तथा अनुभाग का बढ़ना वह उत्कर्षण है।

(३) संक्रमण जो बधरूप प्रकृति का दूसरी प्रकृति रूप परिणमन जाना वह संक्रमण है।

(४) अपकर्षण – जो स्थिति तथा अनुभाग का कम हो जाना वह अपकर्षण है।

(५) उदीरणा – उदयकाल के बाहिर स्थित, अर्थात् जिसके उदय का अभी समय नहीं आया है ऐसा जो कर्म-द्रव्य (निषेक) उसको अपकर्षण के बल से उदयावली काल में प्राप्त करना (लाना) उसको उदीरणा कहते हैं।

(६) सत्व – जो पुद्गल का कर्मरूप रहना वह सत्त्व है।

(७) उदय – जो कर्म का अपनी स्थिति को प्राप्त होना अर्थात् फल देने का समय प्राप्त हो जाना वह उदय है।

(८) उपशम – जो कर्म उदयावली में प्राप्त न किया जाय अर्थात् उदीरणा अवस्था को प्राप्त न हो सके वह उपशांत-उपशम करण है।

(९) निधत्ति – जो कर्म उदीरणा अर्थात् उदयावली

में भी प्राप्त न हो सके और संक्रमण अवस्था को भी प्राप्त न हो सके उसे निधत्तिकरण कहते हैं।

(१०) निकाचना—जिस कर्म की उदीरणा, संक्रमण, उत्कर्षण, और अपकर्षण ये चारों ही अवस्थायें न हो सके उसे निकाचना करण कहते हैं। इसको निकाचित, निष्काचना ऐसे भी कहते हैं।

इस प्रकार दशकरणों का स्वरूप जानना (देखो गो० क० गा० ४३७ से ४४०)

४०. गुण स्थानों में कर्म प्रकृतियों के इन करणों के संभव दिखाते हैं

१) पहले मिथ्यात्व गुण स्थान से लेकर ८वे अपूर्वकरण गुण स्थान पर्यंत 'दस करण' होते हैं।

नरकादि चारों आयु कर्म प्रकृतियों के 'संक्रमणकरण' के बिना ९ करण होते हैं और शेष सब प्रकृतियों के 'दश करण' होते हैं।

(२) ९वे अनिवृत्तिकरण और १०वे सूक्ष्म सांपराय गुण स्थान में अंत के उपशम-निधत्ति-निकाचना इन तीनों करणों को छोड़ कर शेष आदि के ७ ही करण होते हैं।

(३) ११वे उपशांत मोह, १२वे क्षीण मोह, १३वे सयोग केवली इन तीन गुण स्थानों में 'संक्रमणकरण' के बिना ६ ही करण (बंध, उत्कर्षण, अपकर्षण, उदीरणा, सत्व, उदय ये ६) होते हैं।

( ) ११वे उपशांत मोह गुण स्थान में कुछ विशेष बात यह है कि इस गुण स्थान में मिथ्यात्व और मिश्र मोहनीय (सम्यङ् मिथ्यात्व) इन दोनों का 'संक्रमण-करण' भी होता है, अर्थात् इन दोनों के कर्म परमाणु सम्यक्त्व मोहनीय (सम्यक्त्व प्रकृति, रूप परिणम जाते हैं, किन्तु शेष प्रकृतियों का 'संक्रमण करण' नहीं होता, ६ ही करण होते हैं।

(५) १४वे अयोग केवली गुण स्थान में सत्व और उदय ये दो ही करण पाये जाते हैं।

(६) जिस गुण स्थान में जिस प्रकृतियों की जहां तक बंध व्युच्छित्ति होती है वहां तक उन प्रकृतियों का बंध करण और उत्कर्षण करण होते हैं और प्रकृतियों की अपनी अपनी जाति की जहां बंध से व्युच्छित्ति है वहां तक संक्रमण करण होता है, जैसे कि ज्ञानावरण की पांचों ही प्रकृतियां परस्पर में स्वजाति हैं उनकी बंध व्युच्छित्ति १०वे गुण स्थान में होती है। इसलिये उनका संक्रमण करण भी १०वें गुण स्थान तक होगा।

(७) १४वे अयोग केवली गुण स्थान में जो ८५ प्रकृतियों का सत्व रहता है उसका अपकर्षण करण संयोगी केवली गुण स्थान के अंत समय तक होता है। (कोष्टक नं० ११६ और १२५ गाथा ३३३ से ३४२ देखो)

(८) क्षीण कषाय जो १२वे गुण स्थान में सत्व से व्युच्छिन्न हुई १६ प्रकृति तथा १०वा सूक्ष्म सांपराय गुण स्थान में सत्व से व्युच्छित्तिरूप हुआ जो सूक्ष्म लोभ इन १७ प्रकृतियों का क्षयदेश पर्यंत (क्षय होने का ठिकाना तक) अपकर्षणकरण जानना-उस क्षय देश का काल यहां पर एक समय अधिक आवली मात्र है, क्योंकि ये १७ प्रकृतियां स्वमुखोदयी हैं, सारांश यह है कि प्रकृतियां दो प्रकार की हैं। एक स्वमुखोदयी दूसरी परमुखोदयी।

स्वमुखोदयी—जो अपने ही रूप उदयफल देकर नष्ट हो जाय वे स्वमुखोदयी हैं, उनका काल एक समय अधिक आवली प्रमाण है, वही क्षयदेश (क्षय होने का ठिकाना) है।

परमुखोदयी—जो प्रकृति अन्य प्रकृति रूप उदयफल देकर विनष्ट हो जाती है वे 'परमुखोदयी हैं, उनका क्षयदेश अंत कांडक की अंतफालि है ऐसा जानना।

(९) देवायु का अपकर्षण करण ११वे उपशांतमोह गुण स्थान पर्यंत है और मिथ्यात्व, सम्यङ् मिथ्यात्व सम्यक्त्व प्रकृति ये ३ प्रकृतियां और 'निरयति रिये' इत्यादि सूत्र से कथित ९वे अनिवृत्ति करण गुण स्थान में क्षय हुई १६ प्रकृतियां इन १९ प्रकृतियों का अपकर्षण

पर्यंत अपकर्षण करण होता है, अर्थात् अंतकांडक के अंतफालिपर्यंत है और क्षपक अवस्थायें अनिवृत्तिकरण गुण स्थान के २रे भाग से ९वे भाग तक क्षय हुई जो आठ कषाय को लेकर २० प्रकृतियां हैं उनका भी अपने-अपने क्षयदेश पर्यंत अपकर्षण करण है, जिस स्थान में क्षय हुआ हो उसको 'क्षयदेश' कहते हैं। (देखो गो क० में कोष्टक नं० ११६)

(१० उपशम श्रेणी में मिथ्यात्व, सम्यङ् मिथ्यात्व सम्यक्त्व प्रकृति इन तीन दर्शन मोहनीय प्रकृतियां और ९वे गुण स्थान के पहले भाग में क्षय हुई जो नरक-द्विकादिक १६ प्रकृतियां इन १९ प्रकृतियों का अपकर्षण करण ११वे उपशांत मोह गुण स्थान पर्यंत होता है, परन्तु शेष आठ कषायादि ९वे गुण स्थान में नष्ट होने वाले २० प्रकृतियों का अपने अपने उपशम करने के ठिकाने तक अपकर्षण करण है। (देखो को० न० ११६)

(११) अनंतानुबंधी चार कषाय का अपकर्षण कर्ण ४था असंयत गुण स्थान से लेकर ७वां अप्रमत्त गुण स्थान तक यथासंभव जहां विसंयोजनं (अन्यरूप परि मन) हो वहां तक ही होता है तथा नरकायु के ४थे असंयत गुण स्थान तक और तिर्यंचायु के ५वे देश संयत गुण स्थान तक उदीरणा, सत्व, उदयकरण — ये तीन करण प्रसिद्ध ही हैं, क्योंकि पूर्व में इनका कथन हो चुका है।

(१२) उपशम सम्यक्त्व के सन्मुख हुए जीव के मिथ्यात्व गुण स्थान के अंत मे एक समय अधिक एक आवली पर्यंत मिथ्यात्व प्रकृति का उदीरणकरण होता है, क्योंकि उसका उदय उतने ही काल तक है और सूक्ष्म लोभ का उदीरणाकरण १०वे सूक्ष्म सांपराय गुण स्थान में ही होता है, क्योंकि इससे आगे अथवा अन्यत्र उसका उदय ही नहीं है।

(१३) जो कर्म उदयावली में प्राप्त नहीं किया जा सके अर्थात् जिसकी उदीरणा न हो सके ऐसा उपशांत (उपशम) करण, जो उदीरणारूप भी न हो सके और संक्रमण रूप भी न हो सके ऐसा निधत्तिकरण तथा जो उदयावली में भी न आ सके, जिसका संक्रमण भी न हो सके और जिसका उत्कर्षण और अपकर्षण भी न हो सके अर्थात् जिसकी ये चारों क्रिया नहीं हो सकती हों ऐसा निकाचितकरण, ये तीन करण ८वे अपूर्वकरण गुण स्थान तक ही होते हैं।

भावार्थ — इसके ऊपर यथासंभव उदयावली आदि में प्राप्त होने की सामर्थ्य वाले ही कर्म परमाणु पाये जाते हैं। (देखो गो० क० गा० ४४१ से ४५०)

४१. मूल प्रकृतियों के बन्ध-उदय-उदीरणा-सत्त्व के भेदों के लिये हुये स्थानों के गुण स्थानों में कहते हैं—

(देखो गो० क० गा० ४५१)

स्थान—एक जीव के एक काल में जितनी प्रकृतियों का सम्भव हो सके उन प्रकृतियों के समूह का नाम स्थान है।

गुण स्थान	मूल प्रकृतियां								विशेष विवरण
	ज्ञाना०	दर्श०	वेद०	मोह०	आयु	नाम	गोत्र	अंत०	
बन्ध स्थान									
१-२-४-५-६-७ गुण० में	१	१	१	१	०	१	१	१	ये ७ प्रकार के अथवा
,,	१	१	१	१	१	१	१	१	ये ८ प्रकार के कर्म को जीव बांधते हैं।
३-८-९ गुण० में	१	१	१	१	०	१	१	१	ये ७ प्रकार के ही कर्म बंध रूप होते हैं।
१०वें गुण स्थान में	१	१	१	०	०	१	१	१	ये ६ प्रकार के ही कर्मों का बंध होता है।
११-१२-१३ गुण० में	०	०	१	०	०	०	०	०	१ वेदनीय कर्म का ही बंध है।
१४वें गुण स्थान में	०	०	०	०	०	०	०	०	किसी प्रकृति का भी बंध नहीं होता है।

सूचना—इस प्रकार सर्व गुण स्थानों के मिलकर मूल प्रकृतियों के बन्ध स्थान चार हैं।

(८-७-६-१ इन प्रकृतियों का बन्ध होना सम्भव है इसलिये ४ स्थान होते हैं, इन स्थानों के भुजाकार बन्ध, अल्पतर बन्ध और अस्थिर बन्ध ये ३ प्रकार के बन्ध होते हैं। चौथा अवक्तव्य बन्ध मूल प्रकृतियों में नहीं होता।

(देखो गो० क० गा० ४५१-४५२-४५३)

गुण स्थान	मूल प्रकृतियां								विशेष विवरण
	ज्ञाना०	दर्श०	वेद०	मोह	आयु	नाम	गोत्र	अंत०	
उदय-स्थान (देखो गो० क० गा० ४५४)									
१ से १० गुण० में	१	१	१	१	१	१	१	१	ये ८ मूल प्रकृतियों का उदय है।
११वें १२वें ,,	१	१	१	०	१	१	१	१	ये ७ का उदय (मोहनीय के विना) है।
१३व १४वें ,,	०	०	१	०	१	१	१	०	ये ४ अघातियों का उदय जानना।
उदीरणा-स्थान (देखो गो० क० गा० ४५५-४५६)									
१ से १२ गुण० में	१	१	०	१	०	०	०	१	ये ४ की उदीरणा छद्मस्थ ज्ञानी करते हैं।
१ से १० ,,	०	०	०	१	०	०	०	०	ये १ की उदीरणा सरागी करते हैं।
१ से ६ ,,	०	०	१	०	१	०	०	०	ये २ की उदीरणा प्रमादि जीव करते हैं।
१ से १३ ,,	०	०	०	०	०	१	१	०	ये ७ की उदीरणा ऊपर के सब जीव करते हैं।
१-२-४-५-६ ,,	१	१	१	१	०	१	१	१	ये २ की उदीरणा आयु की स्थिति में आवलिमात्र काल शेष रहने पर होती है।
१०वें सूक्ष्म सां० ,,	१	१	०	०	०	१	१	१	ये ५ की ऊपर के समान।
१२वें क्षीण मोह ,,	०	०	०	०	०	१	१	०	ये २ की भी ऊपर के समान जानना।
सत्त्व-स्थान (देखो गो० क० गा० ४५७)									
१ से ११ गुण० में	१	१	१	१	१	१	१	१	ये ८ ही प्रकृतियों की सत्ता है।
१२वें क्षीण मोह ,,	१		१	०	१	१	१	१	ये ७ ,, ,,
१३वें १४वें ,,	०	०	१	०	१	१	१	१	ये ४ ,, ,,

४२. जीवों का उपयोग गुण स्थान में कहते हैं— उपयोग के मुख्य दो भेद हैं। एक दर्शनोपयोग दूसरा ज्ञानोपयोग, दर्शनोपयोग के अचक्षु दर्शन, चक्षु दर्शन, अवधि दर्शन, केवल दर्शनोपयोग ऐसे ये ४ भेद होते हैं और ज्ञानोपयोग के कुमति, कुश्रुत, कुअवधि, मति, श्रुत, अवधि, मनः पर्यय, केवल ज्ञानोपयोग ऐसे ये ८ भेद हैं। दोनों मिलकर १२ जानना।

(देखो गो० क० गा० ४९१ और को० नं० १४६)

गुणस्थान	उपयोग संख्या	विशेष विवरण
१ मिथ्यात्व	५	अचक्ष दर्शन १, चक्षु दर्शन १, कुमति-कुश्रुत-कुअवधि दर्शन ये ३।
२ सासादन	५	,, ,, ,, ,, ,,
३ मिश्र	६	अचक्षु द० १, चक्षु द० १, अवधि दर्शन १, मति-श्रुत-अवधि ज्ञान (ये तीनों ज्ञान मिश्र होते हैं)
४ असंयत	६	अचक्षु द० १, चक्षु द० १, अवधि द० १, मति-श्रुत-अवधि ज्ञान ये ३।
५ देश संयत	६	,, ,, ,, ,, ,,
६ प्रमत्त	७	ऊपर के ६+१ मनः पर्यय ज्ञान=७ जानना।
७ अप्रमत्त	७	,, ,, ,,
८ अपूर्व क०	७	,, ,, ,,
९ अनिवृ०	७	,, ,, ,,
१० सूक्ष्म सां०	७	,, ,, ,,
११ उपशांत मोह	७	,, ,, ,,
१२ क्षीण मोह	७	,, ,, ,,
१३ सयोग के०	२	केवल दर्शन १, केवल ज्ञान १ (ये दोनों युगपत् जानना)
१४ अयोग के०	२	,, ,, ,,

४३. गुण स्थानों की अपेक्षा से संयम बताते हैं—

१ से ४ गुण स्थानों में —एक असंयम जानना।

५ देशसंयत ,, —एक संयमासंयम जानना।

६ प्रमत्त ,, —सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि ये ३ संयम जानना।

७ अप्रमत्त ,, — ,, ,, ,, ये ३ संयम जानना।

८ अपूर्वकरण ,, — ,, ,, ये २ संयम जानना।

९ अनिवृत्तिकरण ,, — ,, ,, ,,

१० सूक्ष्म सांपराय ,, — १ सूक्ष्म सांपराय सयम जानना।

११ से १४ तक ,, — १ यथाख्यात संयम जानना। (देखो गो० क० गा० ५००)

४४. सामान्य से गुण स्थानों में सम्भवती लेश्याओं को कहते हैं—

गुण स्थान	लेश्याओं के नाम और संख्या—
१–२–३–४ गुण०	में—कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म, शुक्ल ये ६ हरेक में जानना
५–६–७ ,,	—पीत, पद्म, शुक्ल ये ३ लेश्या जानना।
८ से १३ तक ,,	—एक शुक्ल लेश्या जानना।
१४वें ,,	—(०) कोई लेश्या नहीं होते (देखो गो० क० गा० ५०३)

(१) द्रव्य लेश्या—वर्णनामा नामकर्म के उदय से शरीर का जो वर्ण रहता है उसे द्रव्य लेश्या कहते हैं। इस या मार्गणा में द्रव्य लेश्या का वर्णन नहीं है।

(२) भाव लेश्या—मोहनीय कर्म के उदय से, उपशम से, क्षय से या क्षयोपशम से जीवों में जो चंचलता होती उसी को भाव लेश्या कहते हैं।

(३) कौन सा नरक में कौन सा भाव लेश्या रहता है यह बताते हैं—

१ले नरक के पहले इन्द्र कबील में कापोत लेश्या का जघन्य अंश रहता है—

३रे ,, द्विचरम ,, ,, ,, उत्कृष्ट अंश ,,

३रे ,, अंतिम ,, नील लेश्या का जघन्य अंश ,,

५वें ,, द्विचरम ,, ,, ,, उत्कृष्ट अंश ,,

५वें ,, अंतिम ,, कृष्ण ,, जघन्य अंश ,,

७वें ,, अवधिस्थान ,, ,, ,, उत्कृष्ट अंश ,,

जघन्य और उत्कृष्ट इन दोनों के बीच में के लेश्या का अंश मध्यम जानना।

(देखो गो० क० गा० ५४९)

४५. जीव किसी एक पर्याय को छोड़कर (मरकर) दूसरे किसी पर्याय में उत्पन्न होना (जन्म लेना) यथा-सम्भव बिखाते हैं।

१. नरकगति नारकी जीव मरकर कहां-कहां उत्पन्न होते हैं? समाधान रत्नप्रभा, शर्करप्रभा, बालकप्रभा इन तीन पृथ्वी वाले नारकी जीव मरकर गर्भज संज्ञी, पंचेन्द्रिय, पर्याप्त, कर्म भूमिया मनुष्य अथवा तिर्यंचपर्याय में उत्पन्न होते हैं। परन्तु वे चक्रवर्ती, बलभद्र, नारायण, प्रतिनारायण नहीं होते।

विशेष—अढ़ाई द्वीप में १५ कर्म भूमियां हैं उनमें तिर्यंच अथवा मनुष्य और लवणोदधि, कालोदधि समुद्रों में और स्वयं प्रभाचल पर्वत के आगे अर्ध स्वयं भूरमण-द्वीप में और सम्पूर्ण स्वयं भूरमण समुद्र में और उसके आगे मध्यलोक के चारो कोनों में घर्मा आदि तीन पृथ्वी वाले नारकी जीव जलचर, स्थलचर और नभचर तिर्यंच हो सकते हैं।

अढ़ाई द्वीप में ३० भोगभूमिया और ९६ कुभोग-भूमिया के तिर्यंच या मनुष्य में से कोई ऊपर के तीन पृथ्वी में नारकी होकर उत्पन्न नहीं होते। उसी तरह मानुषोत्तर पर्वत और स्वय प्रभाचल इन दोनों के असंख्यात द्वीप-समुद्र में भी उत्पन्न नहीं होते।

४थे पंकप्रभा, ५वें धूमप्रभा ६वें तमःप्रभा इन तीन पृथ्वी वाले नारकी जीव मरकर तीर्थंकरादि के सिवाय पूर्वोक्त तिर्यंच अथवा मनुष्यपर्याय में उत्पन्न होते हैं।

३रे वालुका पृथ्वी तक के नारकी जीव तीर्थंकर हो सकते हैं। इनके आगे के अर्थात् ४थे पृथ्वी वाले से लेकर आगे के नारकी जीव तीर्थंकर नहीं हो सकते।

४थे पृथ्वी तक के नारकी जीव चरम शरीरी हो सकते हैं।

५वें पृथ्वी तक के नारकी जीव सकलसंयमी हो सकते हैं।

६वें पृथ्वी तक के नारकी जीव देशसंयत गुणस्थान तक तिर्यंच अथवा मनुष्य हो सकते हैं। परन्तु इतनी विशेषता है कि—

७वें नरक वाले जीव पूर्वोक्त तिर्यंच (मिथ्यादृष्टि) पर्याय में ही उत्पन्न होते हैं। (देखो गो० क० गा० ५३८)।

७वें नरक वाले जीव ३रे या ४थे गुणस्थानवर्ती अपने-अपने गुणस्थानों में मनुष्यद्विक तथा उंच गोत्र इनको नियम से बांधता है। परन्तु वहां पर (७वीं पृथ्वी में) उत्पन्न हुए सासादन मिश्र-असंयत गुणस्थान वाले जीव जिस समय मरण को प्राप्त होते हैं उस समय मिथ्यात्व गुणस्थान को प्राप्त होकर ही मरण करते हैं। (देखो गो० क० गा० ५३९)।

२. तिर्यंचगति—तिर्यंच जीव मरण करके कहां कहां उत्पन्न होते? समाधान—तिर्यंच गति में बादर या सूक्ष्म, पर्याप्त या अपर्याप्त, ऐसे अग्निकायिक अथवा वायुकायिक ये दोनों मरण करके नियम से तिर्यंच गति में ही उत्पन्न होते हैं। परन्तु भोगभूमि में पंचेन्द्रिय तिर्यंच नहीं होते। तथापि वे बादर, सूक्ष्म पर्याप्त, अपर्याप्त, पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु, साधारण वनस्पति, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रतिष्ठित, अप्रतिष्ठित, प्रत्येक वनस्पति, द्वीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असंज्ञी, संज्ञीपंचेन्द्रिय तिर्यंच में उत्पन्न होते हैं।

शेष एकेन्द्रिय अर्थात् पृथ्वीकायिक, जलकायिक और वनस्पतिकायिक ये बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त इन सब अवस्थाओं वाले नित्यनिगोद, इतरनिगोद, वनस्पति और पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रतिष्ठित, अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति तथा इसी प्रकार पर्याप्त, अपर्याप्त द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय ये सब जीव मरकर अग्नि और वायु-कायिक छोड़कर शेष सब तिर्यंचों में उत्पन्न होते है और तीर्थंकरादि त्रेसठ शलाका (पदविधारक) पुरुषों के बिना शेष मनुष्यपर्याय में भी उत्पन्न होते हैं। नित्य और इतरनिगोद में के सूक्ष्म जीव मरण मरके मनुष्य हो जाय तो वे सम्यक्त्व और देशसंयम ग्रहण कर सकते हैं। परन्तु सकल संयम नहीं ग्रहण कर सकते हैं।

असंज्ञीपंचेन्द्रिय जीव मरण करके पूर्वोक्त तिर्यंच अथवा मनुष्यगति में उत्पन्न होता है। तथा घर्मा नाम वाले पहले नरक में और देवयुगल में अर्थात् भवनवासी या व्यंतर देवों में उत्पन्न होता है। अन्य देव अथवा नारकी नहीं होता। क्योंकि असंज्ञी जीवों की आयु का उत्कृष्ट स्थिति बन्ध पल्य के असंख्यातवां भाग से अधिक नहीं हो सकता है। (देखो गो० क० गा० ५४०)।

संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच भी असंज्ञी पंचेन्द्रिय की तरह

पूर्वोक्त गतियों में, सब नारकी पर्यायों में, सब भोग-भूमिया पर्यायों में और अच्युत स्वर्गपर्यन्त सब देवों में उत्पन्न होता है। (देखो गो० क० गा० ५४१)।

३. मनुष्यगति—मनुष्य जीव मरकर कहां-२ उत्पन्न होते हैं ? समाधान—कर्मभूमि के पर्याप्त मनुष्य मरण करके चारों ही गतियों में, संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच की तरह सब गतियों में उत्पन्न होता है। उसी तरह अहमिन्द्र भी हो सकता है। तथा सिद्ध स्थान मोक्ष में प्राप्त होते हैं।

अपर्याप्त मनुष्य कर्मभूमि के तिर्यंचों में उसी तरह तीर्थंकरादि पद छोड़ कर सामान्य मनुष्यों में जन्म लेता है।

३० भोगभूमि के तिर्यंच और मनुष्य और असंख्यात द्वीप समुद्र में के जघन्य भोगभूमि के तिर्यंच यदि सम्यग्दृष्टि हों तो सौधर्म और ईशान्यस्वर्ग में जन्म लेते हैं और उनका गुणस्थान यदि पहले या दूसरे हो तो भवनत्रिक देवों में जन्म होता है।

कुभोग भूमि के मनुष्य भवनत्रिक देवों में जन्म लेते हैं।

चरम शरीरी मनुष्य मोक्ष जाते हैं।

आहारक शरीर सहित प्रमत्त गुणस्थान वाले मरण करके कल्पवासी देवों में उत्पन्न होते हैं। (देखो गो० क० गा० ५४१-५४२-५४३)।

४. देवगति—देव मर कर कहां-कहां उत्पन्न होते हैं। समाधान - सब देव मरण करके सामान्य से संज्ञी पंचेन्द्रिय कर्मभूमिया तिर्यंच तथा मनुष्य पर्याय में और प्रत्येक वनस्पतिकाय, पृथ्वीकाय, जलकाय बादर पर्याप्त जीवों में उत्पन्न होते हैं।

विशेष - भवनत्रिक देव मरकर सौधर्म-ईशाय स्वर्ग के देवों की तरह जन्म लेते हैं। वे तीर्थंकारादि श्रेसठ शलाका पुरुषों में जन्म नहीं लेते, अन्य मनुष्यों में ही जन्म लेते है।

ईशान्य स्वर्ग पर्यन्त के देव मरकर पूर्वोक्त मनुष्य तिर्यंचों में तथा बादर पर्याप्त, पृथ्वी, जल, प्रत्येक वनस्पति, एकेन्द्रिय पर्याय में उत्पन्न होते हैं।

शतार-सहस्रारपर्यंत स्वर्गों वाले देव भी मर कर पूर्वोक्त संज्ञी पंचेन्द्रिय मनुष्य तिर्यंचों में उत्पन्न होते हैं। अर्थात् १५ कर्मभूमि में मनुष्य और लवणोदधि, कालोदधि, स्वयंभूरमण के अपराध द्वीप, स्वयंभूरमण समुद्र इनमें संज्ञी, पर्याप्त जलचर, स्थलचर, नभश्चर, तिर्यंच भी होते हैं।

सर्वार्थ सिद्धि पर्यन्त के देव मरकर १५ कर्मभूमि में मनुष्य में ही जन्म लेते हैं। (देखो गो० क० गा० ५४२-५४३)।

४६. कौन और किस तरह का मिथ्यादृष्टि देवगति में कौन सा देव उत्पन्न हो सकता है ? समाधान—

(१) भोगभूमि में मिथ्यादृष्टि और तापसी ज्यादा से ज्यादा भवनत्रिक देवों में उपन्न होते हैं।

(२) भरत, ऐरावत, विदेह के मनुष्य और तिर्यंच और स्वयंभूरमण अर्धद्वीप और स्वयभूरमण समुद्र लवणोदधि, कालोदधि समुद्र के जलचर, स्थलचर नभश्चर संज्ञी तिर्यंच पर्याप्त भद्रमिथ्यादृष्टि और उपशमि (शांत परिणामी) ब्रह्मचर्यधारक, वानप्रस्थाश्रमी और एक जटी, शतजटी, सहस्रजटी नग्न, कांजीभक्षक, कन्दमूलपत्र पुष्पफल भक्षक, अकामनिर्जरा करने वाले, एकदंडी, त्रिदंडी और बालतप करने वाले ये सब अपने अपने विशुद्धता के अनुसार भवनत्रिक से लेकर अच्युत-स्वर्ग तक उत्पन्न होते हैं।

(३) द्रव्यलिंगी जैनमुनि (मिथ्यादृष्टि) नवग्रैवेयक तक जन्म लेते हैं। (देखो गो० क० गा० ५४८)

४७. कौन कौन से जीव कौन से नरक में जा सकते हैं ? समाधान—१ले नरक में—मिथ्यादृष्टि, कर्मभूमिज, छः ही संहनन के धारक, असंज्ञी, पचेन्द्रिय, सरीसृप (सर्प विशेष होना चाहिये) पक्षी, सर्प, सिंह, स्त्री, मासा, मनुष्य यह जीव जाते हैं

२रे नरक में असंज्ञी पंचेन्द्रिय छोड़कर शेष ऊपर के सब जीव जाते हैं।

३रे नरक में—असंज्ञी पंचेन्द्रिय और सरीसृप छोड़कर शेष ऊपर के सब जीव जाते हैं।

४थे नरक में—असंप्राप्ता सृपाटिका संहनन छोड़क-

शेष पांच संहनन धारी सर्पापासून मनुष्यापर्यंतचे, जीव जाते हैं।

५वे नरक में—सिंह से लेकर मनुष्य तक के जीव जाते हैं।

६वे नरक में—प्रथम के ४ संहनन के धारी स्त्री, मत्स्य और मनुष्य ये जीव जाते हैं।

७वे नरक में—वज्रवृषभनाराच संहनन धारी मत्स्य और मनुष्य ये जीव जाते हैं। देखो गो० क० गा० ५४६)

४८. कौन से गुण-स्थान में कौन सा सम्यक्त्व रहता है यह बताते हैं—

१ले गुण-स्थान में	१- मिथ्यात्व जानना।
२रे ,,	१. सासादन ,,
३रे ,,	१. मिश्र ,,
४ से ७ ,,	३. उपशम, क्षयोपशम, क्षायिक ये ३ जानना।
८ से ११ ,,	२. औपशमिक, क्षायिक ये २ जानना।
१ से १४ ,,	१. क्षायिक सम्यक्त्व जानना। (देखो गो० क० गा ५०६)

४६. क्षायिक सम्यक्त्व—दर्शन मोहनीय कर्म के क्षपण का आरम्भ कर्मभूमि के मनुष्य, तीर्थंकर या के ली या श्रुत केवलीयों के पादमूल में (सानिध्य) होता है और निष्ठापन (पूर्णता) वही होगा अथवा यदि मरण जाय तो चारों गति में अर्थात् वैमानिक देवों में, भोगभूमि के मनुष्य या तिर्यंच अवस्था में, अथवा प्रथम नरक में होगा। (देखो गो० क० गा० ५५०)

५०. वेदक सम्यक्त्व—४, ५, ६, ७ इन गुण-स्थानवर्ती द्वितीयोपशम सम्यक्त्व धारी मनुष्य मर कर वैमानिक देव में उत्पन्न होता है। और वहां उसको द्वितीयोपशम सम्यक्त्व का काल पूर्ण होने के बाद वेदक सम्यक्त्व प्राप्त होता है।

कर्मभूमि के प्रथमोपशम सम्यक्त्वी मनुष्य उपशम सम्यक्त्व का काल पूर्ण होने के बाद सम्यक्त्वी मोहनीय (सम्यक्त्व प्रकृति के उदय से वेदक सम्यक्त्व होता है।

कर्मभूमि सादि मिथ्यादृष्टि मनुष्य मिथ्यात्व के उदय का अभाव करके सम्यक्त्व मोहनीय के उदय से असंयतादि चार गुण-स्थानों में (४थे से ७वें गुण-स्थान में) वेदक सम्यग्दृष्टि होती है। (देखो गो० क० गा० ५५०)

५१. गुण-स्थान में चढ़ने और उतरने का क्रम बताते हैं :—
(देखो गो० क० गा० ५५१, ५५७, ५५८, ५५६ और को० नं० १५६)

कस गुण-स्थान से	किस गुण-स्थान में जाता है ?	स्थान संख्या
१. मिथ्यात्व	३, ४, ५, ७	४
२. सासादन	१ मिथ्यात्व जानना	१
३. मिश्र	पड़े तो १ले में, चढ़े तो ४थे में जानना	२
४. असंयत	पड़े ३, २, १ चढ़े तो ५, ७	५
५. देशसंयत	पड़े तो ४, ३, २, १ चढ़े तो ७	५
६. प्रमत्त	पड़े तो ५, ४, ३, २, १ चढ़े तो ७	६
७. अप्रमत्त	पड़े तो ६ चढ़े तो ८ (मरण हो तो ४थे गुण०)	३

८. अपूर्वकरण	उपशम श्रेणी	पड़े तो ७ चढ़े तो ९ (मरण हो तो ४थे गुण०)	३
९. अनिवृत्तिकरण		,, ८ ,, १० ,, ,,	३
१०. सूक्ष्म सांपराय		,, ९ ,, ११ ,, ,,	३
११. उपशांत मो०		,, १० (नहीं चढ़ता) ,, ,,	२
८. अपूर्वकरण	क्षपक श्रेणी	९वे गुण०	०
८. अनिवृत्तिकरण		१० ,,	०
१०. सूक्ष्म सांपराय		१२ ,,	०
१२. क्षीणमोह०		१३ ,,	०
१३. संयोग केवली		१४ ,,	०
१४. अयोग केवली		सिद्धावस्था (मोक्ष) में जाता है।	०

५२. जीव किस गुण-स्थान में मरण करके किस गति में जाता है यह बताते हैं।

(देखो गो० क० गा० ५५९, को० नं० १६१)

गुण-स्थान	गति
१. मिथ्यात्व में मर कर	नरक, तिर्यंच, मनुष्य, देव इन चारों गतियों में जाता है।
२. सासादन में ,,	नरक गति विना शेष तीन गतियों में जाता है।
३. मिश्र गुण-स्थान में	मरण नहीं होता।
४. असंयत में मर कर	नरकादि चारों गतियों में जाता है।
५. देशसंयत में ,,	देवगति में जाता है।
६. प्रमत्त गुण० में मर कर	,, ,,
७. अप्रमत्त ,, ,,	,, ,,
८, अपूर्वकरण ,, ,,	,, ,, (क्षपक श्रेणी में मरण नहीं होता)
९. अनिवृत्ति० ,, ,,	,, ,, ,,
१०. सूक्ष्म सां० ,, ,,	,, ,, ,,
११. उपशांतमोह ,, ,,	,, सर्वार्थसिद्धि में अहमीन्द्र होता है।
१२. क्षीण मोह गुण० में	मरण नहीं होता
१३. सयोग केवली गुण० में	,,
१४. अयोग केवली के जीव	सिद्ध गति गति में (मोक्ष) जाता है।

५३. किस अवस्था में जीव मरण करता नहीं यह बतलाते हैं—

१. मिश्र गुण स्थानवर्ती जीव, २–आहारक मिश्र-काययोगी जीव, ३. निर्वृत्य पर्याप्त मिश्रकाययोगी जीव, ४. क्षपक श्रेणी धारक जीव, ५. उपशम श्रेणी चढ़ने वाला जीव (८वें अपूर्वकरण गुण स्थान के प्रथम भाग में) ६. प्रथमोपशम सम्यक्त्वी जीव, ७. सातवें नरक में २रे ३रे ४थे गुण स्थान धारी जीव, ८. अनन्तानुबन्धी के विसंयोजन किया हुआ जीव, यदि मिथ्यात्व गुण स्थान में लौटकर आया हो तो एक अन्तर्मुहूर्त तक नहीं मरण करता है, ९. दर्शनमोह क्षपक कृतकृत्य वेदक सम्यग्दृष्टि होने तक मरण नहीं करता है। (देखो क० गा० ५५०, ५६०, ५६१)।

५४. बद्धायु कृतकृत्य वेदक सम्यग्दृष्टि मरकर च गतियों में किस तरह जाता है ? यह बताते हैं दर्शनमोहनीय कर्म के क्षपण करने का आरम्भ क वाला जीव को कृतकृत्य वेदक सम्यग्दृष्टि कहते कृतकृत्य वेदक का काल अन्तर्मुहूर्त है। उस अन्तर्मु के चार भाग करना चाहिये यदि प्रथम भाग में मर होय तो देव अथवा मनुष्य गति में जायेगा। यदि भाग में मरे तो देव, मनुष्य, अथवा मनुष्यगति में जायेग यदि ३रे भाग में मरे तो देव, तिर्यंच अथवा नारक होग (देखो गो० क० गा० ५६२)

५५. नाम कर्म के उदय स्थानों के पांच नियत काल हैं।

(देखो गो० क० गा० ५८३–५८४–५८५ को० नं० १६७)

नियत काल का वर्णन	काल मर्यादा
१—विग्रहगति या कार्माण शरीर में (केवली समुद्घात की अपेक्षा)	१, २, ३, समय
२—मिश्र शरीर में (शरीर पर्याप्ति पूर्ण न होने तक)	एक अन्तर्मुहूर्त जानना
३—शरीर पर्याप्ति में (शरीर पर्याप्ति पूर्ण होने पर जब तक श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती तब तक)	,,
४—श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति में (श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति पूर्ण होने पर जब तक भाषा पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती तब तक)	,,
५—भाषा पर्याप्ति में भाषा पर्याप्ति पूर्ण होने पर अवशेष आयु पर्यंत भाषा पर्याप्ति काल है)	भुज्यमान आयु में— ऊपर के चारों का काल कम करने से शेष काल जानना।

ऊपर के पांच नियत कालों के स्वामी निम्न प्रकार जानना—

१. लब्ध्यपर्याप्तक जीवों में ऊपर के पहले के दो काल रहते हैं।

२. एकेन्द्रिय जीवों में ऊपर के पहले के चार काल रहते हैं।

३. त्रस जीवों में ऊपर के पांचों ही काल रहते हैं।

४. आहारक शरीर में ऊपर के पहले के काल छोड़ कर शेष आगे के ४ काल जानना।

५६. समुद्घात केवली के काल का प्रमाण—

समुद्घात केवली के कार्माण, औदारिक मिश्र, औदारिक शरीर पर्याप्ति, श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति काल। इस प्रकार पांच काल क्रम से अपने आत्म प्रदेशों का संकोच करने (समेटने) के समय ही होते हैं और प्रसरण अर्थात् विस्तार (फैलाने के समय तीन ही काल हैं।

(१) दंड समुद्घात के करने (प्रसरण में) में अथवा संकोचन (समेटने रूप) में अर्थात् दो समय में औदारिक शरीर पर्याप्ति काल है।

(२) कपाट समुद्घात के करने और समेटने रूप युगल में औदारिक मिश्र शरीर काल है।

(३) प्रतर समुद्घात के करने और संकोचन में और लोक पूर्ण समुद्घात में कार्माण काल है।

इस प्रकार प्रदेशों के विस्तार करने पर शरीर पर्याप्ति काल, मिश्र शरीर काल, कार्माण काल ये ३ ही काल होते हैं ऐसा जानना चाहिये, किन्तु श्वासोच्छ्वास और भाषापर्याप्ति समेटते समय ही होती है, क्योंकि मूल शरीर में प्रवेश करते समय से ही संज्ञी पंचेन्द्रिय की तरह क्रम से पर्याप्ति पूर्ण करता है इसलिये वहां (समुद्घात केवली के) पांचों काल सभव हैं।

समुद्घात केवली के ८ समय और योग के कोष्टक नं० १६८।

प्रसरण विस्तार	योग
(१) दंड समुद्घात	औदारिक काय योग
(२) कपाट ,,	औदारिक मिश्र काय योग
(३) प्रतर ,,	कार्माण का योग
(४) लोक पूर्ण ,,	कार्माण काय योग
संकोचन समेटने रूप	**योग**
(५) प्रतर	कार्माण काय योग
(६) कपाट	औदारिक मिश्रकाय योग
(७) दंड	औदारिक काय योग
(८) मूल शरीर प्रमाण	औदारिक काय योग

(देखो गो० क० गा० ५८६-५८७)

५७. उद्वेलना स्थानों में जो विशेषता है उसको कहते हैं—

मिथ्यात्व गुण स्थान में जिन प्रकृतियों के बंध की अथवा उदय की वासना भी नहीं ऐसी सम्यक्त्व आदि गुण से उत्पन्न हुई सम्यक्त्व मोहनीय (सम्यक्त्वप्रकृति) १, मिश्र मोहनीय (सम्यङ् मिथ्यात्व) १, आहारकद्विक २, इन चार प्रकृतियों की तथा शेष ८ उद्वेलन प्रकृतियों की उद्वेलना यह जीव यहीं मिथ्यात्व गुण स्थान में करता है, (देखो गो० क० गा० ४१३ से ४१५ और ६१२)

(१) जो उद्वेलन प्रकृति १३ हैं उन प्रकृतियों के उद्वेलन का क्रम कहते हैं।

आहारकद्विक २ प्रशस्त प्रकृति है इसलिये चारों गति के मिथ्यादृष्टि जीव पहले इन दोनों की उद्वेलना करते हैं। पीछे सम्यक्त्व प्रकृति की, उसके बाद सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृति की उद्वेलना करते हैं, उसके बाद शेष देवद्विक २, नरकद्विक२, वैक्रियिकद्विक २, उच्चगोत्र १, मनुष्यद्विक २, इन ९ प्रकृतियों की उद्वेलना एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और सकलेन्द्रिय जीव करते हैं। (देखो गो० क० गा० ६१३)

(२) उस उद्वेलना के अवसर का काल कहते हैं—

वेदकसम्यक्त्व योग्य काल में आहारकद्विक २ की उद्वेलना करता है, उपशम काल में सम्यक्त्व प्रकृति वा सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृति की उद्वेलना करता है और एकेन्द्रिय तथा विकलेन्द्रिय जीव वैक्रियिक षट्क की (देवद्विक २, नरकद्विक २, वैक्रियकाद्विक २) उद्वेलना करता है। (देखो गो० क० गा० ६१४)

(३) इन दोनों कालों का लक्षण कहते हैं—

सम्यक्त्व प्रकृति और सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृति इन दो प्रकृतियों की सत्ता रूप स्थिति त्रस के पृथक्त्व सागर प्रमाण शेष रहे और एकेन्द्रिय के पल्य असंख्यात भाग कम एक सागर प्रमाण शेष रह जावे वह 'वेदक योग्य काल' है और उससे भी जिसकी सत्ता रूप स्थिति कम हो जाय तो वह 'उपशम योग्य काल' कहा जाता है। (देखो गो० क० गा० ६१५)

(४) तेजस्कायिक और वायु कायिक जीवों की उद्वेलन प्रकृतियां—

मनुष्यद्विक २ और उच्च गोत्र १, इन तीन प्रकृतियों की उद्वेलना तेजस्कायिक और वायुकायिक इन जीवों में होती है और उस उद्वेलना के काल का प्रमाण जघन्य अथवा उत्कृष्ट पल्य के असंख्यातवें भाग प्रमाण है, अर्थात् इतने काल में उन तीन प्रकृतियों के निषेकांची उद्वेलना हो जायेगी, पल्य के असंख्यातवें भाग प्रमाण जिसकी स्थिति है, उस सत्ता रूप स्थिति की उद्वेलना एक अंतर्मुहूर्त काल में करता है, तो संख्यात सागर प्रमाण मनुष्यद्विकादिकी सत्ता रूप स्थिति की उद्वेलना कितने काल में करेगा ? इस त्रैराशिक विधि से पल्य के असंख्यातवें भाग प्रमाण काल में ही कर सकता है, ऐसा सिद्ध होता है। (देखो गो० क० गा० ६१६-६१७)

५८. सम्यक्त्वादिक की विराधना (छोड़ देना) कितनी बार होती है यह कहते हैं—

(१) प्रथमोपशमसम्यक्त्व, वेदक (क्षयोपशमिक) सम्यक्त्व, देश संयम और अनंतानुबंधी कषाय के विसंयोजन की विधि—इन चारों अवस्था को यह एक जीव उत्कृष्टपने अर्थात् अधिक से अधिक पल्य के असंख्यातवें भाग समयों का जितना प्रमाण है उतनी बार छोड़-छोड़ के पुनः पुनः ग्रहण कर सकता है, पीछे नियम से सिद्ध पद को ही पाता है। (देखो गो० क० गा० ६१८)

(२) उपशम श्रेणी पर एक जीव अधिक से अधिक चार बार ही चढ़ सकता है, पीछे कर्मों के अंशों को यक्ष

करता हुआ क्षपक श्रेणी चढ़कर वह मोक्ष को ही जाता है और—

सकल संयम को उत्कृष्टपने से अर्थात् अधिक से अधिक ८२ वार ही धारण कर सकता है, पीछे मोक्ष को प्राप्त होता है। (देखो गो० क० गा० ६१६)

विशेष—'मित्थाहाराणुभयं' यह गाथा सम्यक्त्व प्रकरण में आ गई है, मिथ्यात्व गुण स्थान में एक जीव की अपेक्षा तीर्थंकर प्रकृति १ और आहारकद्विक २ इन दोनों सहित युगपत् सत्ता) स्थान नहीं है, तीर्थंकर सहित या आहारकद्विक सहित ही सत्ता होती है। परन्तु नाना जीव की अपेक्षा दोनों का वहां सत्व पाया जाता है, क्योंकि जिनके तीर्थंकर और आहारकद्विक इन दोनों कर्मों की सत्ता युगपयत् रहती है उनके ये मिथ्यात्व गुण स्थान नहीं होता, सासादन गुण स्थान में नाना जीवों की अपेक्षा से भी तीर्थंकर और आहारकद्विक सहित सत्व स्थान नहीं नहीं है कारण जिस जीव में तीर्थंकर या आहारकद्विक इनकी सत्ता हो तो उस जीव के मिथ्यात्व रहित अनंतानुबंधी का उदय नहीं होगा, मिश्र गुण स्थान में तीर्थंकर प्रकृति और आहारकद्विक इन प्रकृतियों की सत्ता नहीं है।

५६. आयुकर्म के बंध उदय सत्ता को कहते हैं—

१. आयु के बंध स्वरूप को कहते हैं—देव और नारकी अपनी भुज्यमान आयु के अधिक से अधिक छः महीने शेष रहने पर मनुष्यायु अथवा तिर्यंचायु का ही बंध करते हैं।

(अ) सातवी पृथ्वी के नारकी तिर्यंच आयु का ही बंध करते हैं, कर्म भूमिया मनुष्य और तिर्यंच अपनी भुज्यमान आयु के तीसरे भाग के शेष रहने पर चारों आयुओं में से योग्यतानुसार किसी भी एक को बांधता है।

(आ) एकेन्द्रिय और विकलत्रय जीव ऊपर के समान मनुष्यायु अथवा तिर्यंचायु इन दोनों में से किसी एक को बांधते हैं, परन्तु तेजस्कायिक और वायुकायिक जीव तिर्यंचायु का ही बंध करते हैं।

भोग भूमिया जीव (मनुष्य और तिर्यंच) अपनी आयु के ६ महीने बाकी रहने पर देवायु का ही बंध करते हैं। (देखो गो० क० गा० ६३६-६ ०)

२. उदय और सत्ता स्वरूप के कहते हैं—नारकी, तिर्यंच, मनुष्य देव इन जीवों के अपनी अपनी गति की एक आयु का तो उदय ही होता है।

परभव की आयु का भी बंध हो जावे तो उनके उदय रूप आयु सहित दो आयु की (एक बध्यमान और एक भुज्यमान) सत्ता होती है और जो परभव की आयु का बंध न हो तो एक ही उदयागत भुज्यमान आयु की सत्ता रहती है, ऐसा नियम से जानना। (देखो गो० क० गा० ६४१)

३. आयु बंध के आठ अपकर्ष त्रिभाग काल—एक जीव के एक भव में चार आयु में से एक ही आयु बंध रूप होती है और सो भी वह योग्य काल में आठ बार ही बंधती है तथा वहां पर भी वह सब जगह आयु का ३रा भाग अवशिष्ट रहने पर ही बंधती है, अर्थात् भुज्यमान आयु का तीसरा भाग अवशिष्ट रहने पर ही बंधती है इसी तरह आगे भी तीसरा भाग शेष रहने पर आठ बार आयु बंध हो सकती है।

सूचना—भुज्यमान आयु का तीसरा भाग बाकी रहे तो वह काल पहली बार आयुर्बंध के लिये योग्य होती है यदि उस समय आयुर्बंध न हो तो आगे के दूसरे त्रिभाग में हो सकती है इसी तरह आयुर्बंध के अपकर्षण काल (अवसर) आठ बार आ सकते हैं। (देखो गो० क० गा० ६४२)

४. पूर्व कथित आठ अपकर्षणों (त्रिभागों में) पहली बार के बाद आगे के द्वितीयादि अपकर्षण काल में जो

पहले वार में आयु बन्धी थी उस बध्यामान आयु की स्थिति की वृद्धि वा हानि अथवा अवस्थिति (काल) रह सकती है और आयु के बंध करने पर जीवों के परिणामों के निमित्त से उदय प्राप्त (भुज्यमान) आयु का 'अपवर्तन घात' (कदली घात, घट जनाना) भी होता है।

भावार्थ—आठ अपकर्षणों में सभी के अन्दर आयु का बन्ध हो ही। ऐसा नियम नहीं है। जहां पर आयु बन्ध के निमित्त मिलते हैं वही बन्ध होता है तथा जिस अपकर्षण में जिस आयु का बन्ध हो जाता है उसके अनन्तर उसी आयु का बन्ध होता है, परन्तु परिणामों के अनुसार उसकी (बध्यमान आयु की) स्थिति कम जादे या अवस्थित हो सकती है तथा उसके उदय आने पर अर्थात् भुज्यमान अवस्था में उसका कदली घात भी हो सकता है। (देखो गो० क० गा० ६४३)

सूचना—जैसे १६वें स्वर्ग में किसी को २२ सागर स्थिति का आयुर्बंध हुआ हो और उसके दूसरे अपकर्षण काल में परिणामों की विशुद्धि कम होने से १०वें स्वर्ग की १८ सागर से कुछ अधिक स्थिति रह सकती है।

५. **आयु कर्म के भंग का स्वरूप**—इस प्रकार बंध होने पर अथवा बंध नहीं होने पर व उपरत बंध अवस्था ने एक जीव के एक पर्याय में एक एक के प्रति तीन तीन भंग नियम से होते हैं।

बंध—वर्तमान काल में परभव की आयुर्बंध हो रहा हो वहां पहला बंध रूप भंग जानना। वहां बंध आगामी आयु का १, उदय भुज्यमान आयु का १, और सत्त्व भुज्यमान आयु का १, व बध्यमान आयु का १ इस प्रकार तीन भंग (बंध १, उदय १, सत्त्व २) होते हैं।

अबंध—आगामी आयु का बंध जहां भूतकाल में भी बंध हुआ हो और वर्तमान काल में न हो रहा हो वहां दूसरा अबंध रूप भंग जानना। यहां उदय और सत्त्व केवल एक भुज्यमान आयु का ही रहता है। इस प्रकार तीन भंग (बंध ०, उदय १, सत्त्व १) जानना।

उपरत बंध—आगामी आयु बंध जहां भूतकाल में हुआ हो और वर्तमान काल में न हो रहा हो वहां उपरतबन्ध तीसरा भंग होता है। यहां उपरतबन्ध ०, उदय भुज्यमान आयु १ सत्व बध्यमान आयु १ और भुज्यमान आयु १ ये २ रहते हैं। इस प्रकार तीन भंग (उपरत बंध ०, उदय १, सत्व २) जानना। (देखो गो० क० गा० ६४४)

६०. **आस्रव के मूल भेद चार हैं**—मिथ्यात्व, अविरति, कषाय, योग, इन चार के उत्तर भेद क्रम से ५, १२, २५ और १५ ये सब मिलकर ५७ होते हैं।

आस्रव—जिसके द्वारा कार्माण वर्गणारूप पुद्गल स्कंध कर्मपने को प्राप्त हो उसका नाम आस्रव है। वह आत्मा के मिथ्यात्वादि परिणाम रूप हैं, उनमें से—

(१) **मिथ्यात्व**—एकांत, विनय, संशय, विपरीत, अज्ञान ऐसे ५ प्रकार का है।

(२) **अविरति**—पांच इन्द्रिय तथा छट्ठवामन इनको वशीभूत नहीं करने से छः भेद रूप और पृथ्वीकायादि पांच स्थावर काय तथा एक त्रसकाय इनकी दया न करने से छः भेद रूप इस प्रकार १२ प्रकार का है।

(३) **कषाय**—अनन्तानुबन्धी क्रोध-मान-माया-लोभ ४ अप्रत्याख्यान कषाय ४, प्रत्याख्यान कषाय ४, संज्वलन कषाय ४ ये १६ कषाय तथा हास्य-रति, अरति-शोक, भय-जुगुप्सा, नपुंसक, स्त्री, पुरुषवेद ये नव नोकषाय इस तरह सब मिलकर २५ प्रकार का है।

(४) योग—मनोयोग सत्य-असत्य-उभय अनुभय ये ४, इसी तरह वचनयोग ४ और काययोग ७ (औदारिक काययोग, औदारिक मिश्र काययोग, वैक्रियिक काययोग, वैक्रियिक मिश्रकाययोग, आहारक काययोग, आहारक मिश्रकाययोग और कार्माण काययोग ये ७) इस तरह १५ प्रकार का है।

इस प्रकार सब मिलकर आस्रव के ५+१२+२५+१५=५७ भेद होते हैं। (देखो गो० क० गा० ७८६)

(१ मूल आस्रवों को गुण स्थानों में बताते हैं।

(देखो गो० क० गा० ७-७-७८८ और को० नं० २१७)

गुणस्थान	आस्रव संख्या	विशेष विवरण
१ मिथ्यात्व	४	मिथ्यात्व, अविरति, कषाय, योग ये ४ आस्रव जानना।
२ सासादन	३	अविरति, कषाय, योग ये ३ जानना।
३ मिश्र	३	" " "
४ असंयत	३	" " "
५ देश संयत	३	अविरति, कषाय, योग, यहां संयतासंयत मिश्रभाव रहता है।
६ प्रमत्त	२	कषाय और योग ये २ जानना।
७ अप्रमत्त	२	" " "
८ अपूर्वकरण	२	" " "
९ अनिवृत्तिकरण	२	" " "
१० सूक्ष्म सांपराय	२	" " "
११ उपशांत मोह	१	१ योग जानना।
१२ क्षीण मोह	१	"
१३ सयोग केवली	१	"
१४ अयोग केवली	०	०

(२) गुण स्थानों में ५७ उत्तर आस्रव के अनुदय, उदय, व्युच्छित्ति दिखलाते हैं। इसमें केशव-वर्णी कृत सात गाथा भी आये हैं (देखो गो० क० गा० ७८९-७९० और को० नं० २१८)

गुण स्थान	अनुदय संख्या	अनुदयगत आस्रवों का नाम	उदयगत आस्रव संख्या	आस्रव व्युच्छि० संख्या	व्युच्छित्ति प्राप्त आस्रवों का नाम
१ मिथ्यात्व	२	आहारक काययोग १, आहारक मिश्रकाययोग १ ये २	५५	५	मिथ्यात्व ५ जानना
२ सासादन	७	२+५ मिथ्यात्व ये ७ जानना	५०	४	अनन्तानुबन्धी कषाय ४
३ मिश्र	१४	११+३ (औ० मिश्र-काययोग १, वै०मिश्र० १ कार्माण काययोग १) ये १४ जानना	४३	०	०
४ असंयत	११	१४—३ (ऊपर के ३ योग) =११ अर्थात् ७+४=११ जानना	४६	९	अप्रत्यख्यान कषाय ४, वैक्रियिक काययोग १, वै० मिश्र० १, कार्माण योग १, औ० मिश्र० १, त्रसहिंसा १, ये ९ जानना
५ देशसंयत	२०	११+९=२० जानना	३७	१५	प्रत्याख्यान कषाय ४, अविरति ११ ये १५
६ प्रमत्त	३	२०+१५=३५—२ (आहारक) =३३ जानना	२४	२	आहारक काययोग १, आहारक मिश्र० १, ये २
७ अप्रमत्त	३५	३३+२ (आहारक) =३५	२२	०	०
८ अपूर्वकरण	३५	३५ ऊपर के समान जानना	२२	६	हास्यादि नोकषाय ६
९ अनिवृत्तिकरण भाग १	४१	३५+६=४१ जानना	१६	१	नपुंसक वेद १,

	भाग २	४२	४१+१=४२ ,,	१५	१	स्त्रीवेद १
	भाग ३	४३	४२+१=४३ ,,	१४	१	पुरुष वेद १
	भाग ४	४४	४३+१=४४ ,,	१३	१	संज्वलन क्रोध १
	भाग ५	४५	४४+१=४५ ,,	१२	१	संज्वलन मान १
	भाग ६	४६	४५+१=४६ ,,	११	१	संज्वलन माया १
	भाग ७	४७	४६+१=४७ (यहां स्थूल लोभ जानना)	१०	०	०
१०	सूक्ष्म सां०	४७	४६+१=४७ (यहां सूक्ष्म लोभ जानना)	१०	६	संज्वलन लोभ १ (यहां सूक्ष्म लोभ जानना)
११	उपशांत मोह	४८	४७+१=४८	६	०	०
१२	क्षीण मोह	४८	४७+१=४८	६	४	असत्य मनोयोग १, उभय मनोयोग १, असत्य वचनयोग १, उभय वचनयोग १, ये ४ जानना
१३	सयोग के०	५०	४८+४=५२-२ (औ० मिश्रकाययोग १, कार्माण काययोग ये २) =५० जानना	७	७	ऊपर के योग ४+३ (औ० काययोग १, औ० मिश्रकाययोग १, कार्माण काययोग १ ये ३)=७
१४	अयोग के०	५७	सब आस्रव जानन	०	०	०

(३) आस्रव के उदय कार्यभूत जीव के परिणामों में ज्ञानावरणादि कर्मबंध का कारणपना अर्थात् आठ कर्मों की आस्रवों के विशेष भाव बतलाते हैं। (देखो गो० क० गा० ८०० से ८१०)

मूल कर्म प्रकृतियां	आस्रवों के विशेष भाव
१ ज्ञानावरण	१ प्रत्यनकी से अर्थात् शास्त्र वा शास्त्र के जानने वाले पुरुषों में।
२ दर्शनावरण	अविनय रूप प्रवृत्ति करने से, २ अन्तराय=ज्ञान में विच्छेद करने से, ३ उपघात=प्रशस्त ज्ञान में द्वेष रखने रूप उपघात से, ४ प्रदोष =तत्व ज्ञान में हर्ष नहीं मानने रूप प्रद्वेष से, ५ निन्हव=जिनसे अपने को ज्ञान प्राप्त हुआ है उनको छिपाकर अन्य को गुरु कहना रूप निन्हव से, ६ आसादना=किसी के प्रशंसा योग्य उपदेश की तारीफ न करने रूप आसादना से स्थिति और अनुभाग बंध की बहुलता के साथ ज्ञानावरण तथा दर्शनावरण इन दो कर्मों को बांधता है ये ६ कारण ज्ञान के विषय में हो तो ज्ञानावरण के बंध के कारण और जो दर्शन के विषय में हो तो दर्शनावरण के बंध के कारण होते हैं, ऐसा जानना।
३ वेदनीय कर्म (साता-असाता)	१ भूतानुकम्पा=सब प्राणियों पर दया करना, २. व्रत=अहिंसादि व्रत पालन करने रूप, ३. योग=शुभ परिणाम में एकाग्रता रखने रूप, ४. क्षमाभाव=क्रोध के त्याग रूप क्षमा, ५. दान=आहारादि चार प्रकार का दान, ६. पंच परमेष्टि की भक्ति कर जो सहित हो ऐसा जीव बहुधा करके प्रचुर अनुभाग के साथ सातावेदनीय को बांधता है, इससे विपरीत अदया आदि का धारक जीव तीव्र स्थिति अनुभाग सहित असाता वेदनीय कर्म का बंध करता है।
४ मोहनीय— (१) दर्शन मोहनीय	अरहंत, सिद्ध चैत्य (प्रतिमा), तपश्चरण, निर्दोष शास्त्र, निर्ग्रंथगुरु, वीतराग प्रणित धर्म और मुनि आदि का समूह रूप संघ—इनसे जो जीव प्रतिकूल हो अर्थात् इनके स्वरूप से विपरीतता का ग्रहण करे वह दर्शन मोह को बांधता है।
(२) चारित्र मोहनीय	जो जीव तीव्र कषाय और हास्यादि नोकषाय सहित हो, बहुत मोह रूप परिणमता हो, राग और द्वेष में अत्यंतलीन हो तथा चारित्र गुण के नाश करने का जिसका स्वभाव हो ऐसा जीव कषाय और नोकषाय दो प्रकार के चारित्र मोहनीय कर्म को बांधता है।

५ आयु-नरकायु—	जो जीव मिथ्यादृष्टि हो, बहुत आरम्भी हो, शील रहित भाव हो, तीव्र लोभी हो, रौद्र परिणामी हो, पाप कार्य करने की बुद्धि सहित हो, वह जीव नरकायु को बांधता है।
(१) तिर्यंचायु—	जो जीव विपरीत मार्ग का उपदेश करने वाला हो, भले मार्ग का नाशक हो, गूढ़ अर्थात् दूसरे कोन मालूम होवे ऐसा जिनके हृदय का परिण म हो, मायाचारी हो, मूर्खता सहित जिसका स्वभाव हो, मिथ्या-माया-निदान सल्यों कर सहित हो, वह जीव तिर्यंच आयु को बांधता है।
(२) मनुष्यायु—	जो जीव स्वभाव से ही मंदक कषाय वाला हो, दान में प्रीतियुक्त हो, शील संयम कर रहित हो, मध्यम गुणों कर सहित हो अर्थात् जिनमें न तो उत्कृष्ट गुण० हों न दोष हों, वह जीव मनुष्य आयु को बांधता है।
(४) देवायु—	जो जीव सम्यग्दृष्टि है वह केवल सम्यक्त्व से वा साक्षात् अणुव्रत, महा-व्रतों से देवायु को बांधता है तथा जो मिथ्या दृष्टि है वह बालतप अर्थात् अज्ञान रूप वाले तपश्चरण से वा अकामनिजरा से (संतोषपूर्वक पीड़ा सहन करना) देवायु को बांधता है।
६ नामकर्म (शुभाशुभ)	जो जीव मन-वचन-काय से कुटिल हो अर्थात् सरल न हो, कपट करने वाला हो, अपनी प्रशंसा चाहने वाला तथा करने वाला हो अथवा ऋद्धि गारव आदि से युक्त हो, वह नरकगति आदि अशुभ नामकर्म को बांधता है और इससे विपरीत स्वभाव वाला हो अर्थात् सरलयोग वाला निष्कपट प्रशंसा न चाहने वाला हो वह शुभ नामकर्म का बन्ध करता है।
७ गोत्रकर्म (उच्च-नीच)	जो जीव अर्हंतादि पांच परमेष्ठियों में भक्तिवंत हो, वीतराग कथित शास्त्र में प्रीति रखता हो, पढ़ना विचार करना इत्यादि गुणों का धनिक हो, वह जीव उच्चगोत्र को बन्ध करता है और इनसे विपरीत चलने वाला नीचगोत्र को बांधता है।

८ अन्तराय कर्म	जो जीव अपने वा परके प्राणों की हिंसा करने में लीन हो और जिनेश्वर की पूजा तथा रत्नत्रय की प्राप्ति रूप मोक्ष मार्ग में विघ्न डाले वह अन्तराय कर्म का उपार्जन करता है जिसके कि उदय से वह वांछित वस्तु को नहीं पा सकता।

६१. **भाव का लक्षण**— (जीव के असाधारण गुण का लक्षण) अपने प्रतिपक्षी कर्मों के उपशमादिक के होने हुए उत्पन्न हुये ऐसे जिन औपशमिकादि भावों कर जीव पहचाने जावें भाव 'गुण' ऐसी संज्ञा रूप सर्वदर्शियों ने कहे हैं। (देखो गो० क० गा० ८१२)

(१) **भावों के नाम भेद सहित कहते हैं**— वे मूलभाव औपशमिक, क्षायिक, मिश्र, औदयिक, परिणामिक, इस तरह पांच प्रकार है और उनके उत्तर भाव क्रम से २, ९, १८, २१, ३, इस तरह ५३ भाव जानने चाहिएं। (देखो गो० क० गा० ८१३)

(२) **इन भावों की उत्पत्ति का स्वरूप कहते हैं**—

१. **औपशमिक भाव**—प्रतिपक्षी कर्म के उपशम होने से होता है।

२. **क्षायिक भाव**—प्रतिपक्षी कर्म के पूर्णक्षय होने से होता है।

३. **मिश्र भाव (क्षयोपशम भाव)**—उन प्रतिपक्षी कर्मों का उदय भी हो परन्तु जीव का गुण भी प्रगट रहे वहां मिश्र रूप क्षायोपशमिक भाव होता है।

४. **औदयिक भाव**—कर्म के उदय से उत्पन्न हुआ संसारी जीव का गुण जहां हो वह औदयिक भाव है।

५. **पारिणामिक भाव**—उपशम, क्षय, क्षयोपशम और उदय कारणों के विना जीव का जो स्वाभाविक भाव है वह परिणामिक भाव है।
(देखो गो० क० गा० ८१४–८१५)

(३) इन भावों के भेदरूप उत्तर भावों को कहते हैं :—
(देखो गो० क० गा० ८१६ से ८१६ और को० नं० २३२)

मूलभाव	उत्तर भेद संख्या	उत्तर भेदों के नाम
१. औपशमिक	२	उपशम सम्यक्त्व १, उपशम चारित्र १ ये २ जानना।
२. क्षायिक	६	क्षायिक ज्ञान १, क्षायिक दर्शन १, क्षायिक सम्यक्त्व १, क्षायिक चारित्र १, क्षायिक दान १, क्षायिक लाभ १, क्षायिक भोग १, क्षायिक उपभोग १, क्षायिक वीर्य १, ये ६ जानना।
३. मिश्र या क्षयोपशमिक	१८	कुमति ज्ञान, कुश्रुत ज्ञान, कुअवधि ज्ञान ये ३ कुज्ञान (अज्ञान)। मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधि ज्ञान मनः पर्यय ज्ञान, ये ४ ज्ञान, अचक्षुदर्शन, चक्षुदर्शन, अवधि दर्शन, ये ३ दर्शन, दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य ये ५ क्षयोपशम लब्धि, क्षयोपशम (वेदक) सम्यक्त्व १, सराग चारित्र १, देशसंयम १, ये सब १८ भाव जानना।
४. औदयिक	२१	नरक, तिर्यंच, मनुष्य, देव ये ४ गति, नपुंसक, स्त्री पुरुष, ये ३ वेद (लिंग), क्रोध, मान, माया, लोभ, ये ४ कषाय, मिथ्यात्व १, कृष्ण, नील, कापोत पीत, पद्म, शुक्ल ये ६ लेश्या, असंयम १, अज्ञान १, असिद्धत्व १, ये २१ भाव जानना।
५. पारिणामिक	३	भव्यत्व १, अभव्यत्व १, जीवत्व १ ये ३ जानना।
		इस प्रकार मूलभाव ५ और उत्तर भेदरूप भाव ५३ जानना।

(४) भंगों की अपेक्षा से भावों के भेद बतलाते हैं—

गुण स्थानों में और मार्गणा स्थानों में संभवते मूलभाव और उत्तर भावों को स्थापना करके प्रमादों के अक्ष संचार (भेदों के बोलने के विधान) के समान अर्थात् भावों की उलटापलट करने से यहाँ पर भी १ प्रत्येक भंग, १ अविरुद्ध परसंयोगी भंग और १ स्वसंयोगी भी भंग समझने चाहियें।

१. प्रत्येक भंग—अलग अलग भावों को प्रत्येक भंग कहते हैं और जिनमें संयोग पाया जाय उनको संयोगी भंग कहते हैं। संयोगी भंग दो प्रकार के हैं—परसंयोगी और स्वसंयोगी।

२. स्वसंयोगी भंग—जहां अपने ही एक उत्तर भेद का दूसरे उत्तर भेद के साथ संयोग दिखाया जाय उसको स्वसंयोगी भंग कहते हैं। जैसे एक औपशमिक के भेद का दूसरे औपशमिक के ही भेद के साथ. अथवा एक औदयिक भेद के साथ दूसरे औदयिक भेद का ही संयोग कहना।

३. परसंयोगी भंग—जहां दूसरे उत्तर भेद के साथ संयोग दिखाया जाय उनको परसंयोगी भंग कहते हैं। जैसे औपशमिक के एक भेद के साथ औदयिक के एक भेद का संयोग दिखाना, अथवा एक औदयिक भेद के साथ दूसरे क्षायिक भेद का संयोग दिखाना। इत्यादि (देखो गो० क० गा० ८२०)

(५) गुण-स्थानों में मूलभावों की संख्या और स्वपर के संयोग रूप भावों की संख्या को दिखलाते हैं।
(देखो गो० क० गा० ८२१ को० नं० २३३)

गुण-स्थान	मूल भावों की संख्या	उत्तर भावों के नाम और संख्या					जोड़
		औपशमिक	क्षायिक	मिश्र (क्षयोपश०)	औदायिक	पारिणामिक	
१. मिथ्यात्व	३	०	०	१	१	१	३
२. सासादन	३	०		१	१	१	३
३. मिश्र	३	०	०	१	१	१	३
४. असंयत	५	१	१	१	१	१	५
५. देशसंयत	५	१	१	१	१	१	५
६. प्रमत्त	५	१	१	१	१	१	५
७. अप्रमत्त	५	१	१	१	१	१	५
८. अपूर्व क० उप० श्रे०	५	१		१	१	१	५
९. अनिवृ० ,,	५	१	१	१	१	१	५
१०. सूक्ष्म सां० ,,	५	१	१	१	१	१	५
११. उपशांत मो० ,,	५	१		१	१	१	५
८. अपूर्व क० क्ष० श्रे०	४	०	१	१	१	१	४
९. अनिवृ० ,,	४	०	१	१	१	१	४
१०. सूक्ष्म सां० ,,	४	०	१	१	१	१	४
१२. क्षीण मोह ,,	४	०	१	१	१	१	४
१३. सयोग केवली	३	०	१	०	१	१	३
१४. अयोग केवली	३	०	१	०	१	१	३
सिद्ध गति में	२	०	१	०	०	१	२

(६) गुण स्थानों में ५३ उत्तर भावों के भेद सामान्यपने से कहते हैं—

(देखो गो० क० गा० ८२२ को० नं० २३४)

गुण स्थान	औपशमिक भाव २ में से	क्षायिक भाव ६ में से	मिश्र भाव १८ में से	औदयिक भव २१ में से	पारिणामिक भाव ३ में से	जोड़ भावों की संख्या
१. मिथ्यात्व	०	०	१०=कुज्ञान ३, दर्शन २, लब्धि ५	२१=सब	३=सब	३४
२. सासादन	०	०	१०= ,,	२०=मिथ्यात्व १ घटाकर	२=भव्यत्व, जीवत्व ये २	३२
३. मिश्र	०	०	११=ज्ञान ३, दर्शन ३, लब्धि ५	२०= ,,	२= ,,	
४. असंयत	१ उपशम सम्यक्त्व	१ क्षायिक सम्दक्त्व	१२= ऊपर के ११ में वेदक सम्यक्त्व १ जोड़कर १२	२०= ,,	२= ,,	३६
५. देशसंयत	१= ,,	१= ,,	१३=ऊपर के १२+१ देशसंयत जोड़कर १३ जानना	१४=म० ति० गति २, कषाय ४, वेद ३, शुभ-लेश्या १, अज्ञान १, असिद्धत्व १ ये १४ जानना	२= ,,	३१
६. प्रमत्त	१= ,,	१= ,,	१४=ज्ञान ३, दर्शन ३, लब्धि ५, वेदक सं० १, मनः प० ज्ञान १, सराग चारि० १	१३=ऊपर के १४—१ तिर्यंच गति घटाकर जानना	२= ,,	३१
७. अप्रमत्त	१= ,,	१= ,,	१४= ,,	१३= ,,	२= ,,	३१

८. अपूर्वकरण	२=सब	२=क्षा० स० १, क्षा० चारित्र १	१२=ऊपर के १४−२ (वेदक स० १, सराग चारि० १)=१२	११=ऊपर के १३− २(पीत० पद्म लेश्या)=११	२= ,,	२६
९. अनिवृत्ति०	२= ,,	२= ,,	१२= ,,	११— ,,	२= ,,	२६
१०. सूक्ष्म सां०	२= ,,	२= ,,	१२= ,,	५=म० गति १, सूक्ष्म लोभ १, शुभ लेश्या १, अज्ञान १, असिद्धत्व १	२= ,,	२३
११ उपशांत मो०	२= ,,	१ क्षायिक सम्यक्त्व	१२= ,,	४=ऊपर के ५—१ लोभ घटाकर=४	२= ,,	२१
१२. क्षीण मो०	०	२ क्षा० स०, क्षा० चारि०	१२=	४= ,,	२= ,,	२०
१३ संयोग के०	०	९=सब	०	३=मनुष्य गति १, शुक्ल लेश्या १, असिद्धत्व १	२ = ,,	१४
१४. अयोग के०		९=सब	०	२=मनुष्य गति १, असिद्धत्व १	२= ,,	१३
सिद्ध गति में	०	४ क्षा० ज्ञान, क्षा० दर्शन, क्षा सम्यक्त्व, क्षा० वीर्य, ये ४	०	०	०	५

सूचना:—कोई आचार्य क्षायिक भाव ९+१ जीवत्व ऐसे १० भाव मानते हैं।

६२. सर्वथा एकनयका ही ग्रहण जिनमें पाया जाता है। ऐसे जो एकांत मत हैं ३·३ भेदों को कहते हैं—

(१) क्रियावादियों के १८०, (२) अक्रियावादियों के ८४, (३ अज्ञानवादियों ६७, (४) वैनयिकवादियों के ३२। इस प्रकार सब मिलकर ३६३ भेद जानना, (देखो गो० क० गा० ८७६)।

(१) क्रियावादियों के मूलभंग कहते हैं—

१ले 'अस्ति' × ४ 'आपसे', 'परसे', नित्यपनेसे', अनित्यपने से',=४ × ८ जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध, मोक्ष=३६ × ५ काल, ईश्वर, आत्मा, नियति, स्वभाव=१८०

(२) १ अस्ति, ४ आपसे, परसे, नित्यपनेकर, अनित्यपनेकर, इन पांचों का तथा नवपदार्थ इन कुल १४ का अर्थ—

१. जीवादि नव पदार्थ द्रव्य, क्षेत्र, काल, भवरूप स्वचतुष्टयसे 'आपसे' (स्वतः) 'अस्ति' है। =९

२. जीवादि नव पदार्थ परचतुष्टयसे 'परतः' (परसे) है। =९

३. जीवादि नव पदार्थ नित्यपनेकर 'अस्ति' है =९

४. जीवादि नव पदार्थ नित्यपनेकर 'अस्ति' है। =९

३६

(३) कालवाद—काल ही सब को उत्पन्न करता है और काल ही सबका नाश करता है, सोते हुए प्राणियों में काल ही जागता है, ऐसे काल के वंचना (ठगने को) करने को कौन समर्थ हो सकता है ? अर्थात् कोई नहीं। इस प्रकार काल से ही सबको मानना यह कालवाद का अर्थ है।

(४) ईश्वरवाद—आत्म ज्ञानरहित है, अनाथ है अर्थात् कुछ भी नहीं कर सकता। उस आत्मा का सुख-दुःख, स्वर्ग तथा नरक में गमन वगैरह सब ईश्वरकर किया हुआ होता है ऐ ईश्वरका किया सब कार्य मानना ईश्वरवाद का अर्थ है।

(५) आत्मवाद—संसार में एक ही महान् आत्मा है वही पुरुष है, वही देव है और वह सबमें व्यापक है। सर्वांगपने से अगम्य (छुपा हुआ) है, चेतना सहित है, निर्गुण है और उत्कृष्ट है। इस तरह आत्मस्वरूप से ही सबको मानना आत्मवाद का अर्थ है।

(६)) नियतिवाद—जो जिस समय जिससे जैसे जिसके नियम से होता है वह उस समय उससे तैसे उसके ही होता है। ऐसा नियम से ही सब वस्तु को मानना उसे नियतिवाद कहते हैं।

(७, स्वभाववाद कांटे का आदि लेकर जो तीक्ष्ण (चुभने वाली) वस्तु है उनके तीक्ष्णपना कौन करता है और मृग तथा पक्षी आदियों के अनेक तरह पना जो पाया जाता है उसे कौन करता है ? ऐसा प्रश्न करने पर यही उत्तर मिलता है कि सब में स्वभाव ही है। ऐसे सबको कारण के बिना स्वभाव से ही मानना स्वभाववाद का अर्थ है।

ऊपर जो (गाथा ८७८ देखो) एकांतमत के ३६ भेद दिखलाया है। उनको काल, ईश्वर, आत्मा, नियति और स्वभाव इन पांचों को लगाकर गणना करने से क्रियावाद के ३६ × ५ = १८० भेद होते हैं। (देखो गो० क० गा० ८७६ से ८८३)।

(८) अक्रियावाद के ८४ भेद निम्न प्रकार जानना—१ नास्ति × २ आपसे, परसे=२ × ७ जीव, अजी, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध, मोक्ष=१४ × ५ काल, ईश्वर, आत्मा, नियति=७०।

आपसे (स्वतः) जीव काल से नहीं।

परसे जीव काल से नहीं। इस प्रकार जीव-अजीव वादिक ७ पदार्थ आपसे, परसे काल के अपेक्षा से नहीं हैं इसलिये—१ नास्ति × २ आपसे, परसे = २ × ७ पदार्थ

=१४ काल की अपेक्षा नहीं है

" " " =१४ ईश्वरापेक्षा से नहीं है

" " " =१४ आत्मा की "

" " " =१४ नियति की "

" " " १४

७० भेद जानना।

१ नास्ति × ७ जीव, आस्रव, संवर, निर्जरा. बन्ध मोक्ष =७ × २ नियति, काल=१४ ये भेद नास्तिकपने में जानना। पहले के ७० और ये १४ सब मिलकर अक्रियावादियों के ८४ भेद होते हैं। (देखो गो० क० गा० ८८४–८८५)।

(९) **अज्ञानवाद के ६७ भेद बताते हैं—**

जीवादि नव पदार्थों में से एक-एक का सप्त भंग से न जानना। जैसे कि 'जीव' अस्तिरूप है ऐसा कौन जानता है। तथा नास्ति अथवा दोनों, वा बाकी तीन भंग मिली हुई=इस तरह ७ भंगों से कौन जीव को जानता है। इस प्रकार नव पदार्थों का ७ भंग से (अस्ति, नास्ति, अस्ति-नास्ति, अवक्तव्य, अस्ति अवक्तव्य नास्ति अवक्तव्य अस्ति नास्ति अवक्तव्य, ये ७ गुण करने पर ७ × ९ = ६३ भेद होते हैं—

(१)	जीवादि नवपदार्थ	अस्तिरूप है	ऐसा कौन जानता है ? =९
(२)	,, ,,	नास्तिरूप है	,, =९
(३)	,, ,,	अस्ति नास्ति रूप है	,, =९
(४)	,, ,,	अवक्तव्य रूप है	,, =९
(५)	,, ,,	अस्ति अवक्तव्य है	,, =९
(६)	,, ,,	नास्ति अवक्तव्य है	,, =९
(७)	,, ,,	अस्ति नास्ति अवक्तव्य है	,, =९
			६३

१. शुद्ध पदार्थ × ४ अस्ति, नास्ति, अस्ति नास्ति, अवक्तव्य=४

(१)	शुद्ध पदार्थ	अस्ति रूप है	ऐसे कौन जानता है ? =१
(२)	,,	नास्ति रूप है	,, =१
(३)	,,	अस्ति नास्ति रूप है	,, =१
(४)	,,	अवक्तव्य रूप है	,, =१
			४

इस प्रकार पूर्वोक्त ६३ और ये ४ सब मिलकर अज्ञानवाद के ६७ भेद जानता। (देखो गो० क० गा० ८८६–८८७)।

(१०) **वैनयिकवाद के ३२ भेद कहते हैं—**

देव, राजा, ज्ञानी, यति, वृद्ध, बालक, माता, पिता। इन आठों का मन, वचन, काय और दान इन चारों से विनय करना इस प्रकार वैनयिकवाद के ८ × ४ = ३२ भेद होते हैं। ये विनयवादी गुण, अवगुण की परीक्षा किये बिना विनय से ही सिद्धि मानते हैं। (देखो गो० क० गा० ८८८)।

इस प्रकार स्वच्छंद अर्थात् अपने मनमाना है। श्रद्धान जिनका ऐसे पुरुषों के ये ३६३ भेद रूप पाखण्ड कल्पना की है।

अन्य भी कुछ एकांतवादों को कहते हैं।

पौरुषवाद—जो आलस्यकर सहित हो तथा उद्यम करने में उत्साह रहित हो। वह कुछ भी फल नहीं भोग सकता। जैसे स्तनों का दूध पीना बिना पुरुषार्थ के कभी नहीं बन सकता। इसी प्रकार पुरुषार्थ से ही सब कार्य की सिद्धि होती है। ऐसा मानना पौरुषवाद है। (देखो गो० क० गा० ८९०)।

(२) **दैववाद**—मैं केवल दैव (भाग्य) को ही उत्तम मानता हैं। निरर्थक पुरुषार्थ को धिक्कार हो। देखो कि किले के समान ऊंचा जो वह कर्ण नामा राजा सो युद्ध में मारा गया। ऐसा दैववाद है। देव से ही सर्वसिद्धि मानी है। (देखो गो० क० गा० ८९१)।

(३) **संयोगवाद**—यथार्थ ज्ञानी संयोग से ही कार्य सिद्धि मानते हैं; क्योंकि जैसे एक पहिये से रथ चल नहीं

सकता, तथा जैसे एक अंधा दूसरा पांगला ये दोनों वन में प्रविष्ट हुए थे सो किसी समय आग लग जाने से ये दोनों मिलकर अर्थात् अंधे के कन्धे पर पांगला बैठकर अपने नगर में पहुंच गये। इस प्रकार संयोगवाद है। (देखो गो० क० गा० ८९२)।

(४) लोकवाद—एक ही बार उठी हुई लोक-प्रसिद्ध बात देवों से भी मिलकर दूर नहीं हो सकती तो अन्य की बात क्या है, जैसे कि द्रौपदी कर केवल अर्जुन-पांडव के ही गले में डाली हुई माला की पांचों पांडवों को पहनाई है ऐसी प्रसिद्धि हो गई इस प्रकार लोकवादी, लोकप्रवृत्ति को ही सर्वस्व मानते हैं। (देखो गो क० गा० ८९३)

सारांश—जो कुछ वचन बोला जाता है वह किसी अपेक्षा को लिये हुए ही होता है उस जगह जो अपेक्षा है वही 'नय' है और बिना अपेक्षा के बोलना अथवा एक ही अपेक्षा से अनंत धर्म वाली वस्तु को सिद्ध करना यही परमती में मिथ्यापना है।

६३. त्रिकरणों का स्वरूप कहते हैं—

(१) अनंतानुबंधी कषाय की चौकड़ी के बिना शेष २१ चारित्र मोहनीय की प्रकृतियों के क्षय करने के लिये अथवा उपशम करने के निमित्त अधः प्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण ये ३ करण कहे गये हैं, उनमें से पहले अधः प्रवृत्तकरण को सातिशय अप्रमत्त गुण स्थान वाला प्रारम्भ करता है, यहां 'करण' नाम परिणाम का है। (देखो गो० क० गा० ८९७ और जीव कांड गो० गुण स्थानाधिकार गाथा ४७)

(२) अधः प्रवृत्तकरण का शब्दार्थ से सिद्ध लक्षण कहते हैं—

जिस कारण इस पहले करण में ऊपर के समय के परिणाम नीचे के समय संबंधी भावों के समान होते हैं इस कारण पहले करण का 'अधः प्रवृत्त' ऐसा अन्वर्थ (अर्थ के अनुसार) नाम कहा गया है, उस अधः प्रवृत्त करण का काल अंतर्मुहूर्त है, उस काल में संभवते विशुद्धता (मन्दता) रूप कषायों के परिणाम असंख्यात-लोक प्रमाण हैं और वे परिणाम पहले समय से लेकर आगे-आगे के समयों में समान वृद्धि (चय) कर बढ़ते हुये हैं, (देखो गो० क० गा० ८९८-८९९ और जीव कांड गा० ४८-४९) वह सातिशय अप्रमत्त संयमी समय समय प्रति अनंत गुणी प्रमाणों की विशुद्धता से बढ़ता हुआ अंतर्मुहूर्त काल तक अधः प्रवृत्त करण को करता है, पुनः उसको समाप्त करके अपूर्वकरण को प्राप्त होता है।

(३) अपूर्वकरण का स्वरूप कहते हैं—

अपूर्वकरण का काल अंतर्मुहूर्त मात्र है उसमें ह. एक समय में समानचय वृद्धि) से बढ़ते हुए असंख्यात लोक प्रमाण परिणाम पाये जाते हैं, लेकिन यहां अनुकृष्टि नियम से नहीं होती, क्योंकि यहां प्रति समय के परिणामों में अपूर्वता होने से नीचे के समय के परिणामों से ऊपर के समय के परिणामों में समानता नहीं पायी जाती। देखो गो० क० गा० ९१० और जीव कांड गा० ५३)

(४) अनिवृत्तिकरण का स्वरूप कहते हैं—

जो जीव अनिवृत्ति करण काल के विवक्षित एक समय में जैसे शरीर के आकार वगैरह से भेद रूप हो जाते हैं उस प्रकार परिणामों से अधः करणादि की तरह भेद रूप नहीं होते और इस करण में इनके समय-समय प्रति एक स्वरूप एक ही परिणाम होता है, ये जीव अतिशयनिर्मल ध्यान रूपी अग्नि से जलाये हैं कर्मरूपी वन जिन्होंने ऐसे होते हुये अनिवृत्त करण परिणाम के धारक होते हैं, इस अनिवृत्ति करण का काल भी अंतर्मुहूर्त मात्र है। (देखो गो० क० गा० ९११-९१२)

६४. कर्म स्थिति की रचना का सद्भाव कहते हैं—

सब कर्मों की स्थिति की रचना में यह राशियों की आवश्यकता रहती है।

१. द्रव्य—जो पहले प्रदेश बंधाधिकार में कहे हुए समय प्रबद्ध के प्रमाण बध प्राप्त कर्म पुद्गल समूह हैं।

२. स्थिति आयाम—उस समय प्रबद्ध का जीव के साथ स्थित रहने का काल स्थिति आयाम है, वह स्थिति संख्यात पल्य प्रमाण है।

३. गुण हानि आयाम निषेकों में शलाकाओं का भाग देने से जो प्रमाण हो वह गुण हानि आयाम का प्रमाण होता है गुण हानि का अर्थ कर्म परमाणुओं का आधा-आधा हिस्सा होना चाहिये।

४. नाना गुण हानि—अन्योन्याभ्यस्त राशि की अर्धच्छेद राशियों को संकलित अर्थात् जोड़ने से नाना गुण हानि का प्रमाण होता है, इस प्रकार पल्य की वर्ग शलाका का भाग पल्य में देने से अन्योन्याभ्यस्त राशि का प्रमाण होता है और पल्य की वर्गशलाका के अर्धच्छेदों को पल्य के, अर्धच्छेदों में घटाने से जो प्रमाण आवे उतनी नाना गुण हानि राशि जाननी चाहिये।

५. निषेकाहार अर्थात् दो गुण हानि—गुण हानि का गुना प्रमाण निषेकहार होता है, उसका प्रयोजन यह है कि निषेकाहार का भाग विवक्षित गुण हानि के पहले निषेक में देने से उस गुण हानि में विशेष (चय) का प्रमाण निकल आता है।

६. अन्योन्याभ्यस्त राशि—मिथ्यात्वनामा कर्म में पल्य की वर्ग शलाका को आदि लेकर पल्य के प्रथम मूल पर्यंत उन वर्गों का आपस में गुणाकार करने से अन्योन्याभ्यस्त राशि का प्रमाण होता है। इस प्रकार पल्य की वर्ग शलाका का भाग पल्य में देने से अन्योन्याभ्यस्त राशि का प्रमाण होता है।

इस तरह द्रव्यादिकों का प्रमाण जानना (देखो गो० क० गा० ९२२ से ९२८)

शब्द कोष

अगुरुलघु चतुष्क=अगुरुलघु १, उपघात १, परघात १, उच्छ्वास १ ये ४ अथवा अगुरुलघु १, उपघात १, परघात १, उद्योत १, ये ४ जानना। (गो० क० गा० ४००-४०१ देखो)

अगुरुलघुद्विक=अगुरुलघु, उपघात ये २ जानना।

अंगो-पांग दो पैर, दो हाथ, नितम्ब-कमर के पीछे का भाग, पीठ, हृदय और मस्तक ये आठ शरीर में अंग हैं और दूसरे सब नेत्र, कान वगैरह उपांग कहे जाते हैं।

अघाति कर्म=जीव के अनुजीवी गुणों का नाश नहीं करने वाले आयु, नाम, गोत्र और वेदनीय ये ४ कर्मों को अघातिया कर्म कहते हैं। (गा० ९)

अचलावली कर्म बंध होने के बाद एक आवली तक उसका संक्रमण, उदीरणा, उदय या क्षय नहीं होता उस काल को अचलावली कहते हैं। (गा० १५९, ५१४ देखो)

अधः प्रवृत्तिकरण=जिस कारण से इस पहले करण में ऊपर के समय के परिणाम नीचे के समय संबंधी भावों के समान होते हैं उस कारण से पहले करण का नाम 'अधः प्रवृति' ऐसे अन्वर्थ (अर्थ के अनुसार) नाम कहा गया है। (गा० ८९८ देखो)

अधः प्रवृत्ति संक्रमण=बंधरूप हुई प्रकृतियों का अपने बंध में संभवती प्रकृत्तियों में परमाणुओं का जो प्रदेश संक्रमण होना वह अधः प्रवृत्ति संक्रमण है। (गा० ४१३ देखो)

अर्धच्छेद=२ इस संख्या को २ संख्या से जितने वार गुणाकार करके जो विशिष्ट संख्या आवेगी उस संख्या का उतने ही २ संख्या के आंकड़े अर्धच्छेद जानना जैसे ४ का अर्धच्छेद २×२=४) २ है। १६ का अर्धच्छेद ४ (२×२×२×२=१६) चार जानना (गा० ६२५-६२६ देखो)

अद्धा=काल विशेष जानना (गा० २०५ देखो)

अधिकरण=जिस स्थान में दूसरे (इतर) स्थान (आधेय) रहते हैं उसे अधिकरण कहते हैं। (गा० ६६० देखो)

अध्रुव बंध=जो अन्तर सहित बंध हो अर्थात् जिस बंध का अंत आ जावे उसे अध्रुव बंध कहते हैं। (गा० ६०-१२३ देखो)

अनादि पुद्गल द्रव्य=जिस पुद्गल द्रव्य को अभितक कभी भी कर्मत्व प्राप्त नहीं हुआ है अर्थात् जिसको कभी भी जीवात्मा ने कर्म रूप ग्रहण नहीं किया है। उसे अनादि पुद्गल द्रव्य कहते हैं। (गा० १८५ से १६० देखो)

अनादि बंध=अनादि काल से जिसके बंध का अभाव न हुआ हो।

अनुकृष्टिचय=अनुकृष्टि के गच्छ का भाग ऊर्ध्वचय में देने से जो प्रमाण हो वह जानना (गा० ६०० से ६०७ देखो)

अनुकृष्टि=नीचे और ऊपर के समयों मे समानता के खड होने को अनुकृष्टि कहते हैं। (गा० ६०५ देखो)

अनुभागाध्यवसाय स्थान=जिस कषाय के परिणाम से कर्म बंधन में अनुभाग पड़ता है उस कषाय परिणाम को जानना (गा० २६० देखो)

अनुभाग बंध=कर्मों के फल देने की शक्ति की हीनता व अधिकता को अनुभाग बंध करते हैं। (गा० ८६ देखो)

अनेक क्षेत्र=अनेक शरीर से रुकी हुई सब लोक के क्षेत्र को अनेक क्षेत्र कहते हैं (गा० १८६ देखो)

अनंतानुबंधी कषाय=अनंत नाम संसार का है, परन्तु जो उसका कारण हो वह भी अनंत कहा जाता है, सो यहां पर मिथ्यात परिणाम को अनन्त कहा गया है, क्योंकि वह अनंत संसार का कारण है, जो इस अनंत-मिथ्यात्व के अनु-साथ साथ बंधे उस कषाय को अनंतानुबंधी कषाय कहते हैं, (गा० ४५ देखो)

अपकर्ष काल=आयु बंध होने के जो आठ त्रिभाग काल होते है वे अपरिवर्तमान परिणाम=जो परिणाम समय समय बढ़ते ही जावें अथवा घटते ही जावें ऐसे संक्लेश या विशुद्ध परिणाम अपरिवर्तमान कहे जाते हैं। (गा० १७७)

अपवर्तन घात=आयु कर्म के आठ अपकर्षणों (त्रिभागों) में पहली वार के बिना द्वितीयादि वार में जो पहले वार में आयु बंधी थी उसी की स्थिति की वृद्धि या हानि अथवा अवस्थिति होती है और आयु के बंध करने पर जीवों के परिणामों के निमित्त से उदयप्राप्त आयु का घट जाना उसको अपवर्तन घात (कदली घात) कहते हैं। गा० ६४३ देखो)

अप्रत्याख्यान कषाय=जो 'अ' अर्थात् ईषत्-थोड़े से भी प्रत्याख्यान को न होने दे, अर्थात् जिसके उदय से जीव श्रावक के व्रत भी धारण न कर सके उस क्रोध, मान, माया, लोभ रूप चारित्र मोहनीय कर्म को अप्रत्याख्यानावरण कषाय कहते हैं। (गा० ४५ देखो)

अल्पतर बंध=पहले बहुत का बंध किया था पीछे थोड़ी प्रकृतियों के बंध करने पर अल्पतर बंध होता है। (गा० ६६ देखो)

अवस्थित बंध=पहले और पीछे दोनों समयों में समान (एकसा) बंध होने पर अवस्थित बंध होता है। (गा० ४६६ देखो)

अवक्तव्य बंध=पहले मोहनीय कर्म का बंध न होते हुये अगले समय में उसका बंध हो जाय तो उसे अवक्तव्य बंध कहते हैं। (गा० ४६६ देखो)

अविभाग प्रतिच्छेद=जिसका दूसरा भाग न हो ऐसे शक्ति के अंश को अविभाग प्रतिच्छेद कहते हैं। सो यह

पर उलटे क्रम से कहा है, इसका सीधा क्रम—अविभाग प्रतिच्छेद का समूह वर्ग, वर्ग का समूह वर्गणा, वर्गणा का स्पर्द्धक, स्पर्द्धक का समूह गुण हानि गुण हानि का समूह समूह स्थान ऐसा जानना चाहिये (गा० २२६)

असंख्यात लोक प्रमाण=असंख्यात को असंख्यात से गुणाकार करने से जो संख्या आवेगी वही जानना।

असातावेदनीय कर्म=जो उदय में आकर जीव को शारीरिक तथा मानसिक अनेक प्रकार के नरकादि गति-जन्य दुःखों का 'वेदयति' भोग करावें अथवा 'वेद्यते अनेन' जिसके द्वारा जीव उन दुःखों को भोगे वह असाता वेदनीय कर्म है। (गा० ३३ देखो)

आगम भाव कर्म जो जीव कर्म स्वरूप के कहने वाले आगम का जानने वाला और वर्तमान समय में उसी शास्त्र का चिन्तवन (विचार) रूप उपयोग सहित हो उस जीव का नाम भावागम कर्म अथवा आगम भाव कर्म कहा जाता है (गा० ६५ देखो)

आदेश=मार्गणा को आदेश कहते हैं।
(गा० ६६० देखो)

आधेय=अधिकरण में जो दूसरे स्थान रहते हैं उये आधेय कहते है।

आबाधा काल=कार्माण शरीर नामा नाम कर्म के उदय से योग द्वारा आत्मा में कर्म स्वरूप से परिणमता हुआ जो पुद्गल द्रव्य वह जब तक उदय स्वरूप (फल देने स्वरूप) अथवा उदीरणा स्वरूप न हो तब तक के उस काल को आबाधाकाल कहते हैं। (गा० १५५ देखो)

आयाम स्थिति बंध में जो समय का प्रमाण है उसी को आयाम जानना।

आयु कर्म जो जीव को नरकादि शरीर में रोक रक्खे उसे आयु कर्म जानना अथवा विवक्षित गति में कर्मोदय से प्राप्त शरीर में रोकने वाले और जीवन के कारण भूत आधार को आयु कहते हैं।

आहारक चतुष्क=आहारक शरीर १, आहारक अंगोपांग १, आहारक बंधन १, आहारक संघात १ ये ४ जानना।

आहारकद्विक=आहारक शरीर १, आहारक अंगोपांग १ ये २

इंगिनी मरण=अपने शरीर की टहल आप ही अपने अंगों से करे, किसी दूसरे से रोगादि का उपचार न करावे, ऐसे विधान से जो सन्यास धारण कर मरे उस मरण को इंगिनी मरण कहते हैं। (गा० ६१)

उच्छिष्टावली=उदय न होते हुये बचा हुआ प्रथम स्थिति के निषेक।

उत्तर धन=प्रचयधन शब्द देखो।

उदय=अपने अनुभाग रूप स्वभाव का प्रकट होना अथवा अपने कार्य करके कर्मपने को छोड़ देना
(गा० ४३९ देखो)

उदय व्युच्छित्ति=उदय की मर्यादा जहां पूर्ण होता है और आगे उदय नहीं होता उस अवस्था को उदय-व्युच्छित्ति जानना।

उदयावधि=उदय व्युच्छित्ति को ही उदयावधि कहते हैं।

उदीरणा=आगामी उदय में आने वाले निषेकों को नियत समय के पहले उदयावली में लाकर फलानुभव देकर खिर जाना अर्थात् बिना समय के कर्म का पक्व होना इसको उदीरणा कहते हैं। (गा० २८१, ४३९ देखो)

उद्वेलन=बंधा हुआ कर्म बंध को उकेल कर दूर (नाश) करना उद्वेलना है।

उद्वेलन संक्रमण=अधः प्रवृत्त आदि तीन करणरूप परिणामों के बिना ही कर्म प्रकृतियों के परमाणुओं का अन्य प्रकृतिरूप परिणमन होना वह उद्वेलन संक्रमण है। (गा० ४१३ देखो)

उपपाद योग स्थान=उत्पत्ति के पहले समय में जो योग स्थान रहता है, वही जानना। (गा० २१९ देखो)

उपयोग=बाह्य तथा अभ्यन्तर कारणों के द्वारा होने वाली आत्मा के चेतन गुण की परिणति को उपयोग कहते हैं।

उपशम योग्यकाल=सम्यक्त्व प्रकृति और सम्यग्मि-

ध्यात्व प्रकृति इनकी स्थिति पृथक्त्व सागर प्रमाण रस के शेष रहे और पल्य के असंख्यातवे भाग कम एक सागर प्रमाण एकेन्द्रिय के शेष रह जावे वह 'वेदक योग्य काल' है और उससे भी सत्ता रूप स्थिति कम हो जाय तो वह उपशम योग्य काल कहा जाता है। (गा० ६१५ देखो)

एक क्षेत्र=सूक्ष्म निगोदिया जीव की घनांगुल के असंख्यातवें भाग अवगाहना (जगह) को एक क्षेत्र जानना।

एकान्तानुवृद्धि योग स्थान=एकान्त अर्थात् नियम कर अपने समयों में समय समय प्रति असंख्यात गुणी अविभाग प्रतिच्छेदों की वृद्धि जिसमें हो वह एकान्तानुवृद्धि स्थान है। (गा० २२२ देखो)

ओघ = गुण स्थान को ओघ कहते हैं।

ओराल=औदारिक शरीर को ओराल कहते हैं।

औदारिकद्विक=औदारिक शरीर १, औदारिक

अंतः कोडाकोडी=एक कोडी के ऊपर और कोडाकोडी के भीतर। अंगोपांग १ ये २ जानना।

कृतकृत्य वेदक=जो वेदक सम्यग्दृष्टि मनुष्य गति में क्षायिक सम्यक्त्व को प्रारम्भ करता है वह क्षायिक सम्यक्त्व मनुष्य गति में ही पूर्ण होगा अथवा अगले गति में भी होगा।

कुल=भिन्न भिन्न शरीरों की उत्पत्ति के कारण भूत नोकर्म वर्गणा के भेदों को कुल कहते हैं।

कदली घात=अपवर्तन घात शब्द देखो।

कोडाकोडी=एक कोडि को एक कोडि से गुणाकार करने से जो संख्या आवेगी उसी को जानना।

कांडक=समय समुदाय मे संक्रमण होना।
(गा० ४१२ देखो)

गच्छ=गुणहानि आयाम को गच्छ जानना।

गुण संक्रमण = जहां पर प्रति समय असंख्यात गुण श्रेणी के क्रम से परमाणु-प्रदेश अन्य प्रकृति रूप परिण में सो गुण संक्रमण है।

गुण-स्थान=मोह और योग के निमित्त से होने वाली आत्मा के सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्रादि गुणों की तारतम्य रूप विकसित अवस्थाओं को गुण स्थान कहते हैं।

गुण=अपने प्रतिपक्षी कर्मों के उपशमादिक के होने पर उत्पन्न हुये ऐसे जिन औपशमिकादि भावों कर जीव पहचाने जावे वे भाव 'गुण' कहलाते हैं।
(गा० ८१२ देखो)

गुणहानि आयाम=एक एक गुण हानि में जितने समय या स्थान होंगे उन्हीं को गुणहानि आयाम कहते हैं।

गुण्य=प्रत्येक गुणस्थान में औदयिक भावों की जितनी होंगे उनको गुण्य कहते हैं।

गोत्रकर्म=कुल की परिपाटी के क्रम से चला आया जो जीव का आचरण उसकी गोत्र संज्ञा है अर्थात् उसे गोत्र कहते हैं। (गा० १३ देखो)

घाति कर्म जीव के अनुजीवी गुणों को घातते (नष्ट करते) हैं ऐसे ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, अन्तराय ये ४ घाति कर्म है। गा० ६)

चरमान योग स्थान=अपनी अपनी शरीर पर्याप्ति के पूर्ण होने के समय से लेकर अपनी अपनी आयु के अन्त समय तक सम्पूर्ण समयों में परिणाम योगस्थान उत्कृष्ट भी होते हैं और जघन्य भी संभवते हैं और इसी तरह लब्ध पर्याप्तक के भी अपनी स्थिति के सब भेदों में दोनों परिणाम योगस्थान सम्भव हैं। ये चढते भी हैं और पड़ते भी हैं और जैसे के तैसे भी रहते हैं

सो ये सब परिणाम योगस्थान या घोटमान योग समझने, (गा० २२१ देखो)

चय=सामान्य अन्तर को चय कहते हैं।

चूलिका=जो कहे हुये अथवा न कहे हुये वा विशेषता से न कहे हुये अर्थ का चिंतन करना उसे चूलिका कहते हैं। (गा० ३६८ देखो)

जगत प्रतर=जगत श्रेणी को जगत् श्रेणी से गुणाकार करने से जो संख्या आवेगी उसे जानना अथवा एक एक स्पर्धक में वर्गणाओं की संख्या उतनी ही अर्थात् जगत् श्रेणी के असंख्यातवें भाग प्रमाण है और एक एक वर्गणा में असंख्यात जगत् प्रतर प्रमाण वर्ग है। (गा० २२५ देखो)

जगत् श्रेणी=लोक की चौड़ाई ७ राजु है इस राजु के रेषा को जगत् श्रेणी कहते हैं।

जीव समास=जिन सदृश धर्मों के द्वारा अनेक जीवों का संग्रह किया जाय, उन्हें जीव समास कहते हैं।

तिर्यक् एकादश=तिर्यंचद्विक २, एकेंद्रादि जाति ४, आतप १, उद्योत १, स्थावर १, सूक्ष्म १, साधारण १ ये ११ जानना।

तिर्यंचद्विक=तिर्यंचगति १, तिर्यंचगत्यानुपूर्व्य १ ये २ जानना।

तेजोद्विक=तैजस शरीर १, कार्माण शरीर १ ये २ जानना।

त्रसचतुष्क=त्रस १, बादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक १ ये ४ जानना।

त्रस दशक=त्रस १, बादर १, पर्याप्त १, प्रत्येक १, स्थिर १, शुभ १, सुभग १, सुस्वर १, आदेय १, यशः कीर्ति १ ये १० जानना।

त्रस नवक=त्रस १, बादर १, पर्याप्त १ प्रत्येक १, स्थिर १, शुभ १, सुभग १, सुस्वर १, आदेय १, ये ९ जानना।

द्रव्य=बंध प्राप्त पुद्गल समूह को द्रव्य कहते हैं। (गा० ९२२)

द्रव्य कर्म=ज्ञानावरणादि रूप पुद्गल द्रव्य का पि द्रव्य कर्म है। (गा ६ देखो)

द्रव्य लेश्या=वर्ण नाम कर्म के उदय से शरीर जो वर्ण होता है उसे द्रव्य लेश्या कहते हैं। (गा० ५४९ देखो)

द्विचरम=अंतिम के पिछले उपांत्य को द्विचर कहते हैं।

देव चतुष्क=देवगति १, देवगत्यानुपूर्व्य १, वैक्रिय शरीर १, वैक्रियिक अंगोपांग १, ये ४ जानना।

देवद्विक=देवगति १, देवगत्यानुपूर्व्य १ ये जानना।

द्वेष=अनन्तानुबन्ध्यादि क्रोध ४, मान ४, अरति शोक २, भय-जुगुप्सा २, इनके उदय से जो भाव होता उसे द्वेष कहते हैं।

धर्म कथा=प्रथमानुयोगादि शास्त्रों को धर्म कथ कहते हैं। (गा० ८८ देखो)

ध्रुव बंध=जिसका निरन्तर बंध हुआ करे उसक जानना।

नरकद्विक=नरकगति १, नरकगत्यानुपूर्व्य १ ये जानना।

नवक बंध=तत्काल जो नया बंध होता है उसे जानना।

नाम कर्म—जो अनेक तरह के भिनोती अर्थात् कार्य बनावे वह नाम कर्म है।

नारक चतुष्क=नरकगति १, नरकगत्यानुपूर्व्य १ वैक्रियिक शरीर १, वैक्रियिक अंगोपांग १, ये ४ जानना।

नारक षट्क=ऊपर के नारक चतुष्क और वैक्रियिक बंधन १, वैक्रियिक संघात १ ये ६ जानना।

निर्देश=वस्तु के स्वरूप या नाममात्र के कथन करने को निर्देश कहते हैं।

निष्ठापन=पूर्ण करना इसको निष्ठापन कहते हैं।

निषेक=समय समय में जो कर्म खिरे उनके समूह को निषेक कहते हैं।

निषेक हार—गुण-हानि दूना प्रमाण निषेक हार होता है। (गा० ६२८)

पद— गुणहानि आयाम को पद कहते हैं।

प्रकृति बंध=प्रकृति अर्थात् स्वभाव उसका जो बंध अर्थात् आत्मा के सम्बन्ध को पाकर प्रकट होना प्रकृति बंध है। (गा० ८६)

प्रदेश बंध—बंधने वाले कर्मों की संख्या को प्रदेश बंध कहते हैं।

प्रचयधन=सर्व सम्बन्धी चयो के जोड़ का ही नाम प्रचयधन है। इसको उत्तर धन भी कहते हैं। (गा० ६०१ देखो)

प्रचला=इस कर्म के उदय से यह जीव कुछ कुछ आंखों को उघाड़ कर सोता है और सोता हुआ भी थोड़ा थोड़ा जानता है। बार बार मन्द (थोड़ा) शयन करता है। यह निद्रा श्वान के समान है। सब निद्राओं से उत्तम है। (गा २५ देखो)

प्रचलाप्रचला=इस कर्म के उदय से मुख से लार बहती है और हाथ वगैरह अंग चलते हैं। किन्तु सावधान नहीं रहता यह प्रचला है।

प्रति भाग—भाजक को प्रति भाग कहते हैं।

परघात चतुष्क=परघात १, आतप १, उद्योत १, उच्छ्वास १ ये ४ जानना।

परमुखोदय=कर्म प्रकृति अन्य रूप होकर उदय को आना। (गा० ४४५)

परिणाम योगस्थान=शरीर पर्याप्ति के पूर्ण होने के समय से लेकर आयु के अन्त तक परिणाम योगस्थान कहे जाते हैं। इसको घोटमान योगस्थान भी कहते हैं। (गा० २१० देखो)

पिंड पद=एक समय में एक जीव के भव्यत्व अभव्यत्व इन दोनों में से एक ही नियम से होता है। गति-लिंग-कषाय-लेश्या-सम्यक्त्व इनमें भी अपने अपने भेदों में से एक एक ही एक समय में सम्भव होता है। इस कारण ये पिंड पद हैं। क्योंकि एक काल में एक जीव के जिस सम्भवते भाव समूह में से एक एक ही पाया जावे उस भाव को पिंड पद कहते हैं। (गा० ८५६ देखो)

प्रत्यनिक=शास्त्र वा शास्त्र के जानने वाले।

प्रत्याख्यान=जिस कर्म के उदय से प्रत्याख्यान अर्थात् सर्वथा त्याग का आवरण हो, महाव्रत नहीं हो सके उसे प्रत्याख्यान कषाय कहते हैं।

प्राण—जीव में जिनके संयोग रहने पर 'यह जीता है' और वियोग होने पर 'यह मर गया' ऐसा व्यवहार हो, उन्हें प्राण कहते हैं।

फालि=एक समय में संक्रमण होने को फालि कहते हैं। (गा० ४१२ देखो)

बंध=कर्मों का और आत्मा का दूध और पानी की तरह आपस में एक स्वरूप हो जाना यही बंध है। (गा० ३३ देखो)

भाव—गुण शब्द देखो।

भाव कर्म=द्रव्य पिंड में फल देने की जो शक्ति वह भाव कर्म है अथवा कार्य में कारण का व्यवहार होने से उस शक्ति से उत्पन्न हुये जो अज्ञानादि वा क्रोधादि रूप परिणाम वे भी भावकर्म ही हैं। (गा० ६ देखो)

भंग=एक जीव के एक काल में जितनी प्रकृतियों की सत्ता पाई जाय उनके समूह का नाम स्थान है और उस स्थान की एक सी समान संख्या रूप प्रकृतियों में जो संख्या समान ही रहे परन्तु प्रकृतियां बदल जांय तो उसे भंग कहते हैं। जैसे कि १४५ के स्थान में किसी जीव के तो मनुष्यायु और देवायु सहित १४५ की सत्ता है तथा किसी के तिर्यंचायु और नरकायु की सत्ता सहित १४५ की सत्ता है। अतः एक यहां पर स्थान तो एक ही रहा। क्योंकि संख्या एक है परन्तु प्रकृतियों के बदलने से भंग दो हुये। इस प्रकार सब जगह स्थान और भंग समझ लेना। (गा० १५८ देखो)

भवनत्रिक = भवनवासी १, व्यंतरवासी १, ज्योतिषी १ ये ३ जानना।

भाव लेश्या = मोहनीय कर्म के उदय से, उपशम से, क्षय से अथवा क्षयोपशम से जीव की जो चंचलता होती है उसे भाव लेश्या जानना।

भिन्न मुहूर्त = अन्तर्मुहूर्त के उत्कृष्ट, मध्यम, जघन्य ऐसे तीन प्रकार जानना दो घड़ी अर्थात् ४८ मिनट का एक मुहूर्त होता है, इनमें से एक समय घटाने से ४८—१ = उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त होता है और एक आवली + १ समय = जघन्य अन्तर्मुहूर्त होता है इन दोनों के बीच में के काल में मध्यम अन्तर्मुहूर्त असंख्यात होते हैं इन्हीं को भिन्न मुहूर्त कहते हैं।

मनुष्यद्विक = मनुष्यगति १, मनुष्यगत्यानुपूर्वी १ ये २ जानना।

मार्गणा स्थान = जिन स्थानों के द्वारा अनेक अवस्थाओं में स्थित जीवों का ज्ञान हो, उन्हें मार्गणा स्थान कहते हैं।

मोहनीय = जो मोहै अर्थात् असावधान (अचेत) करे वह मोहनीय कर्म है। (गा० २१ देखो)

योनि कन्द, मूल, अण्डा गर्भ, रस, स्वेद आदि की उत्पत्ति के आधार को योनि कहते हैं।

राग = अनन्तानुबन्धी माया ४, लोभ ४, वेद ३, हास्यरति २, इनके उदय से जो भाव होता है उसे राग कहते हैं।

वर्ग = अविभाग प्रतिच्छेद शब्द देखो।

वर्गणा = अविभाग प्रतिच्छेद शब्द देखो।

वस्तु = जिस शास्त्र में अंग के एक अधिकार का अर्थ (पदार्थ) विस्तार से या संक्षेप में कहा जाय उसे वस्तु कहते हैं। (गा० ८८)

वासना काल = किसी ने क्रोध किया, पीछे वह दूसरे काम में लग गया। वहां पर क्रोध का उदय तो नहीं है, परन्तु जिस पुरुष पर क्रोध किया था उस पर क्षमा भी नहीं है। इस प्रकार जो क्रोध का संस्कार चित्त में बैठा हुआ है उसी को वासना का काल कहा गया है।

वर्ण चतुष्क = स्पर्श १, रस १, गंध १, वर्ण १ ये ४ जानना।

वाम = मिथ्यात्व को वाम कहते हैं।

विध्यात संक्रमण = मन्द विशुद्धता वाले जीव की, स्थिति अनुभाग के घटाने रूप भूतकालीन स्थित कांडक और अनुभाग कांडक तथा गुण श्रेणी आदि परिणामों में प्रवृत्ति होना विध्यात संक्रमण है। (गा० ४१३ देखो)

विधान = वस्तु के प्रकार या भेदों को विधान कहते हैं।

विशेष = चय को विशेष कहते हैं।

वेदक योग्य काल = उपशम योग्य काल शब्द देखो।

वेदनीय = जो सुख दुःख का वेदन अर्थात् अनुभव करावे वह वेदनीय कर्म है। (गा० २१ देखो)

वैक्रियिकद्विक = वैक्रियिक शरीर १, वैक्रियिक अंगोपांग १ ये २।

वैक्रियिक षट्क = देवगति १, देवगत्यानुपूर्वी १, नरक ति १, नरकगत्यानुपूर्वी १; वैक्रियिक शरीर १, वैक्रियिक अंगोपांग १, ये ६ जानना।

व्युच्छित्ति = बिछुड़ने का नाम व्युच्छित्ति है अर्थात् जुदा होना।

शतार चतुष्क = तिर्यंच गति १, तिर्यंच गत्यानुपूर्व्य १, तिर्यंचायु १, उद्योत १ ये ४ जानना।

समय प्रबद्ध = एक समय में बंधने वाले परमाणु समूह को जानना। (गा० ४ देखो)

सम्यक्त्व गुण० = संसारी जीव पदार्थ को देखकर जानता है पीछे सप्त भंग वाली नयों से निश्चयकर श्रद्धान करता है इस प्रकार दर्शन, ज्ञान और श्रद्धान करना सम्यक्त्व गुण० कहा है। (गा० १५ देखो)

सर्व संक्रमण = जो अन्त के कांड की अन्त की फालि के सर्व प्रदेशों में से जो अन्य प्रकृति रूप नहीं हुए हैं उन परमाणुओं का अन्य प्रकृति रूप होना वह सर्व संक्रमण है। (गा० ४१३ देखो)

सागर = दस कोडाकोडी पल्य को सागर कहते हैं।

सातावेदनीय = जो उदय में आकर देवगति में जीव को शारीरिक तथा मानसिक सुखों की प्राप्ति रूप साता का 'वेदयति'—भोग-करावे अथवा 'वेधते अनेन जिसके द्वारा जीव उन सुखों को भोगे वह साता वेदनीय कर्म है। (गा० ३३ देखो)

सादिपुद्गल द्रव्य = यह जीव समय समय प्रति समय प्रबद्ध प्रमाण परमाणुओं को ग्रहण कर्म रूप परिणमता है। उनमें किसी समय तो पहले ग्रहण किये जो द्रव्य रूप परमाणु का ग्रहण करता है उस द्रव्य को सादिपुद्गल द्रव्य जानना। (गा० १९०)

सादिबंध = विवक्षित बंध का बीच में छूटकर पुनः जो बंध होता है वह सादि बंध है। (गा० ९० देखो)

स्तव = जिसमें सर्वांग सम्बन्धी अर्थ विस्तार सहित अथवा संक्षेपता से कहा जाय ऐसे शास्त्र को स्तव कहते हैं।

स्तुति = जिसमें एक अंग (अंश) का अर्थ विस्तार से अथवा संक्षेप से हो उस शास्त्र को स्तुति कहते हैं। (गा० ८८ देखो)

स्यानगृद्धि = इस कर्म के उदय से उठाया हुआ भी सोता ही रहे; उस नींद में ही अनेक कार्य करे तथा कुछ बोले भी परन्तु सावधानी न होय। (गा० २१ देखो)

स्थान = भंग शब्द देखो।

स्थिति = वस्तु की काल मर्यादा को स्थिति कहते हैं

स्थिति बंध—आत्मा के साथ कर्मों के रहने की मर्यादा को जानना।

अ स्थावर चतुष्क = स्थावर १, सूक्ष्म १, साधारण १, पर्याप्ति १ ये ४ जानना।

स्थावर दशक = स्थावर १, सूक्ष्म १, साधारण १, अपर्याप्ति १, अस्थिर १, अशुभ १, दुर्भग १, दुःस्वर १, अनादेय १, अयशः कीर्ति १ ये १० जानना।

स्थिति बंधाध्यवसाय स्थान जिस कषाय के परिणाम से स्थिति बंध पड़ता है उस कषाय परिणामों को स्थान को जानना। (गा० २५९)

स्वमुखोदय = कर्म प्रकृति अपने स्वरूप में उदय होने को कहते हैं।

स्पर्श चतुष्क = वर्ण चतुष्क शब्द देखो

संज्वलन = जिसके उदय में संयम 'सं' एक रूप होकर 'ज्वलति' प्रकाश करे, अर्थात् जिसके उदय से कषाय अंश से मिला हुआ संयम रहे, कषाय रहित निर्मल यथाख्यात संयम न हो सके उसे संज्वलन कषाय कहते हैं। (गा० ३३ देखो)

साधन = वस्तु की उत्पत्ति के निमित्त को साधन कहते हैं।

सुर षट्क = देवगति १, देवगत्यानुपूर्व्य १, वैक्रियिक शरीर १, वैक्रियिक अंगोपांग १, वैक्रियिक बंधन १, वैक्रियिक संघात १ ये ६ जानना।

सूक्ष्म त्रय = सूक्ष्म १, अपर्याप्त १, साधारण १ ये ३ जानना।

क्षयदेश = अपकर्षण का काल को क्षयदेश जानना। (गा० ४४५ देखो)

क्षुद्रभव = एक श्वास के १८वें भाग इतनी आयु रहने को क्षुद्रभव जानना।

क्षेप = मिलान करना या जोड़ना।

—:o:—

सागर:–दस कोडाकोडी पल्य को सागर कहते हैं

सातावेदनीय–जो उदयमें आकर देवादिगतिमें जीवको शारीरिक तथा मानसिक सुखोंकी प्राप्तिरूप साताका 'वेदयति'–भोग–करावे, अथवा 'वेद्यतेअनेन' जिसके द्वारा जीव उन सुखोंको भोगै वह सातावेदनीय कर्म है (गा ३३ देखो)

सादिपुद्गलद्रव्य– यह जीव समय समयप्रति समयप्रबद्ध प्रमाण परमाणुओंको ग्रहणकर कर्मरूप परिणमाता है उनमें किसी समय तो पहले ग्रहण किये जो द्रव्यरुप परमाणू का ग्रहण करता है उस द्रव्य को सादिपुद्गल द्रव्य जानना. (गा. ८० देखो)

सादिबंध–विवक्षित बंधका बीचमें छूटकर पुनः जो बंध होता है वह सादिबंध है. (गा ८० देखो)

स्तव–जिसमें सर्वांग संबंधी अर्थ विस्तार सहित अथवा संक्षेपतासे कहा जाय ऐसे शास्त्र को स्तव कहते हैं.

स्तुति–जिसमें एक अंग (अंश) का अर्थ विस्तारसे अथवा संक्षेपसे हो उस शास्त्र को स्तुति कहते हैं. (गा. ८८ देखो)

स्त्यानगृद्धि–इस कर्म के उदय से उठाया हुवा भी सोताही रहै, उस नींदमें ही अनेक कार्य करे तथा कुछ बोले भी परंतु सावधानी न होय. (गा. २३ देखो)

स्थान–भंग शब्द देखो.

स्थिति–वस्तूकी कालमर्यादा को स्थिति कहते हैं.

स्थितिबंध–आत्माके साथ कर्मोंके रहनेकी मर्यादा को जानना.

स्थावरचतुष्क-स्थावर, सूक्ष्म, साधारण, अपर्याप्त ये ४ जानना

स्थावरदशक–स्थावर, सूक्ष्म, साधारण, अपर्याप्त अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयश–कीर्ति ये १० जानना.

स्थितिबंधाध्यवसायस्थान–जिस कषायके परिणाम से स्थिति बंध पडता है उस कषाय परिणामों के स्थान को जानना (गा २५६)

स्वमुखोदय–कर्म प्रकृति अपने स्वरूपमें उदय होनें को कहते हैं.

स्पर्शचतुष्क–वर्णचतुष्क शब्द देखो.

संज्वलन - जिसके उदयसे संयम 'सं' एकरूप होकर 'ज्वलति' प्रकाश करे, अर्थात जिसके उदयसे कषाय अंशसे मिला हुआ संयम रहै, कषाय रहित निर्मल यथाख्यात संयम न हो सके उसे संज्वलन कषाय कहते हैं. (गा ३३ देखो)

साधन–वस्तुकी उत्पत्तिके निमित्तको कहते हैं.

सुरषट्क– देवगति, देवगत्यानुपूर्व्य, वैक्रियिक अंगोपांग, वैक्रियिकबंधन, वैक्रियिक संघात ये ६ जानना.

सूक्ष्मत्रय–सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण ये ३ जानना

क्षयदेश–अपकर्षणके काल को क्षयदेश जानना (गा. ४४५ देखो)

क्षुद्रभव- एकश्वासके १८ वें भाग इतना आयु रहने को क्षुद्रभव जानना.

क्षेप–मिलान करना या जोडना.

साधु स्तुति

शीतरितु जोरैं अंगनव ही सकोरैं, तहां तन को न मोरैं नदी धोरैं ।

धीर जे खरे जेठ की तकोरैं, जहां अंडा छोरैं पशु पंछी छांह छोरैं ॥

गिरिकोरैं तप से परैं घोर घन घोर घटा चहूं ओर टोरैं ज्यों ज्यों ।

चलत हिलोरैं त्यों त्यों फोरैं कलमे अरेः तन मेरू तोरैं परमारथ सों ॥

प्रीति जोरैं ऐसे गुरु ओरैं, हम हाथ अंजुलि करे शीतरितु जोरैं ।।

स्वरूपसम्बोधन—

मुक्ताऽमुक्तैकरूपोयः कर्मभिः संविदादिना ।
अक्षयं परमात्मानं ज्ञानमूर्ति नमामि तम् ।।१।।
श्री भट्टाऽकलंक विरचित.

----००----

(१)

चौंतीसस्थान दर्शनपर अभिप्राय

ले. १) ताराचन्द जैन शास्त्री न्यायतीर्थ
नागपूर.

२) सिंगई मूलचंद जैन अध्यक्ष
श्री दि जैन परवार मंन्दिर ट्रष्ट
नागपूर

श्रद्धेय पूजनीय १०८ श्री आदिसागरजी महाराज (शेडवाल) जैनसिद्धान्त के मर्मज्ञ हैं, आपने चारों अनुयोगों के महान ग्रंथों का गंभीर अध्ययन किया हैं. अतः आप चारों अनुयोगोंमें अगाध पांडित्य रखते हैं आपने कर्म सिद्धांन्त के ग्रंथ गोम्मटसार कर्मकांड, लब्धिसार आदिका सूक्ष्म दृष्टिसे अध्ययन किया, हैं. अतः आप कर्मसिद्धान्त के विशेषज्ञ हैं आपने इस अत्यंत कठिन कर्म विषयको जिज्ञासुओं के लिये अत्यंत सरल और सुबोध बनानेके लिये, अत्यधिक प्रयत्न किया है. आपने इस कर्म विषय की पूर्ण जानकारी करानेके लिये 'चौंतीसस्थान दर्शन' नामका ग्रंथ निर्माण किया है. इस ग्रंथमें जिज्ञासुवोंको अल्प समय में कर्म सिद्धांत का सुगम रीतिसे वोध हो सकता है.

कर्मप्रकृतिओंके भेद प्रभेद और प्रयोजनादिको जाननेके लिये ग्रंथके चौंतीसस्थान की संदृष्टियां या चार्ट अत्यंत उपयोगी हैं. इन चार्टोका गंभीरतासे अध्ययन करने पर कोई भी जिज्ञासु विषय का पूर्ण ज्ञाता बन सकता है.

पूज्य महाराज ने इस भोगप्रधान विषम कालमें महान वीतरागता वर्धक ग्रंथ की रचना करके भव्य जीवोंका महान उपकार किया है आपके ऐसे पावन कार्यका सबलोग अभिनन्दन करेंगे.

समस्त आत्महिताकांक्षी भव्य जीव ऐसे महान ग्रंथोंका अध्ययन करें और अपना अज्ञान भाव दूर करें. इस अभिप्राय से ही पूज्य १०८ श्री. आदिसागरजी महाराजने इस ग्रंथ का निर्माण किया है. यह ग्रंथ सभी शास्त्रभंडारों और मंदिरोंमें संग्रहणीय हैं.

इस ग्रंथ के निर्माण कार्य में आदरणीय ब्रह्मचारीजी उलफतरायजी रोहतक निवासीने पूर्ण योग दिया हैं. ब्रह्मचारीजी वृद्ध होने पर भी इस पुनीत कार्यके सम्पादन और प्रकाशन में अहर्निश संलग्न रहे हैं. तभी आप ऐसे कठिन विषय के ग्रंथको प्रकाशित करने में समर्थ हुवे हैं

इसलिये पाठकवृन्द ब्रह्मचारीजी के भी अत्यंत कृतज्ञ रहेंगे

(२)

ले सूरजभान जैन प्रेम आगरा

श्री परमपूज्य अभीक्ष्ण ज्ञान उपयोगी, चारित्र चूड़ामणी, तपो मूर्ति, श्री १०८ मुनि आदि सागरजी शेडवाल (वेलगाम) मैसूर प्रान्त

चरणस्पर्श— सादर विनम्र निवेदन है—

कि आज ता ६ अक्टूबर ६७ को ब्र उलफतरायजी (रोहतक) ने अपने चातुर्मास योग स्थान जैन धर्मशाला टेंकी मुहल्ला मेरठ सदर में चौंतीस स्थान दर्शन ग्रंथ के विषय समझाए, मैं उन प्रकाशन के तात्विक विषयों को सुनकर बडा प्रभावित हुवा ।

इस विशाल ग्रंथ में जीव कांड, कर्म कांड, धवला पूज्य ग्रंथों के आध्यात्मिक विषयों को मणि माला की तरह एक सूत्र में पिरोया है जो प्रथक २ बिखरे थे, यह ग्रंथ परीक्षाओं में बैठनेवाले विद्यार्थियों स्वाध्याय प्रेमियों, विद्वानों, जिज्ञासुओं को दर्पण की तरह ज्ञान झुकाने में सहायक होगा।

मुझे ज्ञात हुआ कि आदरणीय पू. ब्रम्हचारीजी ही इस पवित्र ग्रंथ के प्रकाशक हैं। वास्तव में उन्होने इस के संकलन में आप को पूर्ण सहयोग दिया है। साथ ही प्रकाशन आदि के पूरे व्यय का भार अपने ऊपर लिया है। उन का परिश्रम और सहायता सराहनीय है। मुझे पूर्ण आशा है कि धर्म प्रेमी बन्धु इस अमृत ज्ञानरूपी रस के प्रवाह से कल्याण मार्ग की ओर अग्रसर होंगे। इस अन्तर्भावना के साथ मेरी शुभ सम्मति है

पुस्तक मिलने का पता-

सूचना नं १) निम्नलिखित स्थानों में से किसी भी स्थान के समाज के प्रमुख सज्जन का पत्र मिलने उपर वहां के जिन मंदिर, १०८ मुनि महाराज, तथा जच्च कोटि के विद्यालयों को विना मूल्य भेंट रूप भेजी जायगी।

नं. २ हर प्रांत के सज्जन अपने प्रांत के केन्द्र नेता से पत्र व्यवहार करें जिनकी सूची निम्नलिखित है उनके पास पुस्तकों का भंडार रहेगा।

1) P. C Jain, 17 B, Dilkhush Street, Park Circus Calcutta-17. Bengal

2) Seth Sukmalchand Jain. B Indarkumar Jain.M A Kishan Flour mill Railway Road Meerut. city (u p)

3) Master Jaichand Jain, Jain, Street Rohtak city (Hariana)

4) Singhai Moolchandji Jain. Proprietor sundar saree Bhandar Handloom market Gandhibagh Nagpur. (Maharashtra)

5) Dr. Hemchand Jain, Karanja Distt Akola, (Maharashtra)

6) Dr. S. S. Jain Plat No. 203 Prabhu kunj. Pedder Road Bombay 26.

7) Seth Ratanchand Fakirchand 37 A, Shanti Bhavan, Chaupati Bombay – 7 Sea Face

8) P. K Jain Times of India 07 /1 Quartar Gate Poona-2

सूचना २) निम्नलिखित केन्द्रों से मूल्य पर पुस्तक मिल सकेंगी और वह मूल्य द्रव्य उसी संस्थाके दान खाते में जमा हो जायगा। उस विक्री द्रव्य से प्रकाशक का कोई संबंध नहीं है।

1) Master Jagadha mal Jain Headmaster, Jain High School, Rohtak city (Hariana)

2) Shri Shantisagar Digambar Jain Sidhant Prakashni Sanstha Shanti Birnagar P. O. Shri Mahabirji (Rajasthan)

3) Digambar Jain Mahabir Pathshal, Parwar Pura. Itwari Nagpur (Maharashtra)

4) Shri Mahabir Digamabar Jain Brahmcharya Shram, Gurukul, Karanja, Distt Akola [Maharashtra]

5) Ratanatraya Swadhyay Mandir Shedbal p o. Shedbal Distt Belgaon, Mysore state

———ss———

शुद्धि-पत्र [नंबर १]

चौंतीसस्थान दर्शन कोष्टक के शिरनामा में (हेडिंग में) जो अशुद्धियां हैं उनका शुद्धिकरण निम्नप्रकार कर लेना चाहिये.

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्धता	शुद्धता
२९	१	मिथ्यात्वगुणस्थान	मिथ्यात्वगुणस्थान में
२९	२	(कालम) ६-५-७-७	४-५-६-७
३३	,,	कोष्टक नंबर २ सासादन गुणस्थान के शिरनामा (हेडिंग) में ३ से ८ कॉलम में का विषय कोष्टक नंबर १ के समान (हेडिंग) सुधार कर लेना चाहिये.	
३९	२	सामान आलाप	सामान्य आलाप

सूचनाः- इसी तरह और जगह जहां जहां सामान शब्द हो वहां वहां सामान्य समझना.

४१	१	सासादन गुणस्थान	मिश्रगुणस्थानमें
४३	२	पर्याप्त और अपर्याप्त के बीच का यह रेखा निकालकर कालम ५-६ के बीच रखना चाहिये	
५२	४	कॉलम ३ में ३ अंक लिखलेना चाहिये	
६२	२	कॉलम ४ में ४ अंक लिख लेना चाहिये	
६३	२	पर्याप्त और अपर्याप्त के बीचका यह रेखा निकालकर कालम ५-६ के बीचमें लगाना चाहिये और अपर्याप्त यह शब्द कालम ६-७-८ में चाहिये.	
७०	२	पृष्ट ७०, ७३-७५-७८ ८७ तथा ८३ में नंबर.	
७३	२	,,	,, ,,
७५	२	,,	,, ,,
७८	२	,,	,, ,,
८१	२	,,	,, ,,
१८५	२	पर्याप्त और अपर्याप्त के बीचका यह – रेखा निकालकर कालम ५-६ के बीच में लगाना चाहिये.	
१८५	४	६-७-७	६-७-८

शुद्धि-पत्र (नंबर २)

प्रत्येक स्थानका विषयके २ रे कालमसे आगे ८ कालम तक एक विषय के सामने एक एक विषय आना चाहिये परंतु यहां हरेक पन्ने में अनेक जगह का विषय इस प्रकार एक के सामने एक विषय नहीं आया है पंक्तियां ऊपर नीचे हो गये हैं। उदाहरणार्थ पृष्ट २९ में १२ ज्ञान स्थान देखो

३ रे कालम में	४ थे कालम में	५ वे कालम मे
	१ भंग	१ ज्ञान

२९ ८ (२) (तिर्यंचगति में को. नं. १७ देखो को. नं. १७ देखो

यहां ४ थे और ५ वें कालममें के १ भंग और १ ज्ञान को पंक्ति (२) तिर्यंच गति में के सामने आना चाहिये था परन्तु वैसा न होकर इस पंक्तिके ऊपर के पंक्ति में रख दिया है यह गलत है। इसी तरह नीचें के पंक्तियां देखो

(३) मनुष्यगति में (४) देवगति में इन में भी सारेभंग और १ ज्ञान का पंक्तिको एक पंक्ति ऊपर रख दिया है इस गलती को सुधार लेना चाहिये अर्थात तिर्यंच गतिके सामने १ भंग १ ज्ञान और मनुष्य गतिके सामने सारे भंग १ ज्ञान देवगतिके सामने सारेभंग १ ज्ञान इस प्रकार समझकर पढा जाय इसी तरह और भी अनेक जगह की गलतियोंको सामने समझकर पढ़ना चाहिये.

शुद्धि-पत्र नंबर (३)

इस पुस्तक में अनेक जगह में भंग के अनुस्वार छूटकर भंग ऐसा छप गया है इसलिये यहां शून्य देकर सुधार कर लेना चाहिये इसी तरह और भी बंध, संख्या, संज्ञा, संज्ञी, संगम आदि शब्दों के ऊपर का शून्य जहां जहां नहीं हो वहां शून्य देकर सुधार करके पढा जाय.

शुद्धि-पत्र नंबर [४]

पृष्टांक	क्रमांक	अशुद्ध	शुद्ध
२	१	१ गुणस्थान १४	१ गुणस्थान १४+१
४	१२	(कालम ३ में) (१७) सम्यक्त्व	[१७) सम्यक्त्व-६
४	१२	(,,)	(६) क्षायिकसम्यक्त्व-
७	२२	(कालम १ में) नामकार्य	नामकर्म
१५	१९	(,,) व असत्य	न असत्य
१५	६	(कालम २ में) तिद्यच	तिर्यंच
१७	२१	(,,) चदुरिन्द्रियजन्य	चक्षुरिन्द्रियजन्य
१८	७	(,,) ९७	१७
१९	१०	(,,) सद्योगकेवशी	सयोगकेवली
२१	१९	(कालम १ में) श्रद्धा न	श्रद्धान
२२	७	(का. २ में) २१ प्रकृतियों के	२५ प्रकृतियों के
२४	१	(का. ५ में) अगुणस्थान	अतीतगुणस्थान
२४	२	(,,) अजीवसमास	अतीतजीवसमास
२६	२०	(का ३ में) सम्यक्त्वमिथ्यात्व	मिश्रगुण
२६		क पृष्टसंख्या- (२५]	(२६ क)
२६ क	१४	(कॉलम ६ में) असंज्ञी	संज्ञी
२८	१	[कॉ ६ में) २ के भंग	१-२ के भंग
२८	१३	(कॉ. ७ में) ६-७-८-९ के भंग	७-८-९ के भंग
२८	१५	(कॉ ७ में) ७-८-९ के भंग	६-७-८-९ के भंग

२८	१५	[कॉ. ८ में) ६–७–८ के भंग	६–७–८–२ के भंग
३१	१	(कॉ. ७ में) भंग	१ भंग
३१	६	(कॉ. ८ में) १ अवस्था	१ भंग
३१	८	(,,) ९ देखो	१९ देखो
३२	१२	(कॉलम ४ में) सारेभंग	सारेभंग
३२	१३	(,,) को.नं १७ देखो	अपनी अपनी अवस्थाके को. नं १७ देखो
३२ क	१	(कॉ, ४ में] १ भंग	कोई १ भंग
३२ क	२	(कॉ. ६ में) २४-२५-२७-२२	२४-२५-२७-२७
३२ क	१	(कॉ ७ में) सारेभंग	सारेभंग
३२ क	२	(,,) को. नं. १७ देखो	अपनी अपनी अवस्थाके को. नं १७ देखो
३२ क	३	(कॉ. ४ में) १ भंग	१ भंग
,,	४	(,,] को. नं १९ देखों	अपनी अपनी अवस्था का को. नं. १९ देखो
३२	१९	स्पर्श १ रस १ वर्ण १,	स्पर्श १ रस १ गंध १ वर्ण १
३३	१	(कालम ७ में) ७	१
३३	२	(कालम १ में) २ पर्याप्ति	३ पर्याप्ति
३३	४	(कालम ४ में) ०१	१०
३३	६	(कालम ६ मे) साधान	प्रमाण
३३	१०	(का. ६ में) ७-७-६-५-४-५	७-७-६-५-४-३
३३	१२	(,,) सामास	पर्याप्ति
३३	१७	(का. ७ में) सामास	पर्याप्ति
३४	२	(का. २ में) ६	०
३४	४	(का. ३ में) ६	०
३४	८	(का. ४ में) घटाकर	घटाकर ९
३४	१८	(का. १ में) संयम असंयम	संयम
३४	७	(का. २ मे) १	१ असंयम
३५	४	(का. ४ में) लीन	नील
३५	२	(का. ७ मे) ०-३-६-३-३-१ के भंग	०-३-६-३-३-१-३-१ के भंग
३५		(का. ३ में के ३ से १० रद्द समझना)	
३६	१	(का. ३ में) अनाहलकही	१ आहारकही
३६	१९	(कॉलम ७ में) को गिनकर	९ को गिनकर
३७	४	(का. ७ मे) त्रीपंच	तिर्यंच
३७	१	[का. १ में) २६ माव	२३ माव
३८	२	२५ एकेन्द्री आदि जाति ४	एकेन्द्री आदि जाति ४
३८	२	सृपाटिक	असंप्राप्तासृपाटिका
३८	२	अस्थावर	स्थावर
३८	५	अस्थावर	स्थावर

३८	५	आचरीय यतीवृषभा आचार्य	यति वृषभाचार्य
३८	१७	लाभ को में से	लाख कोटि में से
३९	३	(कॉलम १ में) पर्याप्ति	३ पर्याप्ति
३९	१०	(का–३ में) ११ काभंग	१० कामंग
३९	१८	(का. १ में) और काययोग	औदारिक काययोग
४०	१	(का ३ में, २	३
४०	९	(का. ३ में) २१–२७ के	२१–२० के
४०	१५	(का. ३ में) १९ से १९ देखो	१६ से १९ देखो
४०	२२	(का ३ में) ९	६
४१	१	(का. २ में) ३	१
४१	१	(का ३ में) ३	१
४१	१८	(का २ में) व, मिश्रवायद्योग	वै. मिश्रकाययोग
४१	२६	[का, २ में) ये ३३ भाव	जीवत्व १ ये ३३ भाव
४२	९	यशकीर्ति १ ये ३६	यशकीर्ति १, अयशकीर्ति १, ये ३६
४२	१५	पल्यका	लोकका
४३	१	(का. ३ में) ६	१
४४	२	(का. ४ में) ४ गतियों में से	को नं १६ से १९ देखो
४४	३	(का ७ में) १० देखो	१९ देखो
४४	४	(का. ४ में) १ भंग	१ गति
४४	५	को. नं. १६ से	चारगतियों में से कोई १
४४	६	१९ देखो	गति जानना
५५	४	(का. २ में) आहार का	आहारक
४५	८	(का. ३ में) कार्याकाय	कार्माणकाय
४५	१३	(कोट से को. नं १७	को. नं १८–१९ देखो
४५	१४	१८ देखो	,, ,,
४५	१३	(का. ४ में) स्वभंग	सारेभंग
४५	१३	(का ४ में) और का. ७ में	,,
४६	०	(का. १ में)और(का ७ में)	१ भंग १ भंग सारेभंग
४६	३	१ भंग १ भंग	सारेभंग सारेभंग
४६	५	१ भंग १ भंग	सारेभंग सारेभंग
४६	८	(का. ६ में) को. नं. १६	को. नं. १९
४६	११	(का. ४ में) १ भंग	सारेभंग
४६	१३	[,,] ,,	सारेभंग
४६	१६	(का. ७ में) १ भंग	सारेभंग
४६	२६	[का. ६ में] योग	भोग
४६	२८	(,,) ६	३
४६	२५	(का. ८ में) को नं. १७	को. नं. १६

४७	२१	[का. ३ में) २–३ के भंग	३–२ के भंग
४८	३	[का. ३ में] ६–३ के	३–३ के
४८	३	(कालम ६ में) जानना	२ का भंग को नं. १७ देखो
४९	१	(का. १ में) १० ध्यान	११ ध्यान
४९	५	(का. ६ में) को नं. १७	को. नं १६
४९	२	(का. १ में) १२ आस्रव	२२ आस्रव
४९	१२	(का. ९ मे) घटाकर ३६	घटाकर ४६
४९	११	(का. ६ में) और का. यो.	औ. का १ वै. का. १ ये १०
४९	१७	(क. ६ में) को. नं १६	को. नं. १७
४९	२२	(का. ६ में) ३३–३३–३२	३३–३३–३३
४९	२३	(,,) नं. १० देखो	नं. १९ देखो
४९	६	का. ८ में को. नं १८	को. नं. १३
४९	१२	,, को. नं. १६	को नं. १८
४९	३	का. १ में १६ भाव	२३ भाव
४९	१९	(का. ३ में) में १८–१७	में २८–२७
४९	२१	,, गति ३२–१९	गतिमें ३२–२९
५०		कालम ४ में और का ७ में	
५०	९	सर्वकाल जानना	लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण जानना
५०	१२	तथा	तक
५१	१८	,, हरेकमें को नं.	हरेकमें १ पंचेन्द्रिय जाति को. नं.
५२	४	का, २ में से जानना	ये ९ जानना
५२	१	का ५ में १ भंग	१ योग
५२	४	,, १६ से १९	१७–१८
५२	१०–११	का. ३ में	को नं. १८ प्रमाण
५२	९–१०	का. ५ में	को. नं. १७ देखो
५२	११	,, १७–१८	१८
५३	५	(का. २ में) १०	६
५५	२	शिरनामा में अपर्याप्त	अपर्याप्त सूचना नं २ पृष्ट ५९ पर देखो
५६	१०	कालम ३ में १२–११	१३–११
५८	१	का. ३ में २२ या २	२२ या २०
५८	७	का ७ में १६	१८
६०	१२	का. ४ में १ गति	१ भंग
६०	१४	का. २ में	३
६०	१४–१५	का. ५ में	१ वेद
६०	१६	का. ४ में १ भंग	सारे भंग
६१	१	का. ५ में १ भंग	१ ज्ञान
६१	२	,, ४–५–६ के	४ के

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्धता	शुद्धता
६२	१	का. ३ में १	३१
६२	४	५७–५९	५७+२=५९
६२	६	६७ जानना	७६ जानना
६३	१६	का. ४ में १ भंग	सारेभंग
६३	१८	का. ४ में जानना	जानना को. नं. १८ देखो
६६	१	कोष्टक नंबर ८	कोष्टक नंबर ९
६६	१	कालम ६–७–८ में	सूचना–इस अनिवृत्तिकरण गुणस्थान में अपर्याप्त अवस्था नहीं होती है।
६६	८	का. ५ में क भंगो	२–१ के भंगों
६६	१६–१७	का. ४ में	सारेभंग
६६	१९–२०	का. ५ में	१ भंग
६७	२	का. ३ में ३ का भंग	४ का भंग
६७	३	का. ५ में १ ज्ञान	१ ज्ञान
६७	१७	का. ४ में ३–३ के	६–२ के
६७	२२	का. ५ में ३–३ के	३–२ के
६७	२७	,, १६ के	१७ के
६८	२	काल १ में बंधप्रकृतियां	२५ बंधप्रकृतियां
६९	१	१३७ प्रकृतियों	१३८ प्रकृतियों
६९	२	होते रे	होते हैं
६९	३०	१ लाख	१४ लाख
६९	३१	कोटि ४ कुल जानना	कोटिकुल जानना
७०	७	का ४ में १ भंग	१
७०	८	,, ३ काम भंग	१
७०	७–८	का ५ में	१
७०	१४	कालम ५ में ९ का भंग	९ के भंगमें से कोई १ योग जानना
७३	३	का. ६–७–८ में गुण में	गुणस्थान में
७४	७	का. ५ में ३ के	७ के
७४	११	का. २ में को. नं. ५ देखो	को न. १० के २३ भावों में से
७६	९	का ४ में ९ के भंगमें से	९ का भंग
	१०	कोई एक योग जानना	
७८	७	का. २ में १	कायबल १
७९	३	का. २ में कषाय १	कषाय
७९	१७	का ६ मे १ का भंग	२ का भंग
७९	१९	(,,) सारेभंग	१
७९	१३	का ४ में सारेभंग	१ भंग
७९	१४	का. ५ में सारेभंग	१ भंग
७९	१७	का. ७ में सारेभंग	१ भंग

पृष्ट	पंक्ति	अशुद्धता	शुद्धता
७९	२०	का. ८ में १–१ के	१ भंग
८१	४	कां. ५ में ३ का भंग	६ का भंग
८१	६	का. २ मे १	०
८१	१९	(,,) १	०
८२	१	का १ में १३ भाव	१३ भाव

८५ से ९० पृष्ट तक दुबारा छपवाया है अर्थात ८५, ८६, ८७, ८८, ८९, क) ८९ ख) ८९ ग) ८९ घ) ८९ ङ) ८९ च) ९० इस प्रकार पृष्टांक समझना.

८५	२	का ५में १ से मे कोई	१ से ४ में से कोई
८५	१२	का. ६ में गा. २६	गा. २६३
८६	२	का. ५ में १ का भंग	१० का भंग
८६	२८	का. ६ में १ ले ये	१ ले ४ थे
८७	१	का. २ में १३	११
८७	६	का. ६ में ले ४ थें	१ ले ४ थे
८७	१९	का. ३ में ऊपर के २	ऊपर के २३
८७	९	का. ४ में को. नं १ के	को नं. १८ के
८८	१	का २ में ३	६
८९	९	का. ५ में ३–१ कें	३–२ के
८९ क	१६	का. ३ में कुज्ञान ३	ज्ञान ३
८९ ख	१२	का. ६ में ९ घटाकर	९ घटाकर और
